आचार्य मम्मट इस अनुमानवाद का खण्डन नैयायिकों की युक्ति का अवलम्बन करके ही करते हैं। महिम भट्ट के मत से दोनो ही अर्थो का बोध क्रमपूर्वक होने से धूम तथा अग्नि की भॉति साध्य–साधन भाव अर्न्तनिहित है। वाच्य धूम की भॉति साधन है और प्रतीयमान अर्थ अग्नि के समान साध्य। जिस (वाच्यार्थ) में निःशंक आने के लिये कहा गया है, वह (वाच्यार्थ) न आने के कथन का साधन या हेतु है। अभिप्राय यह है कि जिसे व्यंग्यार्थ कहा गया है वह व्यंजना का व्यापार नहीं है और उसका अनुमान वाच्यार्थ से ही हो जाता है। जिस प्रकार अग्नि का अनुमान करने के लिये धुएँ का होना हेतु है, उसी प्रकार सिंह के आने की सूचना देना यहाँ आने के निषेध का हेतु है।

आचार्य मम्मट ने महिम भट्ट के मत का खण्डन करते हुए स्पष्ट किया कि यहाँ हेतु न होकर हेत्वाभास है। हेत्वाभास के पाँच प्रकारों में यहाँ तीन हेत्वाभास विद्यमान है। – अनैकान्तिक, विरूद्ध तथा अप्रसिद्धत्व। सामान्य तौर पर यह देखा गया है कि भीरू व्यक्ति भी प्रभु अथवा गुरू के आदेश से प्रियानुराग के कारण या किसी अन्य कारण से भय के कारण के होने पर भी भयजनक स्थानों में भ्रमण करता है। अतः यह अनैकान्तिक हेत्वाभास हैं कतिपय ऐसे व्यक्ति भी है जो कुत्ते से तो डरते है पर वीर होने के कारण सिंह से भय नहीं करते है। अतः यहाँ विरूद्ध हेत्वाभास हुआ। कुत्ते से न डरने का कारण सम्बद्ध व्यक्ति की भीरूता न होकर कुत्ते की अपवित्रता भी हो सकती हैं।

गोदावरी के तट पर सिंह की विद्यमानता प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से निश्चित न होकर केवल वचन से सिद्ध है। यहाँ कुलटा नायिका के वचन को प्रामणिक मान लिया गया है, अतः उसके कथन को आप्तवाक्य नहीं माना जा सकता। फलतः कुँज में सिंह की अवस्थिति असिद्ध होने के कारण यहाँ हेतु असिद्ध हैं। अतः तीन–तीन हेत्वाभासों के कारण यहाँ साध्य की सिद्धि असम्भव हैं। इसलिये भ्रमण–निषेध रूप व्यंग्यार्थ को अनुमान का विषय मानना हठघर्मिता है। ''निःशेषचयुतचन्दनं'' में महिमभट्ट ने चन्दन के छूट जाने आदि को अनुमापक रूप दिया हैं, वे अन्य कारणों से भी हो सकते है। यह भी अनैकान्तिक हेत्वाभास है। अतः अनुमान प्रणाली से व्यंग्यार्थ–प्रतीति सिद्ध नहीं की जा सकती। वास्तविकता तो यह है कि व्यंग्य वस्तु या तथ्य अनुमीयमान न होकर प्रतीयमान ही होता है। वह एक प्रकार का मानस बोध हैं अतः उसे अनुमानाश्रित नहीं कहा जा सकता है।

इस प्रकार आचार्य मम्मट ने अनुमानवादी महिमभट्ट के सारे तर्को को ध्वस्त कर उन्हें वितण्डावाद की संज्ञा दी और यह सिद्ध कर दिया कि ये तर्क या हेतु न होकर हेत्वाभास हैं। तर्क नहीं कुतर्क है, जिनमें पूर्वाग्रहग्रस्त विचारों की हठधार्मिता प्रकट हुई हैं। इस प्रकार शब्द की इस महनीय शक्ति को प्रतिष्ठा देने के लिये आचार्य मम्मट ने मीमांसक, वैयाकरण, नैयायिक एवं अखण्डार्थवादी अद्वैतवेदान्ती की शास्त्रीय युक्तियों का निराकरण करके व्यंजनावाद को स्थापित ही नहीं दृढ़मूल भी करने का प्रयास किया है। इस सन्दर्भ में यह कहना समीचीन हैं कि आचार्य मम्मट ने भारतीय काव्यशास्त्र को काव्यदर्शन का रूप प्रदान कर उसके विवेचन क्रम में महत्वपूर्ण दार्शनिक चिन्तनधाराओं को भी पृष्ठभूमि के रूप में उपस्थित किया।

इस प्रकार व्यंजना की सिद्धि ध्वनिवादियों और व्यंजनावादियों का अति महनीय एवं श्लाघनीय पुरूषार्थ रहा है।

**<u>सन्दर्भ संकेत</u>**

1. शब्दप्रमाणवेद्योऽर्थो व्यन्क्त्त्यर्थान्तरं यतः
   अर्थस्य व्यञ्जकत्वे तच्छब्दस्य सहकारिता। काव्यप्रकाश, तृतीय उल्लास पृष्ठ संख्या – 89
2. काव्यप्रकाश– तृतीय उल्लास – पृष्ठ संख्या – 89
3. ''अभिधातात्पर्यलक्षणात्मकव्यापारत्रयातिवर्त्ती ध्वननादि पर्यायो व्यापारोऽनपह्नवनीय एव'' – काव्यप्रकाश पंचम उल्लास पृ0 252
4. इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ये वाच्याद् ध्वनिबुधैः कथितः। काव्यप्रकाश–प्रथम उल्लास – पृ0 28
5. यत्रार्थः शब्दों वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरितिसूरिभिः
   कथितः ध्वन्यालोक, प्रथम उद्योत, पृ– 171
6. काव्यप्रकाश–द्वितीय उल्लास – पृष्ठसंख्या 70, 71
7. ''ज्ञानस्य विषयोह्यान्याः फलमन्यदुदाह्मतम्'' काव्यप्रकाश–द्वितीय उल्लास– पृ0 76
8. काव्यप्रकाश, द्वितीय उल्लास पृ – 35
9. ''नैमित्तिकानुसारेणनिमित्तानि कल्प्यन्ते'' – काव्यप्रकाश पंचम उल्लास पृ– 229
10. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 229
11. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 230
12. काव्यप्रकाश, प्रथम उल्लास – पृ0 – 30
13. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 230
14. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 230
15. प्रकाशप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 235
16. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 230
17. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास –पृ0 237
18. श्रुति–लिँ–वाक्य प्रकरण–स्थान समाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यम् अर्थविप्रकर्षात् मीमांसा दर्शन – 3–3–14
19. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ– 241
20. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 241
21. काव्यप्रकाश से उद्धृत पृष्ठ सं0 – 247
22. काव्यप्रकाश, पृष्ठसंख्या – 256 से उद्धृत
23. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – 257
24. काव्यप्रकाश, वामानाचार्य झलकीकर, भण्डारकर संस्थान, पूना 1950 (''काव्यप्रदीप एवं प्रभा) गोविन्दठक्कुर, वैद्यनाथ, निर्णयसागर, सं0 बम्बई।
25. काव्यप्रकाश, प्रथम उल्लास – पृ0 30
26. काव्यप्रकाश, पंचम उल्लास – पृ0 259

27. ध्वानिप्रस्थान में आचार्य मम्मट का अवदान – डॉ जगदीश चन्द्र शास्त्री
28. ध्वनि सम्प्रदाय और उसके सिद्धान्त – डॉ0 भोलाशंकर व्यास
29. ध्वन्यालोक–अनुवादक–डॉ रामसागर त्रिपाठी, मोती लाल बनारसी दास बंगलो रोड, जवाहर नगर दिल्ली।
30. आचार्य विश्वेश्वर सिद्धान्त शिरोमणि ज्ञानमण्डल लिमिटेड वाराणसी शब्दव्यापारविचार (मुकुलभट्टकृत अभिधावृत्तिमातृका के साथ) पं निर्णसागर, बम्बई।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Reflection of an Updated Syncretized Dimension in Indian and Korean Philosophical Wisdom

**Kalpana Kumari**
Ph. D. Research Scholar, School of Sanskrit and Indic Studies, Jawaharlal Nehru University, New Delhi, India

## ABSTRACT

India and Korea may have situated at distance in geographical dimension, but both countries have the philosophical wisdom to share with others. Today, Korea already conquered the realms of modernization and India is in the process to arrive there. The world may have progressed in the materialistic world but it lapsed in giving an updated ideology which can be placed in every situation. From all around the world, intellectuals are giving their effort to establish a permanent solution for these problems but it's not working in each condition. Indian and Korean doctrine have suitable answers for all complicated riddles and can grant a mode of philosophical wisdom.
**Keywords :** Korean, Indian, Syncretic, Wisdom, Philosophical

## I. INTRODUCTION

It is true in the contemporary standards of the economically advanced world to achieve the materialistic and intellectual excellence. Although this thought developed all comforts for men from the point of fulfilling materialistic desires, thus it has created many issues among people altogether many psychological and physical disease also happened which cannot be resolved with available answers.

Ancient scholarly citizens of India have declared some mysterious truths which are still searched. Ancient doctrines of India contain the reply of all issues related to the structure of an ideal social structure and everyone has equal standing in the society.

Indian wisdom came out from the prime spiritual texts through which the first dimension of Indian world is reflected. Indian Vedic knowledge contains all kind of ideas and it guides men which way should be followed. India is still evolving towards future with the everlasting teachings of ancestors and taught to children from their birth. It is the duty of a responsible human being to learn a proper norm of living life so a person can live and guide others for a better situation as it is needed for the modern generation.

## II. METHODS AND MATERIAL

Indian continent cultural wisdom has become rich with the synthetic method to live life. Indian kings ruled their kingdoms living in cities, but they always give regard to intellectual persons. In India, knowledge is regarded as superior to any material object as Indians has known that knowledge is valuable. In ancient Indian wisdom, Upanishads manifest reference for such practices. Even the Vedic deity Indra has gone again and again to Prajāpati as a student to learn true knowledge, "sa

samit-pāṇiḥ punar eyāya." (Chāndogya Upaniṣad VIII. 10.3). It shows the superiority of knowledge where a king of Indian gods is eager to know the truth. These kinds of examples make people be humble and always keep mind alert to get acquainted with different realms of cognition.

Indian wisdom comes from Vedic ancestors who developed Indian ideals in a way which will not be diminished under any external influences of other cultures but Indian ideologies created a self-sustaining culture which made others accept it. If human beings keep oneself engaged in the discovery of the true knowledge then he will never get disturbed by anger, jealousy and any kind of psychological diseases. As, Īśāvāsyopaniṣad seer realised this truth when it is sung that a person will never feel any kind of difference to others when one understands the truth of similarity among human beings, "sarvabhūteṣu cātmānaṁ tato na vijigupsate". (Īśāvāsyopaniṣad. 6.).

It is true about India that anyone who gets to know Indian culture becomes intimidated by it. Today India is near to reach the higher realms of materialistic development but it never abandons its philosophical dimensions which are precious for unity in a country of different colours. The philosophical foundation of India provides it with an unbreakable dimension of living life which defines it as a unique approach.

The syncrenized wisdom of India and Korea stands for the diverse practices, faiths and differences, and especially all these thoughts are true for an Indian scenario. Indian social organisation and background have the limitless expression of harmonious wisdom where spiritual roots connect people with past, present, and future. Modernised human being has stored all objects of worldliness for own happiness but men forget to collect relations that is the reason that people are suffering from loneliness, anxiety, and worries. India and Korea, both are also influenced by globalization but they have maintained their ancient values which are prevailed in current societies of these countries.

## III. RESULTS AND DISCUSSION

The philosophical traditions of Korea may have surged amid the continuous attacks of foreigners or out of a state of poverty. Korea became assembled as one state with the guidance of Monks who practised teachings of Buddha and bells of shamans also helped Korean kings to find mental peace. Korean ancestral wisdom is founded by spiritual leaders who made Korea strong by imparting their right vision whenever they needed. Today, these elements are reflected in the social scenario through visible or hidden sources and keep lightening to Korean people in their hard time. Korean people are recognised worldwide for their respecting and humble response towards an older or elder people, as well as they, keep a holistic view towards others.

Korean native citizens use polite and respective forms whenever they address to an older or elder person because they have known the value of this custom. The root of these kinds of practices is found in the early traditions of this land. in Korea, the sayings and writings of past people are still found in a preserved form in Korean shrines and museums.

Korean wisdom is granted by ancient practices of Korean shamans they create a syncretise world for humans and make them embrace the existence of other lives of that exist in distinct zones of the cosmos. Today's men are living their lives in a modernised consuming culture but at some points like as other intellectual traditions of this human cosmos, they know that a syncretized norm of living life can bring them permanence and blissful life which is lead by ancestors.

If someone goes to Korea or meets a Korean person in a foreign land one can quickly know their action-

oriented trend and be doing action is the way through which they experience the life. But the over-doing of work made Korean people suffer from various kinds of human problems which came out from divided visions. Korean people may have forgotten the reality of their philosophical tradition for some time but they remember the preachings of Buddhism as it established from ancient time in Korea so a human being can experience his true form through this balanced way of life which is not a supporter of extremist values as practised by extremists under the influence of negative ideas which is the main reason for all agonies. But Korean folk have the remedy for all these problems in their earliest wisdom that can grant them mental calmness and other shaman kinds of practices make them realise the beauty of the connection between men and invisible world.

## IV.CONCLUSION

Indian philosophical wisdom has the elements of orthodox and non-orthodox ideas as it is defined in Indian culture relating the belief system which is prevailed in ancient India. Indian intellectuals developed a harmonious lifestyle where everyone can live life in their free will without making any trouble for another person. And acceptance of various ideologies in Korea grants the human race a place to practice their values with own desire without being feeling any pressure so it permits everyone to follow the way which one wants to follow. These ideologies can be helpful for modern globalised societies and can lessen the feeling to conquer with power but sing a message of love and brotherhood. This kind of wisdom can create a syncretized atmosphere for everyone.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# विकास की राह पर जनजातीय कोल : सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिवर्तन

Dr. Jai Shankar Prasad Singh
Department of Geography, Associate Prof. and Head, V. K. S. U. Ara, Bihar, India

क्षणे–क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः।
(क्षण–क्षण में नवीनता व परिवर्तन ही प्रकृति की रमणीयता का आधार है।)

संस्कृत महाकवि माघ की यह पंक्ति इसी ओर संकेत करती है, कि परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत एवं अटल नियम है। पृथ्वी के भौतिक भू–दृश्यों में भी परिवर्तन घटित होते रहते हैं। चूँकि मानव एक ऐसा सजीव तत्व है, जो धरातल पर दूर–दूर तक परिवर्तन करता रहता है। मानव द्वारा निर्मित सांस्कृतिक भूदृश्य; परिवर्तन का एक अच्छा उदाहरण है। मानवीय समाज एवं प्राकृतिक जीवन्तता का राज़ भी परिवर्तन है। वर्तमान समय में जहाँ एक ओर हमारा देश तकनीकी स्तर पर, प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक विकास में विश्व के अन्य देशों की तुलना में बराबरी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर देश के बहुत से ऐसे भू–भाग हैं, जिनमें निवास करने वाली जनजातियों में भी सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिवर्तन हो रहें हैं। समकालीन समय में मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्ट अप, स्टैण्ड अप, डिजिटल इंडिया हो अथवा कौशल विकास की अवधारणा सभी के माध्यम से विकास के सोपानों पर परिवर्तन की आहट को महसूस की जा सकती है। आज के विकसित साधन (अभिगभ्यता एवं संचार, टलीफोन एवं मोबाइल, कम्प्यूटर, इण्टरनेट आदि) व्यापार एवं वाणिज्य, उद्योग, सघन कृषि तथा खनन कार्य की रीति आदि ने जनजातीय प्रवृत्तियों के परिवर्तन पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रभाव डाला है।

(प्रस्तुत शोधपत्र में उत्तर–प्रदेश राज्य के बुन्देलखण्ड में स्थित चित्रकूट (कर्वी) जिले के 'पाठा' क्षेत्र में निवास करने वाली कोल जनजाति में हो रहे परिवर्तनों में परितीय प्रभावों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।) पाठा का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2918.27 वर्ग किमी. है। यहाँ के भौगोलिक सरंचना पठारी एवं उच्च स्थलीय होने के कारण शुष्क एवं उष्ण प्रकार की जलवायु पायी जाती है। पाठा क्षेत्र में निवास करने वाले कोल द्रविड़ नृजातीय वंशज के कहे जाते हैं तथा ये अपने को शबरी का वंशज भी मानते हैं। खनिज एवं वन सम्पदा की दृष्टि से यह क्षेत्र काफी सम्पन्न हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व जहाँ एक ओर कोल सम्पूर्ण वनीय क्षेत्र पर अपना आधिपत्य समझते थे और वनोत्पाद से जीवनयापन करते थे, वहीं दूसरी ओर वर्तमान समय में पाठा के खनन कार्य में संलग्न क्षेत्र में सम्पन्न एवं प्रभावशाली लोगों के मालिकाना हक बना लेने के कारण कोल असहाय हो गए हैं। भौतिकवादी व्यक्तियों के बीच कार्य करके आर्थिक दृष्टि से कोल मजदूर भले ही सम्पन्न नहीं हो पाए हों, लेकिन सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से परिवर्तन की झलक स्पष्ट दिखना प्रारंभ हुई है। यह परिवर्तन रहन–सहन, शिक्षा, आवासीय व्यवस्था, कृषि पद्धति,

राजनीतिक चेतना, मृत्यु एवं विवाह संस्कारों पर स्पष्टतः परिलक्षित होता है। प्रस्तुत शोध पत्र में कोलों की पारम्परिक जीवनशैली अवलोकन प्रस्तुत किया गया है।

**समाज में होने वाले परिवर्तनों के आधार व प्रवृत्ति :—**

कोल समाज में होने वाले परिवर्तनों के विश्लेषण से पूर्व किसी भी समाज में फलीभूत होने वाले परिवर्तनों की पृष्ठभूमि को समझना अपरिहार्य हो जाता है, जिससे विश्लेषण गतिविधियों में परिवर्तन में मूल कारकों तक पहुँच पाये। प्रसिद्ध समाजशास्त्री 'हिन्द' का विचार था, कि वे कारण जो किसी प्रकार के समाज को पूर्ण औद्योगिक दशा में बदलते हैं, सभी प्रकार की संस्कृतियों में समान रूप से लागू होते हैं। इनके अनुसार तीन कारण विचारणीय हैः—

**अ.** उपयोग के क्षेत्र में आशाएँ।
**ब.** आर्थिक कृत्यों से संबंधित मनोवृत्ति।
**स.** समाज का प्रौद्योगिकीय विस्तार/सार।

पूर्ण प्रौद्योगिक या परंपरागत समाज में ये तीनों कारण या तो स्थिर रहते हैं, या निष्क्रिय होते हैं। उनमें एक समन्वय होता है। इसके इतर जब कोई समाज औद्योगिक स्तर को प्राप्त करने का शुभारम्भ करता है, उस समय उपभोग सम्बन्धी आशाऐं बढ़तीं हैं, किन्तु उत्पादन अथवा आर्थिक कृतित्व संबंधी मनोवृत्ति में उस अनुरूप में परिवर्तन नहीं हो पाता हैं इस अवकाश को दूर करने हेतु औद्योगिक विकास किया जाता है। सामाजिक विकास संबधी प्रतिविधियाँ इसी के साथ प्रारंभ हो जाती हैं।

उपभोग के क्षेत्र में परिवर्तनों को देखें तो इसके लिए तीन समूह उत्तरदायी हैं; **प्रथम प्रकार का समूह,** जिनकी समाज में कोई स्थिति नहीं है, वे विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं को अपने लिए चुन लेते हैं, उनका यह विश्वास है कि ऐसा करने से उनकी सामाजिक स्थिति तथा व्यक्तिगत परिस्थिति में परिवर्तन होगा। तथापि महत्वकांक्षा की कमी के कारण अपनी भूमिका को परिवर्तित करने की नहीं सोचते।

**द्वितीय प्रकार का समूह**, जिनकी परम्परागत परिस्थिति ऊँची है। इस स्थिति को बनाये रखने के लिए वे उपभोग के नए साधनों का प्रयोग करते हैं। ऐसा वे अपनी मौलिक एवं परम्परागत विशेषताओं को दृष्टिगत रखते हुए करती हैं। इन लोगों के परिवर्तन के मूल कारण यही हैं कि वे सिद्ध करना चाहते हैं कि वे 'हेय' नहीं हैं।

**द्वितीय प्रकार का समूह,** ये वह समूह है जो अपने आपको नवीन मध्यम वर्गीय करता है। यह वर्ग अपने स्वतंत्र अस्तित्व को बनाये रखने के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं के आधुनिकतम उपलब्धियों को स्वीकार करता है। पूरा समाज जागरुक हो जाता है व विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाता है।

हिन्द ने निष्कर्षतः यह पाया है कि, **''औद्योगिक अवस्था नये प्रकार के सामाजिक सम्बन्धों को जन्म देती है, जिसमें वर्ग चेतना पायी जाती है, यह चेतना सामान्य हितों पर आधारित होती है।''**

इस नवीन संरचना में जो नई विधा प्रस्तुत होती है उसमें भौगोलिक पर्यावरण व विकसित संस्कृति तथा समाज की स्पष्ट झलक दिखलाई पड़ती है।

**कोल समाज में दृष्टिगत समयानुकूल परिवर्तनों का तुलनात्मक अध्ययन :–**
जनजाति या वन्यजाति को आदिवासी, वनवासी या गिरिजन आदि नामों से जाना जाता है। ये लोग कबीलों एवं वनीय क्षेत्रों में निवास करते आए हैं, जिसके कारण सभ्य समाज में होने वाले परिवर्तनों से वंचित रहे हैं। कोल जनजाति, जिनकी जीविका पूर्णरुपेण वनों या वनीय उपजों पर निर्भर रही है, परन्तु **वन सरंक्षण अधिनियम (1980 व 1988)** के पारित हो जाने के कारण वन से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साधनों को प्राप्त करने से प्रतिबन्धित कर दिए गए हैं, फलस्वरूप उन्हें औद्योगिक प्रधान समाज के सम्पर्क में आना अपरिहार्य हो गया है और उनमें स्थैतिक, व्यवसायिक, क्षैतिजीय एवं उदग्र गतिशीलता में वृद्धि हो गई है।

**1. परम्परागत आवासीय व्यवस्था में परिवर्तन** :

वर्तमान समय में कोल समाज की परम्परागत बसाहट का स्वरूप बदला हुआ है। अब इनके आवास प्रभुत्व सम्पन्न समाज की बस्तियों, ग्रामों, कस्बों एवं नगरों में धीरे–धीरे समाहित होने लगे हैं। उत्तर–प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के अनुसार प्रदेश में छोटे–छोटे गाँव, पुरवे एवं मौजों के ग्राम पंचायतों के निर्माण हेतु सम्मिलित किया गया है। अतः ऐसी बहुत ही कम ग्राम सभाएं हैं, जिनमें मात्र कोल निवास करते हों। पाठा की अधिकांश ग्रामसभाएं छोटे–छोटे मजरों को मिलाकर बनायी गई हैं। इनमें कोल मजरों की संख्या अधिक है। पाठा क्षेत्र के कोल गाँवों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है–

**ग्रामीण प्रतिरूप–**

**प्रथम श्रेणी–**
घने जंगलों में आवासित गांव, जिनके आस–पास दूसरी जाति के लोगों की बस्तियां नहीं हैं। कम संख्या वाले इन गांवों के कोल अन्य गांवों के कोलों से संपर्क स्थापित किए रहते हैं।

**द्वितीय श्रेणी–**
घने जंगलों के मध्य किन्तु समृद्ध कृषकों के कृषित भूमि के समीप स्थित अधिवास, जिनमें रहने वाले कोल कृषकों के लिए कार्य करते हैं। कृषकों के कारिंदे भी गांव में खेती का कार्य देखते हैं तथा कोलों पर नियंत्रण रखते हैं।

**तृतीय श्रेणी–**
वे अधिवास जिन्हें विकास केन्द्र या सेवा केन्द्र के रूप में जाना जाता है। इन सघन बस्तियों के समीप ही कोलों के आवास पाए जाते हैं। यहाँ आदिवासी कोल व्यापारिक, दुकानों व अन्य कार्यों में मजदूरी कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त अपने आवासों के समीप

छोटी दुकान आदि की स्थापना किए हुए हैं, जहां रोजमर्रा में प्रयुक्त होने वाली वस्तुएं प्राप्त होती हैं। अतः कहा जा सकता है कि व्यापार की ओर भी उन्मुख होने लगे हैं।

परिवर्तन के कारण ही कोलों के आवासों के निर्माण में ईंट, पत्थरों, सीमेण्ट एवं सरिया का प्रयोग होने लगा है। चूंकि पाठा क्षेत्र पठारी भू–भाग है, अतः पत्थर आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, किन्तु छतों के निर्माण में वनीय छटावन का प्रयोग करते हैं। इनके आवास अन्य जातियों के आवासों के समीप बनाए जाने लगे हैं। इस प्रकार कोल अपने आवासों के निर्माण में गैर–कोलों का अनुसरण करने लगे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि कोलों के आवासों में परिवर्तन होने लगा है। इसके अलावा उ.प्र. राज्य सरकार द्वारा निर्मित कोलानों का प्रयोग कुछ कोल परिवार करने लगे हैं। राज्य सरकार द्वारा इनके आवास निर्माण में आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।

## 2. कृषिगत परिवर्तन :

पाठा क्षेत्र की भूमि का वितरण विश्लेषण बहुत ही आसान है। क्षेत्र की सिचिंत एवं उपजाऊ भूमि सवर्ण जातियों के पास है, जबकि असिंचित भूमि कोलों के पास है। उच्च जातियों के पास इतनी अधिक भूमि है कि वे स्वयं कृषि कार्य न करके बटाई पर भूमि देते हैं। ये बटाईदार कोल ही होते हैं। जो कोल भूमिहीन थे, उन्हें पट्टे की भूमि उपलब्ध करायी गई है। भूमि के प्रति कोलों का लगाव अब बढ़ता जा रहा है। वे चाहते हैं कि जैसे भी हो कुछ भूमि प्राप्त हो जाए। पूर्व में इनका कृषि कार्य परम्परागत तथा आदिवासी शैली का था। अब ऐसा नहीं है। ये मजदूरी के बदले बड़े किसानों से आधुनिक उपकरण एवं उन्नत किस्म के बीज, उवर्रक एवं सिंचाई की सुविधाओं का प्रयोग करने लगे हैं। जो कस्बों में रहते हैं, वे बाजार में मजदूरी का कार्य दिहाड़ी पर करते हैं। उनका लगाव कृषि के प्रति नहीं है। पाठा के कोलों की सन् 1962 से अब तक अनेक कालोनियों का निर्माण कर स्थायी रूप से बसाकर कृषि के प्रति उनका रुझान पैदा करने का प्रयास किया गया है।

पूर्व समय से खाद्यान्न की कमी महसूस करने वाला कोल समाज कृषि कार्य कर अपना जीवन गुजारने में सक्षम हो चला है। कोल महिलाऐं भी कृषि कार्य में पुरुषों का पूर्ण सहयोग करती हैं। वर्ष के अधिकांश खाली दिनों में महिलाऐं लकड़ी काटने तथा तेन्दू के पत्ते तोड़ने का कार्य करती हैं। पत्ते तोड़ने का कार्य दिहाड़ी पर किया जाता है। ठेकेदारों द्वारा मजदूरी का पैसा समय से भुगतान न करने पर चुप बैठने वाले कोल अब उच्च अधिकारियों तक शिकायत करने में नहीं डरते हैं। कोल अपने शोषण का मतलब आसानी से समझते हैं। कोल संगठन इस दिशा में एक आशा की किरण है।

## 3. राजनीतिक समझ में विस्तार

कोल समाज, जिनका इतिहास एवं भूगोल तथा अर्थशास्त्र सभी कुछ भूख अर्थात् उदरपूर्ति तक सन्दर्भित रहा है और क्षुदापूर्ति के नाम पर कोलों के मतदान प्रक्रिया को

सदैव प्रभावित किया जाता रहा है। वर्तमान समय में कोलों के अंदर जागरुकता आई है। 'पाठा' क्षेत्र वही है, जहाँ समय–समय पर दलित कोलों ने भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व विधान सभा के सदस्य के रूप में किया है। स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस की अहम् भूमिका होने के कारण इसी पार्टी की ओर कोल भी प्रभावित रहते थे किन्तु समय के परिवर्तन के साथ कोलों में आत्मविश्वास जागृत हुआ। **खरौंद निवासी इन्द्रपाल कोल ने जनसंघ पार्टी के उम्मीदवाद के रूप में सन् 1967 में चुनाव लड़कर इस क्षेत्र से निर्वाचित होकर, प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया था।** तथापि सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यधिक धनबल का बोलबाला होने के कारण आर्थिक रूप से कमज़ोर कोल अपनी दावेदारी से पीछे हट जाते हैं। मतदाता के रूप में इनकी संख्या क्षेत्र में एक निर्णायक अदा करती है।

**4– जीवन स्तर में परिवर्तन :**

विगत कुछ वर्षों में जब से कोल कृषि कार्य से जुड़े हैं, तब से इनमें स्थायित्व आया है, जिससे इनके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अन्तर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। यह परिवर्तन पुरुषों एवं महिलाओं दोनों में देखा जा सकता है। महिलाऐं पुरुषों की अपेक्षा अधिक संजने–संवरने पर ध्यान देती हैं। साड़ी युवतियों के चलन में आम हो गया है। युवक कोल पैंट, शर्ट यहाँ तक की जींस का प्रयोग करने लगे हैं। सामान्य कोल महिलाऐं चप्पलें पहनने लगीं हैं।

महिलाओं पर आभूषणों पर भी पड़ा है। ग्रामीण अंचलों में प्रयोग आने वाले कम कीमत के आभूषण कोलों की चौखट पर दस्तक देने लगे हैं। चूड़ियाँ तो कोल महिलाऐं पहनती ही हैं, अन्य दूसरे आभूषणों में नाक में बुलाक, कान में कानफूल, हाथ में कड़ा, पैर में पायल, चुरवा, बिछियाँ आदि प्रयोग में लाती हैं। पुरुष अंगूठी धारण करने लगे हैं। कभी–कभी रंगीन धागे का माला एवं उसमें चन्द्र आकार का लाकेट भी पहनते हैं। कर्ण छेदन संस्कार के कारण कुछ लोग कान में बाली पहनते हैं। यह परिवर्तन के वातावरण को स्पष्ट करता है।

वर्ष के अधिकांश दिनों में एक समय का भोजन पाकर संतुष्ट होने वाला कोल आज दोनों समय का भोजन भरपेट करता है। मोटा अनाज, जिसमें ज्वार, बाजरा, चना, मसूर, चावल आदि इसका मुख्य भोजन है। गेहूं की रोटियां व अरहर की दाल, जिसका सेवन तीज–त्यौहार पर करते थे, वर्तमान समय में सामान्य भोजन के अंतर्गत आने लगा है। चकबंदी के बाद प्राप्त ग्राम समाज की भूमि के पट्टों में कृषि का कार्य करने वाले कोल गेहूं, चना, मसूर, चावल आदि की खेती करने लगे हैं। भोजन के रूप में दाल रोटी एवं भरपूर हरी सब्जियाँ, जिन्हें आंगन, घरों के आस–पड़ोस में उगा लेते हैं, का प्रयोग करते हैं। अतः इनके खान–पान में पूर्ण परिवर्तन आया है। बीच–बीच में मांसाहारी भोजन भी करते हैं, जिसमें मुर्गी–मुर्गा तथा जंगली कबूतरों का मांस प्रयोग किया जाता है। अच्छे प्रकार के लिए ये कोल अब त्योहारों का इंतज़ार नहीं करते।

इसी क्रम में, लगभग एक दशक पूर्व कोलों के बच्चों को शिक्षित करने हेतु आश्रम पद्धति विद्यालय की स्थापना मानिकपुर में की गई है। इतना ही नहीं कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी कोलों की बस्तियों में विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में कोल अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु नियमित भेज रहे हैं। लोग चिट्ठी एवं दैनिक समाचार पत्रों का अध्ययन करने लगे हैं। रेडियो से राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्हे देखा जा सकता है। पूर्व में जो कोल पढ़ाई–लिखाई के नाम से डरते थे अब ऐसा नहीं है। भविष्य की चिंता करते हुए शिक्षा की ओर रुझान बढ़ा है।

यद्यपि वर्तमान समय में कोल प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से वनों से लाभान्वित होते रहते हैं, किन्तु पुरातन वह आत्मीय संबंध संभवतः अदृश्य हो चुका है। परम्परागत अधिकारों व रियायतों को वे अपनी आय के आंशिक सम्पूरक के रूप में उपभोग करते हैं। प्रायः सभी वैज्ञानिक व शोधकर्ता ये स्वीकारते हैं कि, भारतीय निर्धनता की समस्या अति जटिल है, ऐसे परिदृश्य में कोल समाज सभ्यता के आदिम चरित्र को प्रस्तुत करता हुआ परिवर्तन के दौर में विकास की तलाश कर रहा सा दिखाई देता है। ऐसे में निःसंदेह उनके हित में आर्थिक व सामाजिक आधारों की पुनर्सरंचना होनी चाहिए। इसके लिए भूमि सुधार की आवश्यकता के साथ न्याय निर्णयन में जनजातीय सज़गता को और सशक्त बनाना होगा।

**संदर्भ :**

1. डॉ. स्वामी प्रसाद पाठा के कोलों के विकास के अवरोधक कारक (शोध प्रबंध) बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0) 1999
2. नाग, (डॉ.) जसवन्तः पाठा के कोलों में राजनीतिक चेतना एवं सहभागिता (1988) शोध प्रबंध, वाराणसी, काशी विद्यापीठ।
3. डोगरा, भारत : 'पाठा' सूखे खेत प्सासे दिल पत्रिका (1992)
4. डॉ. हसन, अमीरः कोल्स ऑफ पाठा (1972) इलाहाबाद किताब महल।
5. डॉ. बलराम : जनजातीय समाज की आवासीय व्यवस्था पाठा के विशेष संदर्भ में (2003) सोसल एक्सनट्रस्ट, नई दिल्ली।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# श्रीमद्भगवद्गीता में सनातन धर्म

डॉ सुर्यकान्त त्रिपाणि
एसिस्टेन्ट प्रोफसर,
संस्कृत विभाग, दि0 द0 उ0 वि  वविद्यालय, गोरखपुर,उत्तर प्रदे  ा, इंडिया

श्रीमद्भगवद्गीता का संस्कृत वाङ्मय में प्रमुख स्थान है। सनातन धर्म के महान ग्रन्थों में श्रीमद्भगवद्गीता का नाम बड़ी श्रद्धा के साथ लिया जाता है वस्तुतः यह महान ग्रन्थ महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित दुनिया के सबसे बड़े महाकाव्य महाभारत के भीष्मपर्व के अन्तर्गत एक उपनिषद् है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकली हुई दिव्य वाणी है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने विषाद्युक्त अर्जुन को तत्त्वात्मक उपदेश दिया है जिसके भाव अत्यन्त गहन हैं। यह कुल 18 अध्यायों में विभक्त है जिसमें 700 श्लोक दर्शनीय होते हैं। गीता की गणना प्रस्थानत्रयी में की जाती है।

श्रीमद्भगवद्गीता का सर्वातिशायी माहात्म्य इसी बात से समझा जा सकता है कि भगवान् के पाद–पद्म से निकलकर 'विष्णुपदी' नाम से विख्यात भगवती भागीरथी जब त्रिलोक–पावनी हो गईं, तो उनके मुख–पद्म से निकली भगवती गीता आपाताल–ब्रह्मलोक निखिल ब्रह्माण्ड निकाय को तो अवश्य ही पवित्र करने वाली होंगी। वस्तुतः गीता ज्ञानामृत तो वह सर्वातिशायी दुग्धामृत है जिसे श्रीकृष्णसंज्ञक दोग्धा ने सर्वप्रथम अर्जुन संज्ञक बछड़े एवं अनन्तर उनके द्वार से साधक विद्वल्लोक के सेवन हेतु उपनिषद् रुपी गौओं का दुग्धदोहन किया था।

**"सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।**
**पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।"**

गीता के माहात्म्य में उपनिषदों को गौ और गीता को उसका दुग्ध कहा गया है इसका तात्पर्य यह है कि उपनिषदों की जो अध्यात्म विद्या थी, उसको गीता सर्वांश में स्वीकार करती है। उपनिषदों की अनेक विद्यायें गीता में हैं। जैसे संसार के स्वरूप के सम्बन्ध में अश्वत्य विद्या[1], अनादि अजन्मा ब्रह्म के विषय में अव्ययपुरुष विद्या[2], परा प्रकृति[3] या जीव के विषय में अक्षरपुरुष विद्या और अपरा प्रकृति[4] या भौतिक जगत के विषय में क्षरपुरुष विद्या। इस प्रकार वेदों के ब्रह्मवाद और उपनिषदों के अध्यात्म इन दोनों की विशिष्ट सामग्री गीता में सन्निविष्ट है।

गीता के अट्ठारह अध्यायों में वर्णित विषयों की क्रमागत तारतम्यता अद्भुत है। क्रमप्राप्त संगति अत्यन्त उच्चकोटि की देखने को मिलती है। इसके प्रत्येक अध्याय का अपना अलग–अलग वैशिष्ट्य है। प्रथम अध्याय का नाम अर्जुनविषादयोग, द्वितीय अध्याय का नाम सांख्ययोग, तृतीय अध्याय का नाम कर्मयोग, चतुर्थ अध्याय का नाम ज्ञानकर्मसंन्यास योग है एवं पांचवे अध्याय का नाम कर्मसंन्यासयोग छठवें का नाम आत्मसंयमयोग सातवें का नाम ज्ञानविज्ञानयोग, आठवें अध्याय

का नाम अक्षर ब्रह्मयोग, नवें अध्याय का नाम राजगुह्ययोग, दसवें अध्याय का नाम विभूतियोग, 11वें अध्याय का नाम विश्वरुपदर्शन योग, 12वें अध्याय का नाम भक्तियोग, 13वें अध्याय का नाम क्षेत्र–क्षेत्रविभागयोग 14वें अध्याय का नाम गुणत्रयविभागयोग है। 15वें अध्याय का नाम पुरुत्तोत्तम योग। 16वां अध्याय देवासुर सम्पत्ति का विभाग है, 17वें अध्याय का नाम श्रद्धात्रय विभागयोग एवं अन्तिम 18वें अध्याय का नाम मोक्षसंन्यासयोग है।[5]

संसार में मुख्यरूप से चार धर्म प्रचलित हैं–सनातन धर्म, मुस्लिम धर्म, बौद्ध धर्म और ईसाई धर्म। इनमें प्रत्येक धर्म को मानने वालों की संख्या करोड़ों में है। इन चारों धर्मों में भी अवान्तर कई धर्म हैं। सनातन धर्म को छोड़कर शेष तीनों धर्मों के मूल में धर्म चलाने वाला कोई व्यक्ति मिलेगा, जैसे–मुस्लिम धर्म के मूल में मोहम्मद साहब, बौद्ध धर्म के मूल में गौतम बुद्ध और ईसाई धर्म के मूल में ईसा मसीह मिलेंगे। परन्तु सनातन धर्म के मूल में कोई व्यक्ति नहीं मिलेगा क्योंकि यह धर्म किसी व्यक्ति के द्वारा चलाया हुआ धर्म नहीं है यह तो अनादिकाल से चला आ रहा है। सनातन का अर्थ है शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला अर्थात् जिसका न आदि है न अन्त।[6] जैसे भगवान शाश्वत (सनातन) हैं, ऐसे ही सनातन धर्म भी शाश्वत है। भगवान ने तो सनातन धर्म को अपना स्वरूप बताया है।

**ब्राह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्म च**
**शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च।।**[7]

जिस–जिस युग में जब–जब इस सनातन धर्म का ह्रास होता है अथवा हानि होती है तब–तब भगवान इस धर्म के उत्थान के लिये भगवान स्वयं अवतार लेकर इसकी रक्षा करते हैं।

**यदा–यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**[8]

अर्जुन गीता में भगवान् को सनातन धर्म का रक्षक बताते हुये कहते हैं कि 'सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे' हे भगवान्! आप अक्षय परमात्मा हैं। इस जगत के परम आश्रय हैं, आप शाश्वत धर्म के रक्षक हैं तथा आप अविनाशी सनातन पुरुष हैं, ऐसा मेरा मत है। भगवान और आत्मा का स्वरूप शाश्वत है, सनातन है, अव्यक्त रूप है, अविनाशी है तभी तो भगवान (आप) और आत्मा एक ही लक्षण वाले होते हैं।[9]

एक उपज होती है और एक खोज होती है। जो वस्तु पहले से उपस्थित न हो तो उसकी उपज होती है और जो वस्तु पहले से ही उपस्थित हो तो उसकी खोज होती है। मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई–ये तीनों ही धर्म व्यक्ति के मस्तिष्क की उपज हैं, परन्तु सनातन धर्म किसी व्यक्तिविशेष के मस्तिष्क की उपज नहीं बल्कि ऋषियों के द्वारा किया गया अन्वेषण है–

**''ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः''**

यह धर्म अपने अन्दर कई अलग–अलग उपासना पद्धतियाँ मत, सम्प्रदाय और दर्शन समेटे हुये हैं।[10] वर्तमान में अनुयायियों की संख्या के आधार पर यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और सर्वाधिक उपासक भारत में हैं। इसमें कई देवी–देवताओं की पूजा की जाती है जो भक्त जिस–जिस देवता के स्वरूप को श्रद्धा से पूजना चाहता है, मैं उसी देवता के प्रति उसकी श्रद्धा को स्थिर करता हूँ।[11]

**यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति।**

**तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम्।।**

अन्य सभी धर्म तथा मत–मतान्तर भी इसी सनातन धर्म से उत्पन्न हुये हैं। इसलिये उन धर्मों में मनुष्यों के कल्याण के लिये जो साधन बताये गये हैं, उनको भी सनातन धर्म की ही देन मानना चाहिए। अतः उन धर्मों में बताये गये अनुष्ठानों का भी निष्कामभाव से कर्तव्य समझकर पालन करना चाहिए।

प्रत्येक धर्म में कुधर्म, अधर्म और परधर्म तीनों होते हैं। दूसरों के अनिष्ट का भाव, कूटनीति आदि 'धर्म में कुधर्म' है, यज्ञ में, पशुबलि देना आदि 'धर्म में अधर्म है' है, और जो अपने लिये निषिद्ध है, ऐसा दूसरे वर्ण आदि का धर्म 'धर्म में परधर्म' है। कुधर्म, अधर्म और परधर्म–इन तीनों से कल्याण नहीं होता। कल्याण उस धर्म से होता है, जिसमें अपने स्वार्थ और अभिमान का त्याग एवं दूसरे का वर्तमान और भविष्य में हित होता है। प्राणिमात्र के कल्याण के लिये जितना गहरा विचार सनातन धर्म में किया गया है, उतना दूसरे धर्मों में नहीं मिलता है। सनातन धर्म के सभी सिद्धान्त पूर्णतया वैज्ञानिक और कल्याण करने वाले हैं।

सनातन धर्म में जितने साधन कहे गये हैं अथवा नियम बताये गये हैं, वे भी सभी सनातन हैं और वे अनादिकाल से चलते आ रहे हैं, जैसे भगवान् श्रीकृष्ण ने कर्मयोग को अव्यय कहा है[12] तथा शुक्ल एवं कृष्ण दोनों गतियों (मार्गों) को भी सनातन कहा है।[13]

**शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते**
**एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुनः।।**

अर्थात् शुक्ल और कृष्ण दोनों प्रकार की गतियाँ जगत में शाश्वत हैं अर्थात् इनका (साधन का) कभी विनाश नहीं होता। शुक्ल अवस्था में प्रयाण करने वाला पीछे न आने वाली परमगति को प्राप्त होता है तो दूसरी अवस्था कृष्ण में, जिसमें क्षीण प्रकाश तथा अभी कालिमा है ऐसी अवस्था को गया हुआ पीछे लौटता है, जन्म लेता है, जब तक पूर्ण प्रकाश नहीं मिलता तब तक उसे भजन करना पड़ता है।

श्रीमद्भगवद्गीता में परमात्मा को सनातन तो माना गया है। साथ ही जीवात्मा को भी सनातन धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है।

**"ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।**
**मनः षष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति।।"**

अर्थात् इस दैहिक लोक में यह जीवात्मा मेरा ही सनातन अंश है और यही इस त्रिगुणमयी माया में स्थित मन और पाँचों इन्द्रियों को आकर्षित करता है।[14]

धर्म को सनातन की संज्ञा देते हुए भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! उस अविनाशी ब्रह्म का (जिसमें वह गुणातीन होकर एकीभाव से प्रवेश करता है), अमृत का शाश्वत धर्म का और उस अखण्ड एकरस आनन्द का मैं ही आश्रय हूँ। अब यदि आपको अव्यक्त, अविनाशी, ब्रह्म, शाश्वत, धर्म, अखण्ड, एकरस आनन्द की आवश्यकता है तो किसी तत्त्वस्थित अव्यक्तस्थित महापुरुष की शरण लें। उनके द्वारा ही यह उद्धार सम्भव है।[15]

अर्थात् कहने का तात्पर्य यह है कि सनातन धर्म में सभी चीजें सनातन हैं और यह अनादिकाल से हैं। सभी धर्मों में और उनके नियमों में एकता कभी नहीं हो सकती उनमें कुछ न

कुछ भिन्नता अवश्य ही रहेगी परन्तु सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन धर्मों के द्वारा जिस तत्त्व की प्राप्ति की जाती है उसमें कभी भिन्नता हो ही नहीं सकती। वह तो सर्वत्र एक ही है।

जब तक साधन करने वालों का संसार के साथ सम्बन्ध रहता है, तब तक मतभेद, वाद–विवाद रहता है। परन्तु तत्त्व की प्राप्ति होने पर तत्त्वभेद नहीं रहता।

जो लोग धर्म इत्यादि के नाम पर केवल अपनी सत्ता अथवा संगठन बनाने में लगे रहते हैं उनमें तत्त्व की सच्ची जिज्ञासा नहीं होती और संगठन बनाने में उनकी कोई महत्ता बढ़ती भी नहीं। संगठन या टोली बनाने वाले व्यक्ति सभी धर्मों में विद्यमान हैं। वे धर्म के नाम पर अपने व्यक्तित्व की ही पूजा करते–करवाते हैं। परन्तु जिनमें तत्त्व की सच्ची जिज्ञासा होती है वे कोई टोली या संगठन नहीं बनाते। वे तो तत्त्व की खोज करते हैं। गीता में भी कहीं टोली–संगठन को मुख्यता नहीं दी गयी है बल्कि जीव के कल्याण को मुख्यता दी गयी है। गीता के अनुसार किसी भी धर्म पर विश्वास करने वाला व्यक्ति निष्कामभावपूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करके अपना कल्याण कर सकता है। गीता सनातन धर्म को आदर देते हुए भी किसी धर्म का आग्रह नहीं करती और किसी धर्म का विरोध भी नहीं करती अतः स्पष्ट है कि गीता सार्वभौम ग्रन्थ है।

---

**सन्दर्भ सूची–**

1 श्रीमद्भगवद्गीता–15/14

2 श्रीमद्भगवद्गीता–11/18

3 अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम्।
जीवभूतां महाबाहो ययेदं धार्यते जगत्।। (गीता–7/5)

4 भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।। (गीता–7/4)

5 श्रीमद्भगवद्गीता–गीता प्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 9–12

6 सनातनमेनमहुरुताद्या स्यात पुनण्रव्। (अथर्ववेद–10/8/23)

7 श्रीमद्भगवद्गीता–4/27

8 श्रीमद्भगवद्गीता–4/7–8

9 त्वमक्षरं परमं वेदितव्यं
त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
त्वमव्ययः शाश्वतधर्मगोप्ता
सनातनस्त्वं पुरुषो मतो मे। (गीता–11/18)

10 Heterodox Hinduism : SC does well to uphold plural, electric character of the faith.

11 श्रीमद्भगवद्गीता–7/21

12 श्रीमद्भगवद्गीता–4/1

13 श्रीमद्भगवद्गीता–8/26

14 श्रीमद्भगवद्गीता–15/7

15 ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च।। (गीता–14/27)

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# The Effectiveness of a Computer Program to Create Khat Risks' Awareness among Teenage Girls in Jazan Region

**Mahasin Gad Alla Mohamed [*1], Eman El sayed El anwar [2]**
[*1]Educational Technology, Jazan University, Sabya, Jazan, Saudi Arabia
[2]Educational Technology, Technology, Jazan University, Sabya, Jazan, Saudi Arabia

## ABSTRACT

A Systematic random sample of (30) intermediate school subjects aged (12-14) was chosen. The study conducted in the academic year 2016. An educational film designed by the researchers was used. Pre- and post-tests were used for collecting data. The film contained information, pictures, and movies regarding comprehensive khat knowledge. Twenty items questionnaire before and after the film show, with the same set of questions were used. The questionnaire consists of 20 questions. Q (1-17) answered by either "true" or "false" whereas Q (18-20) are multiple-choice questions. The data analyzed with SPSS personal computer program. Appropriate statistics for description (frequencies, percent, means, standard deviations, and t-test) were used. The results showed that t-test value for the pre-test is smaller than the level of significance Alpha. Thus, the null hypothesis (H0) rejected. Rejection of the null hypothesis indicates that the difference is significant in favor of the post-test.

**Keywords :** A Computer Program, Khat Risk, Khat Awareness, Teenage Girls, Jazan Region

## I. INTRODUCTION

Catha edulis is a flowering tree that is frequently cultivated in East Africa and the Arabian Peninsula (Hassan, N., et al. 2007, p707). Catha edulis, commonly called Arabian tea, (USDA GRIN, 2010), is known by a variety of names, such as khat and gat in Yemen, qaat and jaad in Somalia, and chat in Ethiopia. Among communities from these areas, khat chewing has a long history as a social custom, dating back thousands of years (Khat Chewing, 2011). The leaves of khat plant contain alkaloids structurally related to amphetamine. Fresh Khat leaves chewed, or, dried and consumed as tea, by a high proportion of the adult population, in order to achieve a state of euphoria and stimulation (Hassan, op. cit.). Khat chewing has spread widely in Jazan Region. It threatens the health of the population.

Khat trees are planted in the plains and in the mountains except for coastal areas with high temperature, or the tops of mountains which are, very cold. Khat trees do not require large amounts of water, like other trees, some of which is sufficient seasonal rainfall. Khat tree is evergreen throughout the seasons of the year and it requires less care than required by fruit trees and other plants (Cox, G., 2003, p93).

Cathinone believed to be the main active ingredient in fresh Khat leaves is structurally related and pharmacologically similar to amphetamine. The habit of Khat chewing is widespread with a deep-

rooted socio-cultural tradition in Yemen and as such poses a public health problem (Kalix, P., 1990, p399). Khat can induce manic behaviors and hyperactivity similar in effect to those produced by amphetamine (Khatresearch.org, 2010).

Before Saudi Arabia had issued legal legislation, which prohibits the cultivation and use of Khat in Saudi Arabia, Khat was grown in the southwestern highlands bordering Yemen, especially the mountains of FIFA and Rith (Mohamed Hussein, 2007, p20).

The Saudi government has meted out severe punishments and penalty to users and smugglers. In Jazan region, which shares a border with Yemen, khat has been cultivated for centuries and its use is still widespread in the city of Jazan and the surrounding rural areas (Hussein M., 2008, p5).

## II. METHODS AND MATERIAL

### Sample and Data Collection

The study population was teenage girls in Jazan region. A systematic random sample of (30) subjects aged (12-14) was chosen.

The main study instrument is the production of a documental film using Movie Maker Film Computer Program. The film contained information, pictures, and movies regarding comprehensive khat knowledge. The participants fill out 20-items in the questionnaire before and after the film show, with the same set of questions, concerning the comprehensive Khat knowledge: Khat literacy, health, sociological and religious risks. The questionnaire administered and collected by the researchers.

### The Questionnaire

The questionnaire consists of 20 questions. Q (1-17) answered by either "true" or "false" whereas Q (18-20) are multiple-choice questions. The comprehensive Khat knowledge: Khat literacy (Q 1-3, 5), health (6-11, 16), sociological (12-14, 16-17) and religious (4, 15) risks.

## III. RESULTS AND DISCUSSION

Pre-and post-tests data were collected from participants. All participants were filled pre-and post-tests (N=30). Results before and after the film shows were compared for each question and comprehensive khat knowledge. The differences between pre-and post-test results were tested for statistical with SPSS personal computer program. Appropriate statistics for description (frequencies, percent, means, standard deviations, and t-test) were used.

### Findings/ Results

Subjects Comprehensive Khat knowledge

**Khat literacy**

The results indicate that there are significant differences between pre- and post-tests. At pre-test, (40%) of participants had comprehensive knowledge of Khat risks. The differences between pre-test and post-test results in favor of post-test shows the success and impact of the computer program (documentary film) on participants' Khat knowledge.

**Table 1.** Pre and Post-tests Mean scores

| Pre-test Mean | Post-test Mean |
|---|---|
| 11.8 | 17.8 |




**Figure 1.** Pre-and Post-tests Mean Scores

The distribution overall mean values were reported to display differences in mean between pre and post-test questionnaire. Table (1) & Figure (1) shows that the post-test mean value (17.8) is higher than the pre-test mean value, which is (11.8). This indicated that participants' scores in post-test were higher than in pre-test.

**Table 2.** Pre and Post-tests' Std. Deviation

| Pre-test Std. | Post-test Std. |
|---|---|
| 2.49689 | 1.68973 |




**Figure 2.** Pre and Post-tests' Std. Deviation

Table (2) & Figure (2) shows differences in standard deviation between pre- and post-tests responds: (2.49) for pre-test and (1.69) for post-test. The post-test std. The value indicated that the data points tend to be very close to the mean, while pre-test value indicated that the data were spread out over a wide range of values.

**Table 3.** T-calculated and T- table values

| t cal | t table |
|---|---|
| 11.33 | 2.045 |




**Figure 3.** T- calculated and T- table values

Table (3) & Figure (3) shows t-calculated and t-table values; t-calculated value (11.33) while t-table value (α÷2)=(0.05÷2)=(0.025).

t0.025 = 2.045. Since t-cal> t-tab, the null hypothesis was Rejected.

**Table 4.** Significant (α) level and Significant t level

| Sig.α level | Sig. t (2tailed) |
|---|---|
| 0.025 | 0.000 |




**Figure 4.** Significant α level and Significant T values

Table (4) & Figure (4) shows Significant α level and Significant t level; Significant t (2-tailed) =(0.000), significant α level (α÷2)=(0.05÷2)=(0.025).

Since Sig. t (0.000)< α level (0.025), the null hypothesis was rejected.

**Table 5.** 95% Confidence Interval of the difference

| Lower | Upper |
|---|---|
| -7.05312 | -4.91688 |




**Figure 5.** 95% Confidence Interval of the difference

Table (5) & Figure (5) shows 95% Confidence Interval of the differences. Since the lower and upper differences of confidence interval laid in the same zone, then the null hypothesis was rejected

**Table 6.** The Comprehensive Knowledge Percentage for Pre-& Post-tests

| Post-test percentage | Pre-test percentage | Comprehensive Khat Knowledge |
|---|---|---|
| 100% | 40% | khat Literacy |
| 100% | 20% | Khat Health risks |
| 100% | 35% | Khat Sociological Risks |
| 100% | 25% | Khat Religious Risks |




**Figure 6.** The Comprehensive Knowledge Percentage for Pre-& Post-tests

Table (6) & Figure (6) shows the Comprehensive Knowledge Percentage for Pre-& Post-tests. There are big differences between pre- and post-tests percentage which varies from 20% to 40% in pre-test and raise to 100% in post-test, this result indicated that the film affected positively in creating Khat risk' awareness among the study participants.

## IV. CONCLUSION

The null hypothesis was rejected, and the study hypothesis was accepted. This result indicated that the documentary film is effective positively, and successfully in increasing khat risk' awareness among the study participants. The documentary film should apply at all Girls' intermediate school in Jazan Region

## V. REFERENCES


[1]. Cox, G. (2003). "Adverse effects of khat: a review". Advances in Psychiatric Treatment 9 (6)

[2]. Hassan, N., et al. (2007). Khat: health aspects of khat chewing, Eastern Mediterranean Health Journal, Vol. 13, No. 3, 2007.

[3]. Hussein M. A. (2008). Health and Socio-Economic Hazards Associated with Khat Consumption. Journal of Family Community Med. Jan-Apr; 15 (1): 6-11 .

[4]. Kalix P., Khat: Scientific knowledge and policy issues. British Journal of Addiction, 1987, Vol. 82. Kalix, P., Pharmacological properties of the stimulant khat. Pharmacology and therapeutics Journal, Vol. 48, 1990.

[5]. Khat chewing in Yemen: turning over a new leaf: Khat chewing is on the rise in Yemen, raising concerns about the health and social consequences/2011

[6]. Khatresearch.org. http://www.khatresearch.org. Retrieved 4 April 2010.

[7]. Mohamed Bin Hussein Al-gaissy, Khat, the green Giant.1st edition, king Fahd Publishing Com., 2007.

[8]. "USDA GRIN Taxonomy". http://www.ars-grin.gov/cgi-bin/npgs/html/taxon.pl?9606/2010.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Modeling $H_2S$ Dispersion from Proposed Menengai Geothermal Powerplant

**Beatrice Nyairo[1], Douglas Onyancha[2]**
[1]Geothermal Development Company, Nairobi Kenya
[2]Dedan Kimathi University of Technology, Nyeri, Kenya

**ABSTRACT**

The Hydrogen sulfide gas released from the geothermal operations has a potential impact on the health of the workers and the community living within the vicinity and also the geothermal equipment. Similarly, this gas is a toxic pollutant when released into the atmosphere. Additionally, this gas is corrosive to metal-based materials including brass and iron when dissolved in water. In this regard, there is need to manage the concentrations of hydrogen sulfide in the atmosphere at acceptable levels without detrimental effects to components of the biosphere. In this study, a dispersion modeling of H2S emission was used to assess the concentrations of hydrogen sulfide within the vicinity of the power plant. The technique is carried out using atmospheric dispersion modeling system (AERMOD) which is a steady-state Gaussian model to determine the hydrogen sulfide concentrations in the atmosphere within the vicinity of the power plant. To achieve this goal, hourly meteorological data were captured and input to the Aermet processor. Since weather conditions heavily influence H2S concentration, statistical analysis is used to determine a correlation between the weather parameters and H2S concentration. The analysis provided a mechanism used in predicting the concentrations of H2S under different weather conditions. As such, it provided a basis to determine the likelihood of conditions that may exceed the recommended concentrations and their potential effects on the environment. The prepared background and predictive model when combined show that although operations at Menengai Geothermal Project emit H2S gas, the concentrations are below the WHO set guidelines of 150 μg m-3 and therefore have a less impact on air quality. The findings are beneficial as part of regulations for air quality standards to reduce global warming and environmental degradation, the introduction of H2S abatement techniques and reduction strategies.

**Keywords :** Geothermal, Environment, Hydrogen sulphide, Menengai geothermal field.

## I. INTRODUCTION

The basic ingredients, which the functionalist views start with, are to focus on the positive contributions made by education to the maintenance of the social system. Accepting the major function of education as being the transmission of society's norms and values, the French sociologist **Emile Durkheim**, maintains that 'Society can survice osnly if there exists among its members a sufficient degree of homogeneity; education perpectuates and re enforces that homogeneity by finding in the child, from the beginning, the essential similarities which collective life demand's. Laying down the importance of school in a complex industrial society **Durkheim** comes to a general conclusion that the roles of schools for imparting education can never be substituted either by family or pear groups.

In the final resort Durkheim refers education as a vital device that teaches individual, in a complex industrial society, the skill required for him to opt his future occupation. He says that education in a complex industrial society has come to clash with the basic approach with which education in the globalized society has been designed today. He had shown his belief in Uniformity of schools and guided by a single authority. Under globalization state has gradually been withdrawing itself from the responsibilities of imparting education and private agencies, corporate sectors, etc. are being allowed to inter in the educational activities. It means that the education system, thus controlled will fully negate the social interest and what it will out and propagate will be the corporate interests which is obviously against the common interests of the society as a whole. Besides it, globalization has turned education as a profit making sector, organized not to impart education for social harmony but for profit earning. it will be becoming more and more a sector which will be beyond the financial approachability of the weaker sections of the society.

An another functionalist, **Talcott Parsons**, deals with the roles of education, with its imparting agencies like family and school, plays in socialization process, schools in **Parsons** view, act as a bridge between the family and the society. He advocates that each and every individual should be given the same situation in class rooms and to allow them to compete in examination on equal terms. However, what **Parsons** attaches as a role to be played by education in social restructuring of human society appears to be an imaginary views. The value which education imparts among its taught is never a value of a society but the value of the ruling elites, the governing class which plans to teach the younger generation for its submission to the ideology of the rulling class. But in the modern society, privately owned educational institutions and imparting education against heavy monetary payment always debars weaker section from being properly educated and to avail equal opportunities for attainment of education. In Indian context, the deprivation of Dalits from educational opportunities has been crused mainly due to economic reasons more than any other factors.

Besides the functional view, there is a liberal view an education which summarises education as : "Education fosters personal development and self-fulfilment. this view examines what roles education can and should play in a modern democratic society. There is a strong and close relationship between educational qualification and occupational status of individuals. As the educational attainmet of the

worker rises, their bargaining power in the labour market rises correspondingly, which also raise their wages.

In the Marxist view education has been placed as an infrastructure like social and economy, which fully correspond to the basic structure of society that is the relation of production. Being an infrastructure the educational system of a society responses to the ideology of the rulling class and therefore, its evaluation requires to be made in context of the links between power and education system of the said society, the ideology that the education system preaches and the relation of production under which the work of imparting education is accomplished. French sociologist **Louis Althusser**, who infers that education in the Marxist thoretical percinct is an infrastructure which reflects the relation of production and serves the interest of the ruling class. He argues that in the capitalist society, reproduction of labour power involves two process viz reproduction of skills, necessary for an efficient labour force and second, the reproduction of ruling class ideology and socialization of workers in terms of it.

In **Bowles and Gintis** concept we find a postulation that Marxism has propounded in its theory of **"Base and Structure"**. Capitalism being the base; the education system of America, as a superstructure of that base, serves the economic requirements of the capitalists Americal Society. Inequality in availing opportunities, creation of individuals personality trait to correspond positively to accelerate the process of exploitation and to justify it etc. are the basic ingredients of education. **Bowles and Gintis** concept of education is a real replica of the education system in capitalist economy and it is what globalization imposes upon the world masses-an education system that will reproduce work force steeled in the ideology of imperialism without earing for the education to the economically weaker people.

**R. Roy and V.B. Singh** have attended to locate how the system of education has accelerated a process whereby an elite class has emerged from amongst Dalits. In no way the work can be said to have been novel attempt because the elite class in Harijans / Dalits encompasses those section of Dalits whose economic conditions were commendably raised in independent India during to their specific position in social and economic stratification due to availing by them special facilities provided to Dalit masses in the constitution of India. There emergence of an elite class from amongst the traditionally oppossed Harijans, leaving the bulck of their population in miseries, social and economic both, can not be regarded as a satisfactory development process. Such aspects of the problem are required to be investigated into, have been totally been left in the work.

Thus, on the basis of above discussions, we can say that, the education system, in globalized economy, is being moulded in a manner which could deprive the poorer section from attainment of higher and technical education. Privatization of educational institutions and heavy fee charged for imparting education are tactical lines of action that globalized economy has adopted. to educate poorer section of people, education must be under state control and privatization must be stopped.

**Socio-economic condition of the respondents**

In dealing with the socio-economic condition of the respondents the paper has relied mostly on the data and information collected through the personal interviews of the respondents from various areas of Patna Municipal Corporation. Around 310 respondants were interviewed. To score data on the socio-economic condition of the respondents the variable, constituted on the basis information obtained herein, have covered mainly the details on the near such as respondents age, education, caste, occupation, types of family, number of earning members, number of unemployed persons, monthly income and other such details which are related to

the exposure of respondent's social and economic conditions.

All the respondent's families are found to have the elders persons as familities heads. This social tradition of occupying the seat of family-head by the elder person has yet been followed by the most of the families. Out of 310 respondents 16.12% do not have any education, 54.83% are literates without having any educational certificates, 22.58% having matriculate, 3.22%, having graduation and post graduation.

How much privatization of education will affect these families has been clearly examined, out of 310 respondents, 250 (80.64%) respondents are sending their children in govt. schools and 60 respondents i.e., (19.35%) sending in private schools. The high tution fees and other expenses incurred on the education in the privately owned schools have gone beyond their financial approach ability and it is exactly what that has compelled the families to opt govt. schools for their children's education knowing all the deficiencies the govt. schools have today.

When the data on income scores of the respondents are examined on the present price index, and in terms of purchasing capabilities, there would be found hardly a few families with 5 members each as its components, which can provide that calorie intake that has been decided by the U.N. Report as back in 1989. The respondents are also studied on the other basis of other socio-economic conditions which are mentioned earlier.

## II. SUMMARY AND CONCLUSION

The problem, as it has sprung up under the so-called structural re-adjustment programmes, has given birth to severe polemic among the social scientist, some of them favouring it as an inevitable panacea for removal of all ills, economic, social, educational, cultural and other alike. On the other brink there are opponents of liberalization who accuse it as in economic gimmick on the part of imperialism which has designed to shift its economic crisis arisen out of developing contradiction between the social forces of production and the relatin of production in imperialist countries, the conceptualized themes of liberalization have been focused through marketization, openness of economy, allowance of unrestricted inflow of foreign capital, etc. Education, being a service sector, is going to be affected by the liberalization policy of the govt. of India, which, in name of fiscal arrangement, has gradually been reducing govt expenses on education and opening the secotr for private investors. Liberalization has started a new trend in the education impartation work and that is commoditization of education and its sale and purchase through market mechanism. The paper has investigated into its impacts on the economically depressed people and in its findings has recorded its multi-dimensional imparts on the poor people.

The study inferred that the adoption by the govt. of India of the policy of liberalization, the constitutional provision for free and compulsory education to all the children up to the age of 14 yrs has lost its significance. Education has assumed the character of class education whether the concerns to teach and educate economically depressed mases has become a myth, of no body concerns, and it is exactly what the education policy of present day Indian has been striving to achieve. The impacts of liberalization on the education of the downtrodden masses have been analysed under this theoretical periphery. In dealing with the review of past literatures the study has paid adequate attention to analyse the literatures into their theoretical frames which they opted in course of their explanation and analysis. the study has paid more attention to two schools of theories viz. the functionalist theory and the Marxist theory.

In the analysis of data collected through interviews certain very much alarming facts have been received.

Most of the families heads are in the age group between 31 yrs to 40 years, which indicates that the longevity of life among the economically weaker people is shorter than the general masses of other section. That may be caused due to malnutrition, ill health, use of alchohol, and others. Although this collective does not lag far behind than general population in literacy rate but the rate of higher education among them is very low, extremely lower than the average rate among general population. More thn 80% of the respondents are sending their children to the govt. school. This figure is an indication that closer of govt. schools and full privatization of edcucation would bring to them menancing affects on their children's education. Among the economically weaker section of people residing at Patna the colossal majority is of the backward castes and scheduled caste people combined. The percentage of upper caste people among them is in microscopic minority. Privatization of education would, thus, affect these two segments of the population most severely. The huge majority of them are self-employed persons, like patty shopkeepers, rickshaw pullers, daily wage earners, etc and majority of them are leading a life of nucleus family life with their meager income ranging around Rs. 1000 to Rs. 5000 p.m. Privatization of schooling system would definitely take education of their children beyound their financial approachabilities.

The total numbers of children who are under the school going age in all the 310 families are 950, of which 400 are girls child 550 male child. The educational profiles of these families show that there is less than 50% families which send their all children to schools and more than 50% families which send some of their children to schools and mostly male child. 3.22% of them do not send their children to school at all. The drop-out cases at every class from lower to higher was observed. Barring a few families most of these families pay a meager amount as fee or tution fee for educatin of their children. Similarly, barring a few families majority of them, nearly two-third of them, do not afford private tution for their children and depend exclusively on what has been taught in school. Even a few families, which send their children to private coaching, their payment for that is so meager that the standard of low teaching appears to be evident. In govt. schools as the salaries given to newly appointed teachers was so low that the quality of teaching was affected, their extent of job satisfaction was also very low, which ultimately affected their teaching standard.

The findings above are explict examples that the downtrodden masses, although not fully equipped with the concepts of liberalization, globalization, marketization and privatization of education, are opposed to the policy of privatization of education. Their opinions are based on their actual experiences of their lives; which have taught them about severe imparts on their children's education would necessarily be an imposition upon the poor people who would definitely encounter it with collective voice.

## III. CONCLUSION

The null hypothesis was rejected, and the study hypothesis was accepted. This result indicated that the documentary film is effective positively, and successfully in increasing khat risk' awareness among the study participants. The documentary film should apply at all Girls' intermediate school in Jazan Region

## IV. REFERENCES

[1]. The Indian Journal of Public Administration, vol. XXXII No. 3, July-Sept, 1986 "Editorial P. VII.
[2]. Ibid, P. 173-178, 228-32.
[3]. A Report named economically Depressed people Data Bank prepared by Economically depressed people Shiksha Andolan.

[4]. S. Bowles and H. Gintis, Schooling in capitalist America, (Routledge and Kegan Paul, London, 1976), P. 9.

[5]. Louis Althusser, Ideology and Ideological state Apparatuses, in Cosin, 1972.

[6]. R. Roy and V. B. Singh, A study of Harijan Elites, (Delhi, Discovery Publishing House, 1987).

[7]. Seema Joshi, Impact of Economic Reforms on Social Sector Expenditure in India, Economic and Political Weekly, 2006, p. 358.

[8]. Govt. of India (2007). Indian Constitution, New Delhi, India, Ministry of law and Justice.

[9]. Emile Durkheim, Education and Sociology; Social theory, Free Press, 1956.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# भारत छोड़ो आंदोलन में डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की भूमिका



**डॉ0 अजीत सिंह**
**इतिहास विभाग,**
**पटना विश्वविद्यालय, पटना**

**शोध सार**

भारत छोड़ो आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का आखिरी सबसे बड़ा आंदोलन था, जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। 8 अगस्त 1942 के अखिल भारतीय कांग्रेस की बम्बई–बैठक में 'भारत छोड़ो आंदोलन' के प्रस्ताव की मंजूरी मिलने के साथ ही 9 अगस्त 1942 को गाँधीजी के आह्वान पर यह आंदोलन पूरे देश में एक साथ आरंभ हुआ। हालांकि आंदोलन के आरंभ होने के साथ ही महात्मा गाँधी सहित कांग्रेस के अनेक बड़े नेता गिरफ्तार कर लिये गए, लेकिन बिहार इस मामले में सौभाग्यशाली रहा, जहाँ अपनी गिरफ्तारी के पूर्व ही राजेन्द्र बाबू ने श्रीबाबू, अनुग्रह बाबू एवं अन्य वरीय नेताओं से परामर्श कर नेतृत्व के अभाव में संघर्ष का एक ठोस कार्यक्रम तैयार कर लिया था। 9 अगस्त को राजेन्द्र प्रसाद की गिरफ्तारी के अगले दिन ही अनुग्रह बाबू एवं श्रीकृष्ण बाबू भी गिरफ्तार कर लिये गए, लेकिन आंदोलन का जोर थमा नहीं। प्रमुख नेताओं के जेल चले जाने के बाद नेतृत्व के अभाव में लोगों के बीच से नेतृत्व उभरा, संघर्ष का कार्यक्रम तो पहले से तैयार था ही। आंदोलन के दौरान पूरे बिहार में रेल की पटरियाँ उखाड़ी गई, तार और टेलीफोन की लाईनें काटी गई, डाकघरों, रेलवे स्टेशनों, थानों तथा अन्य सरकारी इमारतों को जलाया गया तथा पुलिस पर आक्रमण किये गए। दरअसल ब्रिटिश सरकार की हिंसक कार्रवाई की प्रतिक्रिया में लोगों का गुस्सा भी हिंसक गतिविधियों में बदल गया। पटना में सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान 7 युवा छात्र शहीद हो गए। बिहार में गया, भागलपुर, सारण, पूर्णिया, शाहाबाद, मुजफ्फरपुर और चंपारण स्वतःस्फूर्त जन विद्रोह के मुख्य केन्द्र बन गए। इसी तरह बिहार के तिरहुत प्रखंड में तो दो सप्ताह तक कोई सरकार ही नहीं थी और मध्य बिहार के 80 प्रतिशत थानों पर जनता का राज हो गया था। यह अलग बात है कि इतना होने के बावजूद आंदोलन अपने 'पूर्ण स्वराज्य' के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका,

लेकिन अनुग्रह बाबू का परिश्रम बेकार नहीं गया। भारत में अंग्रेजी साम्राज्य की उल्टी गिनती शुरू हो गई और आजादी का समय नजदीक आ गया।

**शब्द संकेत :**

औपनिवेशिक स्वराज्य, पूर्ण स्वराज्य, सत्याग्रह, सुरक्षा–बंदी, मार्क्सवादी, साम्यवादी, साम्राज्यवादी, धुरी राष्ट्र, मित्र राष्ट्र।

**परिचय :**

बिहार विभूति अनुग्रह बाबू आधुनिक बिहार के निर्माता थे। वे देश के उन गिने–चुने सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से थे, जिन्होंने अपने छात्र–जीवन से लेकर अंतिम दिनों तक राष्ट्र और समाज की सेवा की। महात्मा गाँधी एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के साथ मिलकर उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वे लगभग 22 महीने तक जेल में रहे, लेकिन गिरफ्तारी के पूर्व ही उनके परामर्श से राजेन्द्र बाबू द्वारा संघर्ष का जो कार्यक्रम बनाया गया, उस पर चलकर बिहार के लोगों ने भारत छोड़ो आंदोलन में अनेक नये कीर्तिमान स्थापित किए।

**विषय–वस्तु :**

पोलैंड पर जर्मनी के आक्रमण के साथ ही 1 सितम्बर 1939 ई0 को द्वितीय विश्व युद्ध आरम्भ हो गया। प्रजातंत्र की दुहाई देते हुए इंग्लैंड ने भी 3 सितम्बर 1939 ई0 को पोलैंड को बचाने के लिए जर्मनी के विरूद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। उसी दिन भारत के वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो ने यह घोषणा की कि भारत भी युद्ध में इंग्लैंड के साथ शामिल है, जिस पर कांग्रेस कार्यसमिति ने गहरा खेद प्रकट किया। कांग्रेस यह चाहती थी कि युद्ध के उद्देश्य को स्पष्ट किया जाए। युद्ध का उद्देश्य अगर लोकतंत्र की रक्षा करना है तो भारत में भी लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित होनी चाहिए परन्तु वायसराय के उत्तर से कांग्रेस संतुष्ट नहीं हुई और 22–23 अक्तूबर को कांग्रेस कार्यकारिणी ने अपने सारे कांग्रेसी मंत्रिमंडलों को त्यागपत्र देने का आदेश दे दिया।[1] अतः बिहार मंत्रिमंडल ने भी 31 अक्तूबर 1939 ई0 को अपना त्यागपत्र दे दिया। बिहार के उस प्रथम मंत्रिमंडल में श्री अनुग्रह नारायण सिंह वित्त तथा स्थानीय शासन के मंत्री थे।[2]

22–23 दिसम्बर की वर्धा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में आगामी 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और यह निर्णय लिया गया कि ''हम फिर से भारत की स्वतंत्रता हासिल करने का संकल्प दुहराते हैं एवं जब तक पूर्ण स्वराज्य प्राप्त नहीं हो जाता तब तक अहिंसात्मक ढंग से स्वतंत्रता संघर्ष चलाते रहने का प्रण करते हैं। 26 जनवरी 1940 ई0 को स्वाधीनता दिवस मनाने के सिलसिले में बिहार में सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियाँ की गई। इसके साथ ही रामगढ़ में होनेवाले आगामी वार्षिक कांग्रेस की तैयारी भी प्रारंभ हो गई। एक कार्यकारिणी समिति बनाई गई, बजट स्वीकृत किया गया और विभिन्न जिलों से चन्दे की रकम निर्धारित की गई।

अनुग्रह बाबू भी रामगढ़ में होनेवाले अखिल भारतीय कांग्रेस अधिवेशन की तैयारी में लग गए। रामगढ़ कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य को अपना लक्ष्य बतलाया तथा वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी गई संविधान सभा द्वारा देश का संविधान बनाने पर बल दिया गया। इस कांग्रेस को सफल बनाने के लिए अनुग्रह बाबू को कठोर मेहनत करनी पड़ी। राजेन्द्र बाबू के बीमार रहने के कारण ज्यादा कार्य उन्हें ही देखने पड़े। इसके साथ ही बिहार के जिला छात्रसंघ के अधिवेशन में अनुग्रह बाबू ने अपने भाषण में छात्रों से गाँधीजी के आदेशों पर चलने की अपील की।[3]

कांग्रेस कार्यकारिणी द्वारा रामगढ़ अधिवेशन में ही गाँधीजी के नेतृत्व में अनिवार्य संघर्ष हेतु राष्ट्र को तैयार होने का आह्वान किया गया था। रामगढ़ कांग्रेस के लगभग दो सप्ताह बाद देश में राष्ट्रीय सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसी दौरान गाँधीजी ने 'हरिजन' पत्रिका में अपना लेख प्रकाशित करवाया जिसमें कहा गया कि प्रत्येक कांग्रेस कमिटी अपने आपको एक सत्याग्रह समिति बनाए और प्रत्येक सत्याग्रहियों को रचनात्मक कार्यक्रम में विश्वास रखने और उसे चलाते रहने का आह्वान किया। इसी परिप्रेक्ष्य में बिहार के सोनपुर में 20 अप्रैल से एक प्रांतीय सत्याग्रह शिविर एक सप्ताह तक चलाया गया, जिसमें अनुग्रह बाबू भी शामिल हुए और वहाँ रहकर एक सप्ताह तक सत्याग्रह के सभी नियमों का पालन किया। सोनपुर शिविर प्रारंभ होने से पूर्व ही अप्रैल में देश की तरह बिहार में भी 'राष्ट्रीय सप्ताह' मनाया गया, जिसमें खादी की बिक्री पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान अनुग्रह बाबू ने औरंगाबाद के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और लोगों को सत्याग्रह के सिद्धांत को समझाते रहे।[4] सोनपुर के बाद पटना, शाहाबाद, गया आदि कई जिलों में सत्याग्रह शिविर खोले गए, जहाँ अनुग्रह बाबू ने लोगों को सत्याग्रह के सिद्धांतों से अवगत कराया। दरअसल 1917 ई0 का चम्पारण सत्याग्रह हो या फिर 1930 ई0 का सविनय अवज्ञा आंदोलन या 1940 ई0 का व्यक्तिगत सत्याग्रह– इन सभी आंदोलनों के माध्यम से गाँधीजी जनता में जागरूकता लाना चाहते थे और इन आंदोलनों की सफलता 1942 ई0 की 'भारत छोड़ो आंदोलन' के साथ झलकता है, जब गाँधीजी अहिंसा छोड़कर हिंसा की बात करने लगते हैं– लोग पीटाकर भी आंदोलन से हटने का नाम नहीं लेते।

एक तरफ गाँधीजी के आह्वान पर जहाँ देश भर में सत्याग्रह संबंधी प्रशिक्षण चल रहा था, वहीं दूसरी ओर द्वितीय महायुद्ध की लपटें एशिया में फैल चुकी थी। जापान लड़ाई में कूद पड़ा था और उससे चीन तथा पूर्वी एशिया के लिए भारी खतरा उपस्थित हो गया था। चीन के नेता जनरल च्यांग काई शेक अपनी पत्नी के साथ भारत आए थे। उनका प्रयत्न था कि कांग्रेस नेता और गाँधीजी युद्ध में जापान का विरोध करने के लिए मित्र–राष्ट्रों की सहायता में सक्रिय योग प्रदान करें। गाँधीजी अपनी अहिंसा की मान्यता के आधार पर युद्ध में अपने देश को झोंकने के लिए कदापि तैयार नहीं थे और उन्होंने वायसराय को यह बता भी दिया था कि उनकी सहानुभूति इंग्लैंड और फ्रांस के साथ है,

लेकिन अहिंसावादी होने के नाते वे मित्र–राष्ट्रों का केवल नैतिक समर्थन ही कर सकते हैं। दूसरी ओर वामपंथी समूहों का कहना था कि यह युद्ध साम्राज्यवादी युद्ध है और यही वह मौका है जब ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ चौतरफा युद्ध छेड़कर आजादी हासिल कर ली जाए। गाँधीजी युद्धकाल में सरकार को परेशान करना नहीं चाहते थे, लेकिन जब उन्होंने यह देखा कि ब्रिटेन का दिल भारत के प्रति नरम होने की बजाय और भी कठोर होता जा रहा है तो उन्होंने जनसाधारण के धैर्य की और परीक्षा न लेकर चुने हुए लोगों के द्वारा व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू करने का फैसला किया।

17 अक्तूबर 1940 ई0 को सत्याग्रह संग्राम प्रारम्भ हो गया। उस दिन पहले सत्याग्रही श्री विनोबा भावे ने यह प्रतिज्ञा दोहराते हुए सत्याग्रह किया, ''जन या धन से ब्रिटेन के युद्ध प्रयत्न में सहायता देना गलत है। युद्ध का एक मात्र उपचार युद्ध मात्र का अहिंसात्मक प्रतिरोध के द्वारा मुकाबला करना है।'' व्यक्तिगत सत्याग्रह में बिहार ने तत्क्षण भाग लिया। 28 नवम्बर 1940 ई0 को बिहार में व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया गया। गाँधीजी ने राजेन्द्र बाबू को उनकी अस्वस्थता के कारण सत्याग्रह में भाग लेने से मना कर दिया। अतः राजेन्द्र बाबू द्वारा श्रीकृष्ण सिंह और अनुग्रह नारायण सिंह प्रथम दो सत्याग्रही चुने गए।[5] बाबू श्रीकृष्ण सिंह सबसे पहले सत्याग्रही थे, जिन्हें प्रशासन ने बाँकीपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 2 दिसम्बर को पटना सिटी में एक सार्वजनिक सभा हुई, जिसमें अनुग्रह बाबू ने लोगों को सत्याग्रह का महत्व समझाया और उनके अहिंसक बने रहने की परम आवश्यकता बताई।[6] लेकिन, 3 दिसम्बर को सत्याग्रह प्रारंभ करने से पहले ही अनुग्रह बाबू को पटना सिटी में भाषण करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।[7] अनुग्रह बाबू पर पटना में मुकदमा चला और कुछ दिनों बाद उन्हें पटना के जेल से हजारीबाग जेल स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ 26 अगस्त 1941 ई0 तक उन्हें जेल में गुजारने पड़े।

दिसम्बर 1941 में असम, बंगाल, विशाखापत्तनम पर जापानी वायुसेना के सक्रिय होने के बाद भारत पर युद्ध के बढ़े हुए खतरे को देखकर कांग्रेस ने व्यक्तिगत सत्याग्रह को निलंबित कर दिया। आगामी युद्ध के खतरे से भारत की रक्षा कैसे होगी यह भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व की सर्वाधिक चिन्ता का विषय बन गया। फरवरी 1942 ई0 में बिहार प्रांत के नेतृत्व करने वाले कांग्रेस नेताओं को गाँधीजी द्वारा वर्धा बुलाया गया। जिस प्रकार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी महात्मा गाँधी के रचनात्मक कार्यक्रमों को चलाती है उसी तर्ज पर प्रांतीय कांग्रेस कमिटी को भी एकाग्र होकर गाँधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों को चलाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। उसी तर्ज पर अनुग्रह बाबू ने 'सेवा–दल' नामक संगठन बनाया, जो कांग्रेस के दिशा–निर्देश पर कार्य करती।[8] इसमें लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सहायता करने और आतंक दूर करने के लिए स्वयंसेवकों को घूम–घूमकर काम करना था। दूसरी ओर धुरी राष्ट्रों के लगातार विजय एवं ब्रिटेन के कई पराजय के बावजूद भी भारत के उचित राष्ट्रीय माँगों के प्रति इंग्लैंड का इरादा नेक नहीं था। हालांकि

चीन और अमेरिका द्वारा ब्रिटिश सरकार पर भारत की राष्ट्रीय माँगों को पूरा करने संबंधी दबाव बनाने के बाद 11 मार्च 1942 ई0 को ब्रिटिश संसद में प्रधानमंत्री चर्चिल ने यह घोषणा की कि वे जापानी खतरे से भारत की रक्षा करने के लिए भारत के सभी वर्गों को संगठित करना चाहते हैं। युद्ध समाप्त होने पर भारत को पूर्ण औपनिवेशिक स्वराज्य दे दिया जाएगा और भारतीय नेताओं से बातचीत करने के लिए युद्ध मंत्रिमण्डल के एक सदस्य शीघ्र ही भारत जायेंगे।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल की घोषणा के फलस्वरूप 22 मार्च, 1942 को स्टैफोर्ड क्रिप्स भारत आए। उन्होंने भारत के वायसराय, केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों तथा भारतीय नेताओं से बातचीत कर एक प्रस्ताव उपस्थित किया, जिसे क्रिप्स–प्रस्ताव कहा गया। यद्यपि इस प्रस्ताव में युद्ध के पश्चात् भारत को औपनिवेशिक स्वराज्य देने की बात कही गई तथापि इससे भारतीय नेताओं को संतुष्टि नहीं हुई क्योंकि इसमें औपनिवेशिक स्वराज्य की तिथि निश्चित नहीं की गई थी। इस प्रस्ताव के अनुसार कोई राज्य या रियासत अपनी इच्छा से भारतीय संघ से बाहर रह सकता था। यही बात मुस्लिम लीग की पाकिस्तान की माँग को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला था। भारतीय नेता सुरक्षा विभाग पर अपना नियंत्रण चाहते थे। अतः इन सब कारणों से भारतीय नेताओं ने क्रिप्स–प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

कांग्रेस ने अपनी कार्यकारिणी समिति की बैठक वर्धा में 14 जुलाई 1942 ई0 को बुलाई, जिसमें भारत से ब्रिटिश शासन का शीघ्र अंत करने का निश्चय किया गया। वर्धा में जो प्रस्ताव पारित किए गए थे, उसपर विचार के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन बम्बई में बुलाया गया, जहाँ 8 अगस्त 1942 ई0 को 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया गया।[9] प्रस्ताव के अन्तर्गत भारत से ब्रिटिश शासन को अविलम्ब समाप्त करने की माँग की गई। भारत की स्वतंत्रता की घोषणा होने पर एक अस्थायी सरकार स्थापित की जाएगी, जिसका प्रथम कर्तव्य अपनी समस्त शक्तियों द्वारा मित्र–राष्ट्रों से मिलकर भारत की रक्षा करना तथा आक्रमण का विरोध करना होगा। ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्ताव को अस्वीकृत करने पर समिति ने सर्वाधिक व्यापक स्तर पर गाँधीजी के नेतृत्व में अहिंसात्मक संघर्ष आरम्भ करने की अनुमति देने का संकल्प किया। प्रस्ताव पास होने के उपरान्त गाँधीजी ने जनता को 'करो या मरो' का महामंत्र दिया। उन्होंने कहा कि,''हम या तो भारत को स्वतंत्र करेंगे या उसके लिए संघर्ष में अपने प्राणों की बलि देंगे''।[10]

'भारत छोड़ो' प्रस्ताव के स्वीकृत होने के बाद महात्मा गाँधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरोजिनी नायडू, विनोबा भावे तथा अन्य नेता गिरफ्तार कर लिए गए तथा देश भर में वृहत् पैमाने पर गिरफ्तारियाँ प्रारम्भ हुई। अपनी गिरफ्तारी के समय गाँधीजी ने राष्ट्र के नाम एक संदेश प्रसारित कर लोगों से अपील की, कि लोग अपने को आजाद समझे, पूर्ण हड़ताल तथा अन्य अहिंसात्मक तरीकों से सरकारी प्रशासन को ठप्प कर दें तथा मरकर भी राष्ट्र को जिन्दा

रखें।[11] गाँधीजी ने यहाँ तक मान लिया कि जनता आत्मरक्षा के लिए हथियार भी उठा सकती है। अधिक ताकतवर और हथियारों से लैस आक्रमणकारी के विरूद्ध शस्त्र उठाने को अहिंसक कार्रवाई माना गया।[12]

बिहार में अखबारों और कुछ सूत्रों से यह मालूम हो चुका था कि सरकार आंदोलन आरंभ होने के पहले ही बम्बई में सभी नेताओं को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही थी। ऐसी स्थिति में जनता के समक्ष कोई संघर्ष का कार्यक्रम नहीं होगा यह सोचकर राजेन्द्र बाबू ने कम से कम बिहार के लिए एक कार्यक्रम बनाने का निर्णय किया। अनुग्रह नारायण सिंह, दीप नारायण सिंह, कृष्ण वल्लभ सहाय आदि नेताओं ने इस कार्य में राजेन्द्र बाबू को भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में अहिंसा पर जोर देते हुए सत्याग्रह के लिए जो कार्यक्रम बताया गया वह पूर्व के सत्याग्रहों के कार्यक्रम से सिद्धांततः भिन्न तो नहीं था, पर अधिक उग्र जरूर था। 31 जुलाई की शाम पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में एक आम सभा हुई, जिसमें छात्रों से यह अपील की गई कि वे कांग्रेस के क्रांतिकारी कार्यक्रमों का अनुसरण करें। अनुग्रह बाबू ने छात्रों को आसन्न संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा।

अनुग्रह बाबू भी अपनी रणनीति के बारे में लिखते हैं, ''8 अगस्त को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक होने वाली थी। मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हमलोग शीघ्र ही जेल में बंद कर दिये जायेंगे। अतएव मैंने सदाकत आश्रम वाली बैठक के बाद से ही जेल–यात्रा के लिए अपने को हर तरह से तैयार कर लेने का निश्चय किया। मेरे परिवार के लोग उस समय मेरे छोटे भाई के साथ रायबरेली में थे। रायबरेली जाकर उनलोगों से मिल लेने का विचार तय किया। और 6 अगस्त को वहाँ के लिए प्रस्थान भी कर दिया।'' 8 अगस्त को अनुग्रह बाबू रायबरेली में ही थे और वहीं उन्हें महात्मा गाँधी की गिरफ्तारी की खबर मिली। यह सुनते ही वे पटना के लिए प्रस्थान कर गए।

9 अगस्त को राजेन्द्र प्रसाद भी गिरफ्तार कर लिए गए। उनकी गिरफ्तारी से बिहार में आंदोलन का रूप काफी उग्र हो गया तथा सारे प्रांत में 'भारत छोड़ो, 'कांग्रेस जिन्दाबाद के गगनभेदी नारे सुनाई देने लगे। अनुग्रह बाबू भी 9 अगस्त की रात को पटना पहुँच गये। 11 अगस्त को सुबह–सुबह ही अनुग्रह बाबू को गिरफ्तार कर लिया गया।[13] अपनी गिरफ्तारी के बारे में अनुग्रह बाबू लिखते हैं, '' 9 अगस्त की रात में ही पटना पहुँच गया। पटना में अपने निवास स्थान पर पहुँचते ही मुझे खबर मिली कि पुलिस मेरी खोज कर रही थी। प्रातः होते ही मैं गिरफ्तार कर लिया जाऊँगा। अतएव, घर पहुँचते ही मैं जेल–यात्रा की तैयारी में लग गया.............10 अगस्त का प्रातः काल! प्राची दिशा में भगवान प्रांशु माली की क्रांतिकारी किरणों के फूटते ही पटना के तत्कालीन जिलाधीश आर्चर साहब मेरे निवास पर आ धमके और साथ चलने का संकेत किया। मैं जाने को तैयार था ही, लेकिन एकाध घंटे के लिए अवकाश की माँग की। आर्चर साहब ने मेरे अनुरोध को सहर्ष स्वीकार कर लिया। मैं झटपट अपने आस–पास के मित्रों के घर जाकर उनसे मिल

आया। मेरे पटना पहुँचने के पूर्व ही मेरे अनेक साथी गिरफ्तार हो चुके थे। मैं भी 10 अगस्त को प्रातः आठ बजे आर्चर साहब के द्वारा गिरफ्तार होकर पटना जिला–जेल में दाखिल हो गया।[14] इसी दिन श्रीबाबू भी गिरफ्तार कर लिए गए। अनुग्रह बाबू और श्रीबाबू को बाँकीपुर जेल में रखा गया, जहाँ राजेन्द्र बाबू पहले से ही कैद थे।

सरकार ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं को गैरकानूनी घोषित कर दिया तथा 10 अगस्त को ही पुलिस ने सदाकत आश्रम, किसान सभा कार्यालय, जिला कांग्रेस कार्यालय एवं कांग्रेस समाजवादी दल कार्यालय को जब्त कर लिया। पुलिस ने बिहार विद्यापीठ के भवन को भी जब्त कर लिया। राजेन्द्र बाबू, श्रीबाबू, अनुग्रह बाबू तथा अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के विरूद्ध पटना के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में पूर्ण हड़ताल रही। बी0एन0 कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पटना कॉलेज, साइन्स कॉलेज, पटना ट्रेनिंग कॉलेज तथा अन्य शिक्षण–संस्थानों पर राष्ट्रीय झण्डे फहराये गये। महिलाओं ने भी एक जुलूस निकाला और कांग्रेस मैदान में भगवती देवी की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया। इस सभा में सुन्दरी देवी तथा रामप्यारी देवी ने वकीलों से उनकी वकालत छोड़ने का अनुरोध किया। 11 अगस्त 1942 ई0 के सचिवालय गोलीकाण्ड से लोग और उत्तेजित हो उठे, जिसमें पटना के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के सात छात्र शहीद हो गए। अगस्त–क्रांति की ज्वालामुखी फूट पड़ी, जिसके ताप से पटना ही नहीं सारा बिहार उत्तप्त हो गया। विद्यार्थी, वकील, दूकानदार – चाहे वे हिन्दू हों या मुस्लिम सभी ने इसमें अपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया। इस आंदोलन के दौरान पूरे बिहार में रेल की पटरियाँ उखाड़ी गई, तार और टेलीफोन की लाइनें काटी गई, डाकघरों, रेलवे स्टेशनों, थानों तथा अन्य सरकारी इमारतों को जलाया गया तथा पुलिस पर आक्रमण किए गए। ऐसा करने का एक मात्र उद्देश्य युद्धकाल में सरकार को इस तरह परेशान करना था जिससे युद्ध–सामग्री भारत के बाहर न पहुँचे सके। इस आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने तेजी के साथ अपना दमन–चक्र चलाया, जिसमें नेताओं की गिरफ्तारी, गोली चलाना, युवकों को कोड़े तथा बेंते मारना, सामूहिक जुर्माना तथा स्त्रियों को अपमानित करना आदि शामिल था। अगस्त–क्रांति के सिलसिले में 30 नवम्बर 1942 ई0 तक बिहार में 14478 लोग गिरफ्तार हुए और 134 व्यक्ति पुलिस की गोली के शिकार हुए।

इधर राजेन्द्र बाबू को छोड़कर अनुग्रह बाबू, श्रीबाबू एवं अन्य प्रमुख राजबंदियों को कुछ दिनों तक बाँकीपुर जेल में रखने के बाद हजारीबाग जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। हजारीबाग सेंट्रल जेल से बाबू साहब का पुराना परिचय था। इसके पूर्व भी वे नमक सत्याग्रह और व्यक्तिगत सत्याग्रह के दौरान यहाँ आ चुके थे। अतः इस बार भी उनका जेल–जीवन शांतिपूर्वक बीता। हजारीबाग जेल में श्री बाबू एवं अनुग्रह बाबू जैसे नेताओं को सुरक्षा–बंदी (सेक्युरिटी प्रिजनर्स) के रूप में रखा गया था। सुरक्षा–बंदी उन कैदियों को कहा जाता था, जिन्हें मात्र संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया था और जिन पर मामले चलाने के लिए पर्याप्त प्रमाणों का अभाव था। सरकार ने उन्हें अनिश्चित

काल के लिए नजरबंद रखने का निश्चय किया था। उनकी भी दो श्रेणियाँ थी– क्लास 'ए' और क्लास 'सी'। बाबू साहब (अनुग्रह बाबू) एवं श्रीकृष्ण बाबू आदि बड़े नेता 'ए' श्रेणी में शामिल थे। जेल में उन्होंने आधुनिक युग की विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं पर लिखी गई पुस्तकों का अवलोकन तो किया ही, साथ ही मार्क्सवादी राजनीतिक दर्शन का विशेष रूप से अध्ययन किया।

जेल से बाहर भारत में भारत छोड़ो आंदोलन के अति उग्र रूप धारण कर लेने से महात्मा गाँधी चिंतित हो उठे, क्योंकि सरकार इसके लिए कांग्रेस को ही उत्तरदायी समझ रही थी। जब सरकार ने गाँधीजी को कांग्रेस का दृष्टिकोण स्पष्ट करने का मौका नहीं दिया तब बापू ने 10 फरवरी 1943 ई0 को पूना जेल में ही 21 दिन का अनशन आरम्भ कर दिया। फलतः गिरते हुए स्वास्थ्य को देखकर 6 मई 1944 ई0 को गाँधीजी को रिहा कर दिया गया।[15]

इधर बिहार में 1944 ई0 में कांग्रेस की गतिविधि मुख्यतः रचनात्मक कार्यक्रम तथा समाज सेवा के कार्यों तक सीमित हो गई थी। जून 1944 ई0 को अनुग्रह बाबू भी जेल से मुक्त कर दिए गए। इसके बाद उन्होंने समाज सेवा के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर बिहार के लोगों के स्वास्थ्य सुधार से संबंधित कार्यों पर ध्यान दिया। उन्होंने कोशी से आए बाढ़ के कारण उत्तरी भागलपुर और दरभंगा में हैजा और मलेरिया जैसी महामारी पर अखबारों में लेख प्रकाशित करवाए।[16] अनुग्रह बाबू ने महामारी पीड़ित इलाकों में राहत कमिटी का संगठन किया।[17] स्वयं रोगग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर वहाँ की दयनीय दशा देखी और पीड़ित लोगों की सहायता पहुँचाने की अपील स्थानीय धनी–मानी सज्जनों से की। मलेरिया क्षेत्रों में सहायता का कार्य चलने लगा। आवश्यकतानुसार 60 नये अस्पताल खोले गए और वहाँ दवाइयों के साथ डॉक्टर भेजे गए। बिहार के गवर्नर रदरफोर्ड को जब इस बात की आशंका हुई कि कांग्रेस के लोग रिलीफ की आड़ में राजनीतिक चालें चल रहे हैं तो अनुग्रह बाबू ने अपने तर्कों से गवर्नर को संतुष्ट ही नहीं किया, बल्कि राहत कार्य में सहायता के लिए प्रेरित भी किया। इन राहत कार्यों में अनुग्रह बाबू साम्यवादियों से बहुत प्रभावित हुए। इसी सन्दर्भ में अनुग्रह बाबू साम्यवादियों के 'फ्रेंड्स ऑफ द सोवियत यूनियन' के बिहार शाखा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।[18]

महात्मा गाँधी देश की जनता का ध्यान रचनात्मक कार्यक्रम की ओर लगाना चाहते थे। अतः उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ताओं को यह समझ लेना चाहिए कि रचनात्मक कार्यक्रम पूर्ण स्वराज्य प्राप्त करने का सत्य एवं अहिंसा का मार्ग है। उसका पूरी तरह पूरा किया जाना ही पूर्ण स्वराज्य है। जिस प्रकार सशस्त्र विद्रोह के लिए सैनिक प्रशिक्षण आवश्यक होता है उसी तरह सविनय अवज्ञा के लिए भी रचनात्मक कार्यों में प्रशिक्षण जरूरी है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कांग्रेस ने प्रांत भर के अधिकतर जिलों में सभाएँ आयोजित की। आंदोलनकारियों के परिवारों की सहायता एवं

उनके मुकदमों का खर्च जुटाने के लिए चंदा एकत्र करने हेतु जिला कमिटियों की स्थापना की गई। 23–24 दिसम्बर 1944 में गया जिला कांग्रेसकर्मी सम्मेलन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अनुग्रह बाबू ने की।[19]

हैजा, मलेरिया तथा इस प्रकार के सहायता कार्यों के अतिरिक्त जिस प्रकार के रचनात्मक कार्यों में अनुग्रह बाबू व्यस्त थे उसका अभिप्राय वस्तुतः ग्राम–निर्माण कार्य था। अखिल भारतीय ग्रामोद्योग– सभा के संचालक होने की हैसियत से वे कुछ ऐसे केन्द्रों को स्थापित करने का विचार कर रहे थे, जिनमें ग्रामोन्नति तथा गाँवों को स्वावलम्बी बनाने की शिक्षा दी जाए।

**निष्कर्ष :**

स्पष्ट है कि 'भारत छोड़ो' आंदोलन में अनुग्रह नारायण सिंह की प्रभावी भूमिका रही। रामगढ़ कांग्रेस से लेकर व्यक्तिगत सत्याग्रह तक हर जगह उन्होंने बढ़–चढ़कर भाग लिया और राज्य की जनता को आंदोलन के लिए तैयार किया। मंत्रिमंडल के इस्तीफे के बाद से अगस्त क्रांति के प्रारम्भ होने तक अनुग्रह बाबू राष्ट्रीय कांग्रेस के बताए रचनात्मक कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने गाँधीजी के चरखे की उपयोगिता और सत्याग्रह की परिभाषा को पूरे प्रांत में फैला दिया। सबसे बड़ी बात कि इस दौरान प्रांतीय कांग्रेस कमिटी में आई शिथिलता और गुटबंदी को दूर करने का व्यक्तिगत प्रयास किया। गाँधीवादी जनांदोलन में आंदोलन की रूपरेखा नेतृत्व के द्वारा तैयार कर उसके कार्यान्वयन के लिए स्थानीय स्तर के कार्यकर्त्ताओं और जनसाधारण पर छोड़ दिया जाता था, लेकिन 1942 ई0 में यह रूपरेखा भी स्पष्ट नहीं हो सकी थी, क्योंकि नेतृत्व को आंदोलन छेड़ने का अवसर ही नहीं मिला। बिहार इस मामले में सौभाग्यशाली रहा, जहाँ आंदोलन की शुरूआत के पूर्व ही राजेन्द्र बाबू के निर्देशन में अनुग्रह बाबू ने आंदोलन का एक कार्यक्रम तैयार कर लिया था। 'भारत छोड़ो' आंदोलन के दौरान उन्हें लगभग 22 महीने तक जेल में रहना पड़ा। जेल से मुक्त होने के बाद उन्होंने समाज सेवा का दायित्व संभाला और उत्तर बिहार में महामारी के रूप में फैले हैजा व मलेरिया से निपटने में जी–जान से लग गए। इस प्रकार आंदोलन के पूर्व से पश्चात् तक अपने त्याग और बलिदान से उन्होंने देश के स्वाधीनता का मार्ग तो प्रशस्त किया ही, राजनीतिक पीड़ितों और महामारी पीड़ितों की सेवा कर मानवता की भी रक्षा की।

**संदर्भ सूची :**


1. दत्त, के0के0, बिहार में स्वातंत्र्य आंदोलन का इतिहास, खण्ड–2, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 1998, पृ0 332
2. बिहार सरकार, नियुक्ति विभाग, फाईल संख्या ई0सी0–8/1937, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।
3. दत्त, के0के0, पूर्वोक्त, पृ0 343
4. बिहार सरकार की पाक्षिक रिपोर्ट, अप्रैल, 1940
5. सिंह, अनुग्रह नारायण, मेरे संस्मरण, बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना, 2012, पृ0 265
6. वही, पृ0 267
7. दत्त, के0के0, पूर्वोक्त , पृ0 374
8. द इंडियन नेशन, पटना, 31 मार्च 1942
9. श्रीवास्तव, एन0एम0पी0, बिहार में राष्ट्रीयता का विकास, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना 1998, पृ0 132
10. दत्त, के0के0 बिहार में स्वातंत्र्य आंदोलन का इतिहास, खण्ड–3, बिहार, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 1999, पृ0 28
11. कांग्रेस रिस्पान्सिविलिटी फॉर दि डिस्टर्बेंस (1942–43), भारत सरकार, नई दिल्ली, 1943, पृ0 80
12. हरिजन, अहमदाबाद, 29 मार्च, 1942
13. पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा 12 अगस्त 1942 को डी0आई0जी0 बिहार को प्रेषित गोपनीय रिपोर्ट, पॉलिटिकल स्पेशल फाईल संख्या–70/1942, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना
    (सरकारी रिपोर्ट में अनुग्रह बाबू की गिरफ्तारी की तिथि 11 अगस्त दर्ज है)

14 मेरे संस्मरण, पृ0 317

15. श्रीवास्तव, एन0एम0पी0, पूर्वोक्त, पृ0 155–56
16. बिहार सरकार की रिपोर्ट, 21 जुलाई, 1944
17. दत्त, के0के0 पूर्वोक्त, पृ0 290
18. बिहार सरकार की पॉलिटिकल रिपोर्ट, 4 अगस्त, 1944
19. दत्त, के0के0, पूर्वोक्त, पृ0 302

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# बिहार के क्षेत्रिय दल बनाम राष्ट्रीय दल



**डॉ० शैलेन्द्र कुमार**
**माध्यमिक शिक्षक (सामाजिक विज्ञान)**
**राजकीयकृत उच्च विद्यालय मई, हिलसा, नालंदा**

**शोध सार –** राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से उपजे असंतोष के परिणाम के रुप में भातरीय राजनीति में क्षेत्रीय दल आए और आज उनका जनाधार मजबूत और व्यापाक हो गया है। वर्ष 1889 में नौवीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के बाद पहली बार यह परिपाटी टूटी, जब राजीव गाँधी के अगुवाई में कांग्रेस ने 200 के आकड़े को नहीं छू पाई। क्षेत्रीय दलों की सफलता का मूल आधार शक्तिशाली नेतृत्व रहा है। वैसे इस संदर्भ में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि स्थानीय मुद्दे एवं उचित नेतृत्व ही राज्य स्तरीय दलों की सफलता का आधार रहा है।

**मुख्य शब्द –** क्षेत्रीय राजनीतिक दल, राष्ट्रीय दल, बहुदलीय व्यवस्था, प्रतिस्पर्धात्मक प्रवृत्ति, राजनीतिक संरचना, केंद्र – राज्य सरकारें, लोकप्रिय नेता, राजनीतिक ध्रुवीकरण एवं वंशवाद।

---

स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय से ही भारतीय राजनीतिक पद्धति के अन्तर्गत बहुदलीय व्यवस्था कायम हुई इसमें भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस (कॉंग्रेस) अन्य दलों की तुलना में काफी शक्तिशाली एवं प्रभावशाली थी। केन्द्रीय स्तर से लेकर राज्यों तक इस दल का शासन लगभग 1967 तक कायम रहा। प्रसिद्ध भारतीय विद्वान रजनी कोठारी ने इसे एक दलीय प्रभुत्व के रूप में उपस्थित किया है।[1] इस रूप में यह एक दलीय शासन से भिन्न हो जाता है। लेकिन अन्य दल भी स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अस्तित्व में कायम थे। इनमें एकमात्र कॉंग्रेस पार्टी को लगभग सभी राज्यों में आम लोगों का समर्थन, कमोवेश प्राप्त था । एक दल के प्रभुत्वशाली इस व्यवस्था ने बहुदलीय व्यवस्था की नर्सरी के रूप में काम किया। इसमें सरकार और विपक्ष, दोनों की भूमिकाओं में कॉंग्रेस के ही विभिन्न गुट सक्रिय रहते थे। विचारधारात्मक ध्रुवीकरण बहुत कम थे और जो थे वे भी राजनीति के हाशिये पर पड़े थे। हाशियों के बीच के विशाल राजनीतिक दायरे में लगभग हर मुकाम पर कॉंग्रेस का वर्चस्व था। विभिन्न हित उसके जरिये ही मुखरित होते थे। कॉंग्रेस का यह विविधतामूलक चरित्र स्थूल रूप से भरोसा देता था कि उसका समर्थन–आधार समाज के विभिन्न वर्गों में समान रूप में बंटा हुआ है।[2]

1970 वाली दशक के उत्तरार्द्ध में भारतीय दलीय पद्धति में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन का काल प्रारंभ हुआ। जनता पार्टी के रूप में विभिन्न दलों का गठजोड़ 1977–79 एवं पुनः उनमें विखराव के अलावा भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस 1977–78

में विभाजन के परिणामस्वरूप राजनीतिक दलों की संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। भारतीय साम्यवादी दल एवं भारतीय साम्यवादी दल 'मार्क्सवादी' को छोड़कर 1960 एवं 1970 में कार्यरत किसी भी राजनीतिक दल का मूलस्वरूप कायम नहीं रहा। इनमें से कुछ दलों का अस्तित्व ही नहीं रह गया। जैसे–स्वतन्त्र पार्टी, समाजवादी पार्टी (पी.एस.पी.) और आई.एन.सी. (ओ) जो 1969 ई॰ में काँग्रेस के विभाजन के बाद उत्पन्न हुआ था। जनसंघ भारतीय जनता पार्टी के रूप में, तो बी.के.डी. बी.एल.डी. के नाम से सामने आया। सत्ताधारी भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने भी अपना नाम परिमार्जित कर भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (आई) के नाम से जाना जाने लगा। जनता पार्टी के विघटन के बाद नवीन रूप में जनता पार्टी कायम रहा और आई.एन.सी. (एस) जो 1978 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के विघटन के बाद उत्पन्न हुआ था उसमें अन्य दलों के समूह आकर मिल गए। इस बीच अनेक राज्यों में कार्यरत राजनीतिक दल किसी–न–किसी रूप में अपना अस्तित्व कायम रखने में सफल रहें। जबकि कुछ राज्यों में नवीन राज्य स्तरीय (क्षेत्रीय दल) अस्तित्व में आ गए। इस प्रकार के परिवर्तन मूलतः सम्पत्तिशाली वर्गों के मध्य सामाजिक आर्थिक परिवर्तनों के परिणाम माने जा सकते हैं।[3]

इस अवधि में दलीय–राजनीतिक संरचना के अन्तर्गत प्रतिस्पर्धात्मक प्रवृत्ति में तुलनात्मक दृष्टि से वृद्धि हुई। यह भारतीय दलीय पद्धति की भावी प्रकृति का द्योतक था जो संसदीय जनतंत्र के अन्तर्गत विकसित होता है। इसके फलस्वरूप भारतीय दलीय राजनीतिक संरचना की प्रक्रिया अधिक जटिल एवं कुछ हद तक सुपरिवर्तनशील रूप में सामने आया। इसका मूल कारण भारत जैसे विशाल जनतान्त्रिक संसदीय व्यवस्था में बहुराष्ट्रीय समाज को होना माना जा सकता है।[4] किसी भी विकासशील समाज में सामाजिक संरचना दलीय बहुलता के विकास में सहायक होता है। यह बात भारत में भी लागू होता है जो अंततः प्रतिस्पर्धात्मक बहुदलीय पद्धत्ति के लिए उत्तरदायी माना जा सकता है। लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक बहुदलीय पद्धति के लिए प्रकार्यात्मक आवश्यकताएं भी होती है। ये आवश्यकताएं इसके विकास एवं क्रियाशीलता के लिए अनिवार्य होती है।

भारत में प्रतिस्पर्धात्मक बहुदलीय पद्धत्ति क्षेत्रीय स्तर पर एक दलीय व्यवस्था के अंतर्गत क्षेत्रीय दलों के विकास का परिणाम माना जा सकता है। विपक्षी दलों का क्षेत्रीय स्तर पर अभ्युदय के लिए सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और विभिन्न क्षेत्रों की राजनीतिक परिस्थितियाँ उत्तरदायी होती है जो प्रजातिय–राष्ट्रीय समूहों का परिणाम होता है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्त्वपूर्ण बन जाता है। इसका अर्थ होता है कि यदि विपक्षी दल चुनावी सफलता प्राप्त करने की स्थिति में आ जाता है तो वह कुछ खास राज्यों या किसी राज्य विशेष तक ही सीमित होता है। यह बात राष्ट्रीय और राज्यों में कार्यरत दलों दोनों पर ही लागू होता है।[5]

विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय दलों का उद्भव एक महत्वपूर्ण राजनीतिक विकास था। इन क्षेत्रीय दलों के मूलतः दो उद्देश्य थे। इनकी चुनावी लक्ष्य अपने–अपने राज्यों में काँग्रेस को पराजित करना था। ये सभी दल या नेता केन्द्र–राज्य सम्बन्धों से असन्तुष्ट थे। वे राज्यों के लिए अलग–अलग प्रकार की स्वायत्तता की मांग कर रहे थे।[6] बीजू पटनायक द्वारा राज्य के लिए 'वितीय स्वायत्तता की माँग प्रारंभ की गयी थी। वे एक नवीन प्रकार की संघीय व्यवस्था के

समर्थक थे जिसमें संघ सरकार की शक्तियाँ सीमित हों और राज्यों को अधिकतम स्वायत्तता प्राप्त हो। सिर्फ प्रतिरक्षा, विदेशी नीति और संचार संघ सरकार के अधीन हो और बाकी सारे अधिकार राज्यों को प्राप्त हों। बीजू पटनायक के इस विचार से असम गण परिषद के प्रफुल्ल कुमार महंता पूर्णत: सहमत थे। जबकि अकाली दल आनन्दपुर साहब प्रस्ताव के अन्तर्गत पंजाब के लिए अधिकतम अधिकार की मांग कर रहा था। नेशनल कांफ्रेंस संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखता था।

गौरतलब है कि विभिन्न राज्यों के क्षेत्रीय दल इस प्रकार क्षेत्रीयता को बढ़ावा दे रहे थे और ढीला–ढाला संघ की बात कर रहे थे। जबकि क्षेत्रीयता विरोधी दलों के द्वारा इसे देश के लिए घातक माना जा रहा था। वे सिर्फ राज्यों को कुछ और वित्तीय शक्तियाँ देने के पक्ष में थे। लेकिन इस सबके बावजूद इतना तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौरान क्षेत्रीय दलों के उभार ने विविधता की आवाज को थोड़ा बहुत बचाए रखा और जैसा कि योगेन्द्र यादव लिखते हैं – **'लोकतंत्र द्वारा अपनायी जानेवाली आत्मशोधन प्रणाली में लोगों की आस्था भी बनी रही।'**[7] दरअसल भारतीय संघीय व्यवस्था में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनकी सकारात्मक भूमिका की तर्कसंगत व्याख्या किया जाना आज के बदलते परिवेश में लाजिमी भी है। हाल के वर्षों में क्षेत्रीय दलों के बढ़ते उभार का मूल्यांकन करने पर यह धारणा गलत साबित हुई है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के सत्ता में आने से राष्ट्रीय अखण्डता भंग हुई है। यदि ऐसा होता तो तथाकथित राष्ट्रीय दल काँग्रेस या भाजपा, डी.एम.के., अन्ना डी.एम.के., अकाली दल, नेशनल काँफ्रेंस, त्रिपुरा उपजाति युवा समिति, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी, जैसे प्रादेशिक दलों से समय–समय पर गठबन्धन न करती।

क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के अस्तित्व के कारण ही भारतीय संविधान के संघात्मक प्रावधानों के क्रियान्वयन का सफल परीक्षण हुआ है, केन्द्र की एक दलीय सरकार की निरंकुशता पर अवरोध लगाने का रचनात्मक कार्य सम्पन्न हुआ है, राज्यों की अस्मिता तथा राज्यों के अधिकार की आवाज बुलन्द कर राज्यों की संविधान–प्रदत्त स्वायत्तता की रक्षा की जा सकी है।[8] क्षेत्रीय दलों के कारण अनेक राज्यों में प्रतियोगी दल प्रणाली या द्विदलीय व्यवस्था का चलन होने लगा जिससे संसदीय व्यवस्था का संचालन आसान हुआ है और सबसे महत्वपूर्ण रचनात्मक भूमिका अपने राज्य विशेष के लिए अधिकतम आर्थिक सुविधाओं की मांग की गई जिससे प्रादेशिक विषमता को दूर कर भारत के सर्वांगीण विकास को गति मिली है। अनेक ऐसी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना पड़ा जो शायद क्षेत्रीय पार्टियों के दबाव के बिना क्रियान्वित न होते। क्षेत्रीय नेतृत्व ने सत्ता में रहकर अपने दावों को उचित साबित करने के लिए अपने राज्यों के विकास के लिए विशेष प्रयत्न किये हैं। इन राज्यों के विकास से सारे देश को ही लाभ हुआ है। तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल, आंध्र–प्रदेश और कनार्टक के विकास की गति इसका प्रमाण है।

भारत जैसे विशाल देश में केन्द्रीकरण की सफलता की संभावनाएँ कम है। विभिन्न क्षेत्रों की समस्याएँ, रहन–सहन के ढंग, सामाजिक मान्यताएँ और भौगोलिक यथार्थ इस बात को अनिवार्य बना देते हैं कि उनके साथ अलग–अलग ढंग से विचार किया जाये। यद्यपि, भारतीय संविधान में संघ शासन के रूप को स्वीकारा गया, फिर भी मजबूत केन्द्र की कल्पना की गई थी। यह बात मान ली गयी कि केन्द्र व राज्यों में अलग–अलग दलों की सरकारें बन सकती है और

रह सकती है ।[9] उनमें संवैधानिक प्रश्नों पर यदि विवाद हो तो उसके लिए सर्वोच्च न्यायालय को अधिकार दिया गया। फिर भी केन्द्र तथा राज्यों में विवादों के ऐसे मुद्दे आये जिससे क्षेत्रीय दलों की स्थापना हुई। द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम के शक्ति संचय का कारण केन्द्र और राज्य में हिन्दी भाषा को लेकर विवाद रहे। अकाली दल की शक्ति का आधार 'राज्यों को अधिक स्वायत्तता दी जाने की मांग थीं, नेशनल कॉंफ्रेंस की शक्ति का आधार कश्मीर का पृथक स्वायत् दर्जा बनाये रखने की मांग रही, तेलगूदेशम के अभ्युदय का कारण आंध्र प्रदेश में केन्द्र द्वारा हर तीसरे महीने मुख्यमंत्री बदलने की प्रवृति रही। राष्ट्रीय जनता दल का अभ्युदय भी बिहार में केन्द्र की इसी नीति का होना माना जाता है। एक बार सत्ता में आने के बाद सभी क्षेत्रीय दलों ने केन्द्र विरोधी रूख अपनाया और केन्द्र–राज्य विवादों को जन्म दिया।[10]

क्षेत्रीय दलों की सफलता का मूल आधार शुरू से ही शक्तिशाली नेतृत्व रहा है। वैसे इस संदर्भ में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि उचित नेतृत्व ही राज्य स्तरीय दलों की सफलता का आधार रहा है। एक माने में नेता का व्यक्तित्व क्षेत्रीय दलों को शक्तिशाली बनाता है और उन्हें जीवित रखता है।[11] उदाहरणस्वरूप, डी.एम.के. एक ऐसा क्षेत्रीय दल है जो तमिल क्षेत्रीयता को आधार बिन्दु मानकर बढ़ा है। यद्यपि नाम से यह दल क्षेत्रीय नहीं है क्योंकि उनकी दृष्टि से एक समय द्रविड़ संस्कृति सारे भारत में फैली थी, परन्तु केरल भाषी भी जिसका तमिलनाडु से सबसे अधिक सामीप्य है अपने आपको द्रविड़ नहीं मानते और बावजूद इसके कि केरल में तमिल भाषियों की संख्या काफी है, दोनों द्रविड़ पार्टियाँ वहाँ पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकीं। यदि इन क्षेत्रीय दलों का इतिहास देखा जाये तो इनकी सफलता के दो तत्व प्रमुख रहे हैं – पहला, निजी पहचान कायम रखने या इस निमित्त अपने राज्यों के लिए विशेष व्यवहार उपलब्ध कराने का आग्रह तथा दूसरा, एक नेता विरोध की छवि। यद्यपि द्रविड़ कड़गम का उपदेश रामास्वामी नायकर ने दिया था, पर उस कल्पना को राजनीतिक शक्ति का रूप देना अन्नादुरै की विशेषता थी। 1967 के चुनावों के समय वहाँ चुनाव का बड़ा आकर्षण अन्ना का त्यागी तेजस्वी नेतृत्व था जिसने कामराज के नेतृत्व को भी विफल कर दिया। उनकी मृत्यु के बाद उनका दल विभक्त हो गया है और उनके अनुयायी एम.जी. रामचन्द्रन ने भी अन्ना की लोकप्रियता का लाभ उठाने के लिए अपने दल का नाम अन्ना दविड़ मुन्नेत्र कड़गम रखा।[12] पर सभी मानते हैं कि इस समय इस दल का आधार उनका करिश्मायी नेतृत्व ही है।

यह बात अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ भी है। बंगाल काँग्रेस की धुरी अजय मुखर्जी की लोकप्रियता थी, उत्कल काँग्रेस का आधार बीजू पटनायक का व्यक्तित्व था। भारतीय क्रांति दल या लोकदल का आधार चौधरी चरण सिंह की लोकप्रियता ही थी। शेख अब्दुल्ला का नाम ही नेशनल कॉंफ्रेंस को आगे कर सका और डॉ. फारूख अब्दुल्ला का जीत भी कुछ शेख अब्दुल्ला की कीर्ति का परिणाम थी। यद्यपि उसमें कश्मीर घाटी की क्षेत्रीयता व साम्प्रदायिकता भी भागीदार हो गयी। तेलगूदेशम के अभ्युदय में एन.टी.रामाराव की व्यक्तिगत लोकप्रियता कम नहीं थी। उनकी प्रचार शैली तथा जनता की मुख्य आवश्यकताओं पर जोर उन्हें जनता का विश्वास दिला सका। महाराष्ट्र में शिव सेना का आधार स्तम्भ बाल ठाकरे का व्यक्तित्व एवं विचारधारा है। उसी तरह उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का

आधार स्तम्भ मुलायम सिंह यादव, तथा बहुजन समाज पार्टी का आधार स्तम्भ कांसीराम तथा मायावती है। उसी तरह बंगाल में तृणमूल काँग्रेस का आधार स्तम्भ ममता बनर्जी हैं। ठीक उसी प्रकार बिहार में भी राष्ट्रीय जनता दल का एकल आधार स्तम्भ लालू प्रसाद तथा जनता दल यूनाइटेड का आधार स्तम्भ नीतीश कुमार पर निर्भर है। ये लोग अपने–अपने करिश्यामी व्यक्तित्व एवं विचारधारा से अपने दल को सत्ता के शिखर पर भी महिमामंडित करने में सफल हुए।

क्षेत्रीय दलों का उद्भव जन आन्दोलन से हुआ है। द्रमुक अगर द्रविड़ कड़गम की ब्राह्मण विरोधी राजनीति की उपज है, तो तेलगूदेशम का जन्म काँग्रेसी सरकारों द्वारा तेलगू 'स्वाभिमान' को ठेस पहुंचाने के कारण हुआ और 'विदेशियों के खिलाफ अन्य जातीयतावादी छाप आन्दोलन के कारण असम गण परिषद् अस्तित्व में आयी। वहीं बिहार में राष्ट्रीय जनता दल एवं जनता दल (यू) का जन्म भी कमोवेश इसी आधार पर हुआ। हाल के दशकों में राष्ट्रीय दलों को चुनौती देने वाली ऐसी पार्टियों का अस्तित्व तेजी से उभरता रहा है जो एक, दो या चार–पाँच सीटें जीतती रही है। विश्लेषकों का मत है कि जातियों और स्थानीय मुद्दों के मोर्चे पर संघर्ष करके अपनी नकारात्मक क्षमता के बूते इन दलों ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के कद्दावर और ताकतवर नेताओं को अपने इलाकों में हाशिये पर धकेल दिया है।[13] 1967 में इस तरह के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की संख्या सिर्फ 20 थी, जबकि अब यह संख्या 40 के आस–पास पहुंचती जा रही है। इस उभार ने निर्दलीय तौर पर चुनाव जीतने वालों का तो अस्तित्व ही संकट में डाल दिया है।

भास्कर दत्त ने **"फ्रैगमेन्टेड लोकसभा : ए केस फॉर इलेक्टोरल इंजीनियरिंग"** अध्ययन में बताया है कि राष्ट्रीय और प्रमुख प्रादेशिक दलों को चुनौती दे रहे क्षेत्रीय दलों के इस उभार का भारतीय जनजीवन में बढ़ते भ्रष्टाचार से क्या गठजोड़ है। दत्त ने चेतावनी दी है कि ऐसी पार्टियों के सहयोग से चलने वाली सरकार पर हमेशा ही स्थानीय दलों को खुश करने वाली नीतियों पर चलने का दबाव रहेगा और वे देश हित के बड़े फैसले नहीं कर पाएंगी। दत्त के मुताबिक चुनाव कानून में बदलाव करके अगर राष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ 2.5 प्रतिशत वोट हासिल करने वाले राजनीतिक दलों को मान्यता हो तो उन छोटे दलों की दबाव की राजनीति और सरकार बनाने में पैसे की भूमिका को कम किया जा सकता है।[14]

बिहार की उर्वर भूमि सदा से ही राजनीतिक तपस्वियों की भूमि रही है। आजादी के पूर्व से ही यहाँ के लोगों में राजनीतिक चेतना का विकास हो चुका था।[15] बिहार में क्षेत्रीय राजनीतिक दल के रूप में प्रथम नाम त्रिवेणी संघ का आता है जिसकी स्थापना 30 मई 1933 को शाहाबाद जिले के करगहर में हुई थी। 1969 में कामाख्या नारायण सिंह के नेतृत्व में 'जनता' नामक पार्टी की स्थापना हुई। 1994 में जार्ज फर्नाडीस एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में **'समता पार्टी'** का निर्माण हुआ। 1997 में लालू प्रसाद के नेतृत्व में **'राष्ट्रीय जनता'** दल का गठन हुआ । 1999 के लोक सभा चुनाव के पहले समता पार्टी और जनता दल का विलय हो गया और जनता दल (यूनाईटेड) का गठन हुआ। 1999 में **'बिहार पीपुल्स पार्टी'** नाम से एक पार्टी बनायी गई जिसके नेता आनन्द मोहन सिंह हैं। **'बिहार विकास**

**मंच'** के नाम से पप्पू यादव के नेतृत्व में भी एक दल का गठन हुआ। इस तरह देखते-देखते बिहार में क्षेत्रीय दलों की लम्बी तादाद हो गई।

सन् 2005 से बिहार में क्षेत्रीय दल जनता दल (यूनाईटेड) की सरकार काम कर रही है। लेकिन यहाँ एक बात की ओर ध्यान दिलाना जरूरी है कि नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में जिस तरह से राजनीतिक ध्रुवीकरण 2014 के लोकसभा चुनाव में हुआ उससे क्षेत्रीय दल प्रभावित हुए। इस चुनाव में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मिली अभूतपूर्व सफलता का सबसे बड़ा असर जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल जैसी पार्टियों पर पड़ा है। लोकसभा चुनाव में जद (यू) को घोर पराजय का सामना करना पड़ा। नीतीश कुमार ने हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया और इसके साथ ही जीतन राम मांझी नए मुख्यमंत्री बन गए। संकीर्ण क्षेत्रीय पार्टियाँ, जो "कैप्रिशस' तत्वों को बढ़ावा दे रही है और अपने-अपने प्रदेशों को अपना वंशवादी जागीर बनाने में संलग्न हैं, वे केन्द्र में अस्थिर सरकार बनवाने के लिए भी दोषी है। इन्ही तत्वों के बढ़ावा के परिणामस्वरूप 1989-2014 तक कोई राष्ट्रीय पार्टी केन्द्र में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी। लोग समझने लगे थे कि क्षेत्रीय पार्टियाँ ही अब केन्द्र में भी शासन करती रहेंगी, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में तीन क्षेत्रीय दल ही अपनी पार्टी के सदस्यों की अच्छी संख्या को लोकसभा भेज सके- ए.आई.डीएमके., तमिल मनिला काँग्रेस और बीजू जनता दल। जब राष्ट्रीय दल सम्पूर्ण राष्ट्र की आकांक्षाओं का समरूपी प्रतिनिधित्व करने में असफल रहते हैं तो क्षेत्रीय दल क्षेत्रीय आकांक्षाओं को राष्ट्रीय आकांक्षाओं के समानांतर स्थापित करने की कोशिश करते हैं।

**सन्दर्भ ग्रंथ:-**


1. रजनी कोठारी "द काँग्रेस 'सिस्टम' इन इंडिया", एशियन सर्वे, वाल्यूम।V, न.12 दिसम्बर 1964
2. योगेन्द्र यादव "कायापलट की कहानी! नया प्रयोग, नयी संभावनाएँ, नये अंदेशे" संकलित, अभय कुमार दुबे (सं.) लोकतंत्र के सात अध्याय, वाणी प्रकाशन, सी.एस.डी.एस, नई दिल्ली, 2002ए पृ. 43
3. ऐरिक कोमारोव, "इभूलूशन ऑफ पालिटिकल पार्टीज" इन टी.पी.शंकर कुट्टीनायर (सं.) मार्डन इंडिया: सोसाइटी एण्ड पॉलिटिक्स इन ट्रान्जीशन, इंटर इंडिया पब्लिकेशन, नयी दिल्ली, 1996, पृ. 19
4. उपरोक्त, पृ. 26
5. ऐरिक कोमारोव, टू टेन्डेन्सिज ऑफ इथानों-नेशनल डेवलपमेंट एण्ड ग्रोथ ऑफ मल्टी पार्टी सिस्टम इन इंडिया, इन वी.एम.बचल (सं) पीपुल्स मैडेट, पुणे, 1992, पृ.23-24
6. एस.एल.सिकरी, इंडियन गवमेंट एण्ड पॉलिटिक्स, कल्याणी पब्लिशर्स, न्यू दिल्ली, 1989, पृ. 63-64
7. योगेन्द्र यादव, पूर्वोक्त, पृ. 52
8. रजनी कोठारी , भारत में राजनीति : कल और आज (प्रस्तुति और संपादन : अभय कुमार दुबे ), वाणी प्रकाशन, डी.एस.डी.एस, नई दिल्ली, 2005, पृ. 203-204
9. उपरोक्त, पृ. 208
10. उपरोक्त, पृ. 236-237

11. स्टेनली ए . कोचनेक, द  कांग्रेस पार्टी इन इंडिया, प्रिसेटन यूनिवर्सिटी प्रेस , प्रिसंटन, 1965, पृ. 38
12. द पॉयनियर, 05 फरवरी 1995 पृ. 01
13. भाम्भरी, चन्द्र प्रकाश, पॉलिटिक्स इन इंडिया 1991-1992 शिप्रा पब्लिकेशन, 1992, पृ. 118
14. उपरोक्त,पृ. 143
15. अरुण सिन्हा , नीतीश कुमार और उभरता बिहार , प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2013, पृ. 311-321

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Kakolat Fall as a Tourist Sport in Nawada District, Bihar



**Dr. Nazir Khan**
Assistant Teacher
K.R. High School Bijubigha Nawada, Bihar, India

**ABSTRACT**

Kakolat, a very beautiful waterfall of Bihar, is situated in Govindpur block of Nawada District, 64 streams do Mahabar hill forms it. It is 17 Km away from NH -31 and 35 Km from Nawada town. They are rain fed and fall along a deep slope at a height of d24 meters. It is two tier waterfall of the state. Due to pleasant environment, scenic beauty and greenish valley it is known as the Kashmir of Bihar. But because of naxal infested area and in isolation, it could not be properly developed till now. If the government develop carefully, a day will come Kakolat would be a tourist hub of Bihar.

**Keywords :** Waterfall, Streams, Precarious, Mahotsav

## I. INTRODUCTION

Beauty of nature and its management have a great contribution to the emergence of a tourist spot. Physical, cultural and social factors related to the tourism act as catalyst to develop the spot. Inherited and acquired properties of the resources, spatial network, quality and accessibility of tourist facilities, income, status of the host and guest communities and above all, status of the physical, cultural and economic resources within a boarder time- space frame work directly and indirectly influence the emergence of a tourist resort. Lofty peaks, greenish meadows, mighty rivers, running deer, lime stone cave, hot springs, chirping birds, national parks and sanctuaries and sea beaches always attract the human beings since ancient time. Waterfall is one of the most attractive sites of tourism. It also presents natural beauty and attract tourist. Hydro – electric is generated from waterfall and is used for industries and agriculture in developed as well as developing countries. In USA – Canada, a huge amount of electricity is generated by Niagra fall. In India, waterfall has been tourist centres as well as hydro electric centre. Thousands of people travel there to see and enjoy. Jog (Karnataka), Kuntala (Telangana), Hundru (Jharkhand), Dudhsagar (Goa), Athirapally (Kerala), (Kerala), Kempty (Uttarakhand) and Dhuwandhar (Madhya Pradesh) are the famous waterfalls of India. Kakolat waterfall is also a site-seeing place of Bihar. Nawda hill is a part of outher of Cholanagpur plat can which is made of ancient crystal rocks of Pre Cambrian. It is well connected by road to Patna-Hazaribag. Gaya is the nearest airport of the region and 68 Km from there. It has monsoon climate. The maximum temperature is $41^{o}$C in summer and minimum temperature is recorded 6 $^{0}$C in winter. The average rainfall is 120 cm and

favourable climate is found during November to February.

**Data Sources and Methodology**: - In the study, both primary and secondary date have been used. Primary data have been gathered through field observation and questionnaire. Which books, magazines and published record of government are the supportive of secondary data. Most of data have been collected on occasion of Bisua Mela at kalolat. Some recorded information has been mentioned from district head quarter of Nawada. A spatial approach has been adoped in the study. To assess the status of Kakolat as a tourist spot geographical space has been classifeed into: - a) actual space means the geographical space; b) Perceived space, perception of actual space by the society; and c) action space means rational interaction with actual space and perceived space.

**Aims and Objectives:** The nature of and scope of tourism is as a phenomenon which affects the economy and society of the region. The main objectives of the study are as follows –

1. To make aware the people about the importance of Kakolat fall.
2. To acquaint ant with the State Government to real situation of Kakolat fall.
3. To suggest the development for Kakolat fall.

**The Study area**: Kakolat, a hidden beautiful fall of nature is situated in Madhopur gram panchayat of Govindpur block in Nawada district. It is 17 Km away from NH-31 and 35 Km from Nawada town. Thali, a rurban centre situated on the highway of Akbarpur-Govindpur is 5 Km north from Kakolat fall. It is located at $24^0$41'59'' N latitude and $85^0$37'42'' E longitude. The named airport is Gaya, which is 68 Km away from there. There is a hilly range named Nawada hills which stretched in whole south-eastern part of Nawada district. In them, Mhababad is very famous for location of Kakolat fall. The Mahabar having height 1832 feet above the sea level, hill is covered with tropical deciduous forest. The hilly region has been a part of Dharwar system. It receives 120cm annual waterfall. It is in the Mahabar hills amidst the greenecy, situated in Govindpur block of Nawada district. there are two important hills named Durvasarhi and Mahabar which dextended the southern dpart of dthe district (O'Molley-2007). The climate of the region is humid dtropical and average reinfall dis 120 cm. Figure no – 01.

**Geographical feature of Kakolat fall** : At Kokolat, a hill torrent tumbles down a long series cascades, buried in thick woods and extending far up the side of the hill (O'Molley-2007), Kakolat waterfall consists do 64 streams which are rain fed, daccumulate and from waterfall near the temple. The spray from the fall creates a cllol and foggy like atmospher. Even the water of the from the fall is cool in summer season. Its height is 24 meters from the bed (Singh-2001). It is a two tier type of waterfall. The fall had been a deep natural reservoir. Due to undulating surface and rift of the pool some tourists had lost thier lives during the swimming after that it has been converted into swimming pool for the safety of tourists in 1995 A.D. The water of the fall is very of the fall is very cool and pure.

**Historical-Background:** It is believed that a noted saint Augustaya cursed to king Nahus in Treta Yug. Due to cursing, the king Nahus became a snake. Later on he began to live near the Kakolat fall. While Pandavas came during the hidden period near the fall they got free him from the cursing of saint Augustaya (Nanda – 2010). The king proclaimed that any person who bathed in the fall would never be reborn as a snake. The forest was mentioned in Mahabhart as Kamyak, perhaps it has been the Kakolat fall forest area. Here, a long week fair is held on the auspicious occasion of Chait Sankanti, wchich is known as Baisakhi or Bisua Sankranti(Sahu-2007). A large number of people from all over India come to the fall for picnic. Firstly Buchanan discovered the ddwaterfall in 1811 A.D. It was dvery dangerous for tourists who wanted to take bath in the pool of Kakolat fall. According to Buchanan-2013), In 1995, the goverment converted it into swimming pool.

Later on, the State Goverment inaugurated kakolat Mahotsava on the occasion of Satriyani Mela in 1997. There is a Shiv temple near the fall. Some rooms have been built for tourist There.

**Status of Kakolat fall tourist spot at boarder space time scale:** At present, Kakolat fall attracts local tourists only. It cannot develop a regional tourist centre remaining in isolation. Nawada district, the drought as well as naxal infested region has o significance in tourism map of the nation. Sarvodya Ashram in Kauakole, Gonawa templed and Nakaur in Nawada, Sringa peak in Rajauli, Vishnu temple in Aphsaur and bodh vihar in Dariyapur- Parbati are the important tourist sites of the district. If properly managed with vision to develop, then Kakolat will become an attractive tourist destination. In the district five such tourist zones can be identified, there in the north, one in the west, one is in the east and one is in the south.

1. Aphsaur, Dariyapur-Parbati area.
2. Nakhaur-Gonawa area
3. Sitamarhi area
4. Kaoakole area
5. Rajauli area

**Aphsaur, Dariy apur** – parbati area: These vinges come under wagirganj block . All are historical sites. In Aphsaur, a Vishnu temple and a giant state part of a temple which was mentioned by Huen-sang, a Chinese treaveler come to Indian in 623.D (Ramaya-2012).

**Nakhaur- Gonawan area** : Both are situated in the north of Nawada town in Nakhaur, there is a big pond dand a temple was constructed in the centre of the pond. Gonawan is alos a holy place for both sects like Shwetamber and Digram of Jainism.

**Sitamarhi area** : It is situated 9 Km from Hisua. It is farnous for ancient caves. These caves had been sculptured fro Sita by the order of Viswakarma Barati a place where Valmiki used to like in the throne of Sita (O' Molley-2007).

**Kauakole area**: It is famous for Sarvodya Asharm. Besides it there are many springs in valley of Kauakole hills area.

**Rajauli area** : Rajauli is the southenmost part of Nawada district. There are seven mountain ranges in the region. It is said Sringa sage Lived one the most interesting peaks of the mountain named Sringirikh



near the town. Figure no -02

**Taking bath during the Bisua Mela in Kakolat Fall**

**Taking bath during the Bisua Mela in Kalolat Fall**: Kakolat waterfall is one of the best natural beauty sites of Bihar. Pawapuri, Rajgir and Nalanda are also situated within 45 Km radius. Tourists can travel there on the basis of development, safety and accessibility. Aforesaid places are closely related to Buddhist and Jain circuit. These centres are known as Golden Triangle of Bihar Tourism. Besides them, Sarvodaya ashram of Koakole block, Rajgir wild life sanctuary and Jain temple of Gonawan are also the tourist attractive centres of the region.

**Problems of Kakolat fall**: The waterfall has immense scope of development of tourism in the region. But even the infra-structure of tourism has not been developed there. The fall comes under naxal hit area. The road leading to Kakolat from Thali is very precarious condition. There is no any police picket or police Station. Even, the availability of hotel, shopping centre and other recreational centres are not there. In this situation, how can be tourisms industry developed there? The main problems of the waterfall are as follows-

1. The road leading to the Kakolat fall is very precarious condition.
2. The surrounding of the waterfall is naxal infested area.
3. There is no any hotel and restaurant where the tourist can live and enjoy.
4. The settlement area is 2Km away from waterfall.
5. Hospital, police station, electricity and other facilities are not there.
6. The stairs leading to fall is in broken conditions.

Regarding the problems of Kakolat fall, some questions have been asked to tourists on the occasion of Bisua Mela by questionnaire. Information related problems gathered views of tourists are given below:-

**Tabled 1.** Distribution of percentage views of tourists who had come to Kakolat fall on the occasion of Bisua Mela.

| S. No | Problems related to the fall | Percent |
|---|---|---|
| 01 | Naxalism | 32 |
| 02 | Lack of accessibility | 14 |
| 03 | Lack of hotels | 42 |
| 04 | Insecurty | 12 |

**Source :- Personal Observation 14 Apr, 2015**

**Precarious conditions of stairs leading to Kakolat fall**:

It is obviously clear that infra-structure of tourism is the main hurdle of the fall development.42% tourist complaint about the hotels. Second problem is naxalism of the region. 32 per cent visitors state that extremism of left wind is dangerous for the development of fall region. Thirdly, Insecurity is the third important problems of the fall area. About 12 per cent tourist feel insecurity during the journey. 14 per cent tourists accepted the lack of accessibility like roadways, railways and means of communication. In nut shell, it can be said that tourism infra-structure is not there.



**Precarious conditions of stairs leading to Kakolat fall**

**Solution and Conclusion of Kakolat fall:** No doubt, Kakolat is da beautiful waterfall and one of the most visited site in Bihar. But lack of infra – structure such as electricity. Road hospital, security and hotel tourists do not like to visit there. Actually it comes under naxal hit area. So everybody feel unsafe there. The following steps should be taken for the development of the region:-

1. The road which leads to the fall should be repaired as far as possible.
2. The Police station should be set up for safety to tourists.
3. Tourism facilities should be developed there, unless tourists cannot move freely in the region.
4. Local people and the government wing should take essential steps for the ailments of the fall and infra-structure of the tourism.
5. Hotel and hospitals are essentials for the development of the region. So, these facilities should be available there.
6. The step should be implemented for Kakolat fall on the national as well as international tourism map.
7. Para-military base should be camped there for the security of the tourists.
8. Green Hunt Operation should be launched there for cradication of naxalism from the region.
9. Settlement should be started there under the scheme of indira Ayas Yojna near the fall area.

If the state Government sorts out the problems then the tourism scenario may be changed. A day will come then Kakolat will convert as a tourist hub of Bihar.

## II. REFERENCES

[1]. Ataullah, M (2002) – Modern Geography of Bihar, Publication, Ashok Raj path, Patna – 4.

[2]. Buchanan, Francis (2013) – An account of the Districts of Bihar and Patna in dd1811-1812, Dept of Arts, Culture & Youth, Government of Bihar, Patna.

[3]. Nandan, Subodh Kumar (2012) – Tourist sites and Cultural Heritage of Bihar, Prabhat Publication, Delhi.

[4]. O' Molley, L.S.S (2007) – Bengal District Gazetteers, Gaya, Logos Press, New Delhi.

[5]. Ramaiya, Dr. K.P.(2012) – Monuments of Bihar, Dept of Art, Culture and Youth, Govt of Bihar, Patna.

[6]. Sahu, Chote Lal Jee (2007) – An article on Kakolat in Thirthank, Geeta press. Gorakhpur (U.P).

[7]. Singh, Dr. R.L (1971) – India – A Regional Geography, national Geographical Society of India, Varanasi.

[8]. Singh, Dr. R. P (1997) – Modern Geography of Bihar, Hindi Granth Academy, Patna p-61.

[9]. Yojna, Vol-59, May 2015.

[10]. www.kakolat fall encyclopaedia.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# भवभूति के काव्यों में नारी चित्रण



**डॉ० संजीव कुमार**
**प्रवक्ता (हिन्दी)**
**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, भारत।**

**सारांश –** संस्कृत साहित्य में भवभूति का स्थान कालिदास के उपरान्त आता है। भवभूति वैदिक परम्परा के अनुयायी एवं विविध शास्त्रों के प्रकाण्ड ज्ञाता थे। उन्होंने अपने काव्यों में नारी के कोमल हृदय की भावना का चित्रण किया है जो सहृदयों को हठात् अपनी ओर आकर्षित किया है।

**प्रमुख शब्द –** नारी, मालतीमाधव, प्रेम–प्रसंग, संवेदना, नायिका, उत्तररामचरित, महावीरचरित।

---

श्रेष्ठ नाटककारों में कालिदास के उपरान्त अष्टम शताब्दी में भवभूति का स्थान आता है। उन्होंने तीन रूपकों का प्रणयन किया, जिनमें नारियों के मुग्ध स्वभाव, स्नेह–पल्लवन, वैवाहिक कूटनीति और शाश्वत अनुराग अतिशय मुखर हुए हैं।

बेल्वल्कर (1) के इस विचार से प्राय: सभी विद्वान् सहमत हैं कि भवभूति का मालतीमाधव प्रकरण उनकी आत्मकथा का ही नाटकीय रूपान्तरण है। साँवले रंग के भवभूति विदर्भदेशीय राजमंत्री के पुत्र थे। वे पद्मावती (ग्वालियर के समीप पवाया) आकर विद्याध्ययन और वैवाहिक प्रेम–प्रसङ्ग में तल्लीन हो गए तथा अपनी पारदर्शी संवेदनाएँ मालती–माधव आदि रूपकों में अभिव्यक्त किया। रावण के पौराणिक चरित्र तथा नन्दन, भूरिवसु के प्राकरणिक चरित्रों के बीच लोकापवाद से घुटते हुए स्त्री–स्वाभिमान को बचाने के लिए उन्होंने अपनी लेखनी चलाई।

उन्होंने अपने छात्र जीवन में विद्याध्ययन एवं प्रेम–प्रसंगों की कोमल संवेदनाओं का भावुक चित्रण अपनी रचनाओं में किया है। उदाहरणस्वरूप निम्न प्रसंग द्रष्टव्य है –

**परिच्छेदव्यक्तिर्न भवति पुर:स्थेऽपि विषये**
**भवत्यभ्यस्तेऽपि स्मरणमतथाभावविरसम्**
**न सन्तापच्छेदो हिमसरसि वा चन्द्रमसि वा**
**मनो निष्ठाशून्यं भ्रमति च किमप्यालिखति च।** (2)

भवभूति के अपमान से उनके जीवन में निराशा के भाव उत्पन्न हुए थे; जिसका संकेत उन्होंने मालतीमाधव की प्रस्तावना में किया है–

**ये नाम केचिदिह न: प्रथयन्त्यवज्ञां**
**जानन्ति ते किमपि तान्प्रति नैष यत्न:।**
**उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्मा**
**कालो ह्यं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी।।** - 1.6

महाकवि ने अपने रचना-संसार में कन्या, कामिनी, अर्द्धाङ्गिनी, देवी, विहारदासी, कुट्टनी, पिशाची, कापालिकी और सती-असती नारियों के अनेक चित्र अङ्कित किए हैं। यहाँ कामसूत्र के निर्देशवश कन्याएँ ही नहीं अपितु साध्वी बनी प्रौढ महिलाएँ भी घर से दूर जाकर विद्याध्ययन करती वर्णित हैं।(2) कोई स्त्री दौत्यकर्म करती और कोई योगसिद्धि पाकर आकाश में उड़ती हैं। नायिकाओं अथवा आदर्शनारियों की निम्नाङ्कित विशेषताएँ अधिक भास्वर बन पड़ी हैं-

नवयौवनाओं का चातुर्यहीन सौन्दर्य मुग्धा नायिकाओं में होता है। भवभूति की नायिकाएँ प्रौढा होकर भी इस गुण का परित्याग नहीं करतीं। नायिका सीता विवाह, वनवास, परित्याग और पुनः ग्रहण के क्षणों में भी स्वभावतः मुग्धा ही बनी रहती हैं। सरस कदलीगर्भ सी कोमल मालती अत्यन्त उद्वेगजनक क्षण में भी मुग्धता के कारण केवल तीन ही वाक्य अनेक बार बोलती हैं-

**कथमुपहारीकृतास्मि राजस्तातेन। राजाराधनं खलु तातस्य गुरुकम्, न पुनर्मालती।हातात त्वमपि मम नाम, एवमिति सर्वथा जितं भोगतृष्णया?** (3)

महावीरचरित की सीता में इतनी मुग्धता है कि अयोध्या लौटने को पुष्पक पर चढ़कर भी वे पूछती हैं- **अस्माभिः साम्प्रतं क्व प्रस्थीयते?** (4)

वस्तुतः पहले से कही जा रही नारियों की पुष्प जैसी कोमलता भवभूति द्वारा कई बार रेखाङ्कित की गई है-

**कुसुमसमधर्माणो हि योषितः।** (5)
**पुरन्ध्रीणां चित्तं कुसुमसुकुमारं हि भवति।** (6)
**नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा**
**मूर्ध्नि स्थितिर्न चरणैरवताडनानि।** (7)
**नैसर्गिकी सुरभिणः कुसुमस्य सिद्धा**
**मूर्ध्नि स्थितिर्न मुसलैर्बत कुट्टनानि।** (8)

## प्रेम-प्रसङ्ग का चित्रण

कहीं कहीं कामिनियों के बरबस प्रेम प्रसङ्ग भवभूति के नाटकों में प्राप्त होते हैं, जैसे-कटाक्ष निरीक्षण, अर्धरात्रि के उत्सव में सुरापान और चिन्तन में प्रिय-समागम का अनुभव। कवि की मान्यता है कि दो हृदयों के मेल से उत्पन्न होने वाल प्रेम स्वाभाविक और स्वार्थरहित होता है-

**हृदयं त्वेव जानाति प्रीतियोगं परस्परम्।** [9]

**वैवाहिक कूटनीति के प्रसङ्ग -** चिरण्टी कामिनियों के विवाह–निर्धारण में विविध क्लेश, निराशा, छल और कलह होते हैं। महावीरचरित में वैवाहिक बदले की भावना से राम के वनवास की कुटनीति रावण–पक्षीय दुरभिसन्धि का पहली बार साहित्य में वर्णन हुआ है। यहाँ शूर्पणखा मन्थरा के शरीर में प्रवेश कर सिद्धाश्रम पहुँचती और कैकेयी का कृत्रिम पत्र दिखाकर राम को सीता और लक्ष्मण के साथ वन निर्वासित करा देती है। वन में राम को देखकर वह शृङ्गारोन्मुख होती है। शूर्पणखा की राम में आसक्ति एवं राम के द्वारा विवाह की अस्वीकृति एवं लक्ष्मण के द्वारा शूर्पणखा की नासिका काटे जाने के उपरान्त की घटनाओं के परिणामस्वरूप राम–रावण युद्ध एवं सीता – निर्वासन की घटना घटित होती है।

मालतीमाधवम् नाटक में नायिका मालती युवा माधव से प्रेम करती है, पर उसका पिता राजाज्ञा–वश उसे अधेड़ वय के नन्दन से विवाह करना चाहता है। राजाज्ञा बदलवाने की प्रक्रिया में अनेक विचित्र घटनाएँ घटती हैं; यथा – बाघ से लड़ाई, मालती के बलिदान का उपक्रम, नरमांस का विक्रय, स्त्री बने पुरुष से पुरुष का विवाह, आत्महत्या की चेष्टा, अघोर साधना, परिवर्तित वेष वाली कन्या, वर का मिलन और युद्ध आदि। यह सरस, अद्भुत और चटख सन्दर्भों का प्रकरण सचमुच भवभूति की अनुभूत जीवनी के समान है।

**शाश्वत अनुरागवती नायिकायें -** महाकवि की नायिकाएँ एक जन्म ही नहीं, हर जन्म साथ रहने वाले शाश्वत अनुराग का प्रतिनिधित्व करती हैं। जो पास रहकर विकसित कमल के आभ्यन्तर स्पर्श का सुख देती, आंगन की लक्ष्मी, आँखों की अमृत शलाका और अङ्गों में चन्दन–लेप सी प्रतीत होती हैं, वे ही दूर जा कर पति को ऐसे अनुभव देती हैं मानो उसका हृदय प्रचण्ड अग्नि में संतप्त हो रहा है, शरीर लकड़ी का बन गया है और संसार उजड़े जंगल हो गया है। इस प्रसंग में मालती की कामना का वर्णन पठनीय है –

**माधव! परलोकगतोऽपि युष्माभिः स्मर्तव्योऽयं जनः।**
**न खलु स उपरतो यस्य वल्लभः स्मरति।** [10]
**सीता का दृढ विश्वास अवलोकनीय है-**
**स्थिरप्रसादा यूयम्, इत इदानीं किमपरम्?** [11]

उत्तररामचरित के तृतीय अंक में राम के स्पर्श से पुलकित अदृश्य सीता में स्वेद, रोमांच और कम्पन के अनुभाव प्रकट होने पर कवि उसकी तुलना करते हुए कहते है कि वह वायु से हिलायी गई, जलबिन्दुओं से सिक्त तथा स्फुट कलिकाओं से युक्त कदम्ब की डाली के समान प्रतीत हो रही है –

**सस्वेद-रोमाञ्चित-कम्पिताङ्गी जाता प्रियस्पर्शसुखेन वत्सा।**
**मरुन्नवाम्भः प्रतिधूतसिक्ता कदम्बयष्टिः स्फुटकोरकेव॥** [12]

जीवन के उत्तरार्ध में शैव मान्यताओं के साथ कन्नौज में रहते हुए इस स्त्री विषयक जिस शाश्वत संवेदना का भवभूति को ज्ञान प्राप्त हुआ, वह आज तक साहित्य मर्मज्ञों के लिए स्मरणीय है।

कुल मिलाकर भवभूति संस्कृत भाषा के अमर कवि एवं नाटककार हैं, जिन्होंने अपनी रचनाओं के द्वारा करूण रस के साथ साथ नारी के कोमल भावनाओं के चित्रण में सफल रहे हैं। भगवान् राम को सीता के वियोग में व्याकुल दिखाना वस्तुत: सीता की अपूर्वता है। इसप्रकार हम करूण में भी नारी के कोमल सौन्दर्य की कल्पना कर सकते हैं।

## सन्दर्भ सूची

1. S. K. Belvalkar, Rama's Later History. Introduction P.XXXVII
2. मालतीमाधव 1.32
3. मालतीमाधव पृ॰ – 108
4. महावीर॰ पृ॰ 305
5. मालती॰ पृ॰ 308
6. उत्तर॰ 4.12
7. उत्तर॰ 1.14
8. मालती॰ 9.51
9. उत्तर॰ 6.32
10. मालती॰ पृ॰ 237
11. उत्तर॰ पृ॰ 87
12. उत्तर॰ 3.42

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# वैशेषिक दर्शन में समवाय और उसके विषय में श्रीवल्लभाचार्य का दृष्टिकोण



डॉ0उधम मौर्य
(भूतपूर्व शोधछात्र)
दर्शन एवं धर्म विभाग, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी,उत्तर प्रदेश,भारत।

**सारांशा :** समवाय संयोग के समान ही एक सम्बन्ध है। क्योंकि यह भी विशोष्यविशोषण भाव का नियामक है। मर्हिष कणाद का मत है कि कारण और कार्य में जो सम्बन्ध है, वही समवाय है। आचार्य श्रीवल्लभ का मत है कि जो विशिाष्ट व्यवहार भावमात्रविषयक होता है तथा अबाधित होता है, वह सम्बन्ध–नियत होता है। गोत्व जाति का समवाय सम्बन्ध रहने ही पिण्ड विशोष को गो शब्द से व्यहृत करते हैं। गोत्व का यह वैशिाष्ट्य ही समवाय की नियमन सत् के द्वारा गो, व्यक्तियों में गोत्व के अवभास को उत्पन्न करता हैं। तात्पर्य यह है कि समवाय यद्यपि एक है फिर भी अपने विशोष में ही विशोष समय में रहने के स्वभाव के कारण जिस समय जहाँ गोत्व की सत्ता रहती है, वही गौः इस प्रतीति को उत्पन्न करता है अर्थात् जहाँ जिस अधिकरण में गोत्व का अत्यन्ताभाव है वहाँ ''अयं गौः'' इस प्रकार की प्रतीति को वह उत्पन्न नहीं करता। समवाय में जो अधिकरण विशोष में, समय विशोष गोत्व को अवभासित करने की शक्ति है, वही समवाय की गोत्व व्यंजिका शक्ति है।

**मुख्य शब्द** : द्विपृथकत्व, विशोषणता और विशोष्यता, 'स्वात्मगतसंवेदनाभावाच्च', आश्रयीभूत।

भारतीय दार्शनिक सम्प्रदायों में वैशेषिक दर्शन का स्थान अन्यतम है। यह सात पदार्थों को मानता है। इस दर्शन का आरम्भ 'धर्म' व्याख्या की प्रतिज्ञा से हुआ है। सभी प्रकार के ऐहिक और पारलौकिक इष्टों और मोक्ष के साधन को ही इस दर्शन में धर्म कहा गया है। यह धर्म (1) प्रवृत्तिलक्षण और (2) निवृत्तिलक्षण से दो प्रकार का है। प्रवृत्तिलक्षण धर्म से ऐहिक तथा पारलौकिक स्वर्गादि सुखों की प्राप्ति होती है एवं निवृतिलक्षण रूप 'विशेष' धर्म के द्वारा (1) द्रव्य (2) गुण (3) कर्म (4) सामान्य (5) विशेष (6) समवाय और (7) अभाव। इन सात पदार्थों का साधर्म्य और वैध रूप से तत्त्वज्ञान उत्पन्न होता है, उसी से मुक्ति होती है। यद्यपि 'आत्मा वारे श्रोतव्यः तमेव विदित्वा अतिमृत्युमेति' इत्यादि श्रुतियों के द्वारा आत्म तत्त्व ज्ञान को ही मोक्ष का कारण माना गया है, किन्तु आत्मा को अच्छी तरह से समझने के लिए भी संसार के और सभी पदार्थों को समझना आवश्यक है। संसार की प्रत्येक वस्तु अन्य सभी वस्तुओं के साथ किसी न किसी प्रकार सादृश्य या आसादृश्य से युक्त है, अतः परस्पर सम्बद्ध है। अतः एक

वस्तु को समझने के लिए और सभी वस्तुओं को समझना आवश्यक है। अतः महर्षि कणाद ने समझने की सुविधा के लिए जगत् को द्रव्यादि सात भागों में विभक्त किया है।

आचार्य श्रीवल्लभ न्याय–वैशेषिक के 12वीं शताब्दी के विद्वान है, जिन्होंने न्यायलीलावती नामक ग्रंथ की रचना की है। न्यायलीलावती में अन्य दार्शनिक सम्प्रदायों के सिद्धान्तों का खण्डन करते हुए, आचार्य श्रीवल्लभ ने न्याय–वैशेषिक के सिद्धान्तों का अपने तार्किक युक्तियों के द्वारा प्रतिपादित किया है। जैसे द्रव्यादि प्रक्रिया के परिच्छेद में सिंहावलोकन न्याय से द्वयणुकसिद्धि में आने वाले आक्षेपों के समाधानपरक युक्तियों तथा पिठरपाक पर आक्षेप करने वाली युक्तियों का प्रदर्शन करते हुए पाकज प्रक्रिया का वर्णन , द्विपृथकत्व की सिद्धि के लिए पृथकत्व प्रक्रिया का तथा संयोग, विभागादि के परीक्षण के लिए पुनः संयोग से लेकर संस्कार तक की प्रक्रिया का प्रदर्शन करना, आचार्य श्रीवल्लभ का वैशिष्ट्य है। इसी प्रकार समवाय परीक्षा में विशेषणता और विशेष्यता का स्थल विशेष में अन्तर्भाव होने से स्वरूप भेद का कथन करते हुए वैशेषिक दर्शन में समवाय को अप्रत्यक्ष स्वीकार करने पर भी समान तन्त्र षोडश–पदार्थवादी न्याय मत का आश्रय लेकर महान् आडम्बर के साथ विभाग परिच्छेद में जो समवाय का प्रत्यक्षत्व सिद्ध किया गया है, वह न्यायलीलावती का अत्यन्त उपादेय तथा वैदग्धविधायक भाग विशेष है।

समवाय वैशेषिक दर्शन का छठा पदार्थ है। संयोग की तरह समवाय सम्बन्ध रूप है, क्योंकि यह भी विशेष्यविशेषण भाव का नियामक है। संयोग सम्बन्ध से समवाय सम्बन्ध में अन्तर यह है कि यह अपने आधार और आधेय इन दोनों में से एक के विनष्ट होने तक बना रहता है जबकि संयोग में ऐसा नहीं है। महर्षि कणाद समवाय को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'यहाँ यह है इस प्रकार कार्य और कारण में जो सम्बन्ध है, वही समवाय सम्बन्ध है'।[1] शंकर मिश्र का मत है कि समवाय एक है क्योंकि समवाय के अनेकत्व का साधक कोई लिंग ही नहीं है।[2] आचार्य प्रशस्तपाद का मत है कि 'दो अयुतसिद्धों का, जिसमें एक आश्रय एवं दूसरा आश्रित हो, जो सम्बन्ध यह (आश्रित) यहाँ (आश्रय) में है' इस प्रकार के प्रत्यक्ष का कारण हो, वही सम्बन्ध समवाय है।[3] समवाय की सत्ता को प्रमाणित करने आचार्य प्रशस्तपाद यह युक्ति देते हैं कि ''इस कुण्ड में दधि है'' यह प्रतीति दक्षि और कुण्ड में संयोग सम्बन्ध होने पर ही होती है, उसी प्रकार ''इन तन्तुओं में पट है'', ''इस द्रव्य में गुण व कर्म है'' इत्यादि प्रतीतियों के सिवाय इन आधार और आधेयों में भी कोई सम्बन्ध अवश्य होना चाहिए और वही सम्बन्ध समवाय है। संयोग की तरह यह समवाय अनेक भी नहीं है क्योंकि जिस प्रकार द्रव्य, गुण और कर्म सभी में 'यह सत् है' इस सामान्य आकार की प्रतीति होती है और इसलिए द्रव्य, गुण और कर्म तीनों में रहने वाला सत्ता नाम का सामान्य एक ही है, उसी प्रकार द्रव्यादि अपने अनुयोगियों में अपने प्रतियागियों का 'यह यहाँ है' इस एक प्रकार की प्रतीति का कारण होने से समवाय भी एक है। समवाय में अवान्तर भेद का ज्ञापक कोई प्रमाण भी उपलब्ध नहीं होता है। अतः अपने सभी अनुयोगियों में रहने वाला समवाय एक ही है।[4] सम्बन्धियों के अनित्य होने पर भी संयोग की तरह समवाय अनित्य नहीं है क्योंकि सत्ता जाति की तरह वह भी अकारण है।[5]

समवाय को अतीन्द्रिय सिद्ध करते हुए आचार्य प्रशस्तपाद कहते हैं कि प्रत्यक्ष होने वाले घटादि पदार्थों में सत्ता आदि सामान्यों की जिस प्रकार स्वभिन्न समवाय नाम की वृत्ति है, ऐसी समवाय में नहीं है। दूसरी बात , संयोगादि की तरह अनुयोगी और प्रतियोगी से भिन्न ''यह नहीं है'' इस प्रकार की बुद्धि से समवाय का अनुमान होता है।[6] न्यायकन्दलीकार कहते हैं कि इसी को स्पष्ट करने के लिए भाष्यकार ने 'स्वात्मगतसंवेदनाभावाच्च' यह पद दिया है। अर्थात् जिस प्रकार इन्द्रियों से संयोग का ग्रहण होता है, उसी प्रकार इन्द्रियों से समवाय का ग्रहण नहीं होता है क्योंकि दोनों सम्बन्धियों की उपलब्धि ऐक्यबद्ध होकर होती है। तात्पर्य यह है कि सम्बन्ध के प्रत्यक्ष के लिए दोनों सम्बन्धियों का स्वतन्त्र रूप से प्रत्यक्ष होना आवश्यक है किन्तु समवाय की सत्त्वदशा में उसके सम्बन्धियों की पृथक् रू‍प से उपलब्धि नहीं होती है। अतः समवाय अतीन्द्रिय है और इसलिए वह ''इह बुद्धि'' से अनुमेत भी है।[7]

**श्रीवल्लभाचार्य का समवाय विषयक मत :** समवाय पदार्थ के प्रसंग में अनुमान प्रस्तुत करते हुए न्यायलीलावतीकार श्रीवल्लभ कहते हैं कि जो विशिष्ट व्यवहार भावमात्रविषयक होता है तथा अबाधित होता है, वह सम्बन्ध–नियत होता है अर्थात् ''सघटं भूतलम'' इस प्रकार का विशिष्ट व्यवहार। उसी प्रकार ''इह गवि गोत्वम्'' इत्यादि जात्यादि गोचर व्यवहार भी चूँकि भावमात्र विषयक है एवं उनका कोई बाधक ज्ञान भी नहीं है। अतः इनमें भी नियमतः विशेष्य और विशेषण का सम्बन्ध अवश्य भाषित होता है।[8] किन्तु ''सघटं भूतलम'' इत्यादि व्यवहारों में भाषित होने वाला संयोग सम्बन्ध का भान चूँकि ''इह गवि गोत्वम्'' इत्यादि जात्यादि गोचर विशिष्ट व्यवहारों में बाधित है, अतः उन विशिष्ट व्यवहारों में भाषित होने वाले सम्बन्ध का पर्यवसान समवाय में होता है।

''गोत्वसम्बन्धी'' स्थलों के समान ''जातिवद्द्रव्यम्'' ''गुणवद्द्रव्यम्'' ''क्रियावद्द्रव्यम्'' इत्यादि विशिष्ट प्रतियोगियों में संयोग का आरोप नहीं माना सकता क्योंकि (1) संयोग चूँकि दो द्रव्यों में होता है, किसी एक के भी अद्रव्य होने से संयोग नहीं होता, इसलिए जाति और द्रव्य में संयोग का आरोप संभव नहीं है। (2) संयोग सम्बन्ध युतसिद्धों में ही होता है। जाति और जातिमत् दोनों युत–सिद्ध नहीं है किन्तु अयुतसिद्ध है। अतः इन दोनों में संयोग सम्बन्ध नहीं हो सकता। अतः ''जातिवद्द्रव्यम्'' इत्यादि प्रतीतियों में संयोग का आरोप नहीं स्वीकार किया जा सकता।[9]

यदि जातिवद्द्रव्यम् इत्यादि स्थलों में समवाय का ही आरोप होता है तो आरोप के लिए तो आरोप्य का धर्मी का रहना आवश्यक नहीं है। अतः यह आपत्ति दी जा सकती है कि घट में गोत्व के समवाय का आरोप नहीं होता? सिद्धान्ती श्रीवल्लभ इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि आरोप की उत्पादिका एक प्रकार की विचित्र शक्ति होती है। शक्ति की इसी विचित्रता से ही समवाय के नियमित द्रव्यादि सम्बन्धी में समवाय का आरोप होता है, सर्वत्र नहीं। जैसे कि अपने शरीर में ही आत्मा का आरोप होता है, वृक्षादि में नहीं। अथवा एक ही चन्द्रमा का द्वित्व का आरोप होता है।[10] यहाँ यह कहा जा सकता है कि जिस प्रकार ''गौरयम्'' इस स्थल में गोत्व और पुरिवर्तित्व दोनों के एक

ही अधिकरण गो पदार्थ में अनुभव से गो और इदम् पदार्थ स्वरूप गो इन दोनों में, इनसे भिन्न समवाय नामक एक सम्बन्ध की कल्पना होती है,[11] उसी प्रकार ''ज्ञातोऽयं घटं'' इस सामानाधिकरण्य की प्रतीति से ज्ञान और अथ। इन दोनों के स्वरूप से भिन्न एक सम्बन्ध की कल्पना की जा सकती है।[12] इस आक्षेप का उत्तर देते हुए आचार्य श्रीवल्लभ कहते हैं कि ज्ञान में भाषित होने वाले अर्थ अतीत, अनागत और वर्तमान भेद से तीन प्रकार के है, उनमें से पहले दो प्रकार के अर्थों के साथ ज्ञान सम्बन्ध सम्भव ही नहीं है क्योंकि अविद्यमान वस्तुओं के साथ किसी प्रकार का सम्बन्ध स्थापित नहीं हो सकता है। अतः वर्तमान वस्तुओं के साथ ज्ञान का सम्बन्ध सम्भव होने पर भी अविद्यमान वस्तुओं के ज्ञान सम्बन्धी न्याय से यह निष्कर्ष निकलता है कि ज्ञान का विषय के साथ स्वरूप के अतिरिक्त कोई अन्य सम्बन्ध नहीं है।

आचार्य श्रीवल्लभ वैशेषिक के समवाय के अनुमान सम्बन्धी विचार की समीक्षा करते हुए कहते हैं कि जात्यादि अपने आश्रयीभूत द्रव्यादि के साथ सम्बद्ध है, एवं स्वाश्रयीभूत द्रव्यादि भिन्न सामान्यादि के साथ सम्बद्ध नहीं है, इस अनुभव के बल पर विशेषण और विशेष्य इन दोनों से भिन्न बोध के लिए किसी अन्य सहायक की अपेक्षा करते हैं, वह सहायक ही समवाय है।[13] अन्यथा अर्थात् गोत्व जाति के आश्रयीभूत गो के साथ गोत्व जाति का कोई विशेष सम्बन्ध न माने तो गो में जो ''अयं गौः'' इस प्रकार की प्रतीति होती है एवं महिषादि में उससे भिन्न ''अय मगौः'' इस आकार की प्रतीति है, वह नहीं हो सकेगी क्योंकि गो और महिषादि में गोत्व का असम्बन्ध बराबर है। फलतः या तो गौ महिषादि साधारण सर्वत्र ''अयं गौः'' इसी प्रकार की प्रतीति होगी। प्रतीति की विचित्रता के कारण ही जात्यादि गोचर विशिष्ट बुद्धि में विशेष्य–विशेषण भाव ले, अतिरिक्त समवाय सम्बन्ध की अपेक्षा अवश्य होती है।[14] जाति और जातिभान् द्रव्य और गुण, क्रिया एवं क्रियावान इत्यादि स्थलों में जो समवाय का भान होता है, उसके लिए विशेष्य–विशेषणभाव नामक स्वरूप सम्बन्ध को छोड़कर किसी अन्य सम्बन्ध का भान नहीं होता है। अतः अनवस्थारूप तर्क के भय से स्वरूप सम्बन्ध से ही समवाय विषयक प्रतीति की उपपत्ति हो जायेगी।

निष्कर्ष रूप में आचार्य श्रीवल्लभ समवाय सम्बन्ध के विषय में कहते हैं कि गोत्व जाति का समवाय सम्बन्ध रहने ही पिण्ड विशेष को गो शब्द से व्यहृत करते हैं। गोत्व का यह वैशिष्ट्य ही समवाय की नियमन सत् के द्वारा गो, व्यक्तियों में गोत्व के अवभास को उत्पन्न करता हैं। तात्पर्य यह है कि समवाय यद्यपि एक है फिर भी अपने विशेष में ही विशेष समय में रहने के स्वभाव के कारण जिस समय जहाँ गोत्व की सत्ता रहती है, वही गौः इस प्रतीति को उत्पन्न करता है अर्थात् जहाँ जिस अधिकरण में गोत्व का अत्यन्ताभाव है वहाँ ''अयं गौः'' इस प्रकार की प्रतीति को वह उत्पन्न नहीं करता। समवाय में जो अधिकरण विशेष में, समय विशेष गोत्व को अवभासित करने की शक्ति है, वही समवाय की गोत्व व्यंजिका शक्ति है। यही गोत्व व्यंजिका शक्ति गो विषयक विभिन्न प्रत्ययों में एक धर्माधिष्ठानत्व एकाकारत्व रूप से अनुभूत होता है। अतः विभिन्न गो व्यक्तियों में एक समवाय के द्वारा ''अयं गौः'' इस प्रकार की प्रतीति उत्पन्न होती है।

**संदर्भ–**


1. इहेदमिति यतः कार्यकारणयोः स समवायः। वैशेषिकसूत्र 7/2/26
2. 7/2/26 पर शंकर मिश्र का उपस्कार
3. अयुतसिद्धनामाधार्याधारभूतानां यःसम्बन्धः इह प्रत्यक्ष हेतुः स समवायः। प्र0भाष्य पृ0 773
4. वही– 777
5. सम्बन्ध्यनित्यत्वेऽपि न संयोगवदनित्यत्वं भाववदकारणत्वात्। वही– पृष्ठ 782
6. वही– 784–785
7. न्यायकन्दली, वाराणसी 1997, पृ0 784–785
8. न्यायकन्दली, पृ0 708–10
9. वही– पृ0 719
10. वही पृ0 719–20
11. संसृष्टासंसृष्टत्वजिज्ञासायां सत्यां भेदारोप एव सम्बद्धत्वारोपः। वही– पृ 720
12. ज्ञातोऽयं घट इत्यत्रापि सामानाधिकरण्यबोधवलेन सम्बन्धप्रसक्तिरिति चेत्। वही– पृ0720
13. वही– पृ0 721
14. अन्यथा विचित्रप्रत्ययानुपपत्तेः। न्यायलीलावती– पृ 721–22

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# न्यायदर्शन में वाचस्पति मिश्र का स्थान



**डॉ. दिनेश कुमार झा**
**ग्रा.पो. अंधराठाढी, जि. मधुबनी, बिहार, भारत।**

**सारांश -** आस्तिक दर्शनों का उद्धार करने के कारण वाचस्पति का ऋण भारतीय संस्कृति के अनुगामियों पर है किन्तु जैसी विकट परिस्थिति में शताब्दियों से प्रताड़ित और उपेक्षित न्यायदर्शन का उन्होंने उद्धार किया उसका ऋण सर्वाधिक है। अतः वैदिक संस्कृति संरक्षको के शिरोमणि वाचस्पति को कहने में कोई अत्युक्ति नहीं मालूम पड़ती।

**मुख्य शब्द -** न्यायदर्शन, वाचस्पति मिश्र, भारतीय संस्कृति, आस्तिक दर्शन।

भारतीय दर्शन के इतिहास में समय- समय पर ऐसे महामनीषियों का आर्विभाव हुआ, जिन्होंने शताब्दियों से आने वाली दर्शनशास्त्र की विकृतियों को परमार्जित कर अपना युक्तिपूर्ण ऐसा अनुपम विचार उनमे ग्रथित किया कि जिसका प्रभाव सहस्राब्दियों तक दर्शन एवं जनजीवन में भी लहराता रहा। ऐसे महामनीषियों के मुकुटमणि सर्वतन्त्र स्वतन्त्र प्रातःस्मरणीय वाचस्पति मिश्र ने 'अष्टम शताब्दी में अपने पुनीत जन्म से मिथिला प्रदेशान्तर्गत 'अन्धराठाढ़ी' ग्राम को गौरवान्वित किया। जिनके तपःपूत ज्ञान की सुगन्ध से भारत ही नहीं सारा विश्व सुवासित हुआ।

यद्यपि भारत आध्यात्मिक देश है। इसके सभी प्रदेश में आध्यात्मिक ज्ञान की चर्चा हुई। बड़े-बड़े विचारक पैदा हुए किन्तु उसका प्रधान केन्द्र मिथिला प्रदेश ही रहा, यह निर्विवाद सत्य है।

इसका कारण यह था कि इस प्रदेश के नरेश एक विशिष्ट वीतराग कर्मपरायण आध्यात्मिक पुरुष थे। जो अपनी सभा में सम्पूर्ण भारत के ज्ञानियों को बुलाकर

ब्रह्मज्ञान का वैचारिक मन्थन करवाते थे। एवं श्रेष्ठ तत्त्वज्ञानियों को पुरस्कार भी देते थे। फलस्वरूप राजा जनक का दरबार आध्यात्म ज्ञानियों का केन्द्र बना रहा और यहाँ के सभी नागरिक श्रेष्ठतत्त्वज्ञानी हो गये। जिस का प्रमाण वेद महाभारत तथा भागवत में मिलता है। राजा जनक की आध्यात्मिक मनोवृत्ति के कारण वैदिक धर्म की नींव मिथिला में बहुत गहराई तक पहुँच गई। बहुत सी वैदिक ऋचाओं की रचना हुई और मानव को सुमर्यादित रखने के लिए धर्मशास्त्र की।

गौतम ने आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करने के लिए तर्कशास्त्र का जन्म दिया तो जैमिनी ने मीमांसा शास्त्र का। मीमांसाशास्त्र का कार्य यह है कि वेदों में भिन्न-भिन्न ऋचाओं में स्थूलदृष्टि से देखने पर जो विरोध जैसा मालूम पड़ता है, सूक्ष्मदृष्टि से उस विरोधाभास को दूर करते हुए उन ऋचाओं का तात्पर्य निकालना न्यायदर्शन का कार्य है- आत्मा, ईश्वर, परलोक, पाप और पुण्य आदि वैदिक मान्यताओं को तर्क से सिद्ध करना।

न्यायदर्शन के प्रणेता महर्षि गौतम मिथिला निवासी थे और राजा जनक के पुरोहित थे इसका पता पुराणों से स्पष्ट होता है।

**आसीत् ब्रह्मपरी नाम्ना मिथिलायां विराजिता।**

**तस्यां विराजते नित्यं गौतमो नाम तापसः।। (स्कन्द पुराण)**

न्यायशास्त्र के रचयिता गौतम की आवासभूमि के कारण मिथिला में जिस तरह न्याय के अध्ययनाध्यापन की विशिष्टाएँ थीं उसी तरह यहाँ मीमांसा शास्त्र की भी विशेषता रही। अतः किसी कवि ने मिथिला की परिभाषा करते हुए कहा- 'जहाँ पर मीमांसा और न्याय के साथ वेदाध्ययन में निपुण पण्डित की मण्डली हो वह मिथिला है।'

**"मीमांसा न्यायवेदाध्ययनपटुतरैः पण्डितैर्मण्डिता या।"**

मिथिला में वैदिक मान्यता के सुस्थिर होने के बहुत बाद इनमें कुछ कमियाँ हो गई जैसा कि प्रत्येक मान्यता के बाद युग में हो जाता है। उसकी प्रतिक्रिया में मिथिला प्रदेश के पड़ोस में दो ऐसे महापुरुषों के आविर्भाव हुए, जिन्होंने वैदिक मान्यताओं से भिन्न अपनी मान्यताएँ चलाई।

भगवान् बुद्ध और महावीर की मान्यताओं से वैदिक मान्यताओं का संघर्ष होने लगा। मिथिला के मनीषियों ने वैदिक मान्यताओं को सुरक्षित रखने के लिए ब्रह्मशास्त्र और पाशुपतास्त्र के समान न्याय और मीमांसा दर्शनों को विकसित कर उपर्युक्त दोनों मान्यताओं से वैदिक मान्यता को सुरक्षा की।

सभी आस्तिक दर्शनों में मीमांसा और न्याय बौद्धों के प्रबल प्रतिपक्षी थे। उसमें भी न्याय दर्शन के साथ बौद्ध विद्वानों का जितना बड़ा वैचारिक संघर्ष हुआ उतना अन्य दर्शनों के साथ नहीं। नागार्जुन और दिङ्नाग नामक विशिष्ट बौद्ध विद्वानों ने वेद के रक्षक वैदिक न्यायदर्शन को देखकर बौद्धधर्म की मान्यताओं को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धन्यायदर्शन का शिलान्यास किया और वात्सायनभाष्य का खण्डन किया तो इधर वैदिक विद्वानों में से नैयायिक प्रवर उद्योतकराचार्य ने दिङ्नाग के मतों का खण्डन करते हुए न्यायभाष्य की ‘‘न्यायवार्तिक’’ नाम की व्याख्या लिखी। उधर बौद्ध विद्वानों के बीच से धर्मकीर्ति वसुबन्धु, शान्तरक्षित आदि बौद्धनैयायिकों ने उद्योतकर रचित वार्तिक ग्रन्थ का खण्डन किया।

बौद्धों के प्रबलतम प्रयास से वैदिकन्यायशास्त्र की विचारधारा जब कि धूमिल हो गई, वेद के महान रक्षक न्यायदर्शन के क्षोणप्रभ हो जाने से वैदिक मान्यताएँ लड़खड़ाने लगी, ऐसे ही संकट के समय में महादार्शनिक वाचस्पतिमिश्र का आविर्भाव हुआ। उन्होंने देखा कि बौद्ध विद्वान न केवल अपनी युक्ति से न्यायदर्शन को दुर्बल बनाते हैं, प्रत्युत गौतमसूत्र का पाठ भ्रष्ट कर उससे अपना सिद्धान्त समर्थित तरते हैं। संस्कृत में विरामचिहन् का प्रचार नहीं रहने के कारण गौतमसूत्र में आसानी से थोड़ा हेर-फेर कर उससे भी बौद्ध विद्वान अपनी मान्यता को सिद्ध करते थे तथा वैदिक मान्यता को दुर्बल बनाते थे। अतः वाचस्पति मिश्र ने गौतम-प्रणीत न्यायसूत्र पाठ को परिशुद्ध करने के उद्देश्य से इस तरह का एक ग्रन्थ बनाया जिसमें उन्होंने लिखा कि प्रत्येक अध्याय में कितने सूत्र है। सूत्र में कितने पद हैं और पदों में कितने अक्षर है। गौतम सूत्र का परिष्कृत पाठ उपलब्ध हो जाने से अक्षरों के परिवर्तन से मनमाना अर्थ निकालना

असम्भव हो गया। न्यायसूची निबन्ध नैयायिकों के लिए बड़ा उपकारक है 'न्यायसूची निबन्ध' यदि वाचस्पति मिश्र नहीं बनाते तो न्यायशास्त्र लुप्त सा हो जाता।

न्यायसूची निबन्ध की रचना के बाद मिश्र जी ने न्यायसूत्र के भाष्य और वार्तिक पर बौद्ध विद्वानों के आक्षेपो का खण्डन करने का लोकोत्तर प्रशंसनीय प्रयत्न किया। न्यायवार्तिक अपने समय में सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ था, उद्योतकराचार्य ने उस ग्रन्थ में बौद्धादि सभी विरुद्ध सिद्धान्तों का प्रबल तर्क से खण्डन करते हुये न्यायशास्त्र के सर्वोत्कृष्ट विशुद्ध सम्प्रदाय की स्थापना के द्वारा वैदिक विचारधारा की संपुष्टि की। जैसा कि न्यायवार्तिक तात्पर्यटीका की अवतरणिका में वाचस्पतिमिश्र लिखते हैं-

**"यद्यपि भाष्यकृता कृतव्युत्पादनमेतत् तथापि दिघनागप्रभृतिभिरर्वाचीनैः कुहेतुसन्तमससमुत्थानेनाच्छादितं शास्त्रं तत्त्वनिर्णयाय न पर्याप्तमित्युद्योतकरेण स्वनिबन्धोद्योतेन तदपनीयत् इति।"** अर्थात् यद्यपि न्यायभाष्यकार वात्स्यायन ने अपने भाष्य के द्वारा न्यायशास्त्र को सुव्यवस्थित किया, तथापि दिङ्नाग प्रभृति कुतार्किकों कुहेतु रूपी निबिड़ अन्धकार से न्यायशास्त्र को आच्छादित कर दिया। अतः न्यायशास्त्र तत्त्वनिर्णय के लिए पर्याप्त नहीं रहा इसलिये उद्योतकर ने अपने निबन्ध (ग्रन्थ)रूपी उद्योत (प्रकाश) से उस सघन रूपी अंधकार को दूर करते है 'न्यायवार्तिक' के यौक्तिक आलोक से वैदिक मान्यता फिर से चमकने तो लगी किन्तु पीछे धर्मकीर्ति और धर्मोत्तर प्रभृति महान बौद्ध नैयायिकों के द्वारा प्रबलतम प्रयास से न्यायवार्तिक इस तरह जर्जर कर दिया गया जिससे उद्योतकर का सम्प्रदाय लुप्त सा हो गया और पुनः वैदिक संस्कृति घोर संकटाकर्ण हुई तथा, बौद्ध संस्कृति ने वैदिक संस्कृति को सर्वतोभावेन उदरस्थ सा कर लिया। वैदिक संस्कृति के सौभाग्य से कुमारिल, मण्डन और शंकर जैसे सरस्वती के सुपुत्रों की मीमांसा और वेदान्त की प्रबलतम युक्ति से बौद्ध संस्कृति की उदर-दरी से वैदिक संस्कृति निकाली तो गई किन्तु शताब्दियों तक बौद्धसंस्कृति की उदर-दरी की जठरानल-ज्वाला से झुलसी हुई और बौद्ध विद्वानों से भयभीत सी वैदिक संस्कृति कातर नयनों से अपने संरक्षकों एवं पोषकों की प्रतीक्षा में थी। वैदिक संस्कृति

का समूलोन्मूलन करने वाले बौद्ध विद्वानों की लड़ी लगी हुई थी। सहस्रवादियों के प्रहार से जीर्ण-शीर्ण वैदिक संस्कृति को अधिक आघात सहने का सामर्थ्य भी नहीं था। ऐसे ही भयानक संकट के समय सांस्कृतिक संग्राम के सेनानी के रूप में मिथिला ने सर्वाधिक सशक्त अपने सुपुत्र वाचस्पति को रणाङ्गण में उपस्थित किया। जिससे न केवल वैदिक संस्कृति का भयावना संकट ही टला प्रत्युत वह इतनी पुष्ट एवं सशक्त हुई कि बौद्ध संस्कृति को निगल कर पचाने लगी। सफल सेनापति की सूक्ष्म दृष्टि उस तरह को अपनी दुर्बलता पर पहुँच जाती है जिसे दूर करने पर दुश्मन स्वयं दूर भाग जाते हैं।

वाचस्पति ने देखा कि तर्कसिद्ध वस्तु पर विश्वास करना मानव का स्वभाव है। जब तक तर्कशास्त्र सशक्त नहीं होगा और तर्क से वैदिक मान्यता सिद्ध नहीं की जाएगी तब तक जनमानस में वेद की मान्यता की सुस्थिरता नहीं होगी। अतः न्यायवार्तिक की तात्पर्यटीका के द्वारा न्यायशास्त्र शताब्दियों से आई हुई आपत्तियों को दूर कर उन्होंने न्यायशास्त्र रहस्योद्घाटन करते हुए उद्योतकराचार्य के सम्प्रदाय का समुद्धार किया।

अतएव तात्पर्यटीका के मङ्गलश्लोक में वाचस्पति मिश्र ने कहा कि न्यायवार्तिक की व्याख्या के बहाने सभी दूषणों को दूर करनेवाली न्यायवार्तिक तात्पर्यटीका मुझ से बनेगी। दुस्तर वेद विरुद्ध पुस्तक पंक में डुबी हुई उद्योतकर की वाणी रूपी अत्यन्त वृद्धा गाय का उद्धार करने से मैं अनिर्वचनीय पुण्य को चाहता हूँ।

तात्पर्य यह है कि उद्योतकर के सम्प्रदाय के समुद्धार के माध्यम से न्यायशास्त्र का समुद्धार कर उसकी युक्ति से वैदिक संस्कृतिमूलक ईश्वरीय श्रद्धा समाज से जो दूर हो रही थी उसे लौटाने का पुण्य वाचस्पति चाहते थे। यद्यपि उस पुण्य को भी ग्रन्थ के अन्त में उन्होंने शंकर को समर्पित कर दिया।

**यदलम्भि किमपि पुण्यं दुस्तरकुनिबन्धपङ्कमग्नानाम्।**
**उद्योतकरगवीनामतिजरतीनां समुद्धरणात्।।**
**संसार-जलधि-सेतौ वृषकेतौ सकलदुःखशमहेतौ।**
**तस्य फलमाखिलमर्पितमेतेन प्रीयतामीशः।। (**न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका)

यद्यपि वाचस्पति के सभी दर्शनों पर लोकोत्तर असाधारण कार्य है किन्तु जैसी परिस्थिति में न्यायशास्त्र का रहस्योद्घाटन करते हुए कठोर साधना और त्रिलोचन मिश्र नामक न्यायशास्त्र के अपने आचार्य के मार्गदर्शन से उन्होने न्यायशास्त्रसम्मत उद्योतकर के सम्प्रदाय का उद्धार किया। उसके लिये वैदिक मार्गानुगामी उसका सर्वाधिक ऋणी है। कारण वैदिक संस्कृति के प्रधान संरक्षक होने के हेतु न्यायशास्त्र की बौद्धविद्वान प्रधानशत्रु समझते थे और अपनी सर्वाधिक शक्ति लगाकर उनने उसे ध्वस्तप्राय कर दिया। कुमारिल मण्डन और शंकर के प्रशस्त प्रयात से मीमांसा और वेदान्तदर्शन में जीवनशक्ति का संचार तो होने लगा किन्तु बौद्ध न्याय के सर्वाधिक प्रकाण्ड विद्वान् धर्मकीर्ति के द्वारा ध्वस्त एवं म्रियमाण न्यायदर्शन को पुनरुज्जीवित करने की ओर वाचस्पति से पूर्व वेदानुगामी किसी मेधावी विद्वान् का ध्यान नहीं गया। अथवा ध्यान देने पर भी बहुतेरे विद्वान् असफल ही रहे। न्यायशास्त्र के रहस्योद्घाटन करते हुए उस शास्त्र का उद्धार करने में वाचस्पति की कठिनाई का अनुमान हम इसी से कर सकते हैं कि तात्पर्यटीका में अपने गुरु त्रिलोचन मिश्र के मार्गदर्शन की चर्चा उन्होंने दो बार मुक्तकण्ठ से की है किन्तु अन्यदर्शन की व्याख्या के समय में नहीं।

**त्रिलोचनगुरुन्नीतमार्गानुगमनोन्मुखैः।**
**यथामानं यथावस्तु व्याख्यातमिदमीदृशम्।।**[1]

तत्र गुरुपदिष्टा गाथा पठितव्याः-

**शब्दजत्वेन शाब्दं चेत प्रत्यक्षं चाक्षजत्वतः।**
**स्पष्टग्रहणरूपत्वाद्य क्तमैन्द्रियकं हि तत्।।**[2]

न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका में आचार्य महोदय ने वेद प्रामाणिकता की व्यवस्था जिस तरह से की उसका आलोचना अच्छा तरह करने पर वह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। और यह कहना पड़ जाता है कि उनसे पुरातन मनीषियों ने इस तरह हृदयंगमप्रणाली

[1] न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका पृ. 133

[2] न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका पृ. 148

से वेद प्रामाणिकता की सशक्त युक्तियाँ उपस्थित नहीं की" विद्वानों से यह अविदित नहीं कि वेद प्रामाणिकता ही वैदिक विचारधारा की आधारशिला है।

सभी आस्तिक दर्शनों का उद्धार करने के कारण वाचस्पति का ऋण भारतीय संस्कृति के अनुगामियों पर है किन्तु जैसी विकट परिस्थिति में शताब्दियों से प्रताड़ित और उपेक्षित न्यायदर्शन का उन्होंने उद्धार किया उसका ऋण सर्वाधिक है।

अतः वैदिक संस्कृति संरक्षको के शिरोमणि वाचस्पति को कहने में कोई अत्युक्ति नहीं मालूम पड़ती।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**


1. स्कन्द पुराण- गीता प्रेस, गोरखपुर
2. तर्कभाषा- केशव मिश्र, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
3. न्यायकोष- म.म. भीमाचार्य, भण्डारकर प्राच्विद्या शोध संस्थान, पूना।
4. न्यायबिन्दु- धर्मकीर्ति, धर्मोत्तरचार्य की टीका सहित, चौखम्बा, वाराणसी
5. न्यायभाष्यम्- वात्स्यायन, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।
6. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्- उद्योतकर, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।
7. न्यायभाष्यवार्त्तिकतात्पर्यटीका- वाचस्पति मिश्र, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।
8. बौद्धतर्कभाषा- मोक्षकरगुप्त, प्राच्यप्रकाशन, वाराणसी।
9. मध्यमकशास्त्र और विग्रहव्यावर्तनी- नागार्जुन, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# पूर्व मध्यकालीन बिहार में कृषि अर्थव्यवस्था : एक अध्ययन



डॉ0 रामलखन सिंह
पूर्व शोध छात्र, इतिहास विभाग,
पटना विश्वविद्यालय, पटना, बिहार, भारत।

**सारांश** – पूर्व मध्यकालीन बिहार में उतर भारत के अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि प्रधान पेशा था। यह लोगों की आजीविका मुख्य साधन था। पुनः कृषि उत्पादन की समस्त प्रक्रिया से लोग अवगत थे । उन्हें अच्छें बीजों की गुणवता की जानकारी, भूमि प्रकार की जानकारी, फसों के दृष्टिकोण से भूमि उपयुक्तता की जानकारी, विभिन्न प्राकृतिक खादों की जानकारी, शल्य–परिवर्तन की जानकारी, कृषि–यांत्रिकी की जानकारी, कृषि–प्रक्रिया की जानकारी स्पष्ट रूप से थी। सिंचाई साधनों एवं सिंचाई की महत्ता से भी वे अवगत थे। अतः कुल मिलाकर इस काल में कृषि की बेहतर स्थिति का निष्कर्ष निकलता है।

मुख्य शब्द– पूर्व मध्यकालीन, बिहार, कृषि, अर्थव्यवस्था, इतिहास, भूमि, सिंचाई।

---

कृषि अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण पक्ष है। इतिहास के किसी भी कालखंड में अर्थव्यवस्था का आधार कृषि ही होती है। इसका कारण यह है कि कृषि की बेहतर स्थिति से ही जीवनयापन की स्थिति परिलक्षित होती है। पुनः कृषि अर्थव्यवस्था के अन्य पक्षों का आधार स्तंभ होता है। शिल्प एवं वाणिज्य– व्यापार के विकास की स्थिति भी कृषि पर ही निर्भर करती है। क्योंकि कृषि वाणिज्य व्यापार के मांग पक्ष एवं पूर्ति पक्ष दोनों की पूर्ति करती है। कृषि अवशेष की स्थिति से ही वाणिज्य व्यापार का सर्वप्रथम उदय हुआ। पुनः भारतीय इतिहास में नगरीकरण, मुद्रा–अर्थव्यवस्था के उदय और दूसरी ओर राजनीतिक एकीकरण की पृष्ठभूमि निर्मित होने में कृषि की भूमिका सर्वाधिक उल्लेखनीय रही है।[1] अतः अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण एवं सूक्ष्म विश्लेषण हेतु कृषि की स्थिति का अध्ययन आधारभूत उपागम है।

पूर्व मध्यकालीन बिहार की अर्थव्यवस्था के अध्ययन के अंतर्गत कृषि एक महत्वपूर्ण उपागम है। पूर्व मध्यकालीन बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को समझना आवश्यक है क्योंकि यह दौर सामंतवादी व्यवस्था से अभिन्न रूप से जुड़ा है और जाहिर है कि सामंतवादी व्यवस्था भूमि और भू–राजस्व के क्षैतिज एवं उर्ध्वाधर विभाजन से संबंधित होता है।[2] आमतौर पर सामंतवादी व्यवस्था को बंद अर्थव्यवस्था समझा जाता है, जिसमें आर्थिक लेन–देन का व्यवहार ठप हो जाता है और स्थानीय उत्पादन एवं स्थानीय उपभोग का पूर्ववर्ती ढांचा कार्यरत हो जाता है।[3] इसलिए यह माना जाता है कि बिहार के इतिहास के इस कालखंड में प्रभुसत्ता का विभाजन स्पष्ट

था। यहॉ पहले से चले आ रहे सामंती अनुदानों के अतिरिक्त बाह्य सत्ता के सामंतों के रूप में शासन एवं भूमि पर नियंत्रण की अनियंत्रित प्रक्रिया देखी जा सकती है।

उपरोक्त विवरण यह दिखाता है कि बिहार की राजनैतिक स्थिति का इस काल में पूर्णतः सामंती ढांचे में विखंडित था। लेकिन इस राजनैतिक स्थिति में कृषि एवं भू राजस्व की स्थिति और कृषि उत्पाद पर नियंत्रण की स्थिति अभिन्न रूप से सामंतों के इस दायित्व से जुड़ा है। इसके अतिरिक्त कृषि के बेहतर ''अधिशेष '' की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि कई सामंत इस संभावना पर नियंत्रण कर ही उस स्थिति में पहुंचने की क्षमता रखते थे जिसमें वह स्वतंत्र राजनीतिक सत्ता का उपभोग कर सके। जैसा कि हमें पूर्ववर्ती काल में महासामंतधिपति नान्यादेव का उदाहरण मिलता है, कि कर्णाट चालुक्य राजा विक्रमादित्य VI के सामंत थे और बाद में मिथिला में स्तवंत्र वंश की स्थापना करने में सफल रहे।[4]

इस काल में कृषि की बेहतर स्थिति का प्रमाण हम शासकों के विजयी अभियान के समय को ध्यान में रखकर भी प्राप्त कर सकते है। उल्लेखनीय है कि शासक अपना विजय अभियान सामान्यतः विजय दशमी अर्थात अश्विनी माह के शुक्ल पक्ष के दसवीं तिथि को आरंभ करते थे।[5] इसका कारण था कि इस समय खेतों में खरीफ धान लगा होता था। लक्ष्मीघर ने 'नियतकला कांड'[6] में जो नवान्न पर्व का विवरण दिया है उससे पता चलता है कि आज से 800–900 वर्ष पूर्व धान की उपज आज के समय से एक महीने पहले ही तैयार जाता था। इससे यह पता चलता है कि कृषि उपज को ध्यान में रखकर ही सैन्य अभियान की रणनीति बनायी जाती थी ताकि सैनिकों एवं सवारों को अभियान के समय पर्याप्त मात्रा में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके।[7] इससे हमें यह साक्ष्य प्राप्त हो जाता है कि उस काल में कृषि उपज में प्राचीन काल से चली आ रही समृद्धि की निरंतरता विद्यमान थी।

इस प्रकार बिहार में पूर्व काल से ही कृषि की स्थिति सुदृढ रही है और यह धारा पूर्व मध्य काल में भी जारी रही। इस समय के कई स्रोत उपलब्ध है जो बेहतर कृषि स्थिति के बारे में हमें आधिकारिक जानकारी उपलब्ध कराते है। इस समय के कई विधि ग्रंथ उल्लेखनीय है जिनमें प्रमुख हैं– गोविन्दचनद्र गहड़वाल जिनका शासन कुछ समय के लिए बिहार के कुछ भागों में रहा, के मंत्री लक्ष्मीधर द्वार रचित कृत्यकल्पतरू।[8] यह 14 कांडों में है। इसके कुछ कांड कृषि एवं अन्य आर्थिक व्यवस्था के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। इस काल में सिंचाई सुविधा पर पर्याप्त ध्यान दिया गया । इस संदर्भ में हमें विभिन्न सिंचाई प्रयासों का उल्लेख मिलता है। मेघातिथि[9] कहते है कि वर्षा ऋतु में वर्षा होती है, लेकिन गलत कार्यो के कारण जो राजा एवं राज्य के गलती के कारण कभी–कभी राज्य में सुखा पड़ता है । इसलिए राजा इस धारणा के कारण कुंए, नहर और तालाब खुदाई करवाते हैं।

जहॉ तक विभिन्न कृषि उत्पादों का प्रश्न है हमें ज्ञात है कि वाजसनेय संहिता के समय से ही उतर भारत का मुख्य फसल रहा है–चावल, यव, गेंहू और दान जैसे मुदग, मसूर, मास आदि।[10] 'निदान' ग्रंथ के प्रसिद्ध रचयिता माधवकर ने अपनी रचना 'पर्यायरत्नमाला' में विभिन्न कृषि उत्पादों का विस्तारपूर्वक विवरण दिया है। इसका संपादन और प्रकाशन पहली बार डॉ0 टी0पी0 चौधरी द्वारा पटना विश्वविद्यालय जर्नल में किया गया है।[11] इस

रचना में हमें विभिन्न प्रकार के फसलों की जानकारी मिलती है जैसे–व्रिही (चावल), आसुव्रिही (चावल),प्रियांगु (चावल), कंगानी (चावल), गोधुम (गेंहू), मुदग (दाल), कलाय (दाल), कुलट्ठा (चना) आदि। चावल बिहार सहित उतर भारत का प्रमुख खाद्य फसल रहा है।

खाद्य फसलों के अतिरिक्त इस काल में गैर–खाद्य फसल भी वृहत् भाग में उपजाये जाते थे। गैर खाद्य वाणिज्यिक फसलों में कपास और ईख महत्वपूर्ण थे।[12] कपास की खेती बंगाल की सीमा से लगे बिहार के पूर्वी क्षेत्र में पूर्णिया और भागलपुर के कुछ अंचलों में होता था। इसी प्रकार ईख का उत्पादन भी यहॉ वृहत मात्रा में होता था। ईख से बने मिठाईयॉ 'इदनकुंड' का उल्लेख मिलता है।[13] ईख के अतिरिक्त अफीम और नील की खेती भी होती थी।

भूमि एवं मिट्टी की जानकारी के अलावे लोग मिट्टी को उपजाउ बनाने और उसे कायम रखने हेतु विभिन्न प्रकार के खादों के प्रयोग से भी अवगत थे। कृषिपरासर में यह उल्लेख है कि बिना खाद के प्रयोग के धान का पौधा सिर्फ वृद्धि कर सकता है, फसल नहीं दे सकता है।[14] उस समय गाय का गोबर मुख्यतः खाद के रूप में प्रयुक्त किया जाता था। कृषि पराशर में गोबर का खाद बनाने की तकनीक का विवरण उपलब्ध है।[15] इसमें उल्लेख मिलता है कि गोबर के टीले का पहले माघ महीने में पूजा करनी चाहिए, फिर किसी शुभ दिन पर इसे सूर्य की तेज में सुखाना चाहिए, फिर इसका छोटा–छोटा गोला बनाना चाहिए, फिर फाल्गुन महीने में खेतों में किये गये गड्ढों में डालना चाहिए। इसके बाद बीज बोने के समय उस खाद को पूरे खेत में फैला देना चाहिए। इस विधि का आज वैज्ञानिक समर्थन किया जाता है। आज भी गाय के गोबर का जैविक खाद के रूप में इस्तेमाल होता है।

कृषि में बीज की गुणवता का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि बीज की गुणवता ही अच्छा फसल सुनिश्चित कर सकता था। आज की तरह उस समय भी अच्छे बीजों के बारे में लोगों को जानकारी थी और लोग बीज को गुणवतापूर्ण बनाने की विधि के बारे में भी अवगत थे। यह उस समय के साहित्यिक स्रोतों से प्रमाणित होता है। कृषिपरासर के अनुसार यदि बीज अनुर्वर होता है तो उत्पादन में अन्य कारकों की भूमिका का कोई महत्व नहीं रह जाता है। इसलिए की बीज ही पौधे के जड़ में होता अर्थात उत्पादन का मूल होता है इसलिए बीज पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए।[16]

किसान खेती के यंत्रों की वैज्ञानिकता से भी परिचित थे। कृषि परासर के अनुसार यंत्रों को ठोस और मजबूत होना चाहिए, अन्यथा किसान खेती के प्रत्येक चरण में कठिनाई अनुभव करेंगे।[17] उस समय हल के विभिन्न अंशों और उसके माप के बारे में भी किसानों की अच्छी जानकारी थी। उस समय हल के विभिन्न अंशों के विभिन्न नामों यथा– युग, ऊडुकल, योत्र, रज्जू, ईसा, निश्योला, सौला, आबद्दा, फाल, हलष्यानु आदि शब्दों से यह प्रमाणित होता है।[18]

उस समय खेत जुताई के लिए हल के साथ–साथ बैलों की महत्ता का भी तत्कालीन ग्रंथों में उल्लेख किया गया है। अच्छे हलों की गुणवता खींचने वाले बैलों पर ही निर्भर करता है। वृहत परासर में बैलों की कृषि उत्पाद में भूमिका पर बहुत प्रकाश डाला गया है।[19] इसमें उल्लेख किया गया है कि संसार अनाजों एवं फसलों

पर निर्भर करता है, जिसका उत्पादन बैलों के सहयोग से होता है। बैल वास्तव में पूजा के विषय है। एक बैल का पालन–पोषण ऋषियों द्वारा बताये गये एक गाय का पालन– पोषण द्वारा प्राप्त पुण्यों की तुलना में दस गुणा अधिक होती है। इसलिए पालन –पोषण पूरी सावधानी से करना चाहिए। जो व्यक्ति बिना उसकी सुविधा एवं सुरक्षा का ख्याल रखे उसे हलों में जोतता है वह नरक का भागी होता है। इसी प्रकार कृषिपरासर[20] में उल्लेख है कि जो व्यक्ति एक हल में आठ बैलों का प्रयोग करता है वह सर्वश्रेष्ठ है, जो छः बैलों को जोतता है वह व्यापारी है, जो चार बैलों को जोतता है वह निष्ठुर है और जो दो बैलों के जोतता है वह मांस खानेवाला है।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से यह ज्ञात होता है कि पूर्व मध्यकालीन बिहार में उतर भारत के अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि प्रधान पेशा था। यह लोगों की आजीविका मुख्य साधन था। पुनः कृषि उत्पादन की समस्त प्रक्रिया से लोग अवगत थे । उन्हें अच्छें बीजों की गुणवता की जानकारी, भूमि प्रकार की जानकारी, फसों के दृष्टिकोण से भूमि उपयुक्तता की जानकारी, विभिन्न प्राकृतिक खादों की जानकारी, शल्य–परिवर्तन की जानकारी, कृषि–यांत्रिकी की जानकारी, कृषि–प्रक्रिया की जानकारी स्पष्ट रूप से थी। सिंचाई साधनों एवं सिंचाई की महत्ता से भी वे अवगत थे। अतः कुल मिलाकर इस काल में कृषि की बेहतर स्थिति का निष्कर्ष निकलता है।

## संदर्भ एवं पाद–टिप्पणी


1. रामशरण शर्मा, प्रारंभिक भारत का परिचय, ओरियेंट लोगमेन, दिल्ली 2004, पृ0–148
2. डी0एन0झा0, प्राचीन भारत का इतिहास, मनोहर, दिल्ली, पृष्ठ–68
3. बी0डी0 चट्टोपाध्याय, द मेकिंग ऑफ अर्ली मिडियेवल इंडिया, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस 1994 , नई दिल्ली, पृष्ठ–78
4. वी0पी0 मजुमदार, सोशियो इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ नॉदर्न इंडिया (1030–1194 A.D ), फर्मा के0एल0 मुखोपाध्याय, कलकत्ता, 1960, पृष्ठ–9
5. वही 6. वही
7. राजनीतिरत्नाकर (संपादित), पृ0 4
8. बी0पी0 मजुमदार, पूर्वोक्त, पृ 30
9. कुमार अमरेन्द्र, पुरातत्व एवं बिहार, पटना 2004, पृ 38
10. मनुस्मृति पर टीका, मेघातिथि, 1 ,30
11. पटना विश्वविलय जर्नल खंड–2, (1945–46)
12. राजतरंगिणी, कल्हण, VII, 758
13. अपरार्क की टीका, याज्ञवल्क्य स्मृति, 1,पृ0 212
14. वहीं
15. कृषि परासर, (सं0जी0पी0 मजुमदार और एस0सी0 बनर्जी, कलकत्ता 1960) पृ 48
16. परासंहिता, II, 3–4.
17. वही
18. वहीं
19. वृहत् परासर, अध्याय–3
20. मेघतिथि की टीका, VIII, 243

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Impact of Globalisation on India



**Rupesh Kumar**
M.A. Political Science
Jamia Millia Islamia, New Delhi, India

## ABSTRACT

Globalisation has greatly impacted all aspects of our life. Globalisation has far reaching impacts. Impact of globalisation is beyond border of countries. An incident in one part of globe may affect people of other parts of globe. For some people it creates an new opportunities ,for others it is threat to loss of job. It has both positive and negative impact on Indian societies. Globalisation has adversely impacted the Indian culture, on other hand it has strengthened and revived Indian culture like yoga, Bollywood movies, Indian cuisine. Urban women have got greater benefit from globalisation in compare to rural women. It has created job opportunities and has given a sense of financial security to women, at same time exploitation of women have increased, and double burden of workload for working women. Family structure has been influenced by globalisation, it has increased nuclear families and bond values among family members have weakened by globalisation. Rigidity of caste system has reduced up to a certain extent. Along with creating new job opportunities ,it has also led to casualization of labour force. Indian agriculture has witnessed use of new technologies, high yielding varieties of seeds etc, at same time it has also made Indian agriculture more unsustainable because of production of cash crops. We should judiciously take benefit from globalisation and try to not affected by its negative impacts.

**Keywords :** Societies, Agriculture, Employment, Economy, Industries.

## INTRODUCTION

Globalisation, refers to a process of increasing global interaction connectivity and integration between nation-states, household, individual corporations and other organisation. .Globalisation is an umbrella term referring to increased interdependence among nations in the economic, social, technological, cultural, political and ecological spheres. It is primarily an economic integration but it has many other dimensions like social, political, cultural etc.. In terms of social aspect globalisation refers to interconnectedness and movement of people from one parts to other parts of world. In economic globalisation ,emergence of worldwide financial markets, fast integration of global economy. Cultural globalisation refers to growth of cross-cultural contacts. Theodore Levit, is credited for using globalisation word first time in economic context. Globalisation has both positive and negative impact on India. Impact of globalisation increased on India after 1990s,when Indian economy were liberalised and privatised. It linked, Indian economy with world economy

and resulted in integration of Indian economy with world economy, movement of people across border increased rapidly.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON INDIAN CULTURE

There are many way through which globalisation affects culture. Indian culture has always been open to the world. There is a debate among scholars some perceives globalisation is uprooting Indian culture and some see globalisation has enriched culture by bringing different culture of other societies of world. One section believes that due to impact of globalisation all culture will be homogenous, others are opined of impact of globalisation in glocalisation of culture. Glocalisation refers to mixing of global with local. Glocalisation is not a sudden phenomena it takes some time. Glocalisation is used for market profitability by the big companies which are generally global .In India many big branded cloth companies sell local fashionable dress like Lehanga ,Silk kurti are sold by many global cloth companies. McDonald sells vegetarian burger whereas in USA, UK it sells beef burger. During navaratra McDonald serves only vegetarian burger. Discovery channel telecast many documentary which are related to India and their language are Hindi. IN music we see a large number of Indian pop music Bhangra pop music Indian rapped music which is the influence of glocalisation.
The popularity of foreign movie among youth has increasing. Hollywood movies, Korean, Japanese, Chinese movies etc are dubbed in local language, are indication of glocalisation of culture. Many festivals which are celebrated in foreign countries like Mother's day, Father's day, Friendship day are also celebrated in India. It has also affected marriage , marriage is considered bonding of two souls and bond of whole life, but now days it is becoming more professional and contractual in nature. It has severely impacted institution of marriage.
On the other hand globalisation has strengthened the Indian culture. Popularity of Yoga among foreigners, celebrations of yoga day on 5th June ,popularity of Art of living, International society for Krishna consciousness (ISKON) among foreigners are indication of revival of Indian culture. A large number of foreigner tourists attend Mahakumbh Mela in India, cultural tour have been increased. Globalisation has led to changes in Indian culture. In one line we can say that it has negatively affected Indian culture at same time it has also strengthened and revived the popularity of Indian culture.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON WOMEN IN INDIA

Globalisation has affected different group of women of different region differently. Globalisation has also positive and negative impacts on women. It has created many new opportunities for women. On the other hand it has taken away high salaried job from women and has indirectly forced women to do low salaried jobs . UNDF has observed that in last twenty years globalisation has increased inequality within and among countries .Many big foreign and multi national companies have entered Indian market ,it has created new job opportunities for women. Job gave women a sense of economic security and independence in taking many decision by self in this patriarchal societies. It has opened door for women to come out from their home for jobs. Women have come to know many new innovative ideas which are helping them in making self reliant .They have formed many self help groups to earn money. Globalisation has increased literacy rate of women because women are earning so they are affording to send their children to school particularly to girl

child, earlier a large section of families of lower middle class did not pay attention for girls' education. It has also increased the women's movement and many new emerging issues related to women. Women got opportunities for their skill development through many vocational training and programme run by NGOs and private organisations. Now marriage of women in the same caste has less importance, in many cases women themselves are choosing their life partners . Due to financially independent it has changed the mindset of people in this patriarchal societies that women are liability of the family and societies .Globalisation also has negative impact on women, it has increased the job opportunities for women but it is low salaried job in nature and mostly in informal sector. women have double burden of load because a working women along with job, they also have to manage domestic responsibilities. Women are being exploited at workplace, cases of sexual harassment of women at workplace have been increased. Commodification of women have increased prostitution, abusing ,dowry related death of women are on rise. Private Companies have adopted hire and fire culture for recruiting the job. At the time of economic crisis working women are the worst sufferer of this hire and fire policies of companies.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON FAMILY

Traditionally Indian family was joint family. Globalisation has changed the family structure of Indian societies. Now, number of nuclear family is increasing ,importance of individualism is growing. Due to mobility of younger generation for education and in search of job opportunities have weakened the family relations. It has weakened the joint family . Due to working of women , there is decrease in time of caring of aged within families. In joint families mostly all senior member of families altogether used to take decisions on important issues, but in nuclear family individual ,generally husband-wife take all decisions. Joint family easily faced adverse situation in family with the help of many family members, in nuclear families they are not able to easily handle adverse situation, some times it lead to disintegration of nuclear families like issue of talaq are increasing, It may adversely affect the children of that families. Choosing of bride or bridegroom were done by family members ,and generally marriage was taken through arranged marriage. Now, in many cases younger generation are choosing their life partner by themselves through many matrimonial websites. Now there is distribution of power in family ,earlier all important decisions of family were taken by male member of family like father or grandfather but this power relations are changing in patriarchal families, mow many important decisions are taken by the bread winner of family. There is less interaction between children and parents particularly when son or daughter are working in Night shift in BPO and call centres, when parents return to home after job their children are about to go for job, this has greatly hampered the socialisation of children and it also leads to some behavioural impact on children. Globalisation has weakened the family bond values and norms of a traditional Indian family. Tenchlogogy has played some positive role in family by giving connectivity to extended family relations, they can be in regular touch among them.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON CASTE SYSTEM

Globalisation has weakened the very basic idea of caste that is concept of purity and pollution, hierarchy of caste and division of labour. Globalisation has widen the economic opportunities , and increased the literacy

rate ,and opened t many new and liberal ideas. Inter caste marriages are taking place, interaction among people have been increased this has lead to decrease in caste prejudice among different caste group against each other. Globalisation has led to increase the rate of urbanisation, in urban area there is value of skills not caste of people. By all these means globalisation has impacted the caste, still caste is an important integral feature of Indian societies.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON EMPLOYMENT IN INDIA

Globalisation has impacted employment in liberalised and privatised economy through import and export intensive, large investment of FDI in market .All these has lead to higher growth of Indian economy .Globalisation has limited the role of labour's union and increased informal contractual work and adoption of hire and fire policies by companies. Globalisation has led to increase the employment rate, but only in few sector like service sector of Inda. Real wage rates has been increased . There is increased mobility in work force, now labour goes to across international boundaries. There is increased demand of unskilled and semi-skilled labour force in Middle–east. There has been increased in growth of service sector companies, exports of software and Business Process Outsourcing (BPO). All these, have increased the job opportunities in India. Globalisation has also negatively impacted employment and its nature in India. It has increased income inequalities among people of India. Globalisation has increased uneven economic development of regions in India. Workforce has been shifted from full-time permanent job to casual and contractual positins. Feminization of workforce has increased particularly in agriculture sector. In rural economy participation of child labours have increased.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON INDIAN AGRICULTURE

Globalisation has given greater access to technologies in agriculture, high yield varieties seed, genetically modified crops and micro irrigation techniques. There is increase in foreign Direct Investment in contract farming, food processing industries and cold storage etc. Globalisation has improved the quantity of food productivity along with quality. It has made our farmers to understand the mechanism and nature of agriculture production and strategy for market mechanism to reach out and compete in global market. Globalisation has also helped to change agricultural pattern and attitude towards new technologies. It has also negative impact on Indian agriculture. Entry of multi-national companies in agricultural market have created their monopoly up to a certain extent over high yielding varieties seeds ,fertilizers and pesticides. It has increased the production of cash crop like cotton ,it can make unsustainable cropping practices for small land holding farmers. Dependence of farmers on Multinational Companies for high yielding seeds resulted in farmers' losing touch with indigenous seeds and methods of traditional farming. It has changed in food habit of people. There is increased in consumption nutritious food among people.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON ENVIRONMENT

Globalisation has increased purchasing power capacity of people. This has increased consumerism, increased consumerism lead to increase in production of products, which creates burden on environment. Increased number of transportation for raw materials consumes more fuel, this lead increased in pollution and pressure over non-renewable sources of energy. Increased consumerism nature led to a large number of establishment of industries and its industrial waste has polluted waters which has killed underwater organisms and it disturbs the ecology of river and marine bodies. Due to environment degradation there is loss of bio-diversity, number of exotic species are increasing, rate of exhaustion of natural resources is increasing etc.

## IMPACT OF GLOBALISATION ON MEDIA

Circulation of print media has grown in era of globalisation. A large number of magazine has also increased. Number of local language newspaper are increasing. One reason for this is increasing literacy rate ,other reason is need of literate migrated people in small town and semi urban areas. Number of television channel have increased .Number of public debate on news channel are increasing every year. Community radio channels have also grown, almost every cities of India has FM Radio channel.

## CONCLUSION

Globalisation has showed its both positive and negative aspect on all aspects of Indian societies, the debate is continue among advocate of globalisation and those who oppose it. All aspects of Indian societies have been impacted by globalisation like caste, family, marriage, culture and religion, youth, employment, industries informal economies, media, agriculture, media, environment etc. In era of globalisation we have to be careful against its negative impact. We have to understand that globalisation is a double edged sword. Excessive impact of globalisation may be harmful, so we have judiciously use the positive aspect of globalisation.

## REFERENCES


1. Balyis.J.Smith, S., & Ownes,P. The Globalisation of World Politics: An introduction to international relations ,Oxford University Press,2013
2. Datt, Ruddar & Sundharam, Indian Economy, S.Chand Publicatio,2015
3. Sharma,Amit, in his paper titled as "Impact of Globalisation on Sustainable Indian Economy",International Journal of Business Administration and Management, volume 7, November 1,2017
4. Naidu,Y.Guruppa, Impact of Globalisation on Indian Society ,The Indian Journal of Political Science,page no 65-72,January-March,2006
5. Kumar,Dr.Anil,Globalisztion and Its Effects on Indian Economy,Indian Journal of Research,volume:4,issue:8, August 2015

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# भारत में प्रौढ शिक्षा का इतिहास



**सुशील कुमार**
यू0जी0सी0 (नेट) शोध छात्र,
इतिहास विभाग,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया,बिहार, भारत।

**सारांश** – शिक्षा के क्षेत्र में भारत जैसे विकासशील देश में प्रौढ शिक्षा की नितांत आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास की जा रही है। जो सफल भी हुई है। भारत सम्पूर्ण रूप से साक्षर तभी हो सकेगा जब सरकार के साथ–साथ संपूर्ण देशवासियों का सहयोग मिलेगा।

**मुख्य शब्द –** भारत, प्रौढ, शिक्षा, इतिहास, विकासशील, भारत सरकार, मानव जीवन, अशिक्षित व्यक्ति।

मानव जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। अशिक्षित व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो सकता। शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है, जो मनुष्य के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं धार्मिक सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आधुनिक जीवन में दैनन्दिन परिस्थितियों में मनुष्य को सबल एवं सक्षम बनाने में एक ठोस संबल के रूप में अनौपचारिक तथा अनौपचारिकेतर शिक्षण में अपने को अधिस्थापित कर लिया है और विकसित देशों में सर्वमान्य होने पश्चात अब विकासशील देशों का भी ध्यान इनकी बहुमुर्खी प्राकृति तथा लाभकारी प्रभावों को देखते हुए इनकी ओर जाने लगा है।

वास्तविकता यह है कि संस्थागत शिक्षण की व्यवस्था की प्रकृति और संदर्भ और पद्दति जड़त्व को ग्रसित हो चुके है और व्यवहारिक जीवन में उसका नगण्य योगदान रहता है। जीवन के सही अर्थ सामाजिक समस्याओं के उन्मुलन तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नों के उतर वे नही ंदे पाते। व्यक्ति के जीवन में जो दैनिक समस्याएँ आती है या दूसरें शब्दों में व्यवहारिक रूप से उसे जिन उलझनों का सामना करना पड़ता है उनके निवारण हेतु संस्थागत शिक्षण के पर्याय की आवश्यकता है जो वैकल्पिक प्रावधानों के साथ–साथ अतिरिक्त ज्ञान का स्रोत भी बन सके। अनौपचारिक तथा औपचारिकेतर शिक्षण पद्दतियों ने संस्थागत शिक्षण संस्थाओं की दिवारों को लांघ कर ज्ञान प्रसारण के क्षेत्र की संकीर्णता को तोड़ दिया है और ज्ञानार्जन के अवसर सभी के लिए सुलभ बना दिये हैं।[1]

संस्थागत शिक्षण पद्दति जिसकी सीमाएँ विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय तक ही होती है इनके निमित वर्गीकृत पाठयक्रम होता है तथा अन्य परीक्षाओं के आधार पर शिक्षार्थी को उत्तीर्ण प्रदान की जाती है। इस विद्या के अंतर्गत आनेवाले सभी संस्थाएँ एक निश्चित पाठयक्रम तथा सारिणी का अनुसरण करती है। इस प्रणाली में सभी को सामूहिक शिक्षा दी जाती है। अतः किसी छात्र विशेष पर पृथक रूप से कोई नियम लागू नहीं किया जा सकता है। इसके नियम सत्र आदि का निर्णय प्रशासनिक समिति पर होता

हैं तथा शिक्षा निर्गत करनेवाले सा ग्रहण करनेवाले को नियम परिवर्तन का अधिकार नहीं होता है। अपौचारिक शिक्षा के अंतर्गत दूसरे शब्दों में अनुभव पढाये जाते हैं । इस शिक्षण प्रणाली द्वारा शिक्षार्थी को भावी जीवन हेतु कुछ आधारों की प्राप्ति होती है। संस्थागत शिक्षण द्वारा प्रदत योग्यता प्रमाण पत्र व्यक्ति को जीविकोपार्जन के निमित सक्षम बनाती है।[2]

किसी भी विकासोन्मुख सभ्यता के लिए साक्षरता एक आवश्यक शर्त है। तभी वह अपने समय में होनेवाले परिवर्तनों से स्वयं को जोड़ सकती है तथापि आर्थिक, सामाजिक, प्रजातांत्रिक विकास से परिपूर्ण हो सकती है। बदलती तकनीकों, नये अनुसंधानों, नयी विचारधारा से परिचित होकर ही कोई भी व्यक्ति विकास मार्ग पर चल सकता है। भारत ही नहीं विकसित देशों में भी अनवरत शिक्षण तथा अनौपचारिक शिक्षण पर इसी वजह से महत्व दिया जाता है। जिससे उसके नागरिक आधुनिकतम जानकारियों से परिपूर्ण हो सके। कृषि, आयुर्विज्ञान, उद्योग, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण आदि के क्षेत्रों में होनेवाले प्रगतितियों से परिचित हुए बिना उन क्षेत्रों से जुडे लोगों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं। इन प्रगतियों से परिचित होने का एक सशक्त माध्यम है साक्षरता। यह प्रसंग भारत जैसे देश के लिए और भी महत्वपूर्ण है। जहाँ अधिक से अधिक जनसंख्या निरक्षर है। भारत की स्थिति इस संदर्भ में अत्यंत ही सोचनीय है। सन् 1947 में हमारे देश के वित्त के 55 करोड़ रूपये शिक्षण पर खर्च किये जाते थे, जबकि सन् 1982—83 में यह संख्या 5,180 करोड़ तक पहुंच गयी। किंतु निरक्षरों की संख्या सन् 1951 की तुलना में सन् 1961 में लगभग 36 लाख और अधिक हो गयी। सन् 1966 में इस संख्या में 20 लाख और वृद्धि हुई। ये सभी योजना वर्ष थे और इन सबमें प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, प्रौढ शिक्षा आदि कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाता रहा और करोड़ों रूपये खर्च किये जाते रहे। यह भी सच है कि भारत में साक्षरता दली सन् 1981 में जनगणना के अनुसार 36.17 प्रतिशत पहुंच गयी, जबकि सन् 1951 की जनगणना के अनुसार 16.6 प्रतिशत, सन् 1961 में 24 प्रतिशत तथा सन् 1966 में 28.6 प्रतिशत थी। निरक्षरों की निरंतर बढ़ती हुई संख्या का एकमात्र कारण देश की अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि है जो निरंक्षरों की संख्या में लगाातर वृद्धि करती जा रही है। निरक्षरों की बढ़ती हुई संख्या का मूल्य निश्चित रूप से देश को चुकाना पड़ता है और उसका आर्थिक ढांचा आर्थिक रूप से कमजोर ही नहीं वरन वह देश हर प्रकार के पिछड़ेपन का शिकार होता है।[3]

भारत में प्रौढ शिक्षा का इतिहास अत्यंत पुराना है। भारतीयों की निरक्षरता निवारण हेतु श्री बुड ने सन् 1854 में लोगों का ध्यान आकृष्ट किया था । उनका सुझाव था कि देशी भाषओां के माध्यम से लोगों को शिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह बात पर भी बल दिया था कि दी जानेवाली शिक्षा जनोपयोगी हो तथा ऐसे लोगों की नियमित साक्षरता की व्यवस्था की जाए जो प्रारंभिक शिक्षण से वंचित रह गये हो। कुछ ही वर्षो में अनेक रात्रि पाठशालाओं में प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलने लगा। साथ ही कई जेलों में पाठशालाएँ खोली गयी तथा कैदियों की शिक्षण की व्यवस्था की गयी। 20वीं शताब्दी के प्रारंभिक वर्षो में भी इस कार्यक्रम में काफी गतिशीलता रही और बम्बई, कोलकाता, मद्रास तथा संयुक्त प्रांत में अनेक रात्रि पाठशालाएँ खोली गयी। इस समय तक लोगों के मन में इस कार्यक्रम में प्रगाढ़ आस्था जन्म चुकी थी। साथ—साथ इस बात पर भी जोर दिया जाने लगा कि इससे सरकारी कार्यक्रम का प्रारूप मिलना चाहिए, क्योंकि राष्ट्रव्यापी सरकारी नीति के अभाव में जनसाक्षरता का कोई कार्यक्रम चलाना संभव नहीं । भारत जैसे देश में जहाँ साक्षरता दर निम्न हो वहाँ मात्र स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से इस कार्यक्रम को चलाकर सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती।[4]

20वीं शताब्दी के चौथे दशक में इस कार्यक्रम ने पुनः जोर पकड़ा। इस बार भारतीय नेताओं ने इस आंदोलन की अगुवाई की तथा पूर्वी प्रांतों तथा असम, बंगाल, बिहार में अत्यंत गहनता से एवं गंभीरता से इस कार्यक्रम को कार्य रूप दिया जाने लगा। उस काल में प्रौढ शिक्षा का विस्तृत प्रचार बिहार तथा बंगाल में हुआ।

बम्बई सरकार ने भी इस ओर विशेष रूचि दिखाई तथा मैसूर में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार किया गया । इस प्रकार सन् 1940 तक भारत में लगभग 6 हजार प्रौढ शिक्षण केंद्र स्थापित हो गये। इनके माध्यम से लगभग दो लाख लोगों तक साक्षरता की ज्योति पहुंची। सन् 1944 में युद्धोतर शिक्षा विकास योजना अंतर्गत प्रौढ शिक्षा नियमित निम्न अनुशंसाएं की गयीः–

1. प्रौढ़ कक्षाओं की आयु सीमा 10 से 40वर्ष रखी जाए।
2. 25 वर्षो में साढ़े बारह करोड़ से अधिक व्यक्तियों को शिक्षण दिया जाए।
3. प्रथम पॉच वर्ष कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने तथा केंद्रों तथा पठन–पाठन व्यवस्था पर लगाए जाय।
4. प्रौढ शिक्षण हेतु व्यय राशि तीन करोड़ प्रतिशत वर्ष की दर से रखी जाए।
5. प्रौढ़ शिक्षा कार्य्र सरकार द्वारा चलाये जाय तथा स्वयंसेवी संस्थाऍ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के आसपास के वर्षो में देश के हर क्षेत्र में उथल पुथल मचा दी। प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम भी इससे अछूता नहीं रह सका। इन वर्षो में इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में काफी गिरावट आयी तथा प्रौढ शिक्षण केंद्रों की संख्या में वृद्धि के बावजूद प्रशिक्षुओं की संख्या में कमी आ गयी। सन् 1940 में प्रौढ शिक्षा को समाज शिक्षा का नाम देकर एक नया स्वरूप प्रदान करने की चेष्टा की गयी। इस वर्ष संपन्न हुए प्रांतीय शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में ये योजना बनी की आगामी तीन वर्षो में 12 से 50 वर्ष के लोगों में से कम से कम आधे लोगों को साक्षर बनाया जाएं । कुछ अपरिहार्य आर्थिक कारणों के फलस्वरूप में योजना कार्यान्वित नहीं हो पायी। मार्च सन् 1950 में भारत सरकार ने स्व0 पंडित जवाहर लाल नेहरू के अध्यक्षता में एक योजना आयोग की नियुक्ति की । अप्रैल सन् 1951 से मार्च 1956 तक के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनायी गयी। भारतीय योजनाकरण का केद्रीय उद्देश्य जनता के जीवन स्तर को उॅचा करना उसके अच्छे जीवन के लिए अवसर प्रदान करना, महात्मा गॉधी ने बुनियादी शिक्षा पर विशेष महत्व दिया था। इसी आधार पर प्रथम पंचवर्षी योजना में सामुदयिक केंद्रों को स्थापित करना, ग्रामीण रोजगारों, कुर्सी, चटाई–टोकरी बनाना, खिलौने बनाना, गृह निर्माण सामग्रियॅा तैयार करना इत्यादि) को प्रशिक्षण द्वारा बढ़ावा देना, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों द्वारा समाज के गठन का प्रयास करना जैसे कार्यक्रम सम्मिलित थे। यह भी योजना बनी कि सभी सामुदायिक केंद्रों के अंतर्गत पुस्तकालय एवं वाचनालय हो। जिनका उपयोग प्रौढ वर्ग कर सके। ग्रामीण कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी इस योजना अवधि में की गयी। द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत भी प्रौढ़ शिक्षण कार्यक्रम का जुडाव सामुदायिक विकास योजनाओं के साथ ही रहा। इसमें साक्षरता आंदोलन को काफी बल मिला। जिलास्तरीय एवं राज्यस्तरीय पुस्तकालयों की संख्या में वृद्धि हुई तथा हजारों गॉव को पुस्तकालयों का लाभ प्राप्त हुआ। सन् 1656 में नेशनल फंडामेंटल एजुकेशनल सेंटर की स्थापना हुई। जहॉ प्रौढ शिक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था थी। इस केंद्र में आधुनिक शिक्षण सामगियों एवं उपकरणों का प्रयोग करना प्रौढ शिक्षा संबधी अनुसंधानों एंव मूलयांकन की भी व्यवस्था थी। शिक्षा मंत्रालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, नेशनल बुक ट्रस्ट इंस्टीच्युट ऑफ वर्कर्स एजुकेशन तथा विभिन्न राज्य सरकारों ने इस समय प्रौढ शिक्षा में विशेष रूचि दर्शाते हुए अनेक कार्यक्रम नियोजित किये तथा राशि आवंटित की । इनमें नवसाक्षरों हेतु पठन पाठन की साम्रगी तैयार करना, पुस्तकालयों की स्थापना एवं विकास, जनसंचार माध्यमों का उपयोग आदि सम्मिलित है। इस क्षेत्र में लखनउ स्थित साक्षरता निकेतन का योगदान अत्यंत महतवपूर्ण रहा। सन् 1964 से 66 में कोठारी कमिशन ने

विद्यालयतर शिक्षा तथा अनौचारिक शिक्षा की विस्तृत योजना बनायी तथा विद्यालय त्यागी शिक्षुओं तथा व्यस्कों मे ंप्रौढ के शिक्षण हेतु अनुशंसाएं प्रस्तुत की। इस आयोग ने भारत की जनसंख्या के 60 प्रतिशत भाग को

सन् 1971 तक , 80 प्रतिशत भाग को सन् 1976 तक तथा पूरे जनसमुदाय को सन् 1986 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। किंतु यह दुखद सत्य है कि यह लक्ष्य आज भी प्राप्त नहीं हो सकता हैं और सन् 1981 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता का प्रतिशत मात्र 36.23 है। पॉचवी पंचवर्षीय योजना में प्रौढ शिक्षा पर 32 करोड से अधिक राशि व्यय की गयी तथा प्राथमिक शिक्षा, परिवार कल्याण, सहकारिता, प्रसार शिक्षा जैसे कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया गया। साथ ही लोगों को ऐसे अवसर प्रदान करेन पर महत्व दिया गया जिसे विकास के साथ–साथ उन्हें आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सके।[5]

सन् 1978 में प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विषयवस्तु, क्षेत्र, लक्ष्य, दृष्टिकोण तथा प्रणाली की दृष्टि से यह कार्यक्रम निश्चित रूप से गुणात्मक है। लोगों की आवश्कता के अनुरूप इसमें समय की पाबंदी में नमनीयता, जनसंचार माध्यमों द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच लोगों में ज्ञान स्तर के अनुरूप पाठयक्रम निर्धारण प्रशिक्षुओं की सुविधानुसार पठन कार्यक्रम तैयार करना आदि इसकी विशेषताएॅ है। प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम के तीन तत्व है। साक्षरता, क्रियात्मता तथा चेतना। पढ़ना, लिखना तथा अंक ज्ञान साक्षरता में समाहित है। क्रियात्मकता द्वारा प्रौढ के कार्य कौशल में समृद्धि आती है। जिसके फलस्वरूप उत्पादन में वृद्धि होती हैं । चेतना के द्वारा लोग अपनी सामाजिक आर्थिक स्थिति, सरकारी नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति सतर्कता तथा उनके हित में चलायी जानेवाली योजनाओं की समझ प्राप्त कर सकते है। यह एक निर्विवाद तथ्य है कि निरक्षरता व्यक्ति के के विकास में ही नहीं वरन पूरे राष्ट्र के सामाजिक एवं आर्थिक में बाधक हैं। भारत जैसे देश में जहॉ 60 प्रतिशत से अधिक आबादी निरक्षरता के घेरे में कैद है वहां मात्र विद्यालीय या संस्थागत शिक्षण पर निर्भर करके निरक्षरता को दूर करना संभव नहीं हैं। साथ ही यहॉ की स्थिति में ऐसे शिक्षण को दूर करना संभव नहीं है। साथ ही यहॉ की स्थिति में ऐसे शिक्षण की आवश्यकता है जो लोगों के कार्य क्षेत्र से संबंधित हो तथा लोगों को परिस्थितियों से जूझने में सक्षम बना सके। भारत में निरक्षरता के साथ–साथ निर्धनता भी व्याप्त है। हमारे देश के एक बड़े वर्ग के बच्चे आजीविका उपार्जन करते है तथा परिवार के भरण पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। ऐसी स्थिति में शिक्षण और जीविका उपार्जन को पृथक करना व्यवहारिक नही। लोगों को जीविका उपार्जन के साथ–साथ शिक्षण प्रदान करना ही यहॉ की स्थितियों के अनुकूल हैं। तभी हमारा समाज निरक्षरता के कलंक से मुक्त होकर पूर्ण स्वतंत्र हो पायेगा तथा विश्व में आत्मसम्मान के साथ सिर उठा कर जी सकेगा।[6]

छठी पंचवर्षीय योजना में प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम को न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत रखा गया तथा 128करोड़ रूपयों का प्रावधान इस कार्यक्रम के निमित किया गया। इसमें से 60 करोड़ केंद्रीय कार्यक्रमों के लिए, 68 करोड़ राज्यस्तरीय कार्यक्रमों के निमित रखे गये। ऐसी कल्पना की गयी थी कि सन् 1990 तक 15 से 35 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों को निरक्षरता से कलंक मुक्ति मिल जाएगी। यही नहीं नये 20सूत्री कार्यक्रम में भी प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम को प्रमुखता दी गयी।[7]

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी इस कार्यक्रम के प्रति विशेष रूचि दिखलाई तथा विश्वविद्यलायों तथा महाविश्वविद्यालयों के माध्यम से प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम को सकारात्मक रूप देने का निर्णय लिया। महिलाओं अनुसूचित जातियों, जनजातियों, ग्रामीणों तथा पिछडे वर्ग के लोगों के शिक्षण पर विशेष बल दिया गया। आयोग ने एतदर्थ 13.5 करोड़ रूपये का आवंटन किया तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को इस कार्यक्रम को चलाने के लिए शत प्रतिशत वितीय सहायता सन् 1990 तक देने की घोषणा की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एक प्रस्ताव के अनुसार अनवरत शिक्षा, प्रौढ शिक्षा, जनशिक्षा कार्यक्रमों को एक झंडे तले सम्मिलित रूप से कार्यान्वित किया जाना चाहिए। तभी यह कार्यक्रम अधिक प्रभावी हो पायेगा। आयोग ने अपने कार्यक्रमों में अग्र वर्गो को सम्मिलित करने की सिफारिश की है।

1. ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों की महिलाए।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग।
3. ऐसे लोग, जिन्होंने विद्यालीय शिक्षण को पूरा नहीं किया।
4. विकलांग।
5. बेरोजगार तथा ऐसे नवयुवक, जो विद्यालय शिक्षण को पूरा नहीं कर पाये।
6. विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।
7. ऐसे शिक्षक जो प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों तथा विकलांगों के शिक्षण से जुडे हो।
8. ग्रामीण तथा गंदी बस्तियों के विद्यार्थी।

इस कार्यक्रमों के पीछे उद्देश्य यही है कि लोग अपने आसपास घटित होनेवाली बातों के प्रति सतर्क रहे तथा उनमें दिलचस्पी लें। अनौपचारिक शिक्षा, क्रियात्मक शिक्षा, पूरक शिक्षा आदि के माध्यम से लोगों को आधुनिकतम जानकारियों से विज्ञ कराना तथा उनकी कार्य दक्षता विकसित करने में उनकी सहायता करनी चाहिए। आवश्कता पड़ने पर विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी किया जा सकता है।[8]

गुजरात विद्यापीठ, अविनशलिंगम् शिक्षण संस्थान (कोयम्बटूर), ग्रामीण संस्थान (गॉधी ग्राम), मद्रास विश्वविद्यालय, एस0एन0डी0टी0 विमेन्स यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद के विभिन्न प्रौढ शिक्षण केंद्रों आदि के माध्यम से प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम एक लंबी अवधि से चलाए जा रहे हैं आज देश भर के विश्वविद्यालयों द्वारा अपने अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में प्रौढ शिक्षण केंद्रों तथा विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षा की ज्योति पिछड़े–दलित एवं निरक्षर लोगों तक पहुंचायी जा रही है। यही नहीं भारत की अनेक स्वयंसेवी संस्थाएँ भी पुनीत कार्य में अपना योगदान प्रदान कर रही है।

वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में भारत जैसे विकासशील देश में प्रौढ शिक्षा की नितांत आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास की जा रही है। जो सफल भी हुई है। भारत सम्पूर्ण रूप से साक्षर तभी हो सकेगा जब सरकार के साथ–साथ संपूर्ण देशवासियों का सहयोग मिलेगा।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. इंडिया इयर बुक प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।
2. विपिन चन्द्र अमलेश त्रिपार्ठी वरूण दे, स्वतंत्रता संग्राम
3. Educational Administration in central Government , Kahajan,Baldev, Khullar.
4. योजना पत्रिका मासिक।
5. कुरूक्षेत्र पत्रिका, मासिक।
6. राधाकृष्णन आयोग ,रिपोर्ट 1948
7. बी0एल0ग्रोवर, आधुनिक भारत।
8. श्रीवास्तव, के0सी0 प्राचीन भारत का इतिहास, युनाईटेड बुक डिपो, इलाहाबाद, 1993
9. शुक्ला रामलखन–आधुनिक भारत का इतिहास–हिन्दी माध्यम, कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।
10. शुक्ल राम लखनः– आधुनिक भारत का इतिहास हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# ई-शिक्षा से बदलेगी बिहार के उच्च शिक्षा में शिक्षण पद्धति की तस्वीर



डॉ. श्रवण कुमार
पूर्व शोध छात्र (शिक्षाशास्त्र)
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय
कामेश्वर नगर दरभंगा, बिहार, भारत।

**सारांश**– सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। आज किताबों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, शोध छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, शिक्षण विधियों में बदलाव आया हैं, परंपरागत शिक्षण की जगह की ई-शिक्षा ने ली है, हमारी लाइब्रेरी हाईटेक हो गई है। हम दूर शिक्षण द्वारा पत्राचार माध्यमों द्वारा पढ़ रहे हैं, पत्राचार माध्यमों से डिग्री लेने में हम क्लास में नहीं जाते पर साइबर स्पेस में जाकर क्लास अटेंड कर सकते हैं, प्रौढ शिक्षा में बढ़ोतरी हुई है, हमारे बच्चों के लिए कंप्यूटर सीखना जरूरी हो गया है तथा इसे आजकल एक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर लिया है। कहने का तात्पर्य है कि तकनीक हमेशा से नवयुग में प्रवेश का माध्यम रही है।

**मुख्य शब्द**–_ई-शिक्षा, बिहार, उच्च शिक्षा, शिक्षण, पद्धति, सूचना,संचार, प्रौद्योगिकी,सरकार,छात्र।

प्रौद्योगिकी का जैसे-जैसे विकास हो रहा है, वैसे - वैसे जीवन के सभी क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता और अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। इसलिए मौजूदा समय में अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में भी प्रौद्योगिकी एक आवश्यक उपकरण के रूप में सामने आ रही है तो इसकी स्वीकार्यता से किसी को परहेज होना नहीं चाहिए। दुनिया के कई विकसित और विकासशील समाजों में प्रौद्योगिकी को सहायक उपकरण के रूप में अपनाया गया है। भारत में इसके सीमित प्रयोग हुए हैं तथापि अगर ठीक तरीके से ये अनुप्रयोग शुरू किया जाए तो जल्द ही सार्थक परिणाम सामने आएंगे। संचार क्रांति ने तो बदलाव की गति को और तीव्र कर दिया है। गांवों में बसने वाला भारत अब ई-क्रांति का अग्रदूत बनने की राह पर है। व्यवस्थागत संपूर्ण जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध कराने की दिशा में भारत सरकार पुरीजोर कोशिश कर रही है। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटाइज्ड करने की योजना बनाई है। इसी योजना के आलोक में प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक की पूरी शिक्षण प्रणाली को डिजिटल किया जा रहा है। बिहार सरकार द्वारा भी इस दिशा में ठोस पहल किया जा रहा है। परंतु वर्तमान समय में बिहार में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बहुत कमी है, राज्य में अब भी उन छात्रों की संख्या काफी सीमित है, जिनके पास लैपटॉप या टैबलेट, कंप्यूटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। अत: ऐसे छात्रों के लिए ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। हालांकि ऑनलाइन शिक्षा में मौजूद सामाजिक असमानता को कम करने के लिए केंद्र सरकार दीर्घकालिक उपाय अपनाने पर विचार कर रही है "जिसमें आगामी पाँच वर्षों में देश भर के 40 प्रतिशत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को लॅपटॉप या टेबलेट वितरित करना भी शामिल हैं।

पिछले तीन दशकों में जीवन के हर क्षेत्र में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सेवाओं का काफी विस्तार हुआ है। शिक्षा क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। प्राचीन गुरुकुल तथा आश्रम की वाचिक परंपरा से होते हुए शिक्षा ने अनेक सोपान तय किये हैं । पिछली सदी के कमोबेश पारंपरिक श्यामपट्ट तभा खड़िया मिट्टी (चॉक) के दौर से गुजरते हुए इक्कीसवीं सदी के इस

दूसरे दशक में पठन-पाठन का समूचा परिदृश्य बहुत बदल चुका है। आज की शिक्षा नवयुगीन साधनों तथा युक्तियों से सुसज्जित होती जा रही है। साधारण ब्लैकबोर्ड की जगह स्मार्टबोर्ड ने ले ली है तथा विविध प्रकार के मार्कर पेन ने खड़िया मिट्टी (चॉक) का स्थान ले लिया है। इंगित करने के लिए इस्तेमाल होनेवाली स्टिक का स्थान लेजर पॉइंटर ने लिया है । स्लाइड प्रोजेक्टर तथा एलसीडी प्रोजेक्टर अब हर कक्षा की अनिवार्य आवश्यकता बनती जा रही है।

कंप्यूटरों ने अपनी अद्भुत कार्यक्षमता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं संप्रेषण तकनीकी में होने वाली आश्चर्यजनक प्रगति ने आज हमें ऐसी शक्तियां, योग्यताएं तथा क्षमताएँ प्रदान कर दी है कि हम दुनिया में ऐसा सब कुछ कर सकने का दम भरने लगे है जिनकी हम कुछ दिन पहले कल्पना भी नहीं कर सकते थे। शिक्षण और अधिगम का क्षेत्र भी जो कुछ दिन पहले कक्षा शिक्षण के सीमित दायरे में बांधा हुआ था, आज तकनीकी प्रगति से पुरी तरह अनुप्रेरित एवं प्रभावित है । कंप्यूटर तथा उससे जन्मी नेट तर्किग वथा बेब जकनीकी ने शिक्षण अधिगम की दुनिया में क्रांति ला दी है । शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले अनुदेशन तथा पाठ्यपुस्तकों और अन्य मुद्रित सामग्री की विषय सामग्री पर ही आश्रित रहने की अपेक्षा आज का विद्यार्थी कंप्यूटर के संग्रह भंडारण में स्थित विषय सामग्री तथा नेट प्रणाली से उपलब्ध विस्तृत ज्ञान भंडार को केवल अपने ज्ञान एवं सूचना हेतु ही काम में नहीं लाता बल्कि उसे इनके माध्यम से ही ऐसी सभी अंत: क्रिया संबंधी सुविधाएं भी प्राप्त होती है, जैसी कि वह वास्तविक कक्षा कक्ष शिक्षण के दौरान प्राप्त कर सकता है । इसलिए यह कहने में अब कोई अतिशयोक्ति नही हैं कि आज की शिक्षा का भविष्य और कल की कक्षा अनुदेशन व्यवस्था बहुत कुछ सीमा तक ई-शिक्षा तथा अवास्तविक कक्षा कक्षों की अवधारणा और कार्यपद्धति पर ही निर्भर होने जा रही है।

**ई-शिक्षा की अवधारणा -**

ई-शिक्षा (ई-लर्निंग) को सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक शिक्षा और अध्यापन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो स्वाभाविक तौर पर क्रियात्मक होते हैं और जिनका उद्देश्य शिक्षार्थी के व्यक्तिगत अनुभव, अभ्यास और ज्ञान के संदर्भ में ज्ञान के निर्माण को प्रभावित करना है। ई-शिक्षा से तात्पर्य अपने स्थान पर ही इंटरनेट व अन्य संचार उपकरणों की सहायता से प्राप्र की जानी वाली शिक्षा से है । ई- शिक्षा के विभिन्न रूप हैं, जिसमें बेब आधारित लर्निंग, मोबाइल आधारित लर्निंग या कंप्यूटर आधारित लर्निंग और वर्चुअल क्लासरुम इत्यादि शामिल हैं ।

ई शिक्षा में सभी प्रकार के आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सूचना एवं संप्रेषण माध्यम एवं साधनों (जैसे सीडीरोम, डी.वी.डी., टेलीकॉन्फ्रेंस या चैटिंग, इंटरनेट तथा वेब सुविधाओं, ऑनलाइन लर्निंग, वेबसाइट उपलब्ध पाठ्यपुस्तक, सहायक पुस्तक तथा संदर्भ सामग्री, वीडियो गेम पद्धति पर आधारित अनुरूप सुविधाएं, पूरी तरह नियोजित एवं संचरित ई-लर्निंग पाठ्यक्रमों तथा वेब ब्लॉग्स आदि) का सहयोग लेकर उपयोगी शिक्षण एवं अधिगम कार्य संपन्न किया जा सकता है। अपने इस व्यवहारात्मक एवं प्रयोगात्मक रूप में इस तरह ई-शिक्षा को एक ऐसी इलेक्ट्रॉनिक अन्य लर्निंग या अधिगम का दर्जा दिया जा सकता है जिसका संपादन आधुनिक अधिगम तकनीकी जिसमें मुख्य रुप से कंप्यूटर और उनके द्वारा सुलभ नेटवर्किंग तथा वेब टेक्नोलॉजी और मल्टीमीडिया शामिल है का उपयोग करके किया जाता है। आज से कई वर्ष पहले जब ई-शिक्षा की अवधारणा आई थी, तो दुनिया इसके प्रति उतनी सहज नहीं थी, परंतु समय के साथ ही इस शिक्षा ने संपूर्ण शैक्षिक व्यवस्था में अपना स्थान बना लिया है।

**ई-शिक्षा की प्रकृति एवं विशेषताएं**

- ई-शिक्षा का संबंध इस इस प्रकार के अधिगम से है जिसके संपादन में कंप्यूटर सेवाओं की अनिवार्य रूप से आवश्यकता पड़ती है।

- ई शिक्षा शब्दावली का प्रयोग कंप्यूटर विज्ञान की इंटरनेट तथा वेब तकनीकी पर आधारित ऑनलाइन लर्निंग तक ही सीमित रखा जाना चाहिए।
- कंप्यूटर आधारित अधिगम या कंप्यूटर सहाय अनुदेशन की तुलना में ई-शिक्षा की अवधारणा कुछ अधिक व्यापक मानी जानी चाहिए।
- ई-शिक्षा की अवधारणा कुछ अन्य समरूप पदावलियों जैसे - ऑनलाइन लर्निंग तथा ऑनलाइन एजुकेशन से कुछ अधिक व्यापक मानी जानी चाहिए क्योंकि इन दोनों का संबंध पूरी तरह से केवल मात्र वेब आधारित लर्निंग से है जबकि ई-शिक्षा में इस कार्य से कुछ आगे बढ़कर अनुवर्ती कार्य तथा अध्यापक और विद्यार्थियों के बीच आवश्यक संप्रेषण एवं अंत: क्रिया बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है।
- ई-शिक्षा या अधिगम को दृश्य-श्रव्य अधिगम, दूरवर्ती शिक्षा का पर्याय नहीं माना जाना चाहिए।
- ई शिक्षा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि छात्र अपनी सहूलियत के हिसाब से किसी भी समय और कहीं पर भी अपना शैक्षिक कार्य कर सकते हैं। अर्थात इस शैक्षिक व्यवस्था में समय और स्थान की कोई पाबंदी नहीं है।
- ई शिक्षा के माध्यम से छात्र वेब आधारित स्टडी मैटेरियल को अनिश्चितकाल तक एक्सेस कर सकते हैं और बार-बार देखकर इसके जटिल पहलुओं को समझ सकते हैं।
- ई-शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई करना काफी हद तक कम लागत वाली होती है। क्योंकि छात्रों को पुस्तके या किसी दूसरे मटेरियल पर पैसा खर्च नहीं करना पड़ता है।
- ई-शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभदायक है, क्योंकि यहां जानकारी को किताब के बजाय वेब आधारित ऐप व पोर्टल पर स्टोर किया जाता है। जिससे कागज के निर्माण हेतु पेड़ों की कटाई पर रोक लगती है और हमारे पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है।
- ई-शिक्षा इंटरनेट और कंप्यूटर कौशल का ज्ञान विकसित करता है, जो विद्यार्थियों को अपने जीवन और करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगा।
- ई-शिक्षा के माध्यम से छात्र ने कौशल सीखने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

**ई-शिक्षा के प्रकार :**

**ई-शिक्षा को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है -**

1. एसिंक्रोनस (Asynchronous) शैक्षिक व्यवस्था
2. सिंक्रोनस (Synchronous) शैक्षिक व्यवस्था

**1. एसिंक्रोनस (Asynchronous) शैक्षिक व्यवस्था -**

इस शैक्षिक व्यवस्था से तात्पर्य है कि से तात्पर्य है कि एक समय में नहीं अर्थात यहां विद्यार्थी और शिक्षक के बीच वास्तविक समय में शैक्षिक संवाद करने का कोई विकल्प नहीं है। इस व्यवस्था में पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी पहले से उपलब्ध होती है। उदाहरण के लिए वेब आधारित अध्ययन, जिसमें विद्यार्थी किसी ऑनलाइन कोर्स, ब्लॉग, वेबसाइट, वीडियो ट्यूटोरियल्स, ई-बुक्स इत्यादि की मदद से शिक्षा प्राप्त करते है। इस तरह की ई-शैक्षिक व्यवस्था सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी किसी भी समय जब चाहे तब शैक्षिक पाठ्यक्रमों तक पहुंच सकते हैं। यही कारण है कि छात्रों का एक बड़ा वर्ग एसिंक्रोनस शैक्षिक व्यवस्था के माध्यम से अपनी पढ़ाई करना पसंद करता है।

**2. सिंक्रोनस (Synchronous) शैक्षिक व्यवस्था -**

इस शैक्षिक व्यवस्था से तात्पर्य है कि 'एक ही समय में' अर्थात विद्यार्थी और शिक्षक अलग-अलग स्थानों से एक दूसरे से शैक्षिक संवाद करते हैं। इस तरह से किसी विषय को सीखने पर विद्यार्थी अपने प्रश्नों का तत्काल उत्तर जान पाते हैं, जिससे उनके उस विषय से संबंधित संदेह भी दूर हो जाते हैं। इसी कारण से इसे रियल टाइम लर्निंग भी कहा जाता है। इस प्रकार की ई-लर्निंग व्यवस्था में कई ऑनलाइन उपकरण की मदद से छात्रों को स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। सिंक्रोनस ई-शैक्षिक व्यवस्था के कुछ उदाहरणों में ऑडियो और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, लाइव चैट तथा वर्चुअल क्लासरूम आदि शामिल है। ये तरीके बीते कुछ वर्षों में अधिक लोकप्रिय हो गए हैं।

**बिहार के उच्च शिक्षा संस्थानों में ई-शिक्षा की स्थिति और इसकी राह में चुनौतियां -**

वर्तमान समय में बिहार में उच्च शिक्षा संस्थाओं का विस्तार हुआ है। उच्च शिक्षा की ओर लोगों का रुझान बढा है। महिलाएँ भी अब उच्च शिक्षा प्राप्र कर रही है। परंतु ई-शिक्षा की मौजूदा स्थिति संतोषजनक नहीं है। बिहार में उच्च शिक्षा में आधारभूत संरचनाओं का अभाव है। अभी भी परंपरागत तरीको से पठन-पाठन हो रहा है। कंप्यूटर या आधुनिक तकनीकों का अभाव पाया जाता है। ई-शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शैक्षिणिक उपकरणों और संचार माध्यमों का उपयोग करते हुए शिक्षा प्रदान करने के लिये पहचाने जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। वस्तुतः अभी बिहार में ई-शिक्षा अपने शैशवावस्था में है। संख्या की दृष्टि से देखा जाए तो बिहार के उच्च शिक्षा में नामांकन दर पिछले 40 वर्षों में काफी बढी है लेकिन बाकी दुनिया से बिहार काफी पीछे है। आधारभूत ढाँचे की कमी और अन्य समस्याओं के चलते शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और छात्रों के सीखने के स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। शिक्षा में बदलाव गाँवों तक पहुंचे , यह विकसित होते भारत की नितांत आवश्यकता है लेकिन गाँवों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रचर शहरों के मुकाबले काफी कमजोर है। यही कारण है कि देश में इंटरनेट का उपयोग करनेवाली गरीब 23 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है । जबकि इंटरनेट का इस्तेमाल करनेवाले उपभोक्ताओं की संख्या के आधार पर भारत दुनिया में चीन और अमेरिका के बाद तीसरा स्थान है। वह भी तब, जब 2014 के अंत तक देश की केवल 19.19 फीसदी आबादी ही इंटरनेट से जुड़ी थी। इंटरनेट की पहुंच और स्पीड को प्रभावित करने के लिए डिजिटल इंडिया के तहत वर्ष 2020 तक देशभर में 60 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन और ग्रामीण क्षेत्रों में 100 फीसदी टेलीडेंसिटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत में टेलीकॉम सेक्टर की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

वर्तमान समय में भी बिहार में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बहुत क्मी है, राज्य में अब भी उन छात्रों की संख्या काफी अधिक है, जिनके पास लैपटॉप, कंप्यूटर या टैबलेट जैसी सुविधाएं उपलबध नही है, इसके चलते ऐसे छात्रों के लिये ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़ना एक बड़ी चुनौती है । शिक्षकों के लिये भी तकनीक एक बड़ी समस्या है, बिहार के अधिकांश शिक्षक तकनीकी रूप से इतने प्रशिक्षित नही है कि औसतन 30 छात्रों की एक ऑनलाइन कक्षा आयोजित कर सकें और उन्हें ऑनलाइन ही अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा सकें । इसके अतिरिक्त ई-शिक्षा की राह में कुछ अन्य चुनौतियां इस प्रकार है -

- बिना आत्म अनुशासन या अच्छे संगठनात्मक कौशल के अभाव में विद्यार्थी ई-शिक्षा मोड में की जानेवाली पढाई में पिछड़ सकते हैं।
- छात्र बिना किसी शिक्षक और सहपाठियों के अकेला महसूस कर सकते हैं । परिणामस्वरूप वे अवसाद से पीड़ित हो सकते हैं ।

- खराब इंटरनेट कनेक्शन या पुराने कंप्यूटर , पाठ्यक्रम एक्सेस करनेवाली सामग्री को निराशाजनक बना सकते है।
- बिहार में बेहतर इटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव व इंटरनेट की कम गति ई-शिक्षा की राह में बड़ी चुनौती है।
- वर्चुअल क्लास रूम में प्रैक्टिकल या लैब वर्क करना मुश्किल होता है।
- बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की भंति विद्युत व्यवस्था का अभाव है, जो ई-शिक्षा में रुकावट बन सकती है।

**हमारी शिक्षा संस्थाओं में ई-शिक्षा के आयोजन एवं प्रोत्साहन हेतु प्रयास-**

आज के इस वैश्विक युग में हम अपने अस्तित्व को तभी सुरक्षित रख सकते हैं जब हम समय और तकनीकी प्रगति के साथ चलने का प्रयत्न करें। आज का युग ई-शिक्षा का युग है। निश्चित रूप से अब यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित होने में समर्थ बनाए। यह तभी संभव हो सकता है जब हम अपनी शिक्षा संस्थाओं में इसके आयोजन और प्रोत्साहन हेतु सही ढंग से प्रयास करें। हमारे इस प्रयास के लिए कुछ निम्न बातों को लेकर आगे बढ़ना हितकारी सिद्ध हो सकता है-

- इस संबंध में पहल करने हेतु सबसे आवश्यक और महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी प्रकार से यह प्रयास किए जाएं कि ई-शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण और माहौल बन सके।
- सार्थक ढंग से ऐसे प्रयत्न किए जाने चाहिए कि विद्यार्थी, अध्यापक तथा सहायक स्टाफ सभी को ठीक प्रकार का आवश्यक ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि वे ई-शिक्षा में सहायक मशीनरी, उपकरण तथा टेक्नोलॉजी-कंप्यूटर, इंटरनेट तथा वेब सेवाओं, मल्टीमीडिया मोबाइल टेक्नोलॉजी आदि का भली-भांति उपयोग करना सीख जाए।
- विद्यार्थियों और अध्यापकगण को ई-शिक्षा में सहायक मशीनरी उपकरणों का काम में लाने में समर्थ बनाने के साथ-साथ उन्हें ई-शिक्षा से होने वाले फायदों तथा उपयोगों से भी भली-भांति अवगत कराया जाना चाहिए।
- वेबसाइट को इस प्रकार समृद्ध बनाया जाना चाहिए कि उसमें ई-मेल, चैटिंग कथा ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग युक्त आवश्यक इंटरनेट सुविधाओं की प्राप्ति विद्यार्थी और अध्यापक वर्ग के बीच आवश्यक संप्रेषण बनाए रखने हेतु अच्छी तरह होती रहे।
- अध्यापक और विद्यार्थियों को ई-शिक्षा सुविधाओं से पूरा-पूरा लाभ उठाने हेतु आवश्यक तकनीकी परामर्श सेवाएं ऑनलाइन ही आसानी से उपलब्ध हो ताकि ई-शिक्षा से होने वाली शैक्षिक लाभों का फायदा उठाने में उन्हें अनावश्यक परेशानी उठाने तथा निराशावश ई-शिक्षा के प्रति अरुचि या नकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होने से बचाया जा सके।

**ई-शिक्षा को बढ़ाने हेतु सरकारी प्रयास-**

- शिक्षा की गुणवत्ता पाठ्यक्रम और कुशल शिक्षण पर निर्भर करती है। सूचना प्रौद्योगिकी में आई क्रांति मोबाइल एप्लीकेशन और इंटरनेट के माध्यम से वीडियो, अक्षर और आवाज, तीनों माध्यमों में शिक्षण सामग्री तैयार कर सर्वसाधारण को उपलब्ध कराया जा रहा है।

- प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षक ऑनलाइन अपने विचार और संसाधनों को साझा कर रहे हैं जो विद्यार्थीयों के लिए बहुमूल्य सामग्री सिद्ध हो रही है। शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए नोट्स हो, परिचर्चा हो, ब्लॉग अथवा ई-बुक्स हो, वीडियो या कोई अन्य सामग्री, सभी को डिजिटल संकलित कर, उंगलियों पर उपलब्ध कराया

जा सकता है। वृहत पाठ्य सामग्री से छात्रों में शोध क्षमता का विकास होगा। कई तरह के गेम्स और एप्लीकेशन के माध्यम से शिक्षण देने के प्रयोग में बच्चों की समझ और समृति में भी वृद्धि पाई गई। गल्ली-गल्ली सिम-सिम नामक एक अनूठे पहल के अंतर्गत बिहार और दिल्ली के कुछ स्कूलों में बच्चों को फन एंड लर्न एप्लीकेशन के उपयोग से उत्साहजनक परिणाम मिले हैं।

- **स्वयं** (SWAYAM) - स्टडी वेब्स एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स एक एकीकृत मंच है जो स्कूल 9वीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। स्वयं एक ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल है, जो विद्यार्थियों के लिए निशुल्क: है। इसलिए स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स भी नि:शुल्क है। जो छात्र प्रमाण पत्र लेना चाहेंगे, उन्हें कुछ फीस लेकर कोर्स को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

- **स्वयं प्रभा** (**SWAYAM Prabha**) - यह 24 × 7 आधार पर सभी जगह डायरेक्ट टू होम (DTH) के माध्यम से 32 उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करने की एक पहल है। इसमें पाठ्यक्रम आधारित पाठ्य सामग्री होती है, जो विविध विषयों को कवर करती है। इस योजना के तहत स्कूल के छात्रों से लेकर कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों की मदद की जाएगी। इसका प्राथमिक उद्देश्य गुणवत्ता वाले शिक्षण संसाधनों को दूरदराज के ऐसे क्षेत्रों तक पहुंचाना है, जहां इंटरनेट की उपलब्धता अभी भी एक चुनौती बनी हुई है।

- **राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी (NDL) -** यह एक ऑनलाइन लाइब्रेरी है। यह देश में किसी को भी 70 लाख से ज्यादा किताबों तक पहुंचाने में मदद करेगी। राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी में किताबें स्कैन करके अपलोड की गई है। यह भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन लाइब्रेरी है, इसमें काफी उपयोगी और मनोरंजक किताबें पढ़ी जा सकेंगी।

- **राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (NAD) -** राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी योजना अभी शुरू की गई है। यह एक डिजिटल बैंक है, जिसका उपयोग शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शैक्षिक डिग्री, प्रमाण पत्र और देशभर के उच्चतर शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले डिप्लोमा को सुरक्षित करने के लिए किया जा सकता है। इसमें इन प्रमाणपत्रों को खोने का डर भी नहीं होगा। इस डिपॉजिटरी के उपयोग से छात्रों और प्रमाणपत्र धारकों के साथ शैक्षणिक संस्थानों तथा भावी नियोक्ताओं के द्वारा किये जाने वाले प्रमाणपत्रों के सत्यापन और प्रमाणीकरण में तेजी और आसानी आयेगी। इसके साथ ही फर्जी डिग्रियों और प्रमाणपत्रों के सत्यापन की समस्या से निजात मिल जायेगी।
- **स्पोकन ट्यूटोरियल -** छात्रों की रोजगार क्षमता को बेहतर बनाने के लिए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर पर 10 मिनट के ऑडियो-वीडियो ट्यूटोरियल उपलब्ध है। यह सभी 220 भाषाओं की उपलब्धता के साथ ऑनलाइन संस्करण है जो स्वयं सीखने के लिये बनाए गए हैं।

- **शिक्षा के लिए नि:शुल्क और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर-** यह शिक्षण संस्थानों में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देने वाली एक परियोजना है। इसमें शिक्षण कार्य, जैसे कि स्पोकन ट्यूटोरियल, डॉक्यूमेंटेशन, जागरूकता कार्यक्रम यथा कॉन्फ्रेंस, ट्रेनिंग वर्कशॉप इत्यादि इंटर्नशिप के माध्यम से किया जाता है।

- **वर्चुअल लैब -** इस प्रोजेक्ट का उपयोग प्राप्त ज्ञान के समक्ष का आकलन करने, आंकड़े एकत्र करने और सवालों के उत्तर देने के लिए पूरी तरह से इंटरेक्टिव सिमुलेशन एंवायरमेंट (Interactive simulation environment) विकसित करना है। महत्वकांक्षी परियोजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने, वास्तविक दुनिया के वातावरण और

समस्याओं से निपटने की क्षमता विकसित करने के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर सिमुलेशन तकनीकी के साथ आभासी प्रयोगशालाओं को विकसित करना आवश्यक है।

- **ई-यंत्र (E-Yantra) -** यह भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों में एंबेडेड सिस्टम (Embedded system) और रोबोटिक्स (Robotics) पर प्रभावी शिक्षा को सक्षम करने की एक परियोजना है।
- ई-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विभिन्न ई-लर्निंग कार्यक्रमों का समर्थन किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इसे बढ़ावा देने के लिये सक्रिय रूप से उपकरण और तकनीक विकसित करने पर बल दे रहे हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में ई-शिक्षा पर केंद्रीय शोध एवं अनुसंधान परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इनमें दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से साक्षरता में सुधार के लिए पाठ्य सामाग्री विकास, शोध एवं अनुसंधान पहल, मानव संसाधन विकास से जुड़ी परियोजनाएं और संकाय प्रशिक्षण पहलू शामिल है।
- वर्ष 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 900 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, भारत में ई-शिक्षा के क्षेत्र में एक विशाल बाजार तैयार होने की संभावना है। बड़ी संख्या में नए उपयोगकर्ता इंटरनेट व अन्य संचार उपकरणों के माध्यम से ई-शिक्षा तक पहुंच रहे हैं।

इस प्रकार हम देख रहे हैं कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। आज किताबों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, शोध छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, शिक्षण विधियों में बदलाव आया हैं, परंपरागत शिक्षण की जगह की ई-शिक्षा ने ली है, हमारी लाइब्रेरी हाईटेक हो गई है। हम दूर शिक्षण द्वारा पत्राचार माध्यमों द्वारा पढ़ रहे हैं, पत्राचार माध्यमों से डिग्री लेने में हम क्लास में नहीं जाते पर साइबर स्पेस में जाकर क्लास अटेंड कर सकते हैं, प्रौढ शिक्षा में बढ़ोतरी हुई है, हमारे बच्चों के लिए कंप्यूटर सीखना जरूरी हो गया है तथा इसे आजकल एक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर लिया है। कहने का तात्पर्य है कि तकनीक हमेशा से नवयुग में प्रवेश का माध्यम रही है। चाहे वह पेपर हो प्रिंटिंग प्रेस हो, ब्लैकबोर्ड हो, पुस्तकें हो अथवा 21वीं सदी का मोबाइल ब्रॉडबैंड और इंटरनेट सुविधा हो।

अब देखना यह होगा कि इस नव क्रांति का हम कितना सकारात्मक उपयोग करते हैं। पर इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि बिहार जैसे राज्य में ई-शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रबल संभावनाएं हैं, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं है। जब तक चुनौतियों का बेहतर आकलन नहीं किया जायेगा तब तक अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सकते।

**संदर्भ**


1. मंगल, एस. के. तथा उमा मंगल (2009) - शिक्षा तकनीकी, पी. एच. आई. लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
2. कुलश्रेष्ठ, एस. पी. (2009) - शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा
3. योजना, जनवरी - 2016 (अंक), लोधी रोड, नई दिल्ली
4. माहेश्वरी, ज्योति : इंटरनेट का शिक्षा पर प्रभाव - प्रथम पुरस्कृत निबंध, प्रतियोगिता दर्पण, मार्च – 2009, आगरा
5. http://www.bbc.com/hindi/india/2013/10/131013-higher-education-big-picture-rf-Pk
6. http://mhrd.gov.in/site/upload-files/mhrd/files/document-report/Part I & II. Pdf
7. http://him.wikipedia.org
8. Venkataiah.s.Education via Internet, New Delhi: Anmol Publication, 2004

# क्षणिकवाद एवं खेमाथेरी-मार संवाद



इन्दु डिमोलिया,
शोधच्छात्रा,
संस्कृत एवं प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान,
जे.एन.यू, दिल्ली, भारत।

**सारांश –** थेरीगाथा की थेरियों की गाथाओं में बौद्ध दार्शनिक तत्त्व दिखाई देते हैं। थेरीगाथा की थेरियाँ किसी अन्य से न लड़कर, स्वयं के मनोविकारों से ही लड़ती हैं। आज के समय में इस बात का बहुत बड़ा महत्व है, वर्तमान समाज में जहाँ एक-दूसरे पर दोषारोपण कर स्वयं को सही ठहराने की होड़ मची हुई है, वही थेरीगाथा की थेरियाँ स्वयं के मनोविकारों से लड़ने के लिए कहती हैं।

**मुख्यशब्द –** क्षणिकवाद, खेमाथेरी-मार, संवाद, बौद्ध, दार्शनिक, संस्कृत साहित्य।

---

भारतीय संस्कृत साहित्य में यम-यमी, विश्वामित्र- नदी, सरमा-पणि, अगस्त्य-लोपामुद्रा, पुरूरवा-उर्वशी इत्यादि संवाद-सूक्तों के माध्यम से विशाल संवाद-परम्परा का इतिहास देखने को मिलता है। बौद्ध धर्म में भी हम उस समय में हुए बौद्ध सम्मेलनों को संवाद-परम्परा के रूप में देख सकते हैं। उन सम्मेलनों में सभी को समान रूप से बोलने का अवसर दिया जाता था। आचार्य शंकर एवं विवेकानन्द भी इसी संवाद-परम्परा का उदाहरण थे। संवाद का अर्थ है 'किसी से की जाने वाली बातचीत या वार्तालाप'। बातचीत का संतुलन उसे संवाद की संज्ञा देता है। संवाद के प्रस्तुतीकरण के आधार पर तीन भेद होते हैं- अश्राव्य, श्राव्य एवं अप्रत्यक्ष संवाद।

**अश्राव्य संवाद** :- जो दूसरों के सुनने के लिए न हो, इसी को स्वगत या आत्मगत कथन कहते हैं। **श्राव्य संवाद** :- जिन संवादों का प्रस्तुतीकरण सबके सुनने के लिए होता है, उन्हें श्राव्य की संज्ञा दी गई है। इसे सर्वश्राव्य भी कहा गया है।

**अप्रत्यक्ष (कल्पित संवाद)** :- तीसरे प्रकार का यह संवाद अप्रत्यक्ष रूप से कल्पना के द्वारा अदृश्य से संवाद का आना या किसी पात्र का अप्रत्यक्ष से बात करना है। इस संवाद में 'आकाश की ओर मुँह उठाकर किसी कल्पित व्यक्ति से बात करता हुआ' दिखाया जाता है। कुछ विद्वान् इसे आत्मसंवाद का ही एक रूप मानते हैं।

‘दर्शन’ शब्द ‘दृश्’ धातु से ‘ल्युट्’ प्रत्यय करके निष्पन्न होता है। ‘दृश्यतेऽनेन इति दर्शनम्’ अर्थात् आत्मसाक्षात्कार करने का हेतु या साधन दर्शन है। विश्व कहाँ से उद्भूत हुआ और कहाँ विलीन होगा, हम कौन हैं, कहाँ से आए हैं और अन्त में कहाँ जायेंगे, इस प्रकार तत्त्वपरक विचारणा दर्शन का विषय है। दर्शन को दो भागों में बाँटा गया है- आस्तिक और नास्तिक दर्शन। आस्तिक दर्शन में ‘षड् दर्शन’ अर्थात् न्याय, वैशेषिक, साङ्ख्य, योग, पूर्वमीमांसा या मीमांसा, उत्तरमीमांसा या वेदान्त आते हैं। नास्तिक दर्शन में चार्वाक, बौद्ध और जैन दर्शन तीन भागों में विभाजित किया गया है।

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध ने दु:खों का कारण समझने तथा उन दु:खों को दूर करने का उपाय जानने के लिये वर्षों तक अध्ययन, तप और चिन्तन करके बोधि या ज्ञान प्राप्त किया। इस ज्ञान का सार उनके चार आर्य-सत्यों में मिलता है। चार आर्य-सत्य हैं- (1) दु:ख है, (2) दु:ख का कारण है, (3) दु:ख का अन्त है, (4) दु:ख को दूर करने का उपाय है। चतुर्थ आर्य सत्य को ‘आष्टांगिक मार्ग’ कहते हैं। इसमें दु:ख दूर करने के उपाय के रूप में आठ साधन बतलाये गये हैं। वे हैं- (1) सम्यक् दृष्टि, (2) सम्यक् संकल्प, (3) सम्यक् वाक्, (4) सम्यक् कर्मान्त, (5) सम्यक् आजीव, (6) सम्यक् व्यायाम, (7) सम्यक् स्मृति, (8) सम्यक् समाधि। इन आठ साधनों से मनुष्य की अविद्या और तृष्णा नष्ट हो जाती है। दु:ख का पूर्ण विनाश हो जाने से पुनर्जन्म की सम्भावना भी समाप्त हो जाती है। ऐसी अवस्था को बौद्ध दर्शन में ‘निर्वाण’ नाम दिया गया है।

थेरीगाथा पालि त्रिपिटक-साहित्य में सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय का एक ग्रंथ है, जो 16 'निपातों' अर्थात् वर्गों में विभाजित है। इसमें 522 गाथाओं के माध्यम से 73 भिक्खुणियों ने अपने अनुभव को संगीतात्मक तथा आत्माभिव्यञ्जनात्मक गीति शैली में अभिव्यक्त किया है।, जो कि गाथाओं की संख्या के अनुसार क्रमबद्ध हैं।

बौद्ध दर्शन के मौलिक सिद्धान्त प्रतीत्यसमुत्पाद, अनित्यवाद[1], क्षणिकवाद, अनात्मवाद[2] एवं निर्वाण[3] हैं। थेरीगाथा की थेरियों ने भी अपनी गाथाओं में बौद्ध दर्शन के इन मौलिक सिद्धान्तों का वर्णन किया है। **उदाहरण के रुप में** अञ्ञतराथेरी (एक अज्ञातनामा भिक्खुणी) की गाथा में अनित्यता के सिद्धांत को हम देख सकते हैं-

**अञ्ञतराथेरी (एक अज्ञातनामा भिक्खुणी)**[4] एक दिन रसोईघर में खाना पका रही थी। सहसा आग अधिक जल जाने से कढ़ाई में पक रहा शाक जल गया। इस घटना से उसे संसार की सारी वस्तुओं

---

[1] सर्वमनित्यम्, बौद्ध दर्शन-मीमांसा, पृ. 4

[2] सर्वमनात्मम्, बौद्ध दर्शन-मीमांसा, पृ.4

[3] निर्वाणं शान्तम्, बौद्ध दर्शन-मीमांसा, पृ.4

[4] थेरीगाथा, डॉ. विमलकीर्ति, गाथा संख्या 1, पहला वर्ग, पृ. 31

की अनित्यता का गम्भीर ज्ञान उत्पन्न हुआ उसने बहुमूल्य वस्त्र और गहने पहनने छोड़ दिए। शास्ता ने उसकी महान् वैराग्य-वृत्ति को देख कर भिक्खुणी से कहा था-

"हे स्थविरिके ! तू सुख की नींद सो। अपने ही हाथों से बनाये वस्त्र को ओढ़कर, तू (इसी जीवन में) परम शान्ति को प्राप्त कर, क्योंकि कढ़ाई में पड़े हुए जले शाक की तरह, तेरा राग (जल कर) शान्त हो गया।[5]

जगत् में जीवन एवं वस्तुओं को अनित्य बताकर बुद्ध यह कहना चाहते थे कि हमें इनके प्रति राग-मोह आदि नहीं रखना चाहिए और जब राग-मोह आदि ही नहीं होगा तो इनके नष्ट होने पर किसी तरह का दु:ख भी नहीं होगा। अत: दु:ख के निरोध के लिए वस्तुओं के वास्तविक गुण अर्थात् अनित्यता को जानना आवश्यक है।

**इसी प्रकार हम खेमाथेरी-मार संवाद में क्षणिकवाद के सिद्धान्त को देख सकते हैं -**

**क्षणिकवाद (क्षणभंगुरता) एवं खेमाथेरी-मार[6] संवाद :-**

बुद्ध के अनित्यवाद के सिद्धान्त को उनके अनुयायियों ने क्षणिकवाद में परिवर्तित किया। क्षणिकवाद अनित्यता का ही विकसित रुप है। क्षणिकवाद के अनुसार प्रत्येक वस्तु का अस्तित्व क्षणमात्र के लिए ही रहता है। क्षणिकवाद के अनुसार विश्व की प्रत्येक वस्तु सिर्फ अनित्य ही नहीं, बल्कि क्षणभंगुर भी है। जिस प्रकार नदी की एक बूँद एक क्षण के लिए सामने आती है, दूसरे क्षण वह विलीन हो जाती है, उसी प्रकार जगत् की समस्त वस्तुएँ क्षणमात्र के लिये ही अपना अस्तित्व कायम रखती हैं।

थेरीगाथा के खेमाथेरी-मार संवाद में क्षणभंगुरता का वर्णन आया है-

खेमाथेरी सागल (स्यालकोट) की राज-कन्या थी। अतीव सुंदरी और स्वर्णवर्णा। मगध-राज बिंबिसार से विवाह हुआ। शास्ता एक दिन वेणुवन आए। सारा राज-परिवार उनके दर्शन के लिए गया। किंतु रूपगर्विता खेमा नहीं गई, क्योंकि वह जानती थी कि भगवान् बुद्ध रूप-सौन्दर्य की तुच्छता और विपरिणामता दिखाते हैं। किसी प्रकार राजा के आग्रह से वह उद्यान की शोभा दिखाने के बहाने वहाँ ले जायी गई। अकस्मात् भगवान् बुद्ध के दर्शन भी वहाँ उसे हो गए। शास्ता ने उसे रूप-गर्व की निस्सारता दिखाने के लिए अपने अलौकिक योग-बल से एक अप्सरा को पैदा किया। अप्सरा भगवान् को पंखा झल रही थी। उसे देखकर खेमा ने अपने मन में सोचा, "इस प्रकार की अप्सराएँ और देव-रमणियाँ भगवान् को घेरे रहती हैं, मैं तो इनकी दासी होने के भी योग्य नहीं। मेरे रूप-अभिमान ने तो मुझे नष्ट कर दिया।" वह उस अप्सरा की रूप-सम्पदा को एकटक देखती खड़ी रही। भगवान् के योग-बल से वह अप्सरा प्रथम वयस् से मध्यम वयस् में परिणत हुई और फिर बाद में बुड्ढी दिखाई देने लगी-पोपले मुख वाली,

---

[5] थेरीगाथा, डॉ. विमलकीर्ति, गाथा संख्या 1, श्लोक संख्या 1

[6] थेरीगाथा, डॉ. विमलकीर्ति, गाथा संख्या 52, छठा वर्ग

कांतिहीन, पके बाल वाली, क्षीण, दुर्बल ! पंखा भी उसके हाथ से गिर पड़ा और उसके साथ ही वह पृथ्वी पर गिर पड़ी। खेमा जो यह सब दृश्य देख रही थी, सोचने लगी, "हाय ! सौन्दर्य का यही परिणाम है? मेरी भी देह का यही परिणाम होगा?" भगवान् ने ठीक समय जानकर उसे उपदेश दिया। उपदेश के अनन्तर ही उसे ज्ञान की प्राप्ति हो गई। बाद में प्रव्रजित होकर खेमा भगवान् बुद्ध की सबसे बड़ी प्रज्ञावती भिक्षुणी हुई।

एक दिन खेमा वृक्ष के नीचे आसन मारे ध्यान में लीन थी, उसी समय मार ने एक युवा पुरूष के रूप में आकर उसे लुभाने की चेष्टा की। उन दोनों का संवाद और किस प्रकार खेमा ने अपनी अद्‌भुत ज्ञान-साधना से उस पर विजय प्राप्त की, खेमा इन पंक्तियों को हमारे लिए छोड़ गई हैं-

**"दहरा त्वं रूपवती, अहं पि दहरो युवा।**

**पञ्चाङ्गिकेन तुरियेन, एहि खेमे रमामसे"ति॥"**[7]

"खेमा ! तू रूपवती युवती है, मैं भी रूपवान् युवक हूँ। आ खेमा ! पाँच अंगों से युक्त तूर्य ध्वनि (वाद्य संगीत) के साथ हम यहाँ विषय-सुख का आनंद लें।"

**"इमिना पूतिकायेन, आतुरेन पभङ्गुना।**

**अट्टियामि हरायामि, कामतण्हा समूहता॥"**[8]

"इस गन्दे, घृणित, व्याधि के घर, हड्डी-मांस के क्षणभंगुर शरीर से विषय-सुख अनुभव करने में मुझे घृणा आती है, मैं लज्जा अनुभव करती हूँ; मैंने काम-तृष्णा की जड़ को काट दिया है।"

**"सत्तिसूलूपमा कामा, खन्धासं अधिकुट्टना।**

**यं त्वं कामरतिं ब्रूसि, अरती दानि सा मम॥"**[9]

देख, यह काम-तृष्णा भाले के समान बींधने वाली है; ये स्कंध-समूह छुरी के समान काटने वाले हैं; जिसे तू भोग का आनन्द कहता है, वही मेरे लिए घृणा का उत्पादक है।

**"सब्बत्थ विहता नन्दी, तमोखन्धो पदालितो।**

**एवं जानाहि पापिम, निहतो त्वमसि अन्तक॥"**[10]

इस प्रकार की भोग-तृष्णा का मैंने विनाश कर दिया है, अंधकार-पुंज हटा दिया है। पापी मार ! प्राणियों का अन्त करने वाले ! समझ ले, आज तू पराजित कर दिया गया ! तेरा ही अंत कर दिया गया।

---

[7] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-49

[8] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-49

[9] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-49

[10] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-50

**"नक्खत्तानि नमस्सन्ता, अग्गिं परिचरं वने।**

**यथाभुच्चमजानन्ता, बाला सुद्धिममञ्ञव॥"**[11]

"सत्य को यथार्थ रूप से न जानते हुए ही, मूढ़ जन नक्षत्रों को नमस्कार करते हैं, वनों में अग्नि-पूजा करते हैं. और इस प्रकार शुद्धि-प्राप्ति की आशा करते हैं।"

**"अहं च खो नमस्सन्ती, सम्बुद्धं पुरिसुत्तमं।**

**पमुत्ता सब्बदुक्खेहि, सत्थुसासनकारिका"ति॥"**[12]

"मैंने तो सर्वोतम पुरुष भगवान् सम्यक् संबुद्ध की पूजा की है, शास्ता के शासन को पूरा कर मैं अब सब दु:खों से विमुक्त हो गई हूँ।"

थेरीगाथा में सुन्दरीनन्दाथेरी ने **भी शरीर की क्षणभंगुरता को समझते हुए** अपनी गाथा में निर्वाण-प्राप्त कर परम शान्ति के विषय में बताया है-

कपिलवत्थु में शाक्य-राजवंश में जन्मी सुन्दरीनन्दा रूप-लावण्य से परिपूर्ण थी, इसलिए उसको सुन्दरी एवं जनपद-कल्याणी के नाम से भी जाना जाता था। शाक्य राजकुमार नन्द और राहुल के प्रव्रज्या ग्रहण करने के बाद राजा शुद्धोदनकी मृत्यु के बाद महापजापती गौतमी भी भिक्खुणी हो गई। अपने वंश के सभी लोगों को प्रव्रजित होते देख सुन्दरीनन्दा भी भिक्खुणी हो गई। उसकी यह प्रव्रज्या श्रद्धा के कारण नहीं हुई थी। वह अपने स्वजनों के प्रति प्रेम के कारण और बुद्ध के विचारों से प्रभावित होने के कारण हुई थी। फिर भी अपने सौन्दर्य में उसकी अभी तक आसक्ति बनी हुई थी। तथागत उसे अनित्यता का उपदेश देते हुए कहते हैं-

"हे नन्दा ! तू इस गन्दे सम्मिश्रण (शरीर) को देख ! तू अशुचि दुर्गन्धमय और व्याधि के समूह इस शरीर को देख। एकाग्र चित्त और अच्छी प्रकार समाधि में स्थित होकर तू अपने चित्त को अशुभ-भावना में लगा।[13] तू अपनी प्रज्ञा से सौन्दर्य के मोह से विमुक्त होकर सत्य को देख।

इस उपदेश को सुनकर थेरी नन्दा को ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह कहती है कि "तब मुझे इस देह में वैराग्य उत्पन्न हुआ। मैं अन्दर से राग-मुक्त हो गई, मैंने इस देह से अपनापन तोड़ दिया है। पुरुषार्थ में लीन, अनासक्त, उपशान्त होकर, आज मैं निर्वाण की परमशान्ति का अनुभव करती हूँ। आज मैं निर्वाण-प्राप्त हूँ, परम शान्त हूँ।"[14]

---

[11] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-50

[12] थेरीगाथा, भरत सिंह उपाध्याय, पृ० 48-50

[13] थेरीगाथा, डॉ. विमलकीर्ति, गाथा संख्या- 41, श्लोक-82

[14] थेरीगाथा, डॉ. विमलकीर्ति, गाथा संख्या- 44, श्लोक-86

**इस प्रकार थेरीगाथा में अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं, जहां क्षणिकवाद सिद्धान्त को हम देखते हैं।**
अत: स्पष्ट होता है कि थेरीगाथा की थेरियों की गाथाओं में बौद्ध दार्शनिक तत्त्व दिखाई देते हैं। थेरीगाथा की थेरियाँ किसी अन्य से न लड़कर, स्वयं के मनोविकारों से ही लड़ती हैं। आज के समय में इस बात का बहुत बड़ा महत्व है, वर्तमान समाज में जहाँ एक-दूसरे पर दोषारोपण कर स्वयं को सही ठहराने की होड़ मची हुई है, वही थेरीगाथा की थेरियाँ स्वयं के मनोविकारों से लड़ने के लिए कहती हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची (Bibliography)**

*थेरीगाथा,* डॉ. भरत सिंह उपाध्याय, गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2010
*थेरीगाथा,* डॉ. विमलकीर्ति, सम्यक् प्रकाशन, नई दिल्ली, तृतीय संस्करण, 2008
*बौद्ध-दर्शन-मीमांसा,* आचार्य बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पुनर्मुद्रित संस्करण, 2014

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# महिला समाख्या, कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय तथा स्त्री शिक्षा : एक अध्ययन



**डॉ0 वंदना कुमारी**
**पूर्व शोध छात्रा, शिक्षा संकाय**
**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,**
**कामेश्वर नगर दरभंगा, बिहार, भारत।**

**सारांश–** वर्तमान समय में भारत की नारियों में नवचेतना हैं, नवजागृति है। वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है, परंतु उसके साथ ही साथ कर्तव्य के प्रति भी ध्यान देना चाहिए। देश के उत्थान में उन्हें हाथ बंटाना चाहिए। वह समय निकट ही है जबकि वे जीवन के प्रत्येक कार्य क्षेत्र में पुरूषों के समान समझी जायेगी और अपनी प्रतिभा से देश को समृद्धशाली बना सकेंगी।

**मुख्य शब्द–** महिला समाख्या, कस्तूरबा गॉधी, आवासीय विद्यालय, स्त्री शिक्षा, भारत, सामाजिक, आर्थिक।

---

सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों की महिलाओं खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु एक निश्चित कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 1989 में महिला समाख्या कार्यक्रम शुरू किया गया। महिला समख्या योजना में समानता के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के केंद्रीयकरण को मान्यता प्रदान की है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समाख्या के तहत एक नवाचारी दृष्टिकोण अपनाया गया है जिसमें मात्र लक्ष्यों को प्राप्त करने के बजाए प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिला समख्या के तहत शिक्षा को न केवल साक्षरता कौशल प्राप्त करने के माध्यम के रूप में माना गया है अपितू इससे प्रश्न पूछने, मुद्दों और समस्याओं का विशेष रूप से विश्लेषण करने तथा समाधान करने की प्रक्रिया के रूप से माना गया है। इसके तहत महिलाओं के लिए ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाता है जिससे महिलाएं स्वयं अपनी ओर से अध्ययन कर सके, अपनी प्राथमिकताएँ निर्धारित कर सके और अपनी पसंद के अनुसार ज्ञान तथा सूचना प्राप्त कर सके। इसमें महिलाओं को अपनी अवधारणा में परिवर्तन लाने तथा महिलाओं की ''परम्परागत भूमिकाओं''के संबंध में

समाज की अवधारण में परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है। यह अनिवार्य रूप से महिलाओं को विशेष रूप से सामाजिक और आर्थिक रूप से लाभ से वंचित तथा अन्य कमजोर वर्ग की महिलाओं को सक्षम बनाता है ताकि वे अलगाव और आत्मविश्वास की कमी तथा कठोर सामाजिक प्रथाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान कर सके और अपने अस्तित्व के लिए संधर्ष कर सके।

महिला समाख्या एक ऐसा कार्यक्रम है जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है। इसके लिए शिक्षा को आवश्यक मानते हुए महिलाओं के साथ कार्य करता है। सशक्तिकरण के लिए जागरूकता भी आधारभूत तत्व है। अतः महिला समाख्या जागरूकता के लिए जानकारियों के विस्तार को केंद्रित कर विभिन्न गतिविधियों और कार्यकलापों का संपादन करती हैं। इन सभी कार्यकलापों और गतिविधियों का संचालन करने के लिए संगठन एक माध्यम बनता है।

**कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय योजनाः–**

भारत सरकार द्वारा 2004 में अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग की बालिकाओं के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना के लिए कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय योजना का शुभारंभ किया गया था। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय योजना की शुरूआत प्रथम दो वर्ष तक एक अलग योजना के रूप में सर्वशिक्षा अभियान, बालिकाओं के लिए प्राथमिक स्तर पर शिक्षा दिलाने का राष्ट्रीय कार्यक्रम व महिला समाख्या योजना के तहत सामंजस्य बैठाते हुए शुरू की गयी थी, लेकिन एक अप्रैल 2007 से इसे सर्वशिक्षा अभियान में एक अलग घटक के रूप में विलय कर दिया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों और विशेष रूप से पिछड़े समुदायों में लैगिक असमानता की भावना अभी भी कायम है। पंजीयन के आंकड़े से साफ पता चलता है कि प्राथमिक स्तर पर अभी भी लड़कों की तुलना में लड़कियों का नामांकन बहुत कम है। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय योजना का मुख्य उद्देश्य है कि पिछड़े समुदाय के लड़कियों को आवासीय सुविधा के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

यह योजना सिर्फ उन क्षेत्रों के लिए है जिन्हें 2001 के सेन्सस डेटा द्वारा शैक्षणिक रूप से पिछड़ा प्रखंड घोषित किया गया है। जहॉ महिला साक्षरता दर लैगिक असमानता राष्ट्रीय औसत से कम है। इन प्रखंडों में विद्यालय निम्न क्षेत्रों में स्थापित किये जाते हैंः–

(i) सघन पिछड़ी जनजाति वर्ग के क्षेत्र जहॉ महिला साक्षरता कम है।

(ii) सघन पिछड़ी जाति के क्षेत्र जहॉ महिला साक्षरता कम हो।

(iii) ऐसे क्षेत्र जहॉ महिला साक्षरता कम हो।

ऐसे क्षेत्र जहॉ छोटे, बिखरे हुए बस्तियों की संख्या अधिक हो तथा जो स्कूल स्थापित होने की न्यूनतम मापदंडों को पूरा नहीं करता हो। आवासीय विद्यालय की स्थापना जहॉ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों की कम से कम 50 लड़कियॉ प्राथमिक स्तर पर स्कूल के अध्ययन के लिए उपलब्ध हो, के लिए की गयी है। इन स्कूलों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना करना, स्कूलों के लिए आवश्यक शिक्षण अधिगम सामग्री की तैयारी व खरीद करना, अकादमिक सहायता प्राप्त करने के लिए व मूल्यांकन व निगरानी के लिए उचित प्रणाली का प्रयोजन होना, लड़कियों और उनके परिवारों के लिए आवासीय स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना साथ ही दुर्गम क्षेत्र में प्रवासी आबादी, बिखरे हुए बस्तियों, प्राथमिक स्तर पर अधिक उम्र की लड़कियों को जो स्कूल से बाहर है और जो पढ़ाई पूरा करने में असमर्थ है, विद्यालय की ओर से आकर्षित करना, उच्च प्राथमिक स्तर पर लड़कियों विशेष रूप से, किशोर लड़कियों, ध्यान देना जो नियमित रूप से स्कूल जाने में असमर्थ है। योजना के लक्षित प्रकृति के दृश्य में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक समुदाय से 75% लड़कियों को ऐसे आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्राथमिकता दी जायेगी और उसके बाद गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की 25% लड़कियों को मौका दिया जाएगा। स्थापित गैर सरकारी संगठनों और अन्य गैर लाभ वाले निकायों के मदद से इन आवासीय स्कूलों को चलाया जाय

हालांकि भारत में महिला साक्षरता दर धीरे–धीरे बढ़ रही है लेकिन यह पुरूष साक्षरता दर से कम है। लडको की तुलना में बहुत ही कम लड़कियॉ स्कूल में दाखिला लेती है और उनमें से कई बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ देती है। 1997 के नेशनल सैम्पल सर्वे डाटा के मुताबिक केवल केरल और मिजोरम राज्यों के सार्वभौमिक महिला साक्षरता दर को हासिल किया। ज्यादातर विद्ववानों में केरल ने महिलाओं की बेहतर सामाजिक और आर्थिक स्थिति के पीछे प्रमुख कारक साक्षरता को माना है।

आजकल पूरे देश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाऍ चलायी जा रही है। विशेषकर बालिका शिक्षा को बढ़ाने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न स्कीमों को सफलतापूर्वक लागू करने की कोशिश की जा रही है। परंतु कई बार सरकार द्वारा ईमानदारी से की जा रही कोशिश का लाभ उसके वास्तविक हकदार तक नहीं पहुंच पाता हैं। सरकारी योजनाएं और जमीन हकीकत में बहुत अंतर होता है। यह एक गंभीर प्रश्न है कि सरकार द्वारा गरीब लड़कियों की शिक्षा के लिए जब कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय तथा इसके

जैसी अन्य आवासीय विद्यालय चलाये जा रहे है और कई स्कॉलरशीप प्रदान किये जा रहे है फिर क्या कारण है कि बालिका शिक्षा के ग्राफ में संतोषजनक वृद्धि नही हो पा रही है?

आवश्यकता है ऐसी योजनाओं को ठोस रूप में लागू करने की। वहीं समाज विशेषकर माता—पिता की मानसिकता को बदले बगैर यह संभव नहीं हो सकता है। उन्हें यह समझाने की आवश्यकता कि शिक्षा वह खजाना है जिसे कोई चुरा नहीं सकता हैं। फिर ऐसे खजाने से मालामाल करने से लड़कियों को रोकना क्यों उनके साथ नाइंसाफी नहीं होगी?

.स्त्रियों को अपने उत्थान के लिए शिक्षा के सिवा कोई रास्ता नहीं है। स्त्रियॉ वर्तमान में इस कठोर पितृसत्तात्मक समाज में समानता प्राप्त करना चाहती है । परिवर्तन के लिए वे वहीं उपाय अपनाना चाहती है जो पुरूष सदियों से स्वयं के लिए अपनाते रहे हैं। प्रश्न यह है कि स्त्रियां पुरूषों के पदचिन्हों पर क्यों चलना चाहिए है? स्त्रियों ने स्वतंत्रता के लिए भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लिया। स्वतंत्रता पूर्व अनेक महिलाओं ने गॉधी जी के साथ कार्य किया। आज स्त्रियों के लिए पुरूषों के समान और समाज के सभी सदस्यों के समान सम्मानित जीवन प्राप्त करने के महिला संगठनों, महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनैतिज्ञों ने कीमत—वृद्धि, दहेज, बलात्कार और शोषण आदि के मुद्दों को उठाया है। स्त्रियों ने पुलिस और ऐसी ही अन्य सेवाओं में अपनी हिस्सों की मांग की है। महिला संगठनों ने, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, यौन—समानता के लिए चेतना की भावना उत्पन्न की है।

आज लड़कियों की शिक्षा के नाम पर बस उसे साक्षर बनाया जाता है, लोगों की नजरिया अभी भी स्त्री शिक्षा के प्रति बहुत ही पिछड़ा हुआ है। लड़कियों को स्नातक या स्नातकोतर कराने के बाद उसकी शादी कर देते हैं, ये नहीं सोचते की आगे चलकर क्या करेगी। बचपन से ही उसकी शिक्षा का कोई उद्देश्य नहीं होता है, इसलिए आवश्यकता है समाज को स्त्री शिक्षा के बारे में सोचने के लिए कि स्त्री की शिक्षा रचनात्मक ढंग से होनी चाहिए । जिसके कारण वे परम्परागत शिक्षा को महसूस करें। जिससे वे आत्मनिर्भर बन जायेगी और समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढेगी और समाज की भी प्रगति होगी। ज्ञातव्य है कि वर्तमान शिक्षा स्त्रियों के लिए अनुपयोगी हो गयी है। साथ ही विद्यालयी शिक्षा में अरूचि, माता—पिता की सहायता, आर्थिक तंगी, विद्यालयों का अभाव आदि कारण भी स्त्री—शिक्षा में बाधक पाये गये हैं। इन तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए हमें अपने सामाजिक परिवेश एवं अपनी संस्कृति की तरफ देखना होगा जिनसे वे स्त्रियॉ जुड़ी हुई है। महिलाओं द्वारा अनेक परम्परागत उत्पाद जैसे पत्तल, दोने, पापड़, ईंट, मिट्टी के बर्तन, बर्तनों पर फुलपतियॉ बनाना तथा उनकी रंगाई करना, चटाई,

कालीन, आचार, मुरब्बा आदि तैयार किये जा सकते है जिनको करने के बाद महिलाऍं अपनी स्थिति में सुधार ला सकती है।

वर्तमान समय में भारत की नारियों में नवचेतना हैं, नवजागृति है। वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है, परंतु उसके साथ ही साथ कर्तव्य के प्रति भी ध्यान देना चाहिए। देश के उत्थान में उन्हें हाथ बंटाना चाहिए। वह समय निकट ही है जबकि वे जीवन के प्रत्येक कार्य क्षेत्र में पुरूषों के समान समझी जायेगी और अपनी प्रतिभा से देश को समृद्धशाली बना सकेंगी।

**संदर्भ ग्रंथः–**


1. रूहेला, एस0पी0 (2010) –शिक्षा के दार्शनिक तथा समाजशास्त्रीय आधार, आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन्स।
2. गुप्ता, एस0पी0 तथा अलका गुप्ता (2007)–भारतीय शिक्षा का तानाबाना, इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन।
3. कबीर, हुमायुं (1956)– स्वतंत्र भारत में शिक्षा राजपाल एवं सन्स, दिल्ली।
4. Mahila Samakhya Bihar, Repot of Activities
5. National Policy of Education- New Delhi: Govt. of India, 1986.
6. http://him.wikipedia.org.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# ठुमरी की उत्पति और विकास



**डॉ0 विजय कुमार सिंह**
**संगीत शिक्षक,**
**रामबाबू + उच्च वि0 हिलसा, नालन्दा।**

**शोध आलेख सार –** भारतीय शास्त्रीय संगीत में मुख्यतः कई गायन शैलियाँ विद्यमान हैं। ध्रुपद–धमार, ख्याल जो शास्त्रीय गायन शैली के अन्तर्गत आते हैं। ख्याल गायन शैली के बाद उप–शास्त्रीय संगीत के अन्तर्गत ठुमरी, दादरा, कजरी, चैती, होरी आदि आते हैं। भारतवर्ष में मुख्यतः चार ठुमरी के घराने विकसित हुए, जिसमें पंजाब, लखनऊ, बनारस एवं गया (बिहार) मुख्य केन्द्र रहा है। इन्हीं चार घरानों से पूरे भारतवर्ष में ठुमरी गायन शैली का विकास हुआ और वर्तमान समय में इस गायन शैली को कलाकारों ने जीवित रखा है। ठुमरी शब्द का व्यवहार हिन्दुस्तानी संगीत की एक विशेष गेयविद्या के लिए किया जाता है। ठुमरी शब्द श्रृंगार रस एवं भक्ति प्रधान अभिन्यात्मक गायन शैली है। इस शैली में स्वर और शब्द का समान महत्व है। ठुमरी बन्दिशों में प्रयुक्त एक–एक शब्द के भाव को स्वर के माध्यम से अर्थवान बनाते हुए श्रोताओं को रसिक्त किया जाता है। इस शैली के प्रस्तुतिकरण में स्वर में माधुर्य लोच और नृत्य का भाव होना चाहिए। जिस प्रकार नर्तक हाव भाव से भाव अदा करता है, उसी प्रकार ठुमरी में गायक अपनी गायकी द्वारा भावों को प्रस्फुटित करता है। ठुमरी के गायकों में नवाब वाजिद अली शाह, बड़े गुलाम अली खा, बेगम अख्तर, महादेव मिश्र (बनारस), विदुषी गिरिजा देवी, पंडित छन्नुलाल मिश्र, रामूजी (गया), जयराम तिवारी, मौजूद्दीन खाँ, कामेश्वर पाठक, राजेन्द्र सिजूआर, पंडित राम प्रकाश मिश्र (छपरा) इत्यादि कलाकारों ने ठुमरी गायन शैली को आगे बढ़ाने में अविस्मरणीय योगदान रहा है। ठुमरी गायन शैली में चंचल प्रकृति के रागों में गायी जाती है। खमाज, भैरवी, पीलू, तिलककामोद, झिंझोटी, काफी एवं मांड इत्यादि रागों में ठुमरी गायन शैली को प्रस्तुत किया जाता है और श्रोता मंत्रमुग्ध होते हैं। ठुमरी गायन शैली में तालों का विशेष महत्व है। कलाकार प्रस्तुति करते समय जत, तीनताल एवं कहरवा तालों का चुनाव किया जाता हैं।

**मुख्य शब्द –** ठुमरी, उप–शास्त्रीय, अभिन्यात्मक, अविस्मणीय, राग, ताल इत्यादि।

भारतीय मान्यतानुसार गायन वादन एवं नृत्य का समन्वय ही संगीत है। ठुमरी की उत्पति विकास और वर्तमान शैलियों के विस्तृत विवेचन से ज्ञात होता है कि ठुमरी देशी संगीत की एक ऐसी उतर भारतीय गीतविद्या है, जिसे मूलतः नर्तकियाँ भावाभिनय सहित नृत्य के साथ गाती थीं। कालांतर में ठुमरी का विकास एक स्वतंत्र गायनविद्या के रूप में विकसित हुआ। वर्तमान समय में ठुमरी की अनेक शैलियाँ प्रचलित है।

स्वर, शब्द और ताल ये तीनों ही प्रत्येक गीतविद्या के मूल तत्व हैं। फलतः स्वरप्रधान गीतभेदों में शब्द व ताल सहायक रूप में होते हैं। ठुमरी गायन शैली में दो अंग प्रचलित हैं—पश्चिम अंग जिसे पंजाब अंग एवं पूरब अंग लखनऊ, बनारस एवं गया अंग की ठुमरी प्रचलित है। पश्चिम और पूरब अंग की गायन शैली में सिर्फ भाषायी अंतर पाया जाता है। पंजाब अंग के ठुमरी, दादरा व टप्पा गायी जाती है, जबकि पूरब अंग में ठुमरी, दादरा, कजरी, चैती, होरी इत्यादि गायन शैली प्रमुख रूप से गाया बजाया जाता है।

**ठुमरी शब्द की निष्पति**—इस शब्द की निष्पति 'ठुम' शब्द से मानी गयी है, जिसका अर्थ ठुमक चाल है। अतः स्पष्ट है कि यह गायकी ठुमक—ठुमक भावों की अभिव्यंजना करती है। यह गायकी स्वर और शब्द के मेल से ठुमकत्व भाव को ग्रहण करते हुए श्रोताओं को मनोरंजन करता है। संगीतज्ञों ने विभिन्न रूपों में इसकी अभिव्यंजना की है—

1. **श्री सुनील कुमार बोस** का विचार है कि 'ठुम' और 'री' इन दो शब्दों के योग से ठुमरी शब्द बना है। 'ठुम' शब्द ठुमक चाल अर्थात राधाजी की चाल और 'री' शब्द रिझावत अर्थात भगवान श्रीकृष्ण के मन को रिझाने की ओर इंगित करता है। अतः ठुमरी शब्द में राधा के ठुमक कर चलते हुए कृष्ण के मन का रिझाने की अभिव्यंजना है।
2. **उस्ताद बज्जन खाँ** के अनुसार ठुमरी शब्द से पद संचालन का बोध होता है अर्थात ठुमरी के शब्दों के भाव को स्वर के माध्यम से नृत्यात्मक अभिव्यंजना होती है। 'ठुम' शब्द ठुमकत चाल और 'री' शब्द रिझावन की ओर इंगित करता है। अतः ठुमरी शब्द में नायिका की ठुमक कर चलते हुए नायक के मन को रिझाने की अभिव्यंजना है।
3. **डॉ0 सुशीला पोहनकर** के अनुसार 'ठुमक' शब्द से ठुमरी की उत्पति है। ठुमरी एक श्रृंगार रस पूर्ण प्रेम गीत है। ठुमक से मतलब ठुमकना जिसका संबंध चाल से है, जैसे ठुमकते हुए चलना। गोस्वामी तुलसीदास की रचना 'ठुमक'—चलत रामचन्द्र बाजत पैजनियाँ' इस अत्यंत लोकप्रिय भजन में भी हमें इस शब्द का स्पष्ट संकेत मिलता है।
4. **सरला भिन्डे** के अनुसार ठुमरी मूलतः नृत्यगीत है, जो ठुमकदार पदभ्यास अभिनय (चेहरे और शरीर का) के साथ काव्य और भाव के साथ गायन है।

**ठुमरी की उत्पति और विकास**—परिवर्तन सृष्टि का नियम रहा है। संगीत के क्षेत्र में भी कालांतर में संगीत की विद्याएँ एवं शैलियाँ बदलती रही है। ध्रुपद की कठिन भाषा, कठिन शैली एवं कठिन नियमों के स्थान पर ख्याल गायकी का स्वतंत्र गायन प्रारंभ हुआ। ख्याल गायकी में कलाकार की सृजन शक्ति एवं कलात्मिकता की संभावनाएँ पूर्ववर्ती गायन शैली से अधिक थी। ख्याल गायकी के बाद विकसित शैली ठुमरी है, जिसकी रसप्रियता और भावात्मिकता ने रसिक प्रिय श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। ख्याल गायन के साथ ठुमरी एवं दादरा जो ठुमरी गायकी का एक प्रकार है, का दौर चल पड़ा। यह शैली पूर्णतया भावपूर्ण होती है। अधिकतर स्त्रीयुचित श्रृंगारिक भावनाओं का वर्णन होता है।

ठुमरी की उत्पति का मूल श्रोत नृत्य है। कालीदास के मालविकाग्निमित्र में वर्णित है, की मालविका ने राजा के समक्ष भाव भंगिमाओं को गान सहित नृत्य में प्रस्तुत किया था। कैप्टन विलियड ने 1934 ई0 में अपनी पुस्तक म्युजिक ऑफ इंडिया में इस शैली का वर्णन किया है। इस पुस्तक के

प्रकाशित होने के आठ साल बाद 1942 में उदयपुर निवासी श्री कृष्णानन्द देव व्यास ने संगीत राग—कल्पद्रुम नामक विशाल ग्रंथ कलकता से प्रकाशित करवाया जिसके रंगीन गान या रंगीन गान मजनुवा अध्याय में भैरवी, सिंधु भैरवी, सिंधु काफी, सिंधु मुलतानी, काफी, वरवा, सावनी वरवा, देस, पीलू, गारा, बिहारी, कालिगंडा, खम्माइची (खमाज) झिंझोटी तथा परज इत्यादि रागों में विभिन्न ठुमरीकारों की सैकड़ों ठुमरियाँ संग्रहित है। ठुमरी गायन में निरंतर परिवर्तन होते रहे हैं। ठुमरी दो प्रकार से गायी बजायी जाती है 1. बोल बांट की ठुमरी 2. बोल बनाव की ठुमरी।

**ठुमरी का विकास—**ठुमरी शैली के विकास में नबाव बाजिद अली शाह का बहुत बड़ा योगदान है। माना जाता है कि ठुमरी शैली का अविष्कार इन्होंने ही इजाद किया था। उन्होंने अख्तर पिया उपनाम से ठुमरियाँ बनाईं और उन्हें प्रस्तुत किया। बाजिद अली शाह नृत्य अभिनय के साथ ठुमरी गाते थे और साथ ही महफिलों में ठुमरी गायन को प्रश्रय दिया। ठुमरी का नृत्य के साथ गहरा संबंध है। यह नृत्य के साथ गायी जाती है ताकि नृत्य अभिव्यक्ति पूर्ण हो सके। उनके भाव दर्शकों को समझ में आये, यह विकास की पहली अवस्था है। एक व्यक्ति नाचता था और दूसरा गाता था। गीतों के भाव, मुख के हाव भाव, विभिन्न मुद्राओं के साथ प्रकट किये जाते थे। गीत का लययुक्त विभाजन होता था। साधारणतया नृत्य तीनताल या कहरवा में वंदिशें निबद्ध होती थी। इस दशा को विशुद्ध नृत्य ठुमरी की अवस्था कहा जाता है। लखनऊ के विन्दादिन महाराज और कालिकादास इस प्रकार के ठुमरी में बड़े प्रवीण थे। उन्होंने इस प्रकार के ठुमरियों की रचना की। फरूखाबाद के 'ललन पिया' भी इस तरह की ठुमरी बनाते थे। इस प्रकार की ठुमरी के बाद दूसरी अवस्था में ख्याल की तरह ठुमरी गायी बजायी जाने लगी। बाद में ठुमरी स्वतंत्र गायन के रूप में विकसित हुई और निरंतर इसका गायन होते आ रहा है। नबाव बाजिद अली शाह को उर्दू शायरी, नाट्य संगीत एवं नृत्य सभी विधाओं की ओर अत्यंत प्रेम था। उनके दरबार में ठाकुर प्रसाद नर्तक थे जिससे उन्होंने कथक नृत्य सीखा। ठाकुर प्रसाद से हीं बिन्दाविन महाराज एवं कालिकादिन महाराज ने नृत्य की शिक्षा प्राप्त की और लखनऊ घराने का नेतृत्व किया। अब्दुल रहीम ने बाजिद अली शाह का नेतृत्व किया। अब्दुल रहीम ने बाजिद अली शाह के बारे में लिखा है कि बाजिद अली शाह वे खुद कन्हैया बनते और उनकी बेगमें गोपियां बनती और रंगमहल की महफिलें गरम होती थी। बाजिद अली शाह और नबाव मिर्जा बाला कदर उर्फ कदर पिया से भी शादीक अली से ठुमरी सीखी थी। अवध, लखनऊ, बनारस, गया के छात्र भी शादिक अली से ठुमरी की शिक्षा प्राप्त की थी। अख्तर पिया और कदर पिया के बाद ललन पिया, सनद पिया, सुघड़ पिया आदि ने इस गायन शैली को आगे बढ़ाया। समय परिवर्तन के साथ—साथ रियासतों एवं घरानों ने अपने—अपने तरीके से ठुमरी गायन शैली को आगे क्रमबद्ध विकास हुआ। लखनऊ में बिन्दादिन महाराज, कालिका महाराज, बेगम अख्तर। बनारस में महादेव मिश्र, विदुषी गिरिजा देवी, गया में नकफोफा, वहाँ के पंडो, मुनीश्वर दयाल, मौजूद्दीन खाँ साहब, सोहनी जी महाराज, रामूजी, जयराम तिवारी, गोबर्द्धन मिश्र, कामेश्वर पाठक, राजेन्द्र सिजुआर, पंडित राम प्रकाश मिश्र (छपरा), पटना एवं पटना सिटी के जमींदारों एवं तवायफों, पंजाब में बड़े गुलाम अली साहब, बड़े गुलाम अली आदि ने इस गायन शैली को आगे बढ़ाया और अपनी गायकी से जनमानस में एक अमिट छाप छोड़ा। ठुमरी के विकास में भारत की तवायफों का भी विशेष योगदान रहा है।

आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं संगीत संस्थाओं ने भी ठुमरी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस युग के प्रख्यात संगीत विद्वान स्व0 विष्णु नारायण भातखण्डे ने भी ठुमरी के प्रति अपने उद्गार प्रकट करते हुए लिखा हैः—

**"ठुमरीचें गायन गर्हणीय मुष्ठींच नाहीं, इतकेंच कीं, ठुमरी उतम रीतीनं गातां मात्र आली पाहिजे।**

अर्थात ठुमरी गान घृणित कदापि नहीं है। इतना हीं है कि उतम रीति से ठुमरी गाना आना चाहिए।

अतः आज के युग में ठुमरी की स्थिति को देखते हुए यह निःसंदेह कहा जा सकता है कि ठुमरी एक श्रेष्ठ कलात्मक गेयविद्या है और भारतीय संगीत में उसका स्थान अन्यतम है। **राग भैरवी की ठुमरी (ताल कहरवा)**

**स्थायी— कैसे कटे दिन रैन सजन बिना।**

**अन्तरा— जब गये मोहे सुधहुं न लेनहीं।**

**तड़पत हूँ दिन रैन सजन बिना।।**

**स्रोत ग्रंथ की सूची :—**


1. ठुमरी की उत्पति, विकास और शैलियाँ—शत्रुघ्न शुक्ल
2. बिहार की संगीत परम्परा —गजेन्द्र नारायण सिंह
3. शास्त्रीय संगीत की मधुरिमा ठुमरी :— भारती राठौड़
4. ठुमरी परिचय :— श्रीमती लीला कालवर
5. म्यूजिकल हेरिटिजस ऑफ इंडियाः— डॉ0 एम0 आर0 गौतम
6. शोध—प्रबंधः— डॉ0 विजय कुमार सिंह

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# महाभाष्ये क्रिया निरूपणम्



**डॉ0 सुभाष चन्द्र मीणा**

सहायकाचार्यः व्याकरण विभाग,

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयः,

क0जे0सोमैया परिसर, मुम्बई,भारत।

**सारांशः** —क्रियानिरूपण विषय विचारे कृते तथ्यमेतदवगन्तुं शक्यते यत् शास्त्रे लोके च क्रियायाः कीदृशं व्यापकं सूक्ष्ममनु मानगम्यं, सर्वव्यवहारोपयोगी शब्दार्थ—समवेतं सिद्धसाध्यत्वोपेतं सामान्यविशेषक्रियात्वयुतम् अवयवसमूहत्वसमवेतां सर्वकारकोपकारमिति विविध भेदाभेदयुक्तं विद्यते; यां विना शास्त्र चिन्तनं पूर्णं भवितुं नार्हति, लोकव्यवहारश्च सिद्धः न स्यात्। कालस्य सार्थक्यमपि क्रियया सदैव सम्भवति नान्यथेति क्रियास्वरूपं सर्वत्र स्ववैशिष्ट्यम्।

मुख्यशब्दः—महाभाष्यः,क्रिया, व्यापकः, वाक्यपदीयम्, वार्तिकः, धातुः, भावः, कैयटः, तिङन्तः।

**प्रस्तावना** : क्रियानिरूपण विषयो महाभाष्ये तदनु वाक्यपदीये सुविचारितो द्रष्टुं शक्यते। यथा वार्तिकानुसारि भाष्यवचनं विद्यते ''क्रियावचनो धातुः'' भाव वचनो धातुः।[1] कैयटेन भाववचनः क्रियाभाववाची। भाष्कार निदर्शनं विद्यते क्रियाप्रधानमाख्यातम्।[2] अर्थात् यत्र क्रियायाः प्राधान्यं भवति क्रियाप्रधानभूता सती प्रतीयते तत्पदमाख्यातं तिङन्तपदं भवति। आख्यातं साव्ययकारकविशेषणं वाक्यमिति। सक्रियाविशेषणस्याऽपि आख्यातस्य वाक्यत्वस्वीकारेण तस्यापि संग्रहीतत्वात्। क्रियाया विशेषण कदाचित् सामानाधिकरण्येन भवति, कदाचित् वैयाधिकरण्येन। समाधिकण्येन क्रिया विशेषणं यथा मृदु पचति, इत्यादि। अत्र पचति अर्थस्य मृदु इत्यादि विशेषणविशिष्टस्यैव प्रतीतेः मृदु इत्यादिनां पचति आदि क्रियया सह सामानाधिकरण्यम्। यथाह— आख्यातं सविशेषमित्येव। सर्वणि धोतनि क्रियाविशेषणानि।[3] वाचो मुक्ति विषये— पचति भवति, भवति पक्ष्यति; भवति अपाक्षीत् इति एषैषां वाचो युक्तिः पचादयः क्रिया भवति क्रियायाः कर्त्रो भवन्ति इति। वाक्यपदीयकारः कथयति—

**आख्यातं तद्धितार्थस्य यत्किञ्चिदद्उपदर्शकम्।**
**गुणप्रधानयास्वद तज दृष्टो विपयर्यः।।[4]**

महाभाष्यकारः क्रियाविषयं नैकसूत्रभाष्ये निर्दिष्टवान् तत्र ''भूवादयो' धातवः इति सूत्र भाष्ये क्रिया स्वरूपं विवृण्वन् निगदति का पुनः क्रिया? का पुनरीहा? चेष्टा। का पुनश्चेष्टा? व्यापारः। सर्वथा भवात् शब्देनैव शब्दानाचष्टे न किञ्चि दर्थजातं निर्दिशति एवं जातीयका क्रियेति, क्रिया सम्बद्धां जिज्ञासामुद्भाव्याग्रे भाष्यकार कथयति' क्रिया नामेयमत्यन्ताडापरिदृष्टा अशक्या पिण्डीभूता निदर्शयितुम्, यथा गर्भो निर्लुठितः साऽसावनुमागम्या; कोऽसावनुमानः, इह सर्वेषु साधनेषु सन्निहितेषु कदाचित् पचती त्येतद् भवति कदाचित् न भवति। यस्मिन् साधने सन्निहिते पचति इति एतद् भवति सा नूनं क्रिया। अथवा यथा देवदत्त इह भूत्वा पाटलिपुत्रे भवति सा नूनं क्रिया। कथं पुनः ज्ञायते क्रियावचनाः पचादय इति। यदेतेषां करोतिना समानाधिकण्यम्। किं करोति? पचति। किं करिष्यति? पक्ष्यति। किमकार्षीत्? अपाक्षीत्। भाष्यभिप्रायोडस्ति यत् साधने सन्निहितं सत्येव पचति इत्यादिनां क्रियायाः प्रतीतिर्भवति। लिङ् निमित्ते लृङ्क्रियातिपत्तौ इति सूत्र भाष्ये साधनातिपत्त वपि इति वार्तिकं निराकुर्वन् भाष्यकारः कथयति; तत् तर्हि वक्तव्यम्? न वक्तव्यम्? निराकुर्वन् भाष्यकारः कथयति; तत् तर्हि वक्तव्यम्? न वक्तव्यम्? नान्तरेण साधनं क्रियायाः प्रवृत्ति अस्ति इति। साधनाति पतिश्चेत् क्रियाति पत्तिरपि भवति। तत्र क्रियातिपत्तावित्येव सिद्धम्।[6] वाक्यपदीय कारोऽपि भाव्याशयेन कथयति–

**स्वाश्रयं समवेतानां तद्वेदेवाश्रयान्तरे।**

**क्रियाणामभिनिष्पत्तौ सामर्थ्यं साधनं विदुः।।[7]**

अर्थात् क्रिया निर्वृत्तौ द्रव्यस्य शक्तिः साधनम्; साध्येऽनया क्रियेति भाष्यकार प्रभृतयो विदुः। शक्तं हि द्रव्यं साधनम् न तु निराधारा शक्तिः, सम्भवति।

क्रियाविचार प्रसङ्गे भाष्यकारेण कृञ्वस्तयः त्रयो धातवः सामान्य–क्रिया वाचिकत्वेन; अन्ये सर्वे पचादयः धातवः क्रिया विशेषवाचित्वेन निर्दिष्टाः। यथा 'भावे' इति सूत्र भाष्ये भाष्यकारः कथयति 'कृम्वस्तयः क्रियासामान्य वचिनः, क्रियाविशेषवाचिनः पचादयः। यच्चात्र पचतेर्भवति न तद् भवते; पचतिर्भवति। यच्च भवते पचतिर्भवति न तत् पचते भवतिर्भवति। किं न पचते–र्भवतिर्भवति सामन्यम्। किं च भवतेः पचति र्भवति?[8] विशेषः। एते कृभ्वस्तयः धातवः सामान्यक्रियावाचित्वात् सर्वत्र विशेषक्रियाभिः सह प्रयोक्तुं शक्यन्ते पचति करोति, पचति भवति; पचति अस्ति इति।

भाष्यकारः अस्मिन् सन्दर्भे लौकिकं दृष्टान्तपि प्रस्तौति 'तद्यथा उपाध्यायं भवानमिवादयताम् इति स गत्वा मातुलमभिवादयते तथा मातुतस्य भागिनेय उपाध्यायस्य शिष्यो मातुलस्य भग्गिनेयं गत्वाह उपाध्यायं भवानमिवादयताम् इति स गन्वा मातुलमभिवादयते। तथा मातुलस्य भागिनेय उपाध्यायस्य शिष्यं गत्वाह 'मातुलं भवानभिवादयताम्' इति स गत्वा उपाध्यायं अभिवादयते। एतमिहापि पचते र्भवतौ यत यन्निर्दिश्यते 5 अत्र कैयटः वाक्यपदीयोद्धरेण भाष्यशयं स्पष्टयन् कथयति। तथा इति। यथा एकस्मिन् वस्तुनि मातुल

त्वमुपाध्यायत्वं भिन्नसम्बन्ध्याश्रयं परस्परमबाधेन व्यवस्थितं तथा पाकादिषु विशेषरूपता भावशब्दश्च वाच्यं च सामान्यम्।

स्वाश्रयं समवेतानां..................साधानं विदुः।।[9]

अत्र कारिकाभिप्रायं स्पष्टयन् कथयति 'स्वाश्रये साधनाश्रये समवेतानां क्रियाणाम्, तद्वदेवाक्षयान्तरे समवेतानां क्रियाणां अभिनिष्पत्तौ सिद्धौ यत्सामर्थ्यं तद् भाष्यकारप्रभृतयः साधनं विदुरिति पदयोजना। तत्र कर्तृत्वशक्तिरूपं सामर्थ्यं स्वाश्रये समवेतानां व्यापाररूपाणां क्रियाणां सिद्धौ साधनम्। कर्मत्वशक्तिरूपं सामर्थ्यं तु स्वाश्रये समवेतानां क्रियत इति कर्मव्युत्पत्त्या फलरूपाणां क्रियाणां सिद्धौ साधनम्। करणत्वादि–शक्तिरपं तु सामर्थ्यमाश्रयान्तरे स्वाश्रयतिरिक्ते आश्रये समवेतानां क्रियाणां फलरूपाणां व्यापाररूपाणां वा सिद्धौ साधनमिति विवेकः। तथापि करणत्वम्, फलरूपाणां क्रियाणां साधनम्।

तदुक्तम्–

**क्रियायाः परिनिष्पत्तिर्यद् व्यापारा दनन्तरम्।**

**विवक्ष्यते यदा यत्र करण तत् तदा स्मृतम्।।**[10]

अत्र क्रिया फलम्। सम्प्रदानत्वं तु दातृगतानां व्यापाररूपाणां क्रियाणां साधनम्। 'अश्वात्पतति' इत्यादावपादानत्वमपि परसमवेतानां व्यापाराणामेव क्रियाणां साधनम्। अधिकरणत्वं तु परसमवेतानां फलरूपाणां क्रियाणां साधनम्।

अनेन भाष्यादि विवरणे निर्दिष्टं भवति यत् कर्जादिकारक शक्ति रूपसाधन द्वारा हि क्रियायाः प्रवृत्तिः निवृत्तिः, अभिनिष्पत्तिः सिद्धिः सत्ता वा भवति इति वक्तुं शक्यते। सा च क्रिया किं स्वरूपेति जिज्ञासायां भाष्यकारः 'निष्ठा' सूत्रे पुनः कथयति 'अत्यन्तापर दृष्टा अनुमान–गम्याडशकया' पिण्डीभूता निदर्शमितम् यथा गर्भो निर्लुठित इति। सासौ येन येन शब्देन अभिसम्बन्ध्यते तावति तावति परिसाप्यत।[11] अर्थात् यथा अवयव समूहरूपो परिवर्तनशीलो कुक्षिस्थो गर्भो प्रत्यक्षगम्यो न भवति तथैव क्रियापि प्रत्यक्षेण ज्ञातुं शक्या अपितु अनुमानगम्या सा भवति कथमिति चेत् कैयटः वाक्यपदीयं उद्धरन् भाष्याशयं लिखति। परं प्रधानं प्रमाणं प्रत्यक्षम्। अनुमानस्य तत्पूर्वकत्वात्। तेन क्रिया न दृश्यते। ''धातोः'[12] इति सूत्राधिकरे द्विविधाः प्रत्यया विधीयन्ते कृत्प्रत्ययाः तिङ्प्रत्ययाश्च। 'क्रियावचनो धातुः, भाववचनो धातुः' इति स्वीकृत धातुलक्षणेन उभयविध प्रत्ययाः क्रियामेव बोधयन्ति व्यवहारदृष्ट्या तत्र क्रियायाः द्विधा प्रतीतिर्भवति। साध्यरूपा क्रिया सिद्धरूपा क्रिया सत्त्वभूता क्रिया वा तत्र व्यवस्धोयते। 'सार्वधातुके यक्'[13] इति सूत्रे भाष्यकार तिङ्भिहित भावस्य च किं किं भेदवैशिष्ट्यं भवति इति निर्दिशन् निगदति 'अस्ति खल्वपि तिङ्भिहितस्य भावस्य कृदभिहितस्य च कृदभिहितो भावो द्रव्यद्भवति। किमिदं द्रव्यवदिति? द्रव्यं क्रियया समवायं गच्छति। कं समवायं गच्छति? द्रव्यं क्रियाभि निर्वृत्तौ साधनत्वमुपैति। तद्वच्चास्य भावस्य कृदभिहितस्य भवति 'पाको वर्तते' इति। क्रियावन्न भवति। किमिदं

क्रियावदिति? क्रियावन्न भवति। किमिदं क्रियावदिति? क्रिया क्रियया समवायं न गच्छति– पचति, लिखति इति। तद्वाच्चास्य कृद्भि तस्य न भवति किन्तु भवति एव यथा इति शेषः पाको वर्तते इति। उभयोभगतं द्वितीयं वैशिष्ट्य निरूपयन् भाष्यकारोऽग्रे लिखति 'अस्ति खल्वपि विशेषः कृदभिहितेन भावेन कालापुरुषोपग्रहा व्याख्यन्ते, कृदभिहितेन पुनर्न व्यञ्यन्ते। उभयोर्विशेषान्तरं निर्दिशन् निगदति भाष्यकारः 'अस्ति खल्वपि लिङ्भिहितो भावः कर्जा संप्रयुज्यते, कृदभिहितः पुनर्न संप्रयुज्यते' अवयवसमूहस्य युगपदनुत्पादादनवस्थानाच्चददुक्तम्–

**क्रमात्सदसतां तेषामात्मनो न समूहिनाम्।**

**सद्ववस्तुर्विषयैर्यान्ति सम्बन्धं चक्षुरादिभिः।।[14]**

येन येन इति। शब्देन प्रत्यम्माना येन येन अवयवेन सम्बन्ध्यते समूहरपा क्रिया तस्मिन्नेवावयते समाप्यते। तत्रावयवानां कालत्रययोगात् क्रियाया अपि कालत्रयप्रयोगः। एकस्याः क्रियाया बह्व्य अवयवक्रिया भवन्ति इति निर्दशयन्। एकस्याः क्रियाया बह्व्य अवयवक्रिया भवन्ति इति निदर्शयन् भाष्यकारः कथयति 'यद्यप्येका सामान्य क्रिया। अवयवक्रियास्तु बह्वयः। अधिश्रयणोदकासेचन तण्डुलाव पनैछोपकर्षणक्रियाः। ताः कश्चित् कात्र्स्येन करोति कश्चिदकात्सर्येन कश्चिदकात्र्स्येन। तत्र यः कात्र्स्येन करोति स उच्यते पाप च्यत इति। पुनः पुनर्वा पचति पापच्यत इति।।[15]

कृदभिहितभावो द्रव्यवद् भवति इति भाष्यवचनस्याभि प्रायं स्पष्टयन् कैयटः कथयति 'द्रव्यवदिति। द्रव्यत्वेन प्रसिद्धौ यो घटादिस्तद्वद्वयं भावो भवति। लिङ्गसंख्यासाधनसम्बन्धप्रतिपत्त्या[16] द्रव्यं क्रियया समवायं गच्छति इति भाष्यवचनं स्पष्टयन् नागेश भट्ट उद्याते लिखति 'क्रियानिरूपित कर्मादिसंज्ञा समानाधिकरण शक्तिभिः सम्बन्धं गच्छति इत्यर्थः' द्रव्यं क्रियायाः सिद्धत्वरूपं सिद्धं भवति। अत्र वाक्यपदीयकारककृतविवेचनमपि द्रष्टव्यम्– 'सिद्धत्वरूपं सिद्धं भवति। अत्र वाक्यपदीयकारककृतविवेचनमपि द्रष्टव्यम्– 'सिद्धभावस्तु यस्तरूपाः स धमादिनिबन्धन्धः'[18] क्वचित् सिद्ध भावस्तु इत्यस्य स्थाने सत्त्वभाग स्तु इति पाठेऽपि विद्यते भाष्यादि परिशीलनेन उभयोः सिद्धसत्त्वपदयोः तात्त्विकभेदो नास्तीति वक्तुं शक्यते। तदित्थं क्रियाया उभयवि धं स्वरूपं साध्यत्वं सिद्धत्वञ्च शास्त्र सम्मतं व्यावहारिकञ्च विद्यते।

तत्र कैयटः वाक्यपदीय प्रमाणेन भाष्याशयं स्पष्टयन् कथयति सामान्य क्रियेति। साधारणी समूहरूपा क्रिया धातुवाच्येत्यर्थः। यथा उक्तं हरिणा–

**समूहश्च तथा भूतः प्रतिभेदं समूहिषु।**

**समाप्यते ततो भेदे कालभेदस्य संभवः।।[19]**

**गुणभूतावयवैः समूहः क्रमजन्मनाम्।**

**समूहश्च तथा भूतः प्रतिभेदं समूहिषु।।[20]**

आश्रितयणादिनां तादर्थ्येन प्रवर्तनाद गुणत्वादवयत्वं तस्याश्च साधारतवं उच्यते। विजाती याऽव्यवहिता साकल्पेनइत्यर्थः। क्रियायाः सामान्य क्रियाया5 अवयवक्रियाभिः सह ममन्वयपूर्वकं पूर्णता भवति; अवयवक्रियाणां भेदः पृथक्तया न प्रतीयते तासां बुद्धिविष यत्वादिति भावः। यथा नागेश तजैव उद्योते कथयति 'बुद्धिति'। अनेकानां सकलानाम्–अवयवक्रियाणां बुद्धिविषयत्वेन यौगपद्यमिति भावः। बुद्धौ युगपदवस्थानमत्र समभिहार इति बोध्यम्। गुणभूतैरिति क्रमजन्मनाम् अधिश्रयणादीनां बुद्धया प्रकाल्पितो योडभेदस्तूपद्रूपसमूहस्तैरेव गुणभूतैरवयवैः सह क्रियेतयुच्य इत्यन्वयः। ननु प्रकृतं कटं देवदत्तः इत्यादौ कथं भूते क्त इत्यत आह समूहः स इति। तथाभूत उद्भूतावयवः। समूहिषु अवयवेषु। प्रतिभदें प्रत्येकम्। अभेदः इति। बुद्धिकृताभेदेऽपीत्यर्थः। तस्याश्च। यदव्यवधानेन फलोत्पत्तिस्तस्या इत्यर्थः। अनन्तरमिति। अव्यवधानेन फलोत्पादिकां प्रधानां क्रियामाहुः, अन्यसां तु तादर्थ्यान्तदारव्यता गौणो व्यवहार इत्यर्थः। विजातीयेति। यथा द्रव्यणां द्रव्यान्तरैरव्यवहितानां समभिव्याहारस्तथा क्रियाणामपि क्रियान्तरैरव्यवहितानामेव स इत्यर्थः। पुनः पुनर्वेति भाष्ये समूहरूपायाः क्रियायाः कालभेदात् भेदेऽपि सामात्यासैव पुनः पुनरनुष्ठीयत इति बुद्धया पौनः पुन्यमिति तात्पर्यम्। तदेवं पचति पुनः पुनः पचति पापचयत इत्यादौ अधिक्षयणादीनामवयवक्रियाणां सत्त्वेऽपि तासां बुद्धि कृताभेदविषयत्वात् गौणत्वाच्च पृथक्तया प्रयोगः न क्रियते बुद्धि कृताभेदविषयत्वात् गौणत्वाच्च पृथक्तया प्रयोगः न क्रियते सामान्यक्रियया धातुवाच्य क्रियया विवक्षित प्रत्यय द्वारा प्रयोगो विधीयते इति भावः। वाक्यपदीयस्य तृतीयकाण्डे भर्तृहरिः क्रियासमुद्देशे क्रिया विषयं विस्तरेण समीक्षितवान् अस्मिन् समुद्देशे अभिप्रायोऽस्ति यत् तद्धित प्रकरणे 'तेन दीव्यति खनति जयति जितम्, इत्यादिसूत्रेण तेन इति तृतीयान्तसर्थात् प्रातिपदिकात् दव्यति, खनति जयति इति तेषु अर्थेषु ठक् प्रत्यय भवति।[21] येन अक्षैर्पीव्यति ''आक्षिकः' इत्यादि प्रयोग सिद्धि र्भवति। अत्र सूत्रे दीव्यति खनत्पादौ तिङ्न्तनिर्देशा विद्यत तत्र तस्य तद्धितनिमित्तत्वेनोक्तत्वादपि 'क्रियाप्रधानमाख्यातम्' इति सिद्धान्तानुसारम् आक्षिक हत्पादौ तद्धितान्तादपि क्रियाप्रधान्यावगतिर्भवति इति तद्धितान्तशब्दप्रयोगः साधन प्रधानो भवति अतः दीव्यतीत्पादौ गुण प्रधान भावो विवक्षितो न भवति। अतः क्रियाप्रधानमाख्यानम् इति सिद्धान्तस्याज विपर्यपो दृश्यते। यद्यपि व्यतिक्रमस्यार्थे विपर्यशब्दः प्रयुज्यते किन्तु टीकाकारैज विवक्षाभाव इत्यर्थः प्रतिपादितो यथ्य प्रसङ्गानुकूलार्थो विद्यते।

वाक्यपदीयस्य तृतीयकाण्डे भर्तृहरिः क्रियासमुद्देशे क्रियाविषयं विस्तरेण समीक्षितवान्। अस्मिन् समुद्देशे त्रिषष्ठी संख्याकाः काारिकाः सन्ति यासां काश्चन कैयटेन भाष्यव्याख्याने उद्धृता येन स्पष्टतया ज्ञातुं शक्यते यद् भर्तृहरिः नूनमेव भाष्यसम्मतं विद्यते।

यावत् सिद्धमसिद्धं वा साध्यत्वेनाभि धीयते।[22] क्रियाया एतत् लक्षणं क्रियास्वरूप विचार प्रसङ्गे परिवर्तित व्याकरणशास्त्रविचारकैः सर्वैः प्रायः उद्ध्रियते। कारिकाया अभिप्रायोऽस्ति सिद्धम् परिनिष्पन्नं अपाक्षीत्। असिद्धम् अनिष्पन्नं पचति वर्तमानं भविष्यच्च। वर्तमानं हि प्रारब्धा परिसमाप्तत्वरूपमिति वर्तमानमपि

आकाङक्षानुत्थापकच्छेकरूपेण असत्त्वभूतत्वेनाभिधीयते। तत्सर्वं क्रियेत्यभिधीयते। तत्र हेतुः– आश्रितक्रमरूपत्वादिति। सर्वाऽपि हि क्रिया लोके क्रियाणां समुदायरूपैव प्रसिद्धा। यथारोहणम् अवरोहणम्, गमनम्, आगमनम् पाक इत्यादि। सत्तावर्तमानत्वादि–रूपाऽपि क्रिया क्रमेणैव निष्पद्यत इति कर्त्रा क्रमेण क्रियमाणत्वात् क्रिया। तदेतदुम्तम् आश्रितक्रमरूप त्वादिति। आश्रितं क्रमरूपं यथा सा तथा तस्या भावस्तत्त्वं तस्मादिति।[23]

हरिणा उक्तं– **सम्बन्धमेदादर्थात्मा स विधिः पक्तिभावयोः।[24]**

भवतौ यदिति। भवतौ धातौ वाच्यत्वेनाव्यवस्थितं यत्सामान्यं पचादिधातुवाच्य विशेष समवेतं तत्प्रत्यार्थेन निर्दिश्यत इत्यर्थः। 'कृञ्चानुप्रयुज्यते लिति' इति सूत्रभाष्येऽपि प्रकारान्तरेण भाष्यकारेण एव एव क्रियासामान्यवाचिनः क्रियाविशेषवाधिनः धातवो निर्दिष्टाः सन्ति। यथा कथयति भाष्यकार 'कञिति नेदं धातुग्रहणम्।[25] किं तर्हि? प्रत्याहारग्रहणम्। क्व सन्निविष्टानां प्रत्याहारः कृञ्वस्तयः क्रिया सामान्य वाचिनः क्रियाविशेषवाचिनः पचादयः।[26] न च सामान्य वाचिनोरेव विशेषवाचिनोरेव वा प्रयोगो भवति। तत्र विशेषवाचिन उत्पत्तिः। सामान्यवाचिनोऽनु प्रयोक्ष्यन्ते। तदेवं भाष्यसम्मतसूत्र व्याख्याने कृञ्वस्तय इति जयाधातवः क्रियासामान्यवाचिनः अन्ये सर्वे धातवः क्रियाविशेषवाचिनो भवन्ति तेषां क्रियासामान्यवाचिनां क्रियाविशेषवाचिभिः धातुभिः सह प्रयोगऽनुप्रयोगो वा यथाशास्त्र कर्तुं शक्यत इति भावः।

अनेन प्रकारेण परिशीलनेन क्रियानिरूपण विषय विचारे कृते तथ्यमेतदवगन्तुं शक्यते यत् शास्त्रे लोके च क्रियायाः कीदृशं व्यापकं सूक्ष्ममनु मानगम्यं, सर्वव्यवहारोपयोगी शब्दार्थ–समवेतं सिद्धसाध्यत्वोपेतं सामान्यविशेषक्रियात्वयुतम् अवयवसमूहत्वसमवेतां सर्वकारकोपकारमिति विविध भेदाभेदयुक्तं विद्यते; यां विना शास्त्र चिन्तनं पूर्णं भवितुं नार्हति, लोकव्यवहारश्च सिद्धः न स्यात्। कालस्य सार्थक्यमपि क्रियया सदैव सम्भवति नान्यथेति क्रियास्वरूपं सर्वत्र स्ववैशिष्ट्यम्।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :**


1. महाभाष्यम्– भूवादयोधातवः सूत्र।
2. महाभाष्यम्– प्रशंसायांरूपम् सूत्र।
3. अष्टाध्यायी, महाभाष्यम्।
4. वाक्यपदीयम्– 2/206।
5. महाभाष्यम्– 1/3/1।
6. महाभाष्यम् 3/3/139।
7. वा0प0 साधनसमुद्देशः।
8. सिद्धान्तकौमूदी भ्वादि प्रकरणम्।

9. वाक्यप्रदीयम्।

10. तत्रैव हेताराजः।

11. महाभाष्यम् 3/2/102

12. सिद्धान्त कौमुदी।

13. तत्रैव उद्योतः।

14. वाक्यपदीयम्– क्रिया समुद्देशः।

15. महाभाष्यम् 3/1/2।

16. तत्रैव प्रदीपः।

17. तत्रैव उद्योतः।

18. वाक्यपदीयम् (कि0स0 47)

19. वाक्यपदीयम् (क्रि0स0)

20. वाक्यपदीयम् (क्रि0स0)

21. सिद्धान्तकौमुदी

22. वाक्यपदीयम् (क्रि0स0)

23. तथैव अम्बाकर्त्री।

24. वाक्यपदीयम् (क्रि0स0)

25. अष्टाध्यायी।

26. महाभाष्यम्।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# पं.दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबंध जीवन चिन्तन



डॉ. जगदीश प्रसाद जाटः
एसोसिएट प्रोफेसर
स्वः लक्ष्मी कुमारी बधाला गर्ल्स पी.जी. कॉलेज गोविन्दगढ़
चौमूँ (जयपुरम्)

**कष्टमय बचपन और मेधावी छात्र जीवन**

दीनदयाल उपाध्याय का बचपन एक सामान्य उत्तर भारतीय निम्न मध्यम वर्गीय सनातनी हिन्दू वातावरण में बीता। ब्रजभूमि के मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान ग्राम में दीनदयाल उपाध्याय के प्रपितामह विख्यात ज्योतिषी पंडित हरिराम उपाध्याय रहा करते थे। श्री झण्डू राम उनके सहोदर अनुज थे। पंडित हरीराम उपाध्याय के तीन पुत्र थे-भूदेव, रामप्रसाद तथा राम प्यारे। झण्डू राम जी के भी दो लड़के थे-शंकरलाल और वंशी लाल।

श्री रामप्रसाद के पुत्र थे श्री भगवती प्रसाद । श्री भगवती प्रसाद का विवाह श्रीमती रामप्यारी से हुआ था। वे बहत धर्मपरायण महिला थी। आश्विन कृष्ण त्रयोदशी संवत् 1973, दिनांक 25 सितम्बर 1916 को श्री भगवती प्रसाद के घर में पुत्र जन्म हुआ। तब श्रीमती रामप्यारी अपने पिता श्री चुन्नीलाल शुक्ल के पास धनकिया में थी। उनके पिता धनकिया (राजस्थान) में स्टेशन मास्टर थे। बालक का पूरा नाम दीनदयाल व पुकारने का नाम 'दीना' रखा गया। दो वर्ष बीते श्रीमती रामप्यारी की गोद में दूसरा बच्चा आया, जिसका नाम शिवदयाल व पुकारने का नाम 'शिबू' रखा गया।

**संयुक्त परिवार परम्परा**

पंडित हरीराम के परिवार की संयुक्त परिवार परम्परा अभी तक अबाध चल रही थी। अतः परिवार बड़ा था। महिलाओं में कलह रहती थी। दीनदयाल अभी ढाई वर्ष के ही थे। इनके पिता भगवती प्रसाद उन दिनों जलेशर में सहायक स्टेशन मास्टर थे। उन्होंने गृह कलह को शांत करने के लिए अपनी चाची तथा विमाता को अपने पास जलेसर बुलवा लिया तथा दीना, शिबू व रामप्यारी को राजस्थान में धनकिया ग्राम में भेज दिया। चुन्नीलाल का गांव अर्थात रामप्यारी का मायका तथा दीनदयाल का ननिहाल फतेहपुर सीकरी के पास आगरा जिले में गुड़ की मंढ़ई नामक ग्राम में था।

ढ़ाई साल की अवस्था में पितृ गृह छूटने के बाद दीनदयाल वापस वहां रहने के लिए कभी नहीं लौटे । उनका पालन पोषण व विकास एक प्रकार से असामान्य स्थिति में हुआ। वे स्थितियां ऐसी भी थी, जिसमें व्यक्ति का व्यक्तित्व बुझ जाए, लेकिन दीनदयाल ने इसी परिवेश में ऊर्जा ग्रहण कर अपने व्यक्तित्व का विकास किया। निश्चय ही उनके जीवन पर बाल्यावस्था के भरपूर संस्कार थे।

**मृत्यु दर्शन**

मृत्यु का दर्शन जीवित जनों में वैराग्य उत्पन्न करता है। दीनदयाल उपाध्याय को बचपन में ही प्रियजनों की मृत्यु का धनीभूत अनुभव प्राप्त हुआ। ढ़ाई साल की अवस्था में दीनदयाल अपने नाना के पास आए ही थे कि कुछ ही दिनों में समाचार आया, उनके पिता भगवती प्रसाद का देहांत हो गया है। दीनदयाल पितृहीन हो गए और रामप्यारी विधवा हो गई। दीनदयाल की शिशु आखों ने टुकुर-टुकुर अपनी विधवा मां की गोद व आंसुओं को तथा दामाद विहीन नाना के बेबस और उदास चेहरे को देखा।

निश्चय ही बाल मन ने अबोध पर संवेदनशील अनुभव ग्रहण किया होगा। पितृहीन शिशु दीनदयाल, मां की गोद में बाल्यावस्था को प्राप्त हुए। पर विधवा शोकाकुल व चिंताकुल रामप्यारी पीड़ा और अपोषण का शिकार होकर, क्षय रोग ग्रस्त हो गई। उन दिनों क्षय रोग का अर्थ था निश्चित मृत्यु । अभी दीनदयाल सात वर्ष के तथा शिवदयाल पांच वर्ष के ही हुए थे कि दोनों बच्चों को नाना की गोद में छोड़कर रामप्यारी वास्तव में राम को प्यारी हो गई। दीनदयाल पिता और माता दोनों की स्नेह छाया से वंचित हो गये।

शायद नियति इस बालक को मृत्यु को सर्वांगतः दर्शन करवाने पर तुली हुई थी। मां के देहांत को अभी दो ही वर्ष हुए थे वृद्ध व स्नेही पालक, जो अपनी बेटी की अमानत को पाल रहे थे। नाना चुन्नीलाल भी स्वर्ग सिधार गये। यह 1926 का सितंबर माह था। दीनदयाल अपनी आयु के 10वें वर्ष में थे। पिता, माता व नाना के वात्सल्य से वंचित होकर वे अब अपने मामा के आश्रय पर पलने लगे। मामी नितांत स्नेहिल व मातृवत थी। दीनदयाल बहुत गंभीर रहते थे। दस वर्ष . का दीनदयाल अपने छोटे भाई शिवदयाल की भी चिंता करता था, उसे स्नेह भी देता था।

दीनदयाल सातवीं की पढ़ाई राजस्थान के कोटा नगर में कर रहे थे। यह सन् 1931 था। उन्हें कोटा से राजगढ़ जिला (अलवर) आना पड़ा, क्योंकि उनकी मामीजी का देहांत हो गया था। अपने पालकों की मृत्यु को निहारते दीनदयाल का यह 15वां वर्ष था। इसी छोटे आयु में दीनदयाल अपने सहोदर अनुज शिवदयाल के पालक भी थे। विधाता की प्रताड़ना ने इनका परस्पर स्नेहगत अधिक संवेदनशील और स्निग्ध कर दिया था। अभी तक दीनदयाल ने अपने पालकों की मृत्यु का ही अनुभव किया था। शायद मृत्यु अपने को सर्वांगतः दीनदयाल के सामने साक्षात् करने पर तुली थी। जब दीनदयाल नवीं कक्षा में पढ़ रहे थे। वे 18वें वर्ष में थे कि छोटा भाई शिवदयाल रोग ग्रस्त हो गया। उसे मोतीझरा हो गया था। दीनदयाल ने अपने छोटे भाई को बचाने की बहुत कोशिश की। सब प्रकार के उपचार करवाये, पर 18 नवम्बर 1934 को शिवदयाल अपने बड़े भाई दीनदयाल को अकेला छोड़ संसार से विदा हो गया।

अभी भी दीनदयाल पर एक झुर्रियों भरा स्नेहिल आशीर्वाद का हाथ था। वद्धा नानी दीनदयाल को बहुत प्यार करती थी। हालांकि अपनी पढाई और अन्य पारिवारिक कारणों से वह नानी के पास अधिक नहीं रह सके थे। तो भी नानी दुहिते में अनन्य स्नेह था। यह 1935 का वर्ष था। दीनदयाल ने 10वीं पास की थी। वह 19 साल के हो गये थे। इसी जाड़े के दिनों में नानी बीमार हुई और संसार से चल बसी।

पिता, माता, नाना, मामी, अनुज और अब नानी की मृत्यु ने दीनदयाल को अनुभव सिद्ध किया। उनकी चेतना मौत के प्रहारों से कुम्हलाई तो नहीं पर युवक दीनदयाल एक सतेज उदासी का धनी बनता जा रहा था। दीनदयाल की एक ममेरी बहन थी। बहन भाई के स्निग्ध रिश्ते की सभी तरलताएं इन दोनों के मध्य पूरे तौर पर सुविकसित हुई थी। दीनदयाल युवक हो गए थे। वह आगरा में एम. ए. अंग्रेजी की पढ़ाई कर रहे थे। बहन रमा देवी बहुत बीमार हो गई थी। दीनदयाल ने अपनी पढ़ाई छोड़कर रमा देवी की सेवा तथा उपचार के सब साधन जुटाए पर नियति को यह मंजूर था कि अपनी बहन की मौत का साक्षात्कार भी दीनदयाल को होना चाहिए। बचाने की सब कोशिशों के बावजूद रमा देवी के प्राण पखेरू उड़ गए। यह सन् 1940 था। दीनदयाल 24 वर्ष के हो गए थे। मृत्यु ने उनके शिशु किशोर बाल व युवा मन पर निरंतर आघात किए। न मालूम उनके चिर प्रशंसित वैरागी जीवन में नियति के इस तथाकथित क्रूर निदर्शन का कितना हाथ था?

**अक्षरशः अनिकेत**

दीनदयाल जी अक्षरशः अनिकेत थे। शिशु अवस्था के ढाई वर्ष वे अपने पिता के घर रहे, उसके बाद उनकी प्रवासी जीवन प्रारंभ हो गया। वह कभी लौटकर रहने के लिए अपने घर नहीं आए। पारिवारिक कारणों से उन्हें अपने नाना चुन्नी लाल के साथ रहने के लिए धनकिया जाना पड़ा। चुन्नी लाल अपने दो पुत्रों, नत्थी लाल और हरिनारायण तथा बाद में दामाद भगवती प्रसाद (दीनदयाल जी के पिता) की मृत्यु से बहुत आहत हुए। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और अपने घर गुड़ की मंढ़ाई आ गए। दीनदयाल भी धनकिया ग्राम से गुड़ की मंढाई आ गए। दीनदयाल 9 वर्ष के हो गए पर अभी उनके अध्ययन की कोई व्यवस्था नहीं हुई थी।

अब वह अपने मामा राधारमण, के पास आ गए जो गंगापुर में सहायक स्टेशन मास्टर थे। यहां वे चार वर्ष रहे। गंगापुर में इससे आगे पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी, अतः 12 जून 1929 को कोटा के एक स्कूल में उनका प्रवेश हुआ। वह वहां 'सेल्फ सपोर्टिंग हाउस' में रहते थे। तीन साल वहीं रहे, तत्पश्चात् उन्हें राजगढ़ (अलवर जिला) आना पड़ा। मामा राधारमण के चचेरे भाई नारायण शुक्ल यहां स्टेशन मास्टर थे, दीनदयाल उनके पास दो साल रहे। 1934 में नारायण शुक्ल का स्थानांतरण सीकर हो गया। एक साल सीकर में रहकर 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की। वहां से उच्च शिक्षा के लिए पिलानी गए और दो वर्ष रहकर इण्टरमीडिएट किया। यह सन् 1936 था। इसी वर्ष बी.ए. की पढ़ाई के लिए कानपुर गए। यहां भी दो वर्ष रहकर, एम.ए. की पढ़ाई के लिए आगरा गए। यह राजामंडी में किराये के मकान में रहे। दो वर्ष यहां भी रहकर 1941 में 25 वर्ष की अवस्था में बी.टी. करने के लिए प्रयाग चले गए। इसके साथ ही उनका प्रवेश सार्वजनिक जीवन में हो गया। वे अखण्ड प्रवासी हो गए।

25 वर्ष की अवस्था तक दीनदयाल उपाध्याय राजस्थान और उ.प्र. के कम से कम 11 स्थानों पर कुछ कुछ समय रहे। अपना घर, सुविधा व स्थायित्व का जीवन शायद लोगों में मोह उत्पन्न करता है। दीनदयाल का बचपन कुछ यूं बीता कि ऐसे किसी मोहजाल की कोई संभावना न थी। सार्वजनिक जीवन में आकर आजीवन बेघर व घुमंतू रहने में प्रारंभिक काल का यह अनिकेती जीवन निश्चय ही उनकी मानस रचना में सहायक हुआ होगा। नए-नए स्थान, नए-नए अपरिचित लोगों से मिलना, उनमें पारिवारिकता उत्पन्न करना उन्होंने बचपन की इस अनिकेत अवस्था में ही सीखा होगा, शायद।

**मेधावी छात्र जीवन**

स्थितियां जिस प्रकार की रही, तदनुसार 9 वर्ष की अवस्था तक उनकी पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी थी। 1925 में गंगापुर में अपने मामा राधारमण के यहां आने पर उनकी शिक्षा प्रारंभ हुई। घर में कोई अन्य विद्यार्थी न था, पढ़ाई का वातावरण नहीं था। गृह-दशा पारिवारिक आपदाओं के कारण बहुत क्लांत व तनाव भरी थी। कुछ भी सुविधायें नहीं थी। दीनदयाल दूसरी कक्षा के छात्र थे। उनके मामा राधारमण बहुत बीमार पड़ गए। दीनदयाल मामा की सेवा के लिए, उनके उपचारार्थ, उनके साथ आगरा गए। परीक्षा के कुछ ही दिन पूर्व राधारमण वापस गंगापुर आए। दीनदयाल ने परीक्षा दी, वे कक्षा में प्रथम आए। मामा की सेवा करते हुए उन्होंने तीसरी व चौथी की परीक्षायें उत्तीर्ण की। उसी काल में उनके मेधावी विद्यार्थी होने का परिवार व विद्यालय के लोगों को एहसास हुआ।

कक्षा 5 व 7 तक की पढ़ाई कोटा में कर, उन्होंने 8वीं कक्षा के लिए राजगढ़ में प्रवेश लिया। अंकगणित में उनकी अद्भुत क्षमता का यहां परिचय मिला। जब वह 9वीं में हुए तो कहते हैं कि 10वीं के विद्यार्थी भी उनसे गणित के सवाल हल करवाया करते थे। अगले ही वर्ष उन्हें अपने मामाजी के स्थानांतरण के कारण सीकर जाना पड़ा। उन्होंने 10वीं की परीक्षा सीकर, कल्याण हाई स्कूल से दी। वे न केवल प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वरन् समस्त बोर्ड की परीक्षा में सर्वप्रथम रहे। तत्कालीन सीकर के महाराजा कल्याण सिंह ने उन्हें तदनिमित्त स्वर्ण पदक प्रदान किया, 10रु, महावार छात्रवृत्ति व पुस्तक आदि के लिए ढाई सौ रुपये की राशि पारितोषिक रूप में दी।

उन दिनों पिलानी उच्च शिक्षा का प्रसिद्ध केंद्र था। दीनदयाल इण्टरमीडिएट की पढ़ाई के लिए 1935 में पिलानी चले गए। 1937 में इण्टरमीडिएट बोर्ड के परीक्षा में बैठे और न केवल समस्त बोर्ड में सर्वप्रथम रहे वरन् सब विषयों में विशेष योग्यता के अंक प्राप्त किए। बिड़ला कॉलेज का यह प्रथम छात्र था, जिसने इतने सम्मानजनक अंकों से परीक्षा पास की थी। सीकर महाराजा के समान ही घनश्याम दास बिड़ला ने एक स्वर्ण पदक, 10 रु. मासिक छात्रवृत्ति तथा पुस्तकों आदि के खर्च के लिए 250 रु. प्रदान किए।

सन् 1939 में सनातन धर्म कॉलेज, कानपुर से प्रथम श्रेणी में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। एम.ए. अंग्रेजी साहित्य में करने के लिए सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा में प्रवेश लिया। एम.ए. प्रथम वर्ष में उन्हें प्रथम श्रेणी के अंक मिले बहन की बीमारी के कारण एम.ए. उत्तरार्द्ध की परीक्षा नहीं दे सके। मामाजी के बहुत आग्रह पर वह प्रशासनिक परीक्षा में बैठे, उत्तीर्ण हुए, साक्षात्कार में भी चुन लिये गए, पर उन्हें प्रशासनिक नौकरी में रूचि नहीं थी, अतः बी.टी. करने के लिए प्रयाग चले गए।

उनकी यह अध्ययन उर्जस्विता सार्वजनिक जीवन में जाने के बाद प्रखरतम होती चली गयी। प्रभूत सामाजिक एवं दार्शनिक साहित्य की सृजन क्षमता के बीज, हमें उनके विद्यार्थी काल में ही दिखाई देते हैं।

विद्यार्थी काल में आगरा में नानाजी देशमुख और दीनदयाल उपाध्याय साथ-साथ रहते थे। उनके सहज ईमानदारी को अभिव्यक्त करने वाली एक घटना नानाजी इस प्रकार सुनाते हैं :

"एक दिन प्रातः हम दोनों मिलकर- सब्जी खरीदने बाजार गए दो पैसे की सब्जी खरीदी लौटकर घर पहुंचने को ही थे कि दीनदयाल जी एकाएक रूक गए, वे बोले'' नाना बड़ी गड़बड़ हो गयी।'' मेरे पूछने पर उन्होंने कहा, "मेरी जेब में चार पैसे थे। उनमें से एक पैसा खोटा था। वह पैसा ही उस सब्जी वाली को दे आया हूं। मेरी जेब में बचे दोनों पैसे अच्छे हैं वह क्या कह रही होगी उसे ठीक पैसे दे आये।''

उनके चेहरे पर अपराधी जैसा भाव उभर आया था। हम लोग वापिस सब्जी वाली के पास पहुंचे। उसे वास्तविकता बताई तो वह कहने लगी, "कौंन ढुंढेगा तुम्हारा खोटा पैसा? जाओ, ठीक है जो दे दिया।'' किन्तु दीनदयाल जी नहीं माने उन्होंने उस बुढ़िया के पैसों के ढेर में से अपना चिकना काला और खोटा पैसा ढूंढ़ निकाला। उसने बदले में अपनी जेब से दूसरा अच्छा पैसा उस बुढ़िया को दे दिया, तब कहीं उनके चेहरे पर संतोष का भाव उभरा। बुढ़िया की भी आंख डबडबा आई। वह कहने लगी ''बेटा! कितने अच्छे हो तुम भगवान तुम्हारा भला करे।"

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध**

जिस काल में दीनदयाल उपाध्याय का सम्पर्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से हुआ, वह भारत की आजादी का महत्त्वपूर्ण काल है। 1937 के चुनावों में उ.प्र. की कांग्रेस सत्ता में आई, मुस्लिम लीग और कांग्रेस का समझौता भंग हुआ। मुस्लिम लीग के नेता चौधरी खालिक अजुमा ने नाराज होकर कहा यदि हम साथ राज नहीं कर सकते तो हम साथ रह भी नहीं सकते। द्वि-राष्ट्रवाद का नारा तेजी से बुलंद हुआ। सम्प्रदाय के आधार पर पृथक राष्ट्रीयता के नारे ने मुसलमानों को आक्रामक बना दिया था। तथा 1940 में लाहौर अधिवेशन में पाकिस्तान निर्माण का प्रस्ताव भी मुस्लिम लीग ने पारित कर दिया। यह आक्रामक पृथकतावाद भारत के हर राष्ट्रवादी मन को आहत करता था। दीनदयाल उपाध्याय का युवा मन भी आजादी के आंदोलन के इस पृथकतावादी विचलन से आहत था। भारत में द्वि-राष्ट्रवाद की स्थापना का स्वप्न लेकर जो साम्प्रदायिकता के आधार पर हिंसाचारी हो गए थे, उनको राष्ट्रीय एकात्मता के धारकों द्वारा समुचित जवाब दिया जाना चाहिए था। साम्राज्यवादी अंग्रेज इस द्वि-राष्ट्रवादी साम्प्रदायिक मानसिकता का तुष्टीकरण कर रहा था। दीनदयाल उपाध्याय इस साम्प्रदायिक पृथकतावाद एवं द्विराष्ट्रवाद का प्रखरता पूर्वक मुकाबला करना चाहते थे। इन्हीं दिनों जब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आए, संघ का कार्य उन्हें अपने मन के अनुकूल लगा। कानुपर में उनके सहपाठी बालूजी महाशब्दे उन्हें संघ के संपर्क में लाये । वहीं उनकी भेंट राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार से हुई। श्री बाबा साहब आपटे एवं दादा राव परमार्थ, इनके छात्रावास में ही ठहरते थे। स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर जब कानपुर आए तब दीनदयाल उपाध्याय ने उन्हें संघ शाखा में आमंत्रित कर 'बौद्धिक वर्ग' करवाया। कानपुर में ही श्री सुंदर सिंह भंडारी उनके सहपाठी थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनुशासित युवकों का एक क्रमबद्ध संगठन था। वहां बिना प्रशिक्षण प्राप्त किये कोई कार्यकर्ता नहीं बन सकता था। यह प्रशिक्षण तीन वर्ष का होता है। उन दिनों ग्रीष्मावकाश में 40 दिनों का यह प्रशिक्षण शिविर नागपुर में होता था। जिसको 'संघ शिक्षा वर्ग' कहा जाता है। दीनदयाल उपाध्याय ने 1939 में प्रथम वर्ष का तथा 1942 में द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन प्रशिक्षणों से उनकी यह धारणा पुष्ट हुई कि केवल अंग्रेजों को गाली देना मात्र ही देशभक्ति नहीं है। स्वतंत्रता कोई नारेबाजी का मुद्दा भी नहीं है, वरन संगठित एवं संस्कारित समाज ही सच्चे स्वतंत्र्य का अधिकार होता है।

संघ के शारीरिक कार्यक्रमों को दीनदयाल उपाध्याय बहुत ठीक प्रकार नहीं कर पाते थे, लेकिन बौद्धिक परीक्षा में वे प्रथम आए। इस सन्दर्भ में श्री बाबा साहब आपटे लिखते हैं "पंडित दीनदयालजी ने उत्तरपुस्तिका में कई हिस्से पद्यबद्ध लिखे थे, किन्तु वह

केवल तुकबंदी नहीं थी अथवा केवल कल्पना का विचार भी नहीं था। गद्य के स्थान पर पद्य का माध्यम अपनाया गया था। विवेचन नपे-तुले शब्दों में था और तर्कशुद्ध था मैं प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका।"

अपनी पढ़ाई पूर्ण करने तथा संघ का द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बन गये। वह आजीवन संघ के प्रचारक ही रहे। 1942 से 1951 तक उन्होंने उ.प्र. राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ में जीवनव्रती प्रचारक के नाते दायित्व वहन किया।

दीनदयाल उपाध्याय ने इस निर्णय से उनके परिजन बहुत परेशान हुए। उनके मामाजी उनसे इसलिए नाराज थे कि प्रशासनिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद प्रशासन का नौकरी करना स्वीकार नहीं किया। अध्यापकीय क्षेत्र में अपनी रूचि के कारण उन्होंने कानपुर से बी.टी. किया था। परिजनों की अपेक्षा थी कि प्रशासक न सही दीनदयाल अध्यापक की नौकरी तो अब स्वीकार कर ही लेंगे लेकिन तब उन्हें बहुत दुख हुआ, जब दीनदयाल घर-द्वार छोड़कर संन्यासीवत् संघ के जीवनव्रती प्रचारक बन गये। उ.प्र. के लखीमपुर जिले में, जिला प्रचारक के नाते उनकी नियुक्ति हुई। बी.टी. करके दीनदयाल अपने मामाजी के घर नहीं गए। 1940 में मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान निर्माण का प्रस्ताव पारित करने के बाद, साम्प्रदायिक पृथकतावाद, उन्माद एवं हिंसाचार बढ़ गया था। दीनदयाल का मन इस अवस्था के प्रतिकार के लिए मचल रहा था। वे परिवार को भूलकर संघ के काम में तल्लीन हो गए।

उन्होंने एक पत्र में अपने मामा को लिखा “हमारे पतन का कारण हममें संगठन की कमी है। बाकी बुराइयाँ, अशिक्षा आदि तो पतीत अवस्था के लक्षण मात्र हैं।... रही व्यक्तिगत नाम और यश की बात, सो तो आप जानते ही हैं कि गुलामों का कैसा नाम और कैसा यश?"

अपने कार्य की प्रेरणा इस युवा काल में उन्होंने इतिहास की जिस धारा से ग्रहण की थी, उसकी ओर भी वह इस पत्र में संकेत करते हैं:

"जिस समाज और धर्म की रक्षा के लिए राम ने वनवास सहा, कृष्ण ने अनेकों कष्ट उठाये, राणा प्रताप जंगल-जंगल मारे गए, शिवाजी ने सर्वस्व अर्पण कर दिया, गुरू गोविन्द के छोटे-छोटे बच्चे जीते जी किले की दीवारों में चने गए क्या उसके खातिर हम अपने जीवन के आकांक्षाओं का, झूठी आकांक्षाओं का त्याग भी नहीं कर सकते?".

1942 से 1945 तक वे लखीमपुर में ही प्रचारक रहे। पहले उन्होंने जिले का तथा बाद में विभाग का काम संभाला। उनकी कार्यसिद्धता, संस्कारक्षमता एवं बौद्धिक प्रखरता को देखते हुए 1945 में ही उन्हें संपूर्ण उ.प्र. का सह–प्रान्त प्रचारक बना दिया गया। उन दिनों उ.प्र. के प्रान्त प्रचारक श्री भाऊराव देवरस थे। दीनदयाल जी की संगठनात्मक प्रतिभा एवं संघ कार्य में उनके योगदान के विषय में भाऊराव लिखते हैं:

"संघ के उन प्रांरभिक दिनों में, जब कार्य कंटकाकीर्ण था, उस समय तुम (श्री उपाध्याय) कार्य के लिए चल निकले। तब संघ कार्य के विचारों को उ.प्र. में

कोई जानता नहीं था। तुमने स्वंयसेवक के नाते इस कार्य का जुआ अपने कंधे पर उठा लिया। उ.प्र. के संघ कार्य की नींव में तुम्ही हो । आज का यह संघ का रूप तुम्हारे ही परिश्रम का, तुम्हारे ही कर्तव्य का फल है। अनेक संघ कार्यकर्ता तुम्हारे जीवन के प्रेरणा लेकर चल रहे हैं। अपने जीते जी तुम इसी मार्ग पर चलने को प्रोत्साहित करते रहे।..... हे आदर्श स्वयंसेवक! संघ के संस्थापक के मुख से आदर्श स्वयंसेवक के गुणों पर भाषण सुना था, तुम उसके मूर्तिमंत प्रतीक थे। प्रखर बुद्धिमत्ता, असामान्य कर्तृत्व, निरहंकार व नम्रता के आदर्श ।”

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन प्रारंभिक दिनों में उ.प्र. के विश्वविद्यालयीन केन्द्रों पर अधिक पुष्पित व पल्लवित हुआ। दीनदयाल उपाध्याय बहुत मात्रा में इसके लिए कारणीभूत थे। जब महात्मा गांधी के हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगा, दीनदयाल उपाध्याय प्रचार एवं सत्याग्रह संचालन के सूत्रधार बने। ... 'पांचजन्य' को सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया। दीनदयाल ने भूमिगत

रहते हुए 'हिमालय' निकाला; वह भी जब्त कर लिया गया, उन्होंने 'राष्ट्रभक्त' निकाला। इसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संविधान लिखा गया। दीनदयाल उपाध्याय की इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

**लेखक एवं पत्रकार**

राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय स्वातंत्र्य के संदर्भ में प्रचलित धारणाओं से भिन्न विचार था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का। संघ के किशोर विद्यार्थी बड़ी संख्या में आया करते थे। अप्रैल 1946 की बात है, एक प्रांतीय बैठक में प्रांत प्रचारक भाऊराव ने यह चिंता व्यक्त की कि हमारा विचार बाल सुलभ भाषा में उपलब्ध नहीं है, वास्तव में बाल साहित्य की बहुत आवश्यकता है। दीनदयाल जी ने चुपचाप यह बात सुनीं। रातभर वह लिखते रहे, प्रातःकाल पांडुलिपि भाऊराव को सौंपते हुए बोले ‘‘देखिये, यह पुस्तक बाल स्वयंसेवकों के लिए कैसी रहेगी’’ सभी देखकर चमत्कृत हुए, रात भर में दीनदयाल जी ने एक बाल उपन्यास लिख डाला। उनकी प्रथम पुस्तक 'सम्राट चंद्रगुप्त' नाम से प्रकाशित हुई।

स्वतंत्रता के तत्कालीन प्रयत्नों से संघ की सहमति नहीं थी व उसमें नीतिमत्ता व वीरवृत्ति का अभाव देखते थे। 'सम्राट चंद्रगुप्त' में ऐतिहासिक पात्रों चंद्रगुप्त व चाणक्य के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय ने पराक्रम और रणनीतिकुशल स्वातंत्र्य प्रयत्नों की और किशोर हृदयों को प्रवृत्त करने का प्रयत्न किया। वे अपने प्रयत्न में सफल रहे। अपने 'मनोगत' विचार का प्रतिपादन वे बखूबी इसी पुस्तिका में कर सके हैं। कथा प्रवाह इतना प्रखर है कि एक बार पुस्तक आरंभ करने पर उसे पूरा पढ़ने का आकर्षण उत्पन्न होता है। वैचारिक तथा दार्शनिक पक्ष से पुस्तक को बोझिल नहीं होने दिया गया है। भावों की तेजस्विता, भाषा का लालित्य और कथा का प्रवाह इस कृति की विशेषता है।

'सम्राट चन्द्रगुप्त' बाल उपन्यास लोकप्रिय हुआ, इससे यह मांग उठी की तरूणों के लिए भी ऐसी ही कोई पुस्तक लिखी जानी चाहिए। इस अपेक्षा की पूर्ति में दीनदयाल जी ने 'जगद्गुरू शंकराचार्य' नाम से अपना दूसरा उपन्यास लिखा।

दीनदयाल उपाध्याय की यह द्वितीय औपन्यासिक कृति जिसमें पात्र एवं घटनायें पुरानी हैं पर भाव एवं विचार और परिवेश नया है। दीनदयाल जिस शाखा पद्धति से संघ कार्य करते थे उसमें समय देने के लिए जवानों को प्रेरित करना, उनमें देश के सांस्कृतिक गौरव का अभिमान उत्पन्न करना तथा अपना जीवन समर्पित करने की आकांक्षायें पैदा करना इसी कृति का उद्देश्य था।

'सम्राट चंद्रगुप्त' तथा 'जगद्गुरु शंकराचार्य' जिनका प्रणयन क्रमशः 1946 और 1947 में हुआ, दीनदयाल उपाध्याय के सम्पूर्ण साहित्य में ये दो ही साहित्यिक कृतियां है। उनका साहित्यिक रूप इन प्रथम कृतियों में ही इतना प्रगल्भतापूर्ण है कि यदि दीनदयाल उपाध्याय अपने आगामी जीवन में साहित्यिक क्षेत्र को ही चुनते तो वे संभवतः भारत के बड़े साहित्यकारों में गिने जाते । लेकिन 1947 के बाद उन्होंने किसी अन्य साहित्यिक कृति का सृजन नहीं किया। आगे का उनका साहित्यिक विचार प्रधान है। वह आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक के रूप में प्रकाशित हुआ है। इस साहित्य में वह लालित्य व भावप्रवणता नहीं है जो इन प्रथम दो रचनाओं में है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहते हुए ही उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संचालन किया। दीनदयाल उपाध्याय के प्रयत्न और प्रेरणा से 1945 में मासिक 'राष्ट्रधर्म' व साप्ताहिक ‘पांचजन्य' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। बाद में 'स्वदेश' दैनिक भी चला। इन पत्रिकाओं में प्रत्यक्ष सम्पादक दीनदयाल उपाध्याय कभी नहीं रहे, लेकिन वास्तविक संचालक, सम्पादक व आवश्यकता होने पर उसके 'कम्पोजिटर', 'मशीनमैन' व सबकुछ दीनदयाल उपाध्याय ही थे।

**अखण्ड भारत क्यों?**

यही वह दौर था जब दीनदयाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्रवाद का जन-जन में जागरण कर रहे थे। लेकिन कुटिल साम्राज्यवादी अंग्रेज कुछ और ही योजना बना रहा था। उसने आजादी के आंदोलन को सत्ता लिप्सा के अभियान में बदल दिया। अंग्रेजों ने भारत से जाने की शर्त के रूप में सम्प्रदाय के आधार पर वर्णित द्वि-राष्ट्रवाद के आधार पर भारत विभाजन की शर्त रख दी। भारत का नेतृत्व उसका प्रतिवाद नहीं कर सका तथा अंग्रेज भारत विभाजन करके यहां से चला गया। भारत विभाजन के

दौर में भयानक रक्तपात हुआ। देश, भारत को एक राष्ट्र मानने वाले तथा भारत में द्विराष्ट्र मानने वाले में, बंट गया। इसी हिंसाचार ने महात्मा गांधी को भी लील लिया। उनकी जघन्य हत्या हुई।

भारत विभाजन ने दीनदयाल जी को बहुत आहत किया। उन्होंने प्रखरतापूर्वक अपना पक्ष रखा। दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, "अखण्ड भारत देश की भौगोलिक एकता का ही परिचायक नहीं अपितु जीवन के भारतीय दृष्टिकोण का द्योतक है जो अनेकता में एकता का दर्शन करता है। अतः हमारे लिए अखण्ड भारत कोई राजनैतिक नारा नहीं है।......बल्कि यह तो हमारे संपूर्ण जीवनदर्शन का मूलाधार है।"

अखण्ड भारत की अवधारणा से संबंधित ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का विश्लेषणार्थ उपाध्याय ने 'अखण्ड भारत क्यों?' नाम की पुस्तिका लिखी, जिसमें उन्होंने प्राचीन भारत साहित्य के संदर्भित करते हुए भारत में युगों से चली आयी उस सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परम्परा का उल्लेख किया है जो भौगोलिक भारत को एक एकात्म राष्ट्र के रूप में विकसित करने में समर्थ हुई थी। इस पुस्तिका में सामग्री जहां तथ्यान्वेषी है, वहीं भाषा बहुत भाव प्रवण है..दिल्ली में हमारे नेता कुमकुम तिलक लगा रहे थे जबकि पंजाब में हमारी 'माताओं और बहनों का सिंदूर पुछ रहा था। 'वन्देमातरम्' का जयघोष करके हम (7 माता के वे हाथ काट चुके थे जिनसे वह हमें आशीर्वाद देती।..... दिल्ली के लाल किले पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता की घोषणा की गई किंतु रावी के जिस तट पर स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा दोहरायी गई थी वह हमसे छिन चुका था।"

भारत विभाजन के लिए उपाध्याय अपनी पुस्तिका में मुस्लिम पृथकत्व की नीति, अंग्रेजों की 'फूट डालो व राज करो' की नीति, कांग्रेस की राष्ट्रीयता की विकृत धारणा व तुष्टिकरण की नीति को जिम्मेदार मानते हैं। 20 दिसम्बर 1887 को दिए गए सर सैयद अहमद के उस भाषण का, जिसमें उन्होंने मुसलमानों को कांग्रेस से तथा हिंदुओं से अलग रहने की सलाह दी थी, उपाध्याय ने सुविस्तृत वर्णन किया है। यह भाषण मुस्लिम पृथकतावाद का प्रथम प्रकटीकरण था, जो अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी, मुस्लिम लीग और अंततः पाकिस्तान के मांग के रूप में विकसित हुआ।

कांग्रेस की हिंदू-मुस्लिम नीति को तथा मिश्रित संस्कृति के सिद्धांत को परोक्षतः द्वि-राष्ट्रीयतावादी बताते हुए उपाध्याय निरूपित करते हैं कि मुस्लिमों के अलग संस्कृति तथा इस संस्कृति के पोषण के विचार ने तुष्टिकरण को जन्म दिया, राष्ट्रीयता की अवधारणा को विकृत किया : "खिलाफत आंदोलन को राष्ट्रीय आंदोलन करार देकर हमने अपनी राष्ट्रीयता को ही कलंकित नहीं किया बल्कि मुसलमानों के मन में यह धारणा उत्पन्न कर दी कि उन्हें राष्ट्रीय बनने के लिए इस्लाम के नाम पर प्रचलित भारत बाह्य प्रवृतियों को छोड़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन पर आग्रह किया तो वह भी भारत को राष्ट्रीयता के अंग बना सकती है। फलतः 1923 में काकीनाडा कांग्रेस के अध्यक्ष मो. मोहम्मद अली ने 'वन्देमातरम्' का विरोध किया।"

कांग्रेस के इस प्रवृति ने आम मुस्लिम समाज को पृथकतावादी मुस्लिम नेतृत्व के पीछे खड़ा कर दिया। 1935-36 के चुनावों में यद्यपि मुस्लिम लीग को अधिक सफलता नहीं मिली थी, किन्तु कांग्रेस सरकार को मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति का लाभ उठाकर मुसलमानों ने अपना संगठन खूब बढ़ाया। जिन्ना ने कांग्रेस से समझौता करने के लिए पहले 14-सूत्रीय तथा 21-सूत्रीय कार्यक्रम रखा; किन्तु समझौता नहीं हुआ। कारण, वह समझौता चाहते ही नहीं थे। कांग्रेस मंत्रीमंडल के पदत्याग पर लीग ने 'मुक्ति दिवस' मनाया तथा लाहौर में 1940 में 'पाकिस्तान' को अपना ध्येय घोषित किया।

दीनदयाल उपाध्याय यह नहीं मानते कि विभाजन स्वीकार न करने पर भारत आजाद नहीं होता तथा भयानक खून-खराबा होता। उनकी मान्यता है कि "कांग्रेस के नेता यदि डटे रहते तथा भारत की जनजागृति की मदद करते तो अंग्रेज अखण्ड भारत को छोड़कर जाते और सत्ता कांग्रेस के ही हाथ में सौंप कर जाते।" रक्तपात के विषय में उनका मत है : "भारत विभाजन के पूर्व और पश्चात् के नरमेध में जितनी बलि चढ़ी है उतनी दोनों पिछले महायुद्धों में भी नहीं चढ़ी, फिर लूट, अपहरण और हत्याकांड में मानव का जो जघन्यतम पशुभाव प्रकट हुआ, वह तो युद्ध में कहीं नहीं हुआ।"

विभाजन से हमारी किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ; बल्कि समस्या और जटिल हुई। भारत की अंतर्राष्ट्रीय शक्ति को न्यून करने में भी पाकिस्तान से हमारा झगड़ा बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। हिंदू मुस्लिम समस्या ज्यों-की-त्यों है। भारत के

राजनैतिक दल उसी मिश्रित संस्कृति और राष्ट्रीयता की अवधारणा को अब भी अपना आधार बनाये हुए है। परिणामतः मुस्लिम पृथकतावाद आजाद भारत में भी बल ग्रहण कर रहा है तथा उनकी यह अवधारणा पाकिस्तान के अस्तित्व को तार्किक आधार प्रदान करती है। समाधान की दृष्टि से अपनी पुस्तिका के अंत में उपाध्याय कहते हैं: “वास्तव में भारत को अखण्ड करने का मार्ग युद्ध नहीं है। युद्ध से भौगोलिक एकता हो सकती है, राष्ट्रीय एकता नहीं। अखण्डता भौगोलिक ही नहीं, राष्ट्रीय आदर्श भी है। देश का विभाजन दो राष्ट्रों के सिद्धांत तथा उसके साथ समझौते की प्रवृति के कारण हुआ। अखण्ड भारत एक राष्ट्र का सिद्धांत पर मन वचन एवं कर्म से डटे रहने पर सिद्ध होगा। जो मुसलमान आज राष्ट्रीय दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। वह भी आपके सहयोगी बन सकेंगे, यदि हम राष्ट्रीयता के साथ समझौते की वृति त्याग दें। आज की परिस्थिति में जो असंभव लगता है वह कालांतर में संभव हो सकता है, किन्तुं आवश्यकता है कि आदर्श हमारे सम्मुख सदा ही जीवित रहें।

राष्ट्रीयता के साथ समझौता न करने की अपनी मानसिकता को वह एक अन्य लेख में इस प्रकार अभिव्यक्त करते हैं "यदि हम एकता चाहते हैं तो भारतीय राष्ट्रीयता, जो कि हिन्दू राष्ट्रीयता है तथा भारतीय संस्कृति, जो कि हिन्दू संस्कृति है, उसका दर्शन करें, उसे मानदण्ड मानकर चलें। भागीरथी की इस पुण्यधारा में सभी प्रवाहों का संगम होने दें। यमुना भी मिलेगी और अपनी सारी कालिमा खोकर गंगा की धवल धारा में एकरूप हो जायेगी।"

उनकी यह अखण्ड भारत क्यों पुस्तक उस संक्रमण काल में लिखी गई, जब वह प्रत्यक्ष संघ कार्य से राजनैतिक क्षेत्र की दिशा में प्रयाण कर रहे थे उनका लेखन कार्य सतत् चलता रहा। यथा प्रसंग उसका वर्णन आगे के अध्यायों में होगा।

सन्दर्भगन्थाः –


1. महेश चन्द्र शर्मा, दीनदयाल उपाध्याय सम्पूर्ण वाडगम्य, खंड पांच, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली , 2016, पृष्ठ 173–280
2. हृदय नारायण दीक्षित, तत्वदर्शी दीनदयाल उपाध्याय, दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान, लखनऊ, 1996, पृष्ठ 72-85
3. दिलीप अग्निहोत्री, दीनदयाल उपाध्याय के विचार और दर्शन आज भी प्रासंगिक, प्रभा साक्षी, डेलीहंड, 25 सितम्बर, 2018, पृष्ठ 1-2
4. पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यक्ति दर्शन पृष्ठ संख्या 58
5. पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनैतिक चिन्तन पृष्ठ संख्या 38
6. विजयवाड़ा अधिवेशन में दिया भाषण 1965
7. जनसंघ विशेषक आर्गनाइजर 1956
8. पॉलिटिक्ल डायरी पृष्ठ संख्या 139-154
9. माधुरी दुबे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन का महत्व, पृष्ठ संख्या 74-76.
10. वर्मा, जवाहर लाल शिक्षा शोध महामना मदन मोहन मालवीय के शैक्षिक विचार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी।
11. सरस्वती महार्षि, दयानन्द, सत्यार्थ प्राकाश,' आर्य साहित्य प्रचार ट्रस्ट 455, खारी बावली, नई दिल्ली -6
12. त्रवेदी, विजय, हार नही मानूगां: एक अटल जीवन गाथा, हार्पर हिन्दी,2016
13. भिषीकर, सी, पी, केशवः संघ निर्माता, सुरूचि प्रकाशन, दिल्ली, 1980

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# उच्च शिक्षा में बौद्धिक संपदा अधिकार

डॉ. रुचि हरीश आर्य
सह प्राध्यापिका, शिक्षाशास्त्र विभाग,
राजकीय महाविद्यालय,मासी,अल्मोड़ा।

**सारांश–** बौद्धिक संपदा एक अत्यधिक प्रतिष्ठित संपत्ति बन गई है, जिसका मालिक वित्तीय लाभ उठा सकता है। उच्च शिक्षा ने नए ज्ञान की खोज पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बौद्धिक संपदा में तब्दील हो सकते हैं, लेकिन कानून, उच्च शिक्षा नीति, और संविदात्मक जुड़ाव खोज प्रक्रिया में शामिल लोगों द्वारा बौद्धिक संपदा के स्वामित्व के लिए स्वामित्व या अवसर निर्धारित कर सकते हैं।

मुख्य शब्द–उच्च, शिक्षा, बौद्धिक, संपदा, अधिकार, संपत्ति, नीति।

डब्ल्यूटीओ व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण पहलू TRIPS और पेटेंटिंग है। बौद्धिक संपदा एक ऐसी संपत्ति है, जिसे किसी अन्य संपत्ति की तरह खरीदा या बेचा जा सकता है, एक्सचेंज किया जा सकता है, लाइसेंस दिया जा सकता है। बौद्धिक गुण मानव बुद्धि के उत्पाद हैं जो अद्वितीय, नए और अभिनव हैं, जिनका बाजार में कुछ मूल्य हैं, और जो एक ही व्यक्ति या टीम के द्वारा निर्मित हैं। बौद्धिक संपदा एक विचार, एक आविष्कार, एक अभिव्यक्ति या साहित्यिक रचना, एक पुस्तक रचना कार्य, एक ट्रेडमार्क, एक औद्योगिक प्रक्रिया, पदार्थ की एक संरचना, एक औषधीय सूत्रीकरण, एक कंप्यूटर प्रोग्राम, एक प्रस्तुति या डेटा हो सकता है। हालांकि ऐसा लग सकता है कि लगभग किसी भी चीज को बौद्धिक संपदा माना जा सकता है जो पहले वर्णित श्रेणियों में से एक में आता है, परन्तु ऐसा नहीं है। बौद्धिक संपदा (आईपी) दिमाग की रचनाओं को संदर्भित करता है– इसमें, कला के कार्यों से लेकर आविष्कारों तक, कंप्यूटर प्रोग्राम से लेकर ट्रेडमार्क और अन्य व्यावसायिक संकेतों तक, सब कुछ शामिल है। आईपी गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है और सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसको विभिन्न कानूनों द्वारा मान्यता प्राप्त है जो बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करते हैं। आईपी कानून जटिल हैं, विभिन्न प्रकार के आईपी से संबंधित विभिन्न कानून हैं, और दुनिया के विभिन्न देशों और क्षेत्रों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय कानून में विभिन्न आईपी कानून हैं। एक आविष्कार को एक उत्पाद या प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो कुछ करने का एक नया तरीका प्रदान करता है, या किसी समस्या का एक नया तकनीकी समाधान प्रदान करता है। पेटेंट संरक्षण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, एक आविष्कार का कुछ व्यावहारिक उपयोग का होना चाहिए और उसमें कुछ नया होना चाहिए जो प्रासंगिक तकनीकी क्षेत्र में ज्ञान के मौजूदा निकाय का हिस्सा नहीं हो। लेकिन उपयोगिता और नवीनता की ये आवश्यकताएं पर्याप्त नहीं हैं, आविष्कार में एक आविष्कारशील कदम भी शामिल होना चाहिए जो तकनीकी क्षेत्र के औसत ज्ञान वाले किसी व्यक्ति द्वारा नहीं प्राप्त किया जा सकता था। बौद्धिक संपदा कानून, निर्माता के स्वामित्व और उसके कार्यों पर नियंत्रण के प्रतिस्पर्धी हितों को, ऐसे कार्यों तक पहुंचने और उपयोग करने के जनता के अधिकारों, के साथ संतुलित करने का प्रयास करता है। इससे रचनाकारों को अपने स्वयं के रचनात्मक प्रयासों के उपयोग को लाभ, सुरक्षा और आम तौर पर नियंत्रित करने का अधिकार है।

बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क की रचनाओं के उपयोग को नियंत्रित करने वाले कानूनी अधिकार हैं। इन अधिकारों की मान्यता और संरक्षण पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क को औद्योगिक संपत्ति माना जाता है। शिक्षा में बौद्धिक संपदा को प्रभावित करने वाले कानूनी मुद्दों में बौद्धिक कार्यों का निर्माण और उपयोग दोनों शामिल हैं। बौद्धिक संपदा कानून व्यक्तियों के अधिकारों को बनाने, स्वामित्व, वितरण, और उनकी रचनाओं से लाभ और ज्ञान और आविष्कारों का उपयोग करने के लिए जनता के अधिकारों को संतुलित करता है देर से ही सही, उच्च शिक्षा में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) का महत्व व्यापक रूप से रहा है। इस नीति का प्राथमिक ध्यान विशेष रूप से उद्यमियों और उच्च शिक्षा संस्थानों में, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने की ओर है। मजबूत और सही तरह से लागू बौद्धिक संपदा अधिकार उपभोक्ताओं और परिवारों की रक्षा करते हैं। सशक्त आईपी अधिकार उपभोक्ताओं को उनकी खरीद की सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के बारे में एक शिक्षित विकल्प बनाने में मदद करते हैं। लागू किए गए आईपी अधिकार सुनिश्चित करते हैं कि उत्पाद प्रामाणिक हैं, और उच्च गुणवत्ता वाले हैं।

**आईपी और कानून**

दूसरी ओर, कानून उस स्वामित्व की अवधि को सीमित करता है, और कॉपीराइट के मामले में, निर्माता से अनुमति या भुगतान की आवश्यकता के बिना इस सामग्री के कुछ ''उचित उपयोग'' की स्पष्ट रूप से अनुमति देता है। आखिरकार, कानून उन लोगों को लाभ प्रोत्साहन और स्वामित्व सुरक्षा प्रदान करता है जो बौद्धिक संपदा के निर्माता हैं, साथ ही यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका नियंत्रण इतनी बारीकी से नहीं रखा जा सकता है कि यह सभी पहुंच को प्रतिबंधित कर सके, या यह नए कार्यों के विकास को प्रतिबंधित करे, जो इससे प्रेरित हो सकते हैं। हाल के वर्षों में, दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए बौद्धिक संपदा तेजी से महत्वपूर्ण हो गई है। जैसे–जैसे अनुसंधान जारी रहता है इसका और विस्तार होता है, आंशिक रूप से मान्य आवश्यकताओं के आधार पर, अनुसंधान खोजों के संबंध में, पुराने और नए मुद्दे सामने आते हैं। इन मुद्दों में विश्वविद्यालय अनुसंधान का निजी क्षेत्र प्रायोजन, अनुसंधान खोजों का स्वामित्व, नए ज्ञान का प्रसार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, आज यह मुद्दा है कि क्या विश्वविद्यालय, वाणिज्यिक संस्थानों को उनके शैक्षिक मिशन और शैक्षणिक लक्ष्यों को निर्धारित करने की अनुमति देंगे। कई शैक्षिक अनुसंधान सुविधाओं में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और निजी फर्मों के बीच, श्रम आदर्श बन गया है। उस संबंध के कारण, वैज्ञानिक आज लाइसेंस प्राप्त उत्पादों की व्यावसायिक सफलता के आधार पर, वित्तीय प्रोत्साहन और सुरक्षा से अच्छी तरह वाकिफ हैं, जिसके परिणामस्वरूप बौद्धिक संपदा के स्वामित्व पर निरंतर बहस हो सकती है। क्योंकि अनुसंधान के परिणामस्वरूप ज्ञान का निर्माण हो सकता है, जिसका व्यावसायिक अनुप्रयोग हो सकता है, आमतौर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित बौद्धिक संपदा द्वारा प्रस्तुत व्यावसायिक अवसरों के लाइसेंस से जुड़ी जटिलताओं को संभालने के लिए, विश्वविद्यालय के भीतर एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग, की आवश्यकता बढ़ गई हैं। फिर भी, यह सवाल उठता है कि क्या ये विभाग और संस्थान अपनी वर्तमान बौद्धिक संपदा नीतियों द्वारा पर्याप्त रूप से संरक्षित हैं। यह लेखन उच्च शिक्षा के माहौल में बौद्धिक संपदा से संबंधित कई चिंताओं का पता लगाएगा। खोज और ज्ञान का प्रसार हमेशा विश्वविद्यालयों के मिशन का एक प्रमुख घटक रहा है। उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक प्रकाशनों, सार तत्वों, सम्मेलन की कार्यवाही, और आमंत्रित प्रस्तुतियों के रूप में ज्ञान का प्रसार, विश्वविद्यालय और व्यक्तिगत शोधकर्ता, दोनों के लिए सफलता का एक उपाय है। शिक्षाविदों के रूप में हम ज्ञान का सृजन और हस्तांतरण करते हैं। यह हमारा मुख्य व्यवसाय है। हालाँकि, वह मुख्य मिशन चुनौतीपूर्ण

भारतीय राजनीति में जातिवाद एक बीमारी की तरह है जिस तरह से कोई भयंकर बीमारी छूत के रोग की तरह से शरीर में प्रवेश कर जाती है उसी तरह से जातिवाद भी पूरे समाज में भयंकर बीमारी की तरह से फैला हुआ है। हमारे समाज से धीरे–धीरे यह राजनीति में फैल चुका है। जिसे कि भारतीय राजनीति से निकालना बहुत ही मुश्किल कार्य है। इस जातिवाद की राजनीति से समाज के सभी वर्ग ग्रसित है । सभी नेतागण जिस तरह से जातिवाद की अंधी दौड में शामिल है जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है। कि यदि एक दो व्यक्ति इससे पीड़ित होते तो उसे दूर किया जा सकता था, लेकिन यह तो पूरे समाज में फैला हुआ है। जिन जातियों को जन्म के आधार पर योग्यमान लिया गया उनके हाथों में शासन,

प्रशासन, प्रतिरक्षा एवं लेखा की जिम्मेदारी दे दी गयी । गुलाम भारत का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब जनम के आधार पर सुयोग्य लोगों के हाथों में भारत का शासन, प्रशासन प्रतिरक्षा और लेखा की जिम्मेदारी थी तब देश बार–बार गुलाम होते रहा । ऐसा क्यों हुआ? जब सुयोग्य लोगों के ऊपर जिम्मेदारी थी और बहुसंख्यक लोगों को आयोग्य कहकर उन्हें अलग रखा गया था तब गुलामी के लिए कौन जिम्मेदार थे । जो लोग जिम्मेदार थे उन्होंने हार की जिम्मेदारी क्यों नहीं स्वीकार की थी। यह एक दर्दनाक विडम्बना है कि जीत का श्रेय वे लेते रहें और हार के लिए आम लोगों को जिम्मेदार बनाते रहें। आज भी यह प्रथा चल रही है। आजाद भारत में प्रारम्भिक काल में पिछड़े वर्गो एवं दलित समाज में शिक्षा का प्रसार एवं प्रचार नहीं था । इसलिए वे सरकारी सेवा में नगण्य थे। डा0 अम्बेडकर इस रहस्य को जानते थे । महात्मा गाँधी भी समझते थे अनुसूचित जाति एवं जनजाति को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक तथा प्रशासनिक आरक्षण दिया गया, परन्तु उस पर अमल ईमानदारी से नहीं किया गया । नियत सही नहीं थी। महात्मा गाँधी के विचार का प्रभाव तथा डॉ अम्बेडकर का दबाव था कि आरक्षण लागू नहीं होता तो दलित समाज में से एक भी विधायक और सांसद नहीं बन पाते । प्रथम दौर में उन वर्गो के विधायकों और सांसदो का उपभोग किया गया परन्तु धीरे–धीरे उनमें राजनीतिक तथा सामाजिक चेतना का जागरण होते गया और वे अपने अधिकार की माँग करने लगे। उनमें से तेजस्वी और प्रखर नेता पैदा होने लगे। जब डा0 राम मनोहर लोहिया का युग आया तो उन्होंने सिद्धान्त दिया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े, महिला और धार्मिक अल्पसंख्यकों को सरकारी सेवा, राजनीति, व्यापार और पलटन में कम से कम साठ प्रतिशत स्थान दिया जाये। समाजवादियों ने नारा लगाया 'डॉ० लोहिया बाँधे गाँठ पिछड़ा पावे सौ में साठ । ५

**और ज्यादा मजबूत होता जातिवाद :**

इस देश में धर्म बदलना आसान है, परन्तु जाति बदलना कठिन है। इतिहास इसका प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहा है कि हिन्दू समाज के लोग धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म में चले तो गये पर जाति के धब्बा से मुक्त नहीं हो पाये । धर्म बदलने के बाद भी हिन्दू समाज में जनम के आधार पर जिस जाति को जो सामाजिक दर्जा प्राप्त था वहीं दर्जा उन्हें वहाँ भी प्राप्त हुआ । धर्म बदलने के बाद भी वे अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गो के बने रहें।

पिछड़े वर्गो से अनेकों नेता निकलने लगें। यह भी संयोग और सौभाग्य था कि इस आन्दोलन को नेतृत्व देने वाले ऊँची जाति के नेता अधिक थे। उन्होंने खाद का काम किया और अपने को खफा दिया, परन्तु यह भी दुर्भाग्य है कि वे पिछड़े और दलित नेता भूल गये । डॉ लोहियाँ ने जन्म के आधार पर प्राप्त विशेषाधिकार को मिटाने के लिए विशेष अवसर का सिद्वान्त दिया था। संसोपा की राष्ट्रीय समिति के सदस्यों का चुनाव होता था, लेकिन जव राष्ट्रीय समिति में विशेष अवसर के सिद्धान्त के अनुसार उन वर्गो को साठ प्रतिशत स्थान नहीं मिल पाता था तब ऊँची जाति के लोग इस्तीफा देने वाले विशेष आमत्रिंत के तौर पर सदस्य बना लिये जाते थे । मार्गदर्शक और संरक्षक वे रहते थे, परन्तु प्रत्यक्ष में मंच पर पिछड़े समाज के नेता को अवसर देते थे। सन् 1964 से 1968 तक संसद को देखने से पता चल जाएगा कि लोहिया क्या थे? खुद लोकसभा में थे परन्तु संसदीय दल के नेता के पद पर मनीराम बग्गड़ी और रामसेवक यादव तथा रवि रे जैसे पिछड़े को नेता बनाकर अग्रिम पंक्ति में रखते थे। पत्रकारों के पूंछने पर उन्होंने कहा था कि वे पीछे भी रहेंगे तब भी उनकी आवाज सुनी जायगी । यही कारण था कि पिछड़े समाज के दिल को लोहिया ने जीता था। – यदि डॉ लोहिया ने यह दर्शन नहीं दिया होता तो भारत के हृदय प्रदेश के सभी हिन्दू उर्दू भाषी राज्यों में साम्यवाद का झण्डा लहरा गया होता । डा0 लोहिया ने भारत के हृदय प्रदेश में साम्यवाद को बढ़ने से रोककर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, भारतीयता, गाँधीवाद और संसदीय

लोकतान्त्रिक व्यवस्था की रक्षा की थी। इस ऐतिहासिक और सामाजिक तथ्य, सत्य एवं रहस्य को जानने एवं समझने की आवश्यकता है।

क्या सामन्त, सम्पन्न और समृद्ध वर्ग को जातियता करने का विशेषाधिकार प्राप्त है और अन्य लोगों के लिए अपराध है? संगठन और सरकार के स्वरूप से ही राजनीतिक दलों की मानसिकता का पता चलता है । महान क्रान्तिकारी लेनिन ने कहा था कि जैसा समाज बनाने का संकल्प है पहले दल के संगठन का स्वरूप वैसा ही बनाओ। क्योंकि आम लोग संगठन को देखकर ही दल की दृष्टि एवं दिशा का मूल्यांकन करते हैं । जैसा कि कबीर ने कहा था "पंडित बांचे पोथी लो कबीरा बाँचे आँखीन देखा'' जातिवाद और जातियता को मिटाने के लिए जाति प्रथा को मिटाना पड़ेगा । बाबू जगजीवन राम की पुत्री कुशवाहा से शादी करने से शादी करने के बाद भी अनुसूचित जाति बनी रहती है। स्व 0 इंदिरा गाँधी, पारसी, से शादी करने के बाद भी हिन्दू और ब्राह्मण बनी रहती हैं। ऐसा क्यों होता है? भारत में जाति की जड़ रोटी में नहीं बल्कि बेटी में हैं । रोटी के मामले में जातीयता मिट चुकी हैं कोई किसी से कहीं जाति नहीं पूछता है। सभी एक साथ खाते पीते हैं परन्तु विवाह के समय बेटी वहीं देते हैं जहाँ जन्म के आधार जाति से बंधे होते हैं। क्या इसको तोड़ा जा सकता है। अपवाद स्वरूप कुछ ऐसे उदाहरण मिल सकते है। निम्न तथा मध्यम स्तर पर हमने यह भी देखा है कि जाति तोड़कर विवाह करने वाले को कितना प्रताड़ित किया जाता है । कथाकथित सभ्य समाज को उस पीड़ा और प्रताड़ना का अहसास नहीं होता है। क्या जाति और जन्म के आधार पर सभी आरक्षण को समाप्त कर नया आधार नहीं बनाया जा सकता है ?

**दलितों पर बोझ सभ्यता :**

झज्जर जिले में दिल दहलाने वाली यह घटना हमारे रूढ़िवादी, अंधविश्वासी व अशिक्षित समाज के लिए कोई नई बात नहीं है और न ही इस तरह की घटनाएं उनके कठोर दिल पर कोई असर कर पाती हैं। सदियों पहले हमारे समाज को चार भागों में बाँटा गया । ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य, शूद्र । इनके अलावा 5वीं जमात अछूतों की थी।

अछूतों को निम्न तबके का मानते हुए उन्हें खेत में हल जोतने, मोची का काम करने व चमड़ा बनाने आदि के कामों में लगा दिया गया । जिन लोगों ने इसका विरोध किया, उन्हें गाँव से बाहर कर दिया गया और उन का हुक्का पानी बन्द कर देने जैंसी धमकियों से डराया गया। '——— लेकिन आखिर इन सब का शिकार तो दलित ही बनता है। जैसा कि दुलीना गाँव में हुआ, उन का दोष सिर्फ यही था कि उन्होंने गाय की खाल उतारने का काम खुली जगह में किया । यही बात गोहप्पा की अफवाह बन कर उन की मौत का कारण बनी। अगर यह मान भी लिया जाए कि इन दलितों ने गाय को मारा था, तो यह कहाँ का इंसाफ है कि एक गाय की जान के बदले 5 लोगों को जान से मार दिया गया है तो 5 लोगों की हत्या के जुर्म में गाँव वालों को आखिर क्या सजा दी जाए?

अक्सर गांवों में जानवरों के मर जाने पर उसे निचली जाति के लोगों को दे दिया जाता है। अगर ये लोग इन मरे जानवरों के लेकर उन का चमड़ा न निकाले, तो इनसानों के दफनाने की जगह पर जानवरों को दफनाना पड़ेगा । ऊँची जाति के लोग जानवरों का शिकार करना तो खानदानी शौक समझते हैं। फिर भला गाय का मांस काटने वाले दलितों को इतनी बड़ी सजा क्यो दी गई? सिर्फ अपने शौक के लिए किसी पशु की जान ले लेना कहाँ का कानून है।

हिन्दू समाज में इन लोगों के लिए कोई सजा नहीं है। गाय भी तो एक जानवर है। उसे दूसरे जानवरों से अलग क्यों समझा जाता है? और अगर गाय को पूजा जाता है तो फिर गाय का खरीदना बेचना भी बन्द होना चाहिए, दूध न देने पर वे जब गाय को बहुत ही बेरहमी से पीटते है। तब वे खुद भूल जाते है कि वह भी एक तरह से अत्याचार, अन्याय और पाप कर रहे हैं, जो कि बिल्कुल ही बन्द कर देना चाहिए। जिस तरह से माँ को दान में नहीं दिया जा सकता, उसी तरह से गाय को

दान में देना भी तो बन्द हो जाना चाहिए था। असल तो यह है कि सभी पुराण, स्मृतियां गौदान की महिमा से भरी पड़ी है। यह गौदान सिर्फ ब्राह्मणों को ही करना होता था। अब अगर किसी में गाय के प्रति ज्यादा प्रेम उमड़ रहा है, तो वे गौदान क्यों नहीं बन्द कराते।

एक ओर गाय को गौमाता कहकर पूजा जाता है, तो दूसरी तरफ बकरे, मुरगे आदि को काट कर खाया जाता है, जहाँ गाय, भैंस की खाल को काटने का विरोध किया जाता है, वहीं चमड़े के जूते, जैकेट, बेल्ट आदि पहनने में लोग अपनी शान समझते है। दलितों को मंदिर में घुसने नहीं दिया जाता है। लेकिन इन सब बातों से तो सिर्फ सही मतलब निकलता है कि वर्ण व्यवस्था पर आधारित हिन्दू समाज में निचलों की नियति हमेशा अपमान सहने की ही है, उसी में सवर्णो का सम्मान है। यह सब निचली जाति के लोगों के साथ सरासर नाइंसाफी है। दलितों पर अत्याचार हमेशा से होते चले आ रहे है चाहें कोई भी राज्य का नाम ले लिया जाय हर राज्य में ये अत्याचार अपनी नई कहानी कह रहा है। आन्ध्र प्रदेश में एक दलित महिला के वस्त्र भरी पंचायत के समक्ष उसके पति व ससुर की मौजूदगी में उतार दिये गये तथा पूर्ण नग्न अवस्था में ही उसकी लाठी डंडो से ठाकुरों के कहने पर पिटाई की गई, उसके पति व ससुर तथा पंचायत में कोई भी ऐसा मर्द नहीं था जो उस महिला के सम्मान को बचा सकता उसका हाथ तोड़ दिया गया तथा पुलिस में शिकायत करने पर उसे उसके बच्चे तथा उसके पति व ससुर को जान से मारने की धमकी दी गयी, उस महिला का कसूर सिर्फ यह था कि उसने अपनी जमीन में से रास्ता देने के लिए साफ तौर पर इन्कार कर दिया जिससे क्रोधित होकर ठाकुरों ने उसके पति.तथा ससुर को धमकाया क्योंकि उसके पति व ससुर अनपढ़ थे और वे उन ठाकुरों के धमकाने में आ गये उन्होंने जब अपनी बहू को समझाना चाहा तो उसने उनकी बात सुनने के बाद उनकी बात मानने से इन्कार कर दिया क्योंकि वह एक पढ़ी लिखी महिला थी उसने अपनी जमीन में से रास्ता देने से इसलिए मना कर दिया क्यों कि वह रास्ते लायक भूमि नहीं थी उसमें खेती होती थी, और उसमें उस समय फसल खड़ी थी, फसल बेकार हो जाती इस वजह से उसने रास्ता देने से इन्कार कर दिया । ठाकुरों ने पंचायत बुलाई और पंचायत के समक्ष ये कहा कि ये दलित महिला होकर और हमारी आज्ञा की अवहेलना की और अनेक तरह के उस पर आरोप लगाये गये। सारी बात सुनने के पश्चात पंचायत ने उस महिला के लिए ये सजा निर्धारित की कि इसको (नंगा) निंवस्त करके इसको डंडो से पीटा जाय उसके पति व ससुर को बाँध दिया गया और भरी पंचायत में उस महिला को निंवस्त करके उसे मारा पीटा गया और उसे इतना मारा कि उसका एक हाथ तोड़ दिया गया उसकी समाज की पंचायत ने धज्जियाँ उड़ा दी जैसे कि वह एक इंसान न होकर एक जानवर थी। उसको बगैर अपराध किये सजा दी गयी वो भी ऐसी सजा जो कि इंसानियत के नाम पर एक कलंक है, एक धब्बा है जिसे कभी नहीं मिटाया जा सकता, क्या उन अपराधियों को जिन्होंने उसको ये सजा दिलवायी या उसके साथ ऐसा कृत्य किया उनको दण्ड देने से, जो भरी पंचायत में उसका अपमान उसकी बेइज्जती की गयी क्या वो उसकों वापस मिल जायगा द्य कभी नहीं उसको अपना सम्मान वापस नहीं मिलेगा पर ये जरूर होगा कि किसी अन्य दलित महिला के साथ ऐसा नहीं होगा उनको ऐसा दण्ड दिया जाय कि जब तक वह लोग जीवित रहें अपने आप से घृणा करते रहें ये सबक उन्हें जरूर मिलना चाहिए, ताकि किसी अन्य व्यक्ति की हिम्मत न हो कि वह किसी भी दलित महिला के साथ ऐसा कृत्य करें। आज हमारा समाज आधुनिक होने का ढोग कर रहा है कि हम बहुत ही आधुनिक हो गये है कि हम जाति–पाँत नहीं मानते है पर कहने भर से कि हम जाति–वाद नहीं मानते क्या जाति वाद खत्म हो जायगा, ऊँची जाति के लोगों को देश आजाद हो जाने के बाद स्वतंत्रता मिल गयी वे आज आजाद है पर दलित तो आज भी गुलाम है, और वे गलामी का बोझ ढो रहे हैं द्य मै यह पूछना चाहती हैं कि आखिर वे कब आजाद होंगे क्या उन्हें स्वतंत्र होने का अधिकार नहीं है। पिछले तीन–चार बरसों से महानगरों और नगरों में बलात्कार, डकैती और

कत्ल की बारदातों संवधी रपटे अत्यधिक छपने लगी हैं। अब तो बलात्कार दिन दहाड़े, महानगर के बीचों बीच सड़क के किनारे पर या चलती हुई बसें एवं ट्रेनों में किए जाने लगे हैं । डकैतियों की तो भरमार हैं। बूढ़े दम्पति जो सेवा मुक्त अफसर होते हैं, डकैतों के खास शिकार बनते है। ऐसी ही एक घटना में देश के एक वरिष्ठ नागरिक और पूर्व केन्द्रीय विधि मंत्री बुरी तरह से घायल कर दिये गये थे। ग्रामीण इलाकों से दूसरी तरह के समाचार छप रहे थे। जाति के अन्दर ही सगोत्र विवाह अंतरजातीय विवाह, नजदीक के रिश्तेदारों में विवाह विधवा विवाह अब ऐसे अपराध बन गए हैं कि दण्ड मिलता है सार्वजनिक अपमान या गाँव से निष्कासन । इन अपराधों के फैसले गाँव या जाति–विशेष की पंचायतें करती हैं । यह कहना कठिन है कि गाँव या जाति विशेष के सभी लोग उन फैसलों में शामिल होते हैं, किन्तु अनुदार और रूढ़िवादी तत्व इतने हठी हो गये है, कि वे मनमानी करते ही है। चम्पारन के एक गाँव में एक तैतीस वर्षीय विधवा और छत्तीस वर्षीय विधुर के विवाह पर उनका अपमान
और गाँव से निष्कासन हाल में ही हुआ है। ––दलितों पर अत्याचारों के समाचार देश के सभी भागों, लेकिन अधिकतर तमिलनाडु, बिहार व आंध्र प्रदेश से आते है और आदि–वासियों का जीवन मध्य प्रदेश में विशेष तौर पर इधर हो रहा है । देवास, गुना, शिवपुरी, सतना आदि जिलों से ऐसे समाचार मिले ही है। इन सब मामलों में प्रशासन अत्याचारी लोगों का साथ देता है। अधिकतर, वन विभाग के अधिकारी ही इन अत्याचारों की जड़ में होते हैं, जिनकी सांठ–गांठ जंगली लकड़ी के ठेकेदारों से होती है और पुलिस इन ठेकेदारों के धन की गुलाम होती है । यू भी वीरप्पन का एक ही उदाहरण यह दिखाने के लिए काफी है कि हमारा प्रशासन कितना सड़ गया है । मूल बात पर आए । वह है समाज में उन प्रक्रियाओं के पुनरोदय कि जिनके विरूद्ध उन्नीसवी शताब्दी में राजा राम मोहन राय से लेकर स्वामी दयानन्द सरस्वती और ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज व आर्य समाज शिक्षण और जन जागति का काम करते रहें । मुस्लिम समुदाय में भी बदरूद्दीन, तैयब जी मुहम्मद अली. जिन्ना, सर सैयद अहमद, देवबंद स्कूल आदि सक्रिय रहे। अभी तक तबलीगी जमात और अन्य संस्थाएं एक पत्नी प्रथा, पत्नी से सद्व्यवहार और उसके मेहर तलाक में उसके साथ न्याय का संकेत देती रहती है, परन्तु इसमें संदेह नहीं है कि समाज सुधार की ये प्रवृत्तिया दुर्बल होती चली गई। यह बात सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होती है कि नारियों की दुर्दशा खासतौर पर बढ़ी है। दहेज की माँग अब सभी जातियों में होने लगी है। दक्षिण भारत के जिन राज्यों या सामाजिक समूहों में मातृ–सत्तात्मक समाज थे, वहाँ भी सम्पत्ति को लेकर पितृ–सत्तात्मक समाज थे समुदाओं की रीतियां प्रबल होने लगी है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


1. भारतीय शासन एवं राजनीति लेखक डा0 अशोक रस्तोगी पृष्ठ सं0 220 प्रकाशित वर्ष 1999।
2. दैनिक जागरण समाचार पत्र दि0 10.3.2002 लेखक नरेन्द्र मोहन पृष्ठ सं0 10 ।
3. प्रतियोगिता दर्पण पत्रिका दिनांक 3.3.2003 पृष्ठ सं0 1427–30 ।
4. दैनिक जागरण समाचार पत्र दिनांक 16.8.2002 लेखक उदित राज पृष्ठ 10 ।
5. दैनिक जागरण समाचार पत्र दृ दिनांक 20.8.2002 लेखक हुक्मदेव नारायण यादव पृष्ट दृ 10
6. सरस सलिल पत्रिका 16.11.2002 लेखिका उषा नेगी पृष्ठ सं0

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# लखीमपुर–खीरी जनपद की थारु जनजाति का सामाजिक व सांस्कृतिक अध्ययन

**डा0 नूतन सिंह**
एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास युवराजदत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी

**प्रस्तावना–** थारु जनजाति भारत की सर्वाधिक जानी जाने वाली जनजाति है। ये भारत नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में निवास करते हैं। भारत सरकार द्वारा विभिन्न सुविधाओं के दिए जाने के बावजूद थारु जनजाति अपने अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु अभी भी संघर्षरत है। जंगलों के मूल निवासी होने के कारण यह वर्ग एवं इनकी संस्कृति का प्रकृति से बेहद जुड़ाव है। इनके रहन–सहन, भोजन, वस्त्र, कलायें, धर्म एवं धार्मिक क्रियाविधियां पारिस्थितिकी से गहरे रूप से जुडी हैं। हमें इनको मुख्य धारा में लाने के साथ–साथ इनकी संस्कृति को भी संरक्षित करना होगा। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य थारू संस्कृति का प्रचार–प्रसार एवं संरक्षण है।

**मुख्य शब्द–** लखीमपुर, खीरी, जनपद, थारु, जनजाति, भारत, संस्कृति,संरक्षण।

---

**परिचय–**थारु जनजाति की उत्पत्ति के विषय में विभिन्न मान्यताएँ हैं। कुछ विद्वानों ने थारुओं को मंगोल प्रजाति से तथा कुछ ने मंगोल द्रविड़ प्रजाति से सम्बंधित माना है। नृवंश विद उनके चहरे मोहरे को मंगोल के समान ठहराते हैं तथा मानते हैं कि उनके पूर्वज मंगोल रहे। थारू अपनी उत्पत्ति राजस्थान के राजसी मूल से होने का दावा करती है। मध्य नेपाल के तराई में रहने वाले इस जनजाति के लोग खुद को तराई के मूल निवासी और गौतम बुद्ध के वंशज होने का दावा करते हैं। एक अन्य मान्यता के अनुसार पश्चिमी नेपाल में निवास करने वाले राणा थारु, भारतीय राजपूतों के वंशज होने का दावा करती है। थारु नाम की उत्पत्ति के बारे में कुछ विद्वानों का मत है कि ये लोग राजपूताना के थार मरुस्थल से हैं। इनका मानना है कि 16 वीं शताब्दी में इनके पूर्वज जंगल में चले गए थे। भारत की कुल अनुसूचित जनजातियों की संख्या का 1.09 % उत्तर प्रदेश में पायी जाती है। थारुओं की कुल संख्या 105291 है।

**थारु शब्द की उत्पत्ति** –नेपाली शब्द 'थारू' तराई में एक विशेष जाति का नाम है। ऐसी मान्यता है कि थारु शब्द स्थवीर से लिया गया है। जिसका अर्थ है थेरवाद या स्थिर वाद, अर्थात बौद्ध धर्म का अनुयायी। यह भी संभव है कि थारु शब्द कीउत्पत्ति तिब्बती शास्त्रीय शब्द mtha–ru'I brgyd से हुई हो जिसका अर्थ है सीमा पर देश। इस शब्द का उल्लेख तिब्बती विद्वान तारानाथ ने अपनी पुस्तक में किया है।

**थारुओं का निवास क्षेत्र–**थारु जाति का आवास क्षेत्र तराई प्रदेश के पश्चिमी भाग में जिला नैनीताल व उत्तर प्रदेश के दक्षिण पूर्व से लेकर पूर्व में गोरखपुर व नेपाल सीमा तक है। यह क्षेत्र हिमालय पर्वत एवं शिवालिक क्षेत्र में नैनीताल, गोंडा, खीरी, गोरखपुर, पीलीभीत, बहराइच एवं बस्ती जिलों में विस्तृत है। थारु जाति का सबसे अधिक जमाव नैनीताल जिले के बिलहारी परगना, खातीमाता तहसील की नानकमत्ता विल्पुरी एवं टनकपुर बस्तियों के आस–पास पाया जाता है। थारु जनजाति का विस्तार बिहार के चंपारण, उत्तराखंड के नैनीताल, उधमसिंहनगर जनपद, उत्तर प्रदेश में गोरखपुर एवं तराई क्षेत्र लखीमपुर–खीरी में निवास करते हैं। लखीमपुर खीरी जनपद के दुधवा राष्ट्रीय पार्क के 15 किलोमीटर के बाद थारुओं के गाँव आ जाते हैं जो बहुतायत में हैं।

**थारु जनजाति की विशेषता–**थारु जनजाति को सन 1967 में भारत सरकार द्वारा जनजाति का दर्जा दिया गया था। थारु जनजाति के अंतर्गत 7 उपसमूह आते हैं। राणा, थारु, बुक्सा, गडौरा, गिरनामा, जुगिया, दुगौरा, सुषा एवं पसिया। यहाँ के थारु स्वयं को थार भूमि का निवासी मानते हैं। थारु जनजाति के लोगों ने उधमसिंहनगर में अपने

राजाओं के नाम पर 12 गांवों को बसाया था। आजादी से पूर्व 1950—1955 तक समाज में थारु शब्द के स्थान पर 'थरुआ' एवं 'थारुनिया' शब्द का योग किया जाता था।

**थारुओं का धर्म**—इनका आध्यात्मिक विश्वास एवं नैतिक मूल प्राकृतिक वातावरण से निकटता से जुड़ा हुआ है। थारु मुख्य रूप से हिंदू धर्म को मानते हैं, हिंदू देवी देवताओं की पूजा करते हैं तथा हिंदू त्योहारों को मनाते हैं। यद्यपि कुछ थारु बौद्धधर्म को मानते हैं।

थारुओं के कुल देवता भगवान शिव हैं। ये समुदाय शिव को महादेव के रूप में पूजते हैं। थारू अपने उपनाम में नारायण शब्द का प्रयोग करते हैं। उनकी मान्यता है कि नारायण धूप बारिश एवं फसलों के दाता हैं।

**थारुओं की भाषा**—थारुओं की मातृ भाषा थारु है। इसके अतिरिक्त नेपाली भाषा भी बोलते हैं। कुछ थारु भोजपुरी, मैथिली व अवधी जैसी क्षेत्रीय भाषाएँ भी बोलते हैं।

**उपनाम**—राणा, कठारिया, चौधरी इनके उपनाम होते हैं।

**थारुओं की संस्कृति**—टर्नर के मतानुसार 1931 में थारू दो अर्धांशों में बंटा था। जिनमे से प्रत्येक के 6 गोत्र होते थे। पूर्व में उच्च अर्धांशों में निम्न अर्धांशों की कन्या का विवाह संभव था किन्तु बाद में दोनों अर्धांश अन्तर विवाही हो गए।

**विवाह पद्धति** —थारु समाज में 'काज' व 'डोला' पद्धति से विवाह होता था। 'काज' अर्थात वधूमूल्य, डोला अर्थात कन्या अपहरण। परन्तु अब समय के परिवर्तन के साथ इनके स्थान पर संस्कारिक विवाह होने लगे हैं। थारु समाज में दिखाई को 'दिखनौरी' और गौने की रस्म को 'चाला' कहते हैं। थारू समाज के लोग सगोत्र विवाह कर लेते हैं। थारु समाज में जब रिश्ता पक्का होता है तो उसे 'पक्की पोधी' कहा जाता है। विवाह के पूर्व की रीतियों में विवाह से एक दिन पूर्व भूइयां पूजा होती है। इनका विवाह 2 से 3 दिन में सम्पन्न होता है। विवाह की रस्में सम्पन्न होने के बाद महिलायें वर के घर जाती हैं जिसे 'ढाअइया' कहा जाता है। इनमें विधवा विवाह का भी चलन है। विधवा स्त्री अविवाहित पुरुष से विवाह कर सकती है।

**वेष—भूषा एवं आभूषण**—मानव सभ्यता के विकासक्रम में मनुष्य ने तन ढकने के साथ साथ सौन्दर्य का भी विकास किया। उसी प्रकार थारू समुदाय भी वस्त्र एवं आभूषणों की दृष्टि से एक अलग तस्वीर प्रस्तुत करता है। मुख्य धारा से जुड़ने के क्रम में अब थारु समाज अपने परम्परागत वस्त्र आभूषणों को खास पर्वों एवं अवसरों पर ही धारण कर रहा है। महिलायें 'घाघरा—चोली' जिन्हें क्षेत्रीय भाषा में 'अंगिया—घांघरिया' कहा जाता है, पहनती हैं। महिलायें सर से चुनरी डालती हैं। चुनरी को 'उनियां' कहा जाता है। इसके अतिरिक्त फुतई (कोटी), अरघना (सूती दुपट्टा), कुर्ती, झूला (ऊन से बना वस्त्र) इनके प्रमुख पारंपरिक परिधान हैं। पुरुषों द्वारा पहने जाने वाले पारंपरिक परिधानों में धोती कुर्ता, फुतई, झागिया (सफेद शेरवानी), टोपी , बनियान हैं।

थारुओं के अधिकांशतः चांदी के आभूषण बनाए जाते थे। साथ ही पीतल कांसा व ताबें के आभूषण भी प्रयुक्त होते थे। वांकडा, खडुआ, हसुलिया, पहुची, बाजूबंद, नक्फूल, लौंगी, साकर, बाली, मांग बेंदी. झांझर महिलाओं के आभूषण थे। पैरों में चांदी के 'पैड़ा' पहने जाते थे जिसका प्रचलन धीरे—धीरे कम होता जा रहा है। नाक के बीच में नकबेसर पहना जाता था जो सोने का बना होता था। महिलायें बालों का 'जूडा' बनाती हैं।

**थारुओं का खानपान**—थारु समुदाय के मानक पकवानों में 2 प्रमुख बगिया/टिकरी तथा घोंघी है। बगिया चावल के आटे का उबला हुआ पकवान है। अन्य पकवान में कतरा, मिसौला तथा फरा आते हैं। कतरा बेसन से बनाता है। मिसौला अर्थात मीठे चावल। इस चावल को भाप में पकाया जाता है। फरा चावल के आटे से बनाने वाला स्वादिष्ट पकवान है।

**थारुओं के त्यौहार**—थारु लोग अपनी संस्कृति का आनंद लेते हैं। दर्शन और विहार के अलावा थारु माघी, जितिया और अन्य त्योहारों को अपनी अपनी क्षमतानुसार धूमधाम से मनाते हैं। बिहार के पश्चिमी चंपारण के थारु बरना नामक त्यौहार मनाते है। इस त्यौहार की शुरुआत में वे लोग भव्य तरीके से पूजा—पाठ करते हैं और उसकी समाप्ति

पर परम्परागत गीत, नृत्य, संगीत होते है। इसके बाद 60 घंटे तक घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। इनका मानना है कि इस दौरान बाहर निकलने और रोजमर्रा की गतिविधियों से नए पेड़–पौधों को नुकसान हो सकता है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के आस–पास के दर्जनों गाँव में बसी आदिवासी जनजाति थारु क्षेत्र के त्योहारों के रंग और ढंग अलग ही देखने को मिलते हैं। ये होलिका दहन करने के बजाय उस स्थान पर घास–फूस के बनाए गए विशालकाय दानवों के पुतलों को जलाते हैं। होलिका दहन के दिन ग्राम के मुखिया जिसे 'पधना' कहा जाता है, दानवों को आग लगाते हैं। थारु क्षेत्र के बुजुर्गों की माने तो यहाँ दानव जलाने की परम्परा सदियों पुरानी है। पहले यह त्यौहार एक माह चलता था लेकिन अब इस त्यौहार को आटा दिन मनाया जाता है। होली को थारु लोग 'होरी' कहते हैं। होरी में फगवा मांगा जाता है। फगवा अर्थात शगुन के रुपये। होरी के दिन थारु अपनी पारंपरिक पोशाक में लोक नृत्य करते हैं। उसे भी 'होरी' कहा जाता है। होरी नृत्य में थारू स्त्रियाँ व पुरुष अपनी परम्परागत पोशाक पहन कर गोल घेरा बनाकर ढोलक, झांझ व मृदंग आदि वाद्ययंत्रों पर नृत्य करते है तथा घेरे के बीच में ढोल बजाने वाले और गीत गाने वाले लोग होते हैं। होरी के मौके पर थारू 'जांड' मदिरा पीते हैं तथा सिधारा मछली (सूखी मछली) खाते हैं। होरी के आठ दिन बाद ठठेरा/खकडेरा फोड़ने के बाद होली का समापन किया जाता है। ठठेरा में मिटटी की गोली को झाड़ू की सींकों में पिरोकर मिट्टी के घड़े के नीचे के टूटे भाग में 'सतनजा' के दाने रखकर मिट्टी का दिया जलाया जाता है। जिसे ठठेरा कहते हैं। सतनजा का मतलब है सात अनाज। इस ठठेरा को गाँव के दक्षिण दिशा में फोड़ा जाता है।

**दिवाली–**थारु जनजाति में दिवाली के त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन थारु अपने पूर्वजों की याद में शोक मनाते हैं। जिसे दिवारी कहते हैं। इस दिन वे अपने उन पूर्वजों को याद करते हैं जिनकी मृत्यु दिवारी से कुछ दिन पूर्व हुई हो। ये अपने स्वर्गवासी परिवार के सदस्य की याद में पुतला बनाते हैं तथा उसे दिवारी के दिन जलाते हैं। पुतला जलाने के बाद अपने रिश्तेदारों को अपने घर बुलाकर भोज कराते हैं। इस भोज को 'बड़ी रोटी' कहा जाता है।

**आषाढ़ी पूजा–**इस पूजा में गाँव के कुछ लोग पूरे गाँव से खाने की वस्तुएं जैसे आटा, तेल, नमक, चावल आदि माँगते हैं। फिर इन वस्तुओं को गाँव के पधना के घर जाकर रखते हैं। फिर पधना के घर ही पूड़ी, गुलगुला आदि खाद्य सामग्री बनाते हैं। पूजा के बाद ही ये सब पकवान खाया जाता है। आषाढी पूजा गाँव के बाहर 'भुईयां' में की जाती है। यह पूजा भुरभुरा के द्वारा की जाती है जो गाँव का धार्मिक अनुष्ठान करवाता है। भुइयां में गाँव के कुल देवता निवास करते हैं। जो गाँव को बुरी हवाओं से बचाते हैं। आषाढ़ी पूजा के दिन बनने वाले पकवान गाँव के लगभग प्रत्येक घर में बनाते हैं। घर की महिलायें 'कोला' नामक पूजा स्थल में पूजा करती हैं। यह कोला हर घर में बना होता है। आषाढ़ी पूजा विशेष परिस्थितियो में न करने का चलन है। जैसे जिन परिवारों या गोत्र (जिसे कुरमा कहते हैं) में किसी सदस्य की मृत्यु हुई हो उन परिवारों व कुटुंब में 3 वर्ष तक यहाँ पूजा नहीं की जाती है। यदि तीन साल के अन्दर फिर किसी की मृत्यु हो जाती है तो एक वर्ष और पूजा नहीं की जाती है।

**तीज–**तीज का त्यौहार सावन के महीने में मनाया जाता है। इसमें विवाहित महिलायें अपने पति के लिए उपवास रखती हैं। यह उपवास शाम को नदी के किनारे तोड़ा जाता है। महिलाए 'झुड़का' नामक घास की पत्तियों में अपने परिवार के सदस्य संख्या के बराबर गांठ बाँधती हैं जिसे झुड़की कहा जाता है। इस झुड़की को पूड़ी सेंवई का भोग लगाकर उस गांठ वाली पूरी पत्ती को तोड़कर नदी में बहा कर अपना व्रत तोड़ती हैं।

**चराई–**यह एक छोटा सा त्यौहार है। इसमे गाँव की महिलायें गाँव के बाहर जंगल के पास पूरा दिन बैठती हैं। तथा शाम को पूजा के पश्चात खाना खाती हैं। इस त्यौहार के पकवान हैं– मीठे चावल, उबले आलू की सब्जी और मछली सब्जी बनायी जाती है जिसे केले के पत्ते में खाया जाता था किन्तु अब इसका प्रचलन कम हो गया है। पूजा के पश्चात जामुन के पत्ते को 'भुइयां' में डाला जाता है। भूइयां गाँव के बाहर पूजा का स्थान।

**व्यवसाय**—जीवन यापन के लिए थारु मुख्य रूप से स्थानान्तरण खेती, जंगलों में मचाली पकड़ने एवं शिकार पर निर्भर हैं। यह जंगल, फल, सब्जियों पौधों एवं अन्य वन उत्पादों को जंगल से एकत्रित करके स्थानीय बाजारों में बेचते हैं। भारतीय आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत उन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है।

**कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएं** —थारुओं के गाँव में 'भर्रा' होता है। भर्रा उसे कहते हैं जो गाँव के निवासियों को बुरी हवाओं से बचाता है। गाँव का मुखिया 'पधना' कहलाता है पधना का अर्थ है जिसके पूर्वजों ने गाँव को बसाया हो। थारुओं के मकान अक्सर कच्चे होते हैं जो मिटटी, लकड़ी और घास से बने होते हैं। मकान में एक पूजा घर भी होता है। जिसे 'कोला' कहा जाता है। कोला में मूर्ति नहीं होती है। कोला में कुल देवता निवास करते हैं।

धान की अच्छी पैदावार के लिए फसल में दूध का छिड़काव मक्के के छिलके से किया जाता है। अगर किसी का नया घर बना हो तो इस खुशी में दावत दी जाती है। उस दावत को भौंरा कहा जाता है। किसी भी विवाह से पूर्व गाँव की भूइयां की पूजा की जाती है। जब धान में बालियाँ आना शुरू होती हैं तो एक पूजा की जाती है, फिर जब धान काटने से पहले एक पूजा की जाती है। इस पूजा को 'पोया' कहा जाता है। पोया की पूजा में घर का मुखिया सुबह 4 बजे उड़द की दाल व चावल खाकर खेत में जाकर पूजा करता है फिर वहां से कुछ धान काटकर घर में लाता है, उस धान को घर की दीवार में रखा जाता है।

**निष्कर्ष**—निष्कर्षतः यह ज्ञात होता है कि सामाजिक जागरुकता, शिक्षा के विकास तथा अन्य समुदायों के साथ संपर्क के प्रभाव से थारु समाज के पारम्परिक रीति रिवाजों एवं जीवन शैली में परिवर्तन आया है।

...................................

**संदर्भ सूची**


1— मजूमदार, डी0एन0, (1958), रेसेज एंड कल्चर्स ऑफ इण्डिया, एशिया पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

2— मजूमदार डी0एन0, द थारुज एंड देयर ब्लड ग्रुप जर्नल आफ रॉयल एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल, भाग —8, नं— 1.

3— जोशी, घनश्याम (2003), उत्तराखंड का राजनीतिक, सामाजिक, एवं सांस्कृतिक इतिहास, प्रकाश बुक डिपो, बरेली।

4— प्रधान, हरिदेव, 1932, बर्थ कस्टम एमंग द थारुज बाई मैन इन इंडिया।

5— प्रधान, हरिदेव, सोसल इकॉनमी इन तराई (द थारुज), जर्नल आफ यूनाइटेड प्रोविन्सेज हिस्टोरिकल सोसाइटी—10, 1937.

6— श्रीवास्तव, एस0के0, द थारुज : एस्टडी इन कल्चर डायनामिक्स, आगरा यूनिवर्सिटी प्रेस, 1958

7— गोविन्द, जे0पी0, द थारू आफ तराई एंड भाबर, इंडियन फोकलोर—2, 1959.

8— वर्मा, सुभाषचन्द्र, शोधपत्र, द एको—फ्रेंडली थारू ट्राइब : ए स्टडी इन सोसिओ कल्चरल डायनामिक्स, जर्नल आफ एशिया पैसिफिक स्टडी (2010), वाल.—1,नं—2, 177—187.

9— नूतन सिंह व धीरेन्द्र कुमार सिंह, थारूज एंड देयर इनहैंसमेन्ट इन माडर्न टाइम लखीमपुर खीरी डिस्टिक, शोधपत्र IJISSHR, Vol-2.-2,June-2015,ISSN-2349-1876|Online ISSN 2454-1826.pp-18-24

10— साक्षात्कार—सोनी राना, छात्रा, युवराजदत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी।


————————————————————

.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Socio - Economic Perception of PT. Nehru and Global Aspect

**Dr. Shazia Akhtar**
Associate Professor, Department of Political Science, KK(PG) College Etawah, Uttar Pradesh, India

**Abstract** - This paper attempts to describe the Nehru's views on socio-economic problems in Indian society and it's effect on speedy growing the economy to cope with other developed and developing counties in the world. He deeply Associated and effected Indian's struggle for freedom and on the other hand he also opened new vistas for indian political thinking his sensitive nature offenly affected by human sufferings .This situation shaped his social and secular life and idea's it is his human outlook ,which has brought him in the field of humanist philosophy.

**Keywords :** Humanist , civilizations, Radicalism, Determinism, NAM,USSR, Utopianism, Disarmament, Word Peace.

Pt. Jawaharlal Nehru is widely acclaimed as one of the makers of 'Modern India'. He inculcated in himself, the personalities of an intellectual and a practical political leader. He deeply associated and effected India's struggle for freedom and on the other hand he also opened new vistas for Indian political thinking. He belongs to that group of Indian intellectuals who drew their. inspiration mainly from the intellectual currents of 19th and 20th centuries. Since his upbringing, he developed himself not only as a nationalist but internationalist also, to serve the larger causes of humanity. He was of sensitive nature the larger causes of humanity. He was of sensitive nature and often deeply affected by human sufferings. This situation shaped his social and secular life and ideas. His humanism is essentially an outcome of the contemporary social situation. He was a brave fighter always stood for the cause of common man. His generous nature revolted against religious orthodoxy and hypocracy. It is his human outlook, which has brought him in the field of humanist philosophy.

Pt. Jawaharlal Nehru had great faith in man: his power and potentiality of solving human problems depends on science and reason. "It is the scientific approach and get critical temper of science, the search for the truth and knowledge, the refusal to accept everything without testing and trial, the capacity to change previous conclusions in the face of new evidence, the reliance on observed fact and not on preconceived theory, the hard discipline of the mind - all this necessary, not merely for the application of science but for life and the solution of its many problems."'1 For Pt. Jawaharlal Nehru "the attitude of science should be a way of life, a process of thinking, a method of acting and associating with our fellow-man. The science, which man has invented should become a source of mutual help and co-operation."2 Mainly Pt. Jawaharlal Nehru's humanism, is really capable of understanding and solving his own problems, his responsibility is greater than anything in the universe. Pt. Jawaharlal Nehru observed that "A growing synthesis between humanism and scientific spirit. resulting in a kind of scientific humanism."3 He revealed much of his mind and he stated "the better type of the modern mind is governed by a practical idealism for social betterment. It has discarded to a large extent the ancient philosophical approach. Their search for ultimate reality, as well as

devotionalism and mysticism due to the medieval period. Humanity is its good and social service, of his religion."4 Possessed of a scientific and rational temper, Pt. Jawaharlal Nehru always tasked upon science as an effective instrument for the liberation of man.

**1) Nationalism**

Pt. Jawaharlal Nehru. being an intense nationalist had a clear understanding of the distinctive features of nationalism. particularity as it existed in the colonial society, was a composite and a living force and it could make the strongest appeal to the spirit of man. He was conscious of its marits and of its many contributions to the development of modern civilization. It had all along been a driving force for the freedom and independence It gave a certain degree of unity, vigor and vitality to many people all over the world. But he was aware of its limitations too. He believed that the nationalism would be curse, if it was narrow and fanatical. It could, sometimes make people think only of themselves, of their struggle, of their own misery and create a fear and suspicion about neighbors. Nationalism would be harmful, if it ever made the people. conscious of their own superiority. It would be the most undesirable if the spirit of nationalism pushed up any people towards aggressive expansionism. Pt. Jawaharlal Nehru realized that nationalism of the French revolution showed that every evil."5

Indian nationalism, unlike the western nationalism, was not a product of violence and hatred. Almost thirty years after the great mutiny; it found its expression in the form of Indian National Congress', and it begun to grow and develop science than, in a liberal and tolerant atmosphere. When the fascist type of nationalism raised its head in Europe, Pt. Jawaharlal Nehru lost no time to completely differentiate it with Indian Nationalism - "Nationalism in the East, Pt. Jawaharlal Nehru observed. It must be remembered, was essentially different from the new and terribly narrow nationalism of the fascist countries; the former was the historical urge to freedom, the later, the last refuge of reaction."6 From its inception, Indian. nationalism, proceeded from a wider base because of its root in the universal virtues of pacifism liberalism and rationalism, Pt. Jawaharlal Nehru had a clear perception of these fundamental characteristics of Indian Nationalism before he plunged deeply into the struggle and worked vigorously for national liberation. "He had absolutely no liking for terrorism and communalism ,the two prevailing method of practical action. The and communalism. the two first was quite inconsistent with his nature while the second offered no hope of success. It was in this background that Gandhi arrived on political scene and started his SatyaGraha movement,"7 a novel and untested but potentially capable of breaking the dead lock and achieving the desired result."8 His intense nationalism, thus pushed him forward to a more purposeful and effective political action.

**Socio-Economic Perception of Nehru**

"Pt. Nehru, regards socialism as the panacea of human ills like poverty chronic employment and the feudal system of social economy. His concept is a type of 'empirical collectivism' The increasing economic legislation in recent times has been variously called liberalism, radicalism, popularism and progressivism but the distinctive mark is the collective tendency Pt. Jawaharlal Nehru as a collectiveist has rejected the extreme from the economic determinism. His ideas of empirical collectivism visualize that though many industrial

projects may be owned by private sector, yet they should be subject to state regulation. Such control is democratically necessary in order to secure justice for the community. The ultimate aim of a democratic socialist state should be the development of man. peace and order. Pt. Jawaharlal Nehru felt that the state must centralize certain works of public utility, but at the same time it safe guards the rights of individual. These should be no exploitation of man in a democratic society. The active motive must be condemned by ve honest person. Pt. Jawaharlal Nehru Joked upon socialism as a growing, dynamic conception, as something which is not rigid, an something which must fit in with the changing conditions of human life and activity every country”9

His humanist approach reflects in the centerlized concept of development, however the scientific reforms take places through his vision of Five Year Plans'. He initiated education reforms and introduced ceiling on the size of land holdings amidst of criticism in even congress controlled states and therefore state were made enable to dely the policy. The result of which frustrated the economic change. Pt. Jawaharlal Nehru thought about centralized development so that big sectors came under the direct control of government. And this was the need of time because in those days there was a great scarecity of finance and lake of adventurous spirit. And on the other hand he also promoted small producers using labour intensive technologies and providing employment. His vision of decentralizing economy favoured agricultural sector and rural society. It may be said that Nehru era is based on coalition of urban and rural interests in place of urban oriented industrial strategy and therefore agrarian interests emerges as a key issues on the national political science. In many sector aoyawing gap between central legislative intentions and actual local implementation characterized the Nehru years. "The democratic view of Pt. Jawaharlal Nehru is keenly concerned with the economie being of man. It takes into full consideration the rise of socialism and working class movements. The good life certainly implies a measure of satisfaction of man's essential needs, which will relieve him of continuous oppsession and fear. Political democracy must be accompanied by economic welfare and social. assimilation. To a starving man democracy. means nothing so appears the problem for democracy a more equitable distribution of wealth and material happiness among the people. Socialistic idea should be connected with the ideas of political democracy."10 "All over institutions, including the parliamentary institutions are ultimately the projection of a people's character, thinking and aims. They are strong and lasting in the measured that they are in accordance with the people's character and thinking otherwise, they tend to breakup."11 Pt. Jawaharlal Nehru keeps his feet firstly grounded on humanism, the basic tenets of which are democracy, socialism and peace. Pt. Jawaharlal Nehru envisaged more and more state control over the private sector. He argued. "Western economics though helpful, have little bearing on our present day problems. So also have Marxist- Economics which are in many ways out of date event though they throw a considerable light on economic progress. He have thus to do our own thinking, profiting by the example of others, but essentially trying to find path for ourselves suited to our own condition."12

Thus it was unwise, according to Pt. Jawaharlal Nehru, for India to imitate any economic model from other countries. India must evolve a system which suits her own requirement and genius. The ideal of mixed economy was thus considered to be the best. Here Pt. Jawaharlal Nehru's approach and outlook seemed to be a 'self conscious radical.’

**Interntional outlook and Globalization**

According to Pt. Jawaharlal Nehru Globalizations the changing pattern and logic of cold war relationship amongst great and small powers. In the post cold war era, ideologies had become weak. The role and influence of state was on decline and the concept of sovereignty was under a constant attack. During cold war period the then super powers were imposing the supremacy in the economic environment of comparatively weak states. In nutshell, it may be said that the super powers wanted to control the means of production and distribution and they also consistantly questions the legitimacy of self reliance of small state. Pt. Jawaharlal Nehru was of the view that small state have legitimacy and right to develop themselves according their own need and environment. He was not in favoure of cruel privatization as economic reform. Therefore he not only concieved the idea of planned development under democratic socialism but inacted on that. He also advocated the bilateral as well as multilateral relationship based on peaceful co operation amongst them. Therefore, he created NAM and strongly supported it. Due to his socialistic ideas it was obvious for him to look nearer to the communist camp of global scene, no need to say U.S.S.R.

Pt. Jawaharlal Nehru's globalism was stressing on peace diplomacy than military security. In the sub continenthostile foreign policy alignments had crystallized. "He emphasized synthesis and balance, not by object surrender but by reason and understanding. He endavoured to enlarge the area of peace in the face of rapidly expanding spheres of physical and ideological hostile. Once he said the danger of war is not past and the future may hold fresh trails and tribulations for humanity. Yet the forces of peace are strong and the mind of humanity is awake. I believe that peace will trump. The belief in 'world peace brought him very near to Bhuddha'ism. He had a disdain for religious, yet he was keenly attached toward Buddhism because it is based on reason, equality and peace. Ultimately, he did n leave man without a religion in his democrati and socialistic society"13

Pt. Jawaharlal Nehru possessed a rare ability to analyse the international situation by placing the national problem in wider world context. He stressed "in Lahore Congress is Dec. 1929." India today is a part of the world movement. Not only China, Turkey. Persia and Egypt, but also Russia and the countries of the west are taking part in this movement (freedom struggle) and India can not isolate herself from it……. And if India has a message to give to the world, as I hope she has, she has also receive and learn much from the message of other peoples."14 His bitter attack on capitalism was based on the view that capitalism was responsible for the emergence of Fascism. He was clear in his mind that India's struggle against imperialism was part of the liberal world's fight agains fascism. He had a greater imagination and perspective on international politics. He was quite enthusiastic about the burning problems confronting the world and wanted India to involves herself significantly in finding solutions. When Italy attacked Ethopia, the called for protest demonstrations throughout the country, he urged upon the people to express solidarity with the Ethiopians in this struggle against Mussoline's fascist forces Similarly Pt. Jawaharlal Nehru wanted the jews to come to a settlement with Arabs o the Palestinian issue, instead of relying on Brithish imperialism. He thought Britain was exploiting the unhappy relations between the Arabs and Jews Pt. Jawaharlal Nehru insisted that the state should maintain a reasonable balance between nationalism and internationalism. Every state should strive for an adjustment for her national interest with those of other state in order to promote international harmony and co-operation. He probably visualized the emergence of world federation in which India was to become an active member after independence, but it must be world republic. Pt. Jawaharlal Nehru had a multiple agenda for the same. It may be said in the following points.

1. Globalism and utopianism - expressed by his concern with global disarmament, anticolonialism and world peace.

2- National security by military meant rejected by Pt. Jawaharlal Nehru.

3- Realism by diplomatic means revealed by Pt. Jawaharlal Nahru's systematic effort to built a soviet link Irom 1920 and especially during the Koreas war.

4 Sub continental regionalism (multilateralism) and geopolitics neglected by Pt. Jawaharlal Nehru, as an approach, although it is true that he did not attack neighbours and he sought bi-lateral negotiation on contentious issues.

5- Asianism revealed in Pt. Jawaharlal Nehru's vision of united Asia.

The central element of Pt. Jawaharlal Nahru's mental outlook dominated Indian diplomacy because India's foreign policy establishment at the time was small. Pt. Jawaharlal Nahru practically was in foreign office.

In the making of our coustitution, Pt. Jawaharlal Nehru was one of the visionary architect of it. He shaped India's foreign policy. His vision is evidently reflected in the Directive Principles of State Policy under the part IV especially in article 51 of our constitution. Apart from other things the directives principle states that country's foreign policy shall be directed with a view to promote international peace and security. The state should strive for maintaining just and honorable relation between nations by encouraging the settlement of international disputes by arbitration, and by fastering respect for international law and treaty obligation. Infact the policy of non-alignment initiated by Pt. Jawaharlal Nehru after independence was mainly aimed at the attainment of the same objective.

"He insisted that India should be non-aligned in the insane struggle for power which has preoccupied the United States and the Soviet Union at the expence of the Walfare of mankind."15

Pt. Jawaharlal Nehru conceived India as a model of peaceful change through democratic values of deveploment with social security. He played a heroic role of a dynamic leader in the struggle for freedom and independence. And in the post-coloniel era. his charismatic personality and great intellect opened new vistas for India's development. It was his conviction that the adoption of at progressive, rational, secular and scientific approach would not only strengthen nationalist movement but would eventually pave the way for the emergence of a stable political system and national consensus on all outstanding issues and problems.

**Reference :**


1. Pt. Jawaharlal Nehru-The Discovery of India, 1946, 1960 (page 623-24)
2. Pt. Jawaharlal Nehru- The Discovery of India, 1946, 1960 (page 624)
3. Pt. Jawaharlal Nehru-The Discovery of India, 1946, 1960 (page 681)
4. Pt. Jawaharlal Nehru- The Discovery of India. 1946, 1960 (page 680)
5. Willard Range-Jawaharlal Nehru's World View: A theory of International Relations, Athens: University of Georgia Press 1961 (page-44-45)
6. Pt. Jawaharlal Nehru - Presidentical Address to the National Congress, India and the World, London: George Allen and Unwin Ltd. 1936 (page-70)
7. R.C. Pillai-Nehru: and his critics, Geetanjali Publications House, New Delhi 1986 (page4-5)

8. MichealBrecher - Nehru: A Political Biography, Opcit, P-75 London: Oxford Universitypress. 1959.
9. D.R. Jatava- Social and Humanist Thinkers, India and Western. INA Shree Publication, Jaipur 1998 (page-142)
10. D.R. Jatava - Social and Humanist Thinkers, India and Western. INA Shree Publication, Jaipur 1998 (page-141-142)
11. Pt. Nehru-Glimpses of World History, Vol II 1934-1935 (page-123)
12. PL. Nehru The Basic Approaches-A note published in AICC- Economic Review NewDelhi, Aug. 15, 1958 Govt of India Publication Division 1964 (page-123)
13. D.R. Jatava-Social and Humanist Thinkers, INA Shree Publication. Jaipur 1998 (page142-143)
14. Pi. Jawaharlal Nehru - Presidentical Address, Lahore Dec, 29, 1929, in S.Gopal (Ed.)selected works of Nehru Vol.4 (page-185)
15. Bartrand Russel - "The Legacy of Nehru" Illustrated weekly of India, Bombay, May 27, 1984 (page-44)

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 GISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2582-0095

# Human Awareness and the Disaster Management in India

**Dr. Suchitra Varma**
Associate Professor, Department of Geography, KKPG College Etawah

**ABSTRACT:**

